सूर्योदय : 6:12
सूर्यास्त : 6:16
अधिकतम तापमान : 31.0
न्यूनतम : 17.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-267 पेज-16

मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शनिवार, 22 मार्च 2025

21 रमज़ान 1446 हिजरी

# हिन्दी दैनिक अवधनामा

www.avadhnama.com



# आईएएस अभिषेक प्रकाश की संपत्ति की जांच करेगी विजिलेंस

- घूस मांगने में निलंबित हो चुके हैं अभिषेक प्रकाश
- सीएम योगी ने आईएएस पर और की सख्ती
- मुख्यालय छोड़ने पर सीएम ने लगाई रोक

### जहां तैनाती वहां होगी जांच



सूत्रों का कहना है कि आय से अधिक संपत्ति मामले में आईएएस अभिषेक प्रकाश की मुश्किलें और बढ़ सकती है। अभी तक जहां-जहां अभिषेक प्रकाश तैनात रहे हैं। वहां सभी जगह पर जांच की जाएगी। यह भी देखा जा सकता है कि सीईओ इवेंस्ट यूपी रहते हुए उनके पास सबसे ज्यादा कौन-कौन आता-जाता रहा है।


**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने आईएएस अधिकारी अभिषेक प्रकाश पर और सख्ती कर दी है। योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अभिषेक प्रकाश के खिलाफ विजिलेंस जांच शुरू होने जा रही है। जल्द ही उनके खिलाफ टीम बनाकर आय से अधिक संपत्ति के मामले में जांच शुरू की जाएगी।

योगी आदित्यनाथ कारोबारी से दलाल के माध्यम से कमीशन मांगने के मामले में अभिषेक प्रकाश को निलंबित कर चुके हैं। कारोबारी की शिकायत पर सीएम योगी आदित्यनाथ ने अभिषेक प्रकाश को निलंबित कर दिया है। साथ ही उनके मुख्यालय छोड़ने पर रोक लगा दी गई है। अभिषेक प्रकाश को बाहर जाने से पहले उनको नियुक्ति विभाग से अनुमति लेनी होगी। योगी आदित्यनाथ के सख्त कार्रवाई के निर्देश के बाद नियुक्ति विभाग ने गृह विभाग को आईएएस अधिकारी के खिलाफ आय से अधिक संपत्ति की जांच का पत्र भेजा है। इसके बाद विजिलेंस विभाग ने शुक्रवार को अभिषेक प्रकाश के खिलाफ कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी है। आईएएस अभिषेक प्रकाश की संपत्ति की जांच के लिए एक टीम बनाई जाएगी। जो पूरी जांच करेगी। जांच में देखा जाएगा कि उन्होंने तैनाती के दौरान कितनी संपत्तियां बनाई हैं। साथ ही रिश्तेदार और करीबियों के बारे में भी जांच-पड़ताल की जाएगी।

## राज्यसभा में गरजे अमित शाह, आतंकवाद पर बोला करारा हमला, विपक्ष को भी घेरा

# आतंकवाद, नक्सलवाद और उग्रवाद नासूर

- जम्मू कश्मीर में अनुच्छेद 370 हटने के बाद आतंकवाद व पथराव में आई भारी कमी
- हम तो आतंकियों को देखते ही दो आंखों के बीच में गोली मारते हैं



**नई दिल्ली।** जम्मू कश्मीर से अनुच्छेद 370 हटने के बाद हुए परिवर्तन के बारे में प्रश्न पूछने वाले विपक्षी नेताओं पर करारा प्रहार करते हुए गृहमंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि इसके समाप्त होने के बाद वहां आतंकवाद, पथराव, जबरदस्ती बंद की घटनाओं में भारी कमी आयी है तथा राज्य में जितना निवेश आया, उतना आजादी के बाद कभी नहीं हुआ था।

शाह ने जम्मू कश्मीर एवं वहां के आतंकवाद, वाम नक्सलवाद एवं पूर्वोत्तर के उग्रवाद को 'तीन नासूर' की संज्ञा दी। इन्होंने कहा कि यदि इन तीनों समस्याओं को जोड़ दिया जाए तो चार दशकों में देश के कुल 92 हजार नागरिक मारे गये। उन्होंने कहा कि इन तीनों समस्याओं के लिए पहले ऐसे कभी सुनियोजित प्रयास नहीं किए गए जो नरेन्द्र मोदी सरकार ने सत्ता में आने के बाद किए हैं। गृह मंत्री ने कहा कि जम्मू कश्मीर में पहले पड़ोसी देश से आतंकवादी सीमा पार कर आते थे और यहां धमाके करते थे, हत्याएं करते थे। उन्होंने कहा कि एक भी त्योहार ऐसा नहीं जाता था कि उसे लेकर चिंता नहीं की जाती थी। उन्होंने कहा कि उस समय की केंद्र सरकार ने लचीला रवैया अपना रखा था। ''वे चुप्पी साध जाते थे, बोलने में डर लगता था...वोट बैंक का भी डर था।'' शाह ने कहा, ''हमारे आने के बाद भी हमले हुए, उरी पर हुआ, पुलवामा पर हुआ। पहले भी हमले होते थे, कोई कुछ नहीं बोलता था, कुछ नहीं करता था, दिल्ली के अखबारों में एक छोटी-सी खबर छप जाती थी। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार के आने के बाद उरी और पुलवामा हमलों के बाद दस दिन के भीतर पाकिस्तान में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक की गयी।

### हिसाब मांगते हैं कि 370 से क्या हुआ

गृह मंत्री शाह ने राहुल गांधी की चुटकी ली और कहा कि अरे भाई, जिनकी नजर में ही आतंकवादी है तो आपको सपने में भी नजर आएगा और आपको कश्मीर में भी दिखाई पड़ेगा। हम तो आतंकवादी देखते ही सीधा दो आंखों के बीच में गोली मारते हैं। हमारी सरकार न आतंकवाद को सह सकती है और न ही आतंकवादियों को। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि हिसाब मांगते हैं कि 370 से क्या हुआ? अरे हिसाब तो उनको दिया जाता है, जिनकी नजरें साफ होती हैं। जो काला चश्मा पहनकर और आंख मूंदकर बैठे हैं उनको विकास नहीं दिखेगा। गृह मंत्री ने आगे कहा कि किसी सदस्य ने ठीक ही कहा था कि कश्मीर तक पैदल यात्रा निकाली।

# गलत सूचना और अफवाहें फैलाई गई

- न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा मामले पर सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी
- जस्टिस वर्मा के घर नहीं मिला कोई कैश, दिल्ली फायर विभाग के प्रमुख का दावा



**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा से संबंधित घटना को लेकर गलत सूचना और अफवाहें फैलाई जा रही हैं। न्यायमूर्ति वर्मा के सरकारी आवास से आग लगने के बाद कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी बरामद हुई थी।

न्यायालय के बयान में कहा गया है कि न्यायमूर्ति वर्मा के इलाहाबाद उच्च न्यायालय में स्थानांतरण का प्रस्ताव स्वतंत्र है और आंतरिक जांच प्रक्रिया से अलग है।

उच्चतम न्यायालय ने कहा कि सूचना मिलने पर दिल्ली उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ने साक्ष्य और सूचना एकत्रित करने के लिए आंतरिक जांच प्रक्रिया शुरू की। उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश डी के उपाध्याय, जिन्होंने 20 मार्च की कॉलेजियम की बैठक से पहले जांच शुरू कर दी थी, आज ही प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना को एक रिपोर्ट सौंपेंगे। इसपर (रिपोर्ट पर) गौर करने के बाद, अदालत 'आगे और आवश्यक' कार्रवाई के लिए आगे बढ़ेगी।

वहीं दिल्ली हाईकोर्ट के जस्टिस यशवंत वर्मा के घर आग लगने की घटना के दौरान कथित तौर पर बड़ी मात्रा में नकदी बरामद होने के मामले में नया मोड़ आ गया है। दिल्ली अग्निशमन सेवा प्रमुख अतुल गर्ग ने तमाम दावों को खारिज करते हुए कहा कि आग बुझाते वक्त अग्निशमन कर्मियों को कोई नकदी नहीं मिली थी। अतुल गर्ग ने घटना की जानकारी देते हुए कहा, 14 मार्च को रात 11.35 बजे फायर कंट्रोल रूम को जस्टिस वर्मा के तुगलक क्रिसेंट रोड स्थित आवास पर आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना पर दमकल की दो गाड़ियों को मौके पर भेजा गया। आग स्टेशनरी और घरेलू सामान से भरे एक स्टोर रूम में लगी थी। अतुल गर्ग ने आगे बताया कि आग पर काबू पाने में 15 मिनट लगे। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। डीएफएस प्रमुख ने बताया कि आग बुझाने के तुरंत बाद हमने पुलिस को आग की घटना की सूचना दी। इसके बाद दमकलकर्मियों की एक टीम मौके से चली गई। हमारे दमकलकर्मियों को आग बुझाने के दौरान कोई नकदी नहीं मिली।

## राष्ट्रगान के अनादर को लेकर सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ परिवाद दायर

### 28 मार्च को अगली सुनवाई




**पटना।** बिहार के सीएम नीतीश कुमार के खिलाफ मुजफ्फरपुर के सीजीएम की पश्चिमी अदालत में अधिवक्ता सूरज कुमार ने परिवाद दायर किया है। दरअसल, एक कार्यक्रम के दौरान नीतीश कुमार के द्वारा राष्ट्रगान का अपमान मामले में परिवाद दायर कराया गया है। बता दें कि सीएम नीतीश कुमार का कार्यक्रम के दौरान का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसको लेकर मामला कोर्ट में आ गया। दरअसल, राजधानी पटना में एक खेल समारोह के उद्घाटन के समय राष्ट्रगान के लिए सभी खड़े थे और राष्ट्रगान के बीच ही मुख्यमंत्री पत्रकारों का अभिवादन करने लगे और बगल में खड़े वरीय अधिकारी को भी इशारा किया था, जिसको लेकर राष्ट्रगान का अपमान बताते हुए मुजफ्फरपुर के अधिवक्ता सूरज कुमार ने बीएनएस की धारा-352 और 298 के तहत मुकदमा दर्ज कराया है।

## सिसोदिया बनाए गए पंजाब के प्रभारी सौरभ भारद्वाज बने दिल्ली के अध्यक्ष

### आम आदमी पार्टी ने संगठन में किया बड़ा बदलाव



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी की पॉलिटिकल अफेयर्स कमेटी (पीएसी) की बैठक हुई। इसमें संगठन को मजबूत करने पर फैसला लिया गया। चार राज्यों में प्रभारी बनाने पर सहमति हुई। गुजरात में गोपाल राय प्रभारी, दुर्गेश पाठक सह प्रभारी, गोवा में पंकज गुप्ता प्रभारी, पंजाब में मनीष सिसोदिया प्रभारी और सतेन्द्र जैन सह प्रभारी, छत्तीसगढ़ के लिए संदीप पाठक प्रभारी बनाए गए हैं। दिल्ली का अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज और जम्मू कश्मीर के लिए मेहराज मलिक को जिम्मेदारी दी गई है। आप सांसद संदीप पाठक ने कहा, आज पार्टी की राजनीतिक मामलों की समिति की बैठक में कई फैसले लिए गए। गोपाल राय को गुजरात का प्रभारी बनाया गया है। पंकज गुप्ता को गोवा का प्रभारी बनाया गया है। मनीष सिसोदिया को पंजाब का प्रभारी बनाया गया है और मुझे छत्तीसगढ़ का प्रभारी बनाया गया है। सौरभ भारद्वाज को पार्टी की दिल्ली इकाई का प्रमुख और मेहराज मलिक को पार्टी की जम्मू-कश्मीर इकाई का प्रमुख नियुक्त किया गया है।




.21 रमजान. 22.03.2025

**सुन्नी हज़रात**

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:44 | 06:21 |

**शिया हज़रात**

| सेहरी | इफ्तार |
|---|---|
| 04:38 | 06:30 |

# सीएम ने रामलला के चरणों में झुकाया शीश, हनुमानगढ़ी में भी लगाई हाजिरी

- सीएम योगी ने की प्रदेश के कल्याण की कामना
- संतों से भी की मुलाकात





**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को रामनगरी पहुंचे। उन्होंने अपने दौरे का आगाज हनुमानगढ़ी में संकट मोचन के चरणों में हाजिरी लगाकर किया। यहां उन्होंने संतों से भी मुलाकात की। इसके बाद मुख्यमंत्री ने श्रीरामलला के चरणों में भी प्रणाम निवेदित किया। शुक्रवार सुबह तुलसीपुर में मां पाटेश्वरी के दर्शन-पूजन व स्थानीय लोगों से मिलने के उपरांत मुख्यमंत्री रामनगरी पहुंचे, जहां रामकथा पार्क स्थित हेलीपैड पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों व भाजपा नेताओं ने उनका स्वागत किया।

रामकथा पार्क से सीएम योगी सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे, जहां रामभक्त संकटमोचन हनुमान के दरबार में हाजिरी लगाई और प्रदेश के कल्याण की कामना की। सीएम ने दर्शन-पूजन के उपरांत निकलते समय आमजन का अभिवादन भी स्वीकार किया। मुख्यमंत्री ने हनुमानगढ़ी में संतों से भी मुलाकात की और उनका कुशलक्षेम जाना। यहां मुख्यमंत्री सबसे पहले गद्दीनशीन महंत प्रेमदास महाराज जी महाराज से मिले। इसके बाद मुख्यमंत्री यहां अन्य संतों से भी मिले और उनका हालचाल जाना। इसके बाद मुख्यमंत्री श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंचे और श्रीरामलला के चरणों में शीश झुकाया। मुख्यमंत्री ने यहां विधिवत दर्शन-पूजन भी किया। इसके बाद उन्होंने राम मंदिर निर्माण कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया।

(संबंधित खबर पेज-2 पर)

## दो साल एक माह छह दिन बाद जेल से अब्बास अंसारी आजाद



**लखनऊ।** बाहुबली विधायक अब्बास अंसारी दो साल एक माह छह दिन बाद जिला जेल पचलाना के हाईसिक्योरिटी बैरक से आजाद होकर अपने घर रवाना हो गया। जेल से बाहर आते ही अपने बेटे से मुलाकात की। अब्बास की रिहाई चित्रकूट के गैंगस्टर न्यायालय से जमानत मिलने के बाद की गई।

जिला जेल में रिहाई आदेश पहुंचने के बाद जेल प्रशासन ने अब्बास को रिहा कर दिया। अब्बास की जिला जेल में हाईसिक्योरिटी बैरक में सीसीटीवी कैमरों व ड्रोन कैमरे से निगरानी की जा रही थी। चित्रकूट की जिला जेल में बंद विधायक अब्बास अंसारी को यहां की जिला जेल में स्थानंतरित किया गया था। 14 फरवरी 2023 को यह निर्णय शासन व चित्रकूट के कारागार प्रशासन ने लिया था। इस आदेश के बाद चित्रकूट की जिला जेल से यहां लाया गया। अब्बास 15 फरवरी 2023 की अपराह्न कड़ी सुरक्षा के साथ जिला जेल में लाया गया। जेल पहुंचने के बाद जेल प्रशासन ने अब्बास को हाईसिक्योरिटी बैरक में रखा। अब्बास के पहुंचने पर प्रशासन व जेल प्रशासन के अधिकारी भी मौजूद रहे। शुक्रवार को चित्रकूट के गैंगस्टर न्यायालय से रिहाई आदेश के आधार पर जेल प्रशासन ने विधायक अब्बास अंसारी की रिहाई कर दी। जुमे के दिन हुई रिहाई पर अब्बास ने खुदा का शुक्रिया जताया।

## नागपुर हिंसा मामले में 14 और गिरफ्तार

### अब तक 105 पर शिकंजा



**नागपुर।** हफ्ते की शुरुआत में नागपुर में हुई हिंसा के सिलसिले में शुक्रवार को 14 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद अब तक गिरफ्तार किए गए लोगों की कुल संख्या 105 हो गई है। पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए लोगों में 10 किशोर भी शामिल हैं। घटना के सिलसिले में तीन और एफआईआर दर्ज की गई हैं। दरअसल, 17 मार्च को नागपुर के कई हिस्सों में बड़े पैमाने पर पथराव और आगजनी की खबरें आई थीं। ऐसी अफवाह थी कि छत्रपति संभाजीनगर जिले में स्थित औरंगजेब की कब्र को हटाने की मांग को लेकर विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के नेतृत्व में विरोध प्रदर्शन के दौरान पवित्र शिलालेखों वाली चादर को नुकसान पहुंचाया गया।

# कर्नाटक विधानसभा में बवाल

### 18 विधायक छह महीने के लिए निलंबित, मार्शलों ने टांगकर बाहर किया



**बंगलूरू।** कर्नाटक विधानसभा में शुक्रवार का दिन हंगामे के नाम रहा। हनी ट्रैप और मुसलमानों के लिए चार प्रतिशत आरक्षण को लेकर सदन में भाजपा विधायकों ने जमकर नारेबाजी की। इसी क्रम में कर्नाटक विधानसभा में विरोध प्रदर्शन कर रहे 18 भाजपा विधायकों को अनुशासनहीनता के आरोप में तत्काल प्रभाव से छह महीने के लिए निलंबित कर दिया। जिसके बाद मार्शलों ने उन्हें जबरन सदन से बाहर निकाला। भाजपा विधायकों को उस समय में निलंबित किया गया है, जब वे विधानसभा में बजट सत्र के आखिरी दिन विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। भाजपा विधायक विधानसभा अध्यक्ष के आसन के पास पहुंचे गए। विपक्षी विधायकों ने स्पीकर पर कागज फेंके। कर्नाटक में सार्वजनिक अनुबंधों में मुसलमानों को चार प्रतिशत आरक्षण दिए जाने का भाजपा विधायक विरोध कर रहे थे।

खादर ने निलंबन का आदेश पढ़ते हुए कहा, इस घटना से हमें बहुत ठेस पहुंची है। यह पीड़ादायी है। यह आसन सिर्फ कुर्सी नहीं है। यह लोकतंत्र, सत्य और न्याय का प्रतीक है। इस आसन से बोलना गर्व की बात है। हर सदस्य को इस आसन की गरिमा और पवित्रता की रक्षा करनी चाहिए। हममें से कोई भी आसन से ऊपर नहीं है। हमारी निजी भावनाएं इस आसन की गरिमा से ऊपर नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, हमें प्रतिबद्धता, शांति और सभ्य तरीके से व्यवहार करना चाहिए। इस घटना से हमें सबक लेना चाहिए। हमें संविधान और इस आसन की पवित्रता का सम्मान करना चाहिए। निलंबन आदेश के अनुसार, अगले छह महीनों के लिए इन सदस्यों को विधानसभा हॉल, लॉबी और गैलरी में प्रवेश करने से रोक दिया जाएगा। उन्हें किसी भी स्थायी समिति की बैठक में भाग लेने और विधानसभा के एजेंडे में अपने नाम से कोई विषय या मामला सूचीबद्ध करने से भी रोक दिया जाएगा।

## महिला सहकर्मी के बालों पर टिप्पणी करना या उस पर गाने गाना यौन उत्पीड़न नहीं

**बॉम्बे हाईकोर्ट की टिप्पणी**

**मुंबई।** यौन उत्पीड़न को लेकर बॉम्बे हाईकोर्ट ने एक हैरतअंगेज टिप्पणी की है। हाईकोर्ट ने कहा है कि महिला सहकर्मी के बालों पर टिप्पणी करना और गाना गाना कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न नहीं है। इस टिप्पणी के साथ बॉम्बे हाईकोर्ट ने निजी बैंक के वरिष्ठ अधिकारी को राहत दे दी है। मामले में हाईकोर्ट के जस्टिस संदीप मार्ने ने 18 मार्च को यह आदेश पारित किया था। इस आदेश में उन्होंने कहा कि अगर याचिकाकर्ता के खिलाफ आरोप सही भी माने जाएं तो भी उनसे यौन उत्पीड़न के बारे में कोई ठोस निष्कर्ष नहीं निकाला जा सकता। बता दें कि याचिकाकर्ता पुणे स्थित एचडीएफसी बैंक के एसोसिएट क्षेत्रीय प्रबंधक विनोद कछावे हैं। उन्हें बैंक की आंतरिक शिकायत समिति ने कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) अधिनियम, 2013 (पीओएसएच अधिनियम) के तहत कदाचार का दोषी ठहराया था। जिसके बाद कछावे ने समिति की रिपोर्ट को औद्योगिक अदालत में चुनौती थी। जुलाई 2024 में औद्योगिक अदालत ने कछावे की अपील खारिज कर दी थी, जिसे उसने हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। समिति की रिपोर्ट के बाद कछावे को उप क्षेत्रीय प्रबंधक के पद पर पदावनत कर दिया गया था। महिला की शिकायत के अनुसार, कछावे ने उसके बालों पर टिप्पणी की थी और उसके बारे में गीत गाया था। शिकायत में कहा गया कि एक अन्य मामले में याचिकाकर्ता ने अन्य महिला सहकर्मियों की मौजूदगी में एक पुरुष सहकर्मी के निजी अंग के बारे में कथित तौर पर टिप्पणी की।



# जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल के संकल्प ने पूरे प्रदेश में पेश की खेल मैदान विकसित करने की मिसाल

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के विजन हर ग्राम पंचायत में खेल मैदान को मिशन के रूप में अपनाते हुए बड़ी मिसाल पेश की है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप लखीमपुर खीरी ने मिशन मैदान का संकल्प लेते हुए एक साल में मिशन के पहले फेज के तहत जिले में एक हजार परिषदीय विद्यालयों में उच्च गुणवत्ता वाले खेल मैदान तैयार किये हैं, जहां बच्चे खेल के जरिये अपना मानसिक और शारीरिक विकास कर रहे हैं। जिलाधिकारी का संकल्प ÷मिशन मैदान÷, अब हकीकत बन गया है। मिशन मैदान के चलते खीरी जिला निपुण असेसमेंट में 72वें स्थान से 26वें स्थान पर आ गया है। वहीं स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति 12 फीसद बढ़ी है और मिड-डे मील में उनकी रुचि भी बढ़ी है। बता दें कि एक साल पहले स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति का रेश्यो 57.24 प्रतिशत था, जो आज बढ़कर 69.40 प्रतिशत हो गयी है। जिलाधिकारी दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी



आदित्यनाथ के नेतृत्व में बच्चों में आत्मविश्वास, अनुशासन और टीमवर्क विकसित करने के लिए एक साल पहले मिशन मैदान के तहत पहले फेज में एक हजार परिषदीय विद्यालयों में खेल मैदान विकसित करने का संकल्प लिया गया था। इसके तहत वर्तमान में खेल मैदान बनकर तैयार हो गये हैं, जहां नौनिहाल विभिन्न खेलों के माध्यम से स्वास्थ्य और और उज्जवल भविष्य की ओर अग्रसर हो रहे हैं। उन्होंने बताया कि मिशन मैदान की थीम खेलेगा खीरी, जीतेगा खीरी रखी गयी थी। डीएम दुर्गाशक्ति नागपाल ने बताया कि मिशन के तहत 765 विद्यालयों में खो-खो कबड्डी, वॉलीबॉल और बैडमिंटन के खेल मैदान विकसित किये गये हैं जबकि 205 परिषदीय विद्यालयों में हॉकी, फुटबॉल, क्रिकेट, एथलेटिक्स, खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल और बैडमिंटन के खेल मैदान विकसित किये गये हैं। वहीं 30 विद्यालयों को चिन्हित करते हुए रूफटॉप इनडोर गेमिंग जोन विकसित किये गये हैं, जहां बच्चे कैरम, चेस, माइंड गेम, सिमेट्री गेम और टेबल टेनिस खेल क लुत्फ उठा रहे हैं डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने बताया कि मिशन मैदान के तहत अब लखीमपुर खीरी के सरकारी स्कूलों के बच्चे हर दिन 30 मिनट की खेल गतिविधि के साथ अपनी सुबह की शुरुआत कर रहे हैं। इससे न केवल उनका शारीरिक विकास हो रहा है, बल्कि उनका मानसिक स्वास्थ्य और एकाग्रता भी बेहतर हो रही है। मिशन को सफल बनाने में मनरेगा और स्थानीय संसाधनों की बड़ी भूमिका रही है। स्थानीय स्तर पर श्रमिकों को इस योजना में रोजगार मिला, जिससे गांवों में आर्थिक सशक्तिकरण को भी बल मिला।

## लखनऊ पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह किया गया आयोजित



**लखीमपुर-खीरी।** लखनऊ पब्लिक स्कूल में शैक्षणिक सत्र 2024-25 का वार्षिक परीक्षाफल वितरण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की एडमिनिस्ट्रेटिव हेड श्रीमती कांति सिंह ने माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित किया एवं दीप प्रज्वलित कर किया लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेजेस की एडमिनिस्ट्रेटिव हेड श्रीमती कांति सिंह (पूर्व एम.एल.सी.) एवं उनकी पुत्रवधू निकिता सिंह पटेल ने पी.जी., नर्सरी, लोअर तथा अपर के.जी., कक्षा प्रथम से लेकर कक्षा 9 तथा 11 के सभी प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले 132 मेधावी छात्र-छात्राओं को ट्रॉफी, पुरस्कार व प्रमाणपत्र प्रदान किये गए। कक्षाओं के सभी वर्गों के शत-प्रतिशत उपस्थिति, बेस्ट टर्नओवर एवं हिंदी व इंग्लिश के बेस्ट हैंडराइटिंग वाले सभी 226 विद्यार्थियों को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने अभिभावकों को विद्यालय की होने वाली शैक्षिक व सांस्कृतिक गतिविधियों, एक्स्ट्रा करिकुलर एक्टिविटीज खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों को बढ़-चढ़ कर भाग लेने के लिए एवं उन्हें प्रोत्साहित के लिए आवाहन किया। म्यूजिक शिक्षक सेवियो ने गीत आशाएं खिले दिल की गाकर सभी को मंत्र मुक्त कर दिया। विद्यालय के प्रांगण में अभिभावकों और विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन शिक्षक प्रशांत शाह एवं शिक्षिका कीर्ति शाह ने किया। प्रधानाचार्य विजय सचदेवा ने सभी गणमान्यों, अभिभावकों एवं शिक्षक-शिक्षिकों एवं कार्यक्रम-संचालकों का आभार व्यक्त किया एवं सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं एवं आशीष दिया।

## नाग का स्वभाव देख रह गए दंग

**लखीमपुर खीरी।** पौराणिक लिलौटीनाथ मंदिर परिसर के पास स्थित खेत में शुक्रवार सुबह जोताई करने के दौरान अचानक एक नाग निकल आया। ट्रैक्टर चला रहे महंत रोहित की नजर उस पर पड़ी तो दंग रह गए। महंत ने मोबाइल फोन से नाग का वीडियो बनाना शुरू कर दिया। यह बात नागराज को नागवार लगी। नाग फन उठाकर रेंगते हुए तेजी से ट्रैक्टर की ओर बढ़ा। यह देख महंत के होश उड़ गए। उन्होंने फौरन मोबाइल जेब में रखा और हाथ जोड़ लिए शांत होकर लौट जाने की विनती की इस पर कुछ ही पल में नाग रेंगता हुआ झाड़ियों के बीच गुम हो गया। इससे महंत ने राहत की सांस ली। महंत रोहित गिरि ने बताया कि शुक्रवार को सुबह जब वह खेत में जोताई कर रहे थे, तभी यह वाक्या हुआ नाग का स्वभाव देख वह दंग रह गए थे उन्होंने बताया कि मोबाइल से वीडियो बनाने पर नाग फन उठाकर उनकी तरफ तेजी से बढ़ा था। यह उन्होंने मोबाइल फोन तुरंत जेब में रख लिया। नाग के आगे हाथ जोड़कर वापस जाने की विनती की। जब नाग वहां से चला गया तो तब उन्होंने जोताई शुरू की।


## मोटरसाइकिल चोरी कर फर्जी नम्बर प्लेट बदलकर बेचने की घटना में संलिप्त 02 नफर अभियुक्त गण गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना भीरा पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी कर फर्जी नम्बर प्लेट बदलकर बेचने की घटना में संलिप्त 02 नफर अभियुक्त गण इरफान पुत्र नबी उम्र करीब 22 वर्ष नि0ग्राम भदेड़ थाना गोला अरूअ भारती पुत्र नवीन भारती उम्र करीब 23 वर्ष नि0 मोहल्ला मुनूगंज थाना गोला को एक अदद चोरी की मोटर साइकिल स्पलेण्डर प्लस MBLHA10EJ8HG0560 की फर्जी तरीके से नम्बर प्लेट बदलकर रखने व अभि0 अरूअ को 01 अदद देशी तमंचा 315 बोर मय 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर व अभि0 इरफान को 01 अदद अवैध चाकू के साथ बहदग्राम बस्तीली से गिरफ्तार किया गया उपरोक्त गिरफ्तार शुदा अभियुक्त के विरुद्ध गिरफ्तारी/बरामदगी फर्द के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 117/2025 धारा 318(2)/345(3) BNS व 3/25 आर्म्स एक्ट व 4/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभि0गण उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु लखीमपुर भेजा गया।

## 01 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना पलिया पुलिस टीम द्वारा 01 नफर अभियुक्त वाफिर पुत्र जाकिर अली को 01 अदद अवैध हथियार ( छूरे) के साथ गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी/बरामदगी फर्द के आधार पर थाना पलिया पर मु0अ0सं0 104/2025 धारा 4/25 पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## मौहम्मद तल्हा ने परिवार का नाम किया रोशन नर्सरी क्लास में 99.9% अंक प्राप्त कर किया टॉप



### स्कूल के प्रिंसिपल आदिल खान ने शील्ड देकर सम्मानित किया

**नजीबाबाद।** हीरा इंटरनेशनल स्कूल में पत्रकार नसीम उस्मानी के पुत्र कक्षा नर्सरी का छात्र मौहम्मद तल्हा ने नर्सरी क्लास में 99.9% अंक प्राप्त कर टॉप किया। स्कूल की तरफ से मौहम्मद तल्हा को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। नजीबाबाद के मौहल्ला जाब्तागंज निवासी पत्रकार नसीम उस्मानी के पुत्र मौहम्मद तल्हा नगर के चारवाग स्थित हीरा इंटरनेशनल स्कूल में कक्षा नर्सरी का छात्र है जिसमें वार्षिक परीक्षा के रिजल्ट की घोषणा हुई जिसमें मौहम्मद तल्हा ने नर्सरी क्लास में 99.9% अंक प्राप्त कर फर्स्ट रैंक लाकर क्लास टॉप किया। स्कूल व अपने माता -पिता का नाम रोशन किया है।

छात्र की इस उपलब्धि पर स्कूल के प्रिंसिपल आदिल खान व क्लास टीचर द्वारा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर स्कूल के डायरेक्टर मौलाना ईशा ने कहां के ऐसे बच्चे ही आगे चलकर देश का भविष्य बनते हैं स्कूल व अपने माता-पिता का नाम रोशन करते हैं उन्होंने मौहम्मद तल्हा के उज्जवल भविष्य की कामनाएं की।

## प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने पर 03 दिवसीय मेला/प्रदर्शनी का होगा भव्य आयोजन



*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन÷ की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जिला मुख्यालय में प्रस्तावित कार्यक्रमों के सफल आयोजन के संबंध में सीडीओ अभिषेक कुमार ने विकास भवन के स्वामी विवेकानंद सभागार में जिला स्तरीय अफसरों की बैठक ली बैठक की अध्यक्षता करते हुए सीडीओ अभिषेक कुमार ने निर्देश दिए कि 25, 26 व 27 मार्च को भव्य कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसका उद्देश्य आपके विभाग के जनपद स्तर पर कराए गए कार्यों को प्रदर्शित करना है। जनपद के प्रभारी मंत्री जी द्वारा मेले का उद्घाटन किया जाएगा और प्रेस वार्ता भी की जाएगी सीडीओ ने कहा कि जनपद स्तर पर तीन दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन आईटीआई के ओपन ऑडिटोरियम में किया जाएगा।

समस्त विभागों द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा, सभी विभाग अपना-अपना स्टाल लगाएंगे तथा योजनाओं के फार्म/पम्पलेट आदि स्टाल पर रखेंगे और लोगों को योजनाओं की जानकारी देंगे व फार्म भरवायेंगे। मेले प्रत्येक दिवस विभिन्न थीमों पर आयोजन कार्यक्रम प्रस्तुत किए जायेंगे। प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर तैयार की गई विशेष लघु फिल्म का प्रदर्शन व महाकुंभ प्रयागराज-2025 के सफल आयोजन पर केंद्रित लघु फिल्म का प्रदर्शन एवं विकास पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा।

# सीडीओ ने मारा अधिशाषी अभियंता, नलकूप खण्ड प्रथम दफ्तर में छापा

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** मुख्य विकास अधिकारी अभिषेक कुमार ने कार्यालय अधिशाषी अभियंता, नलकूप खण्ड प्रथम का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता नलकूप सहित उनके अधीनस्थ 09 कार्मिक नदारत मिले।सीडीओ को कार्यालय में देख हड़कंप मच गया सीडीओ अभिषेक कुमार ने कार्यालय में कर्मचारियों की उपस्थिति और व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने कार्यालय में उपस्थिति पंजिका, साफ-सफाई आदि व्यवस्थाओं को जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान दफ्तर में कार्मिक अधिकारी और 09 कार्मिक नदारद मिलने पर नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कार्रवाई निश्चित है सीडीओ ने कार्मिकों की बिना सूचना अनुपस्थित पर गहरी नाराजगी जताई। आदत में सुधार लाने की चेतावनी दी गई। सीडीओ ने कहा कि सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप काम किया जाए। लेटलतीफ आने वाले अफसरों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। तय समय पर अधिकारी और कर्मचारी कार्यालयों में उपस्थित होना शुरू करें।



## हरगांव में अधूरे पड़े ओवरब्रिज का निर्माण शुरू होने से वाहनों का किया गया रूट डायवर्ट

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर-खीरी।** हरगांव में अधूरे पड़े ओवरब्रिज का निर्माण शुरू होने से वाहनों का रूट डायवर्ट हो गया है। ऐसे में लखीमपुर से सीतापुर जाने वाले वाहनों का संचालन खीरी और लघुचा के रास्ते होगा। रूट डायवर्ट होने से रोडवेज बसों का किराया बढ़ेगा, जिससे यात्रियों की जेब और ढीली होगी। रोडवेज प्रशासन ने रूट डायवर्जन को देखते हुए नई किराया सूची तैयार कर ली है, जिसे अनुबंधित बस मालिकों की सहमति से लागू कर दिया जाएगा हरगांव में रेलवे क्रासिंग पर बनने वाला ओवरब्रिज करीब आठ साल से अधूरा था, जिसके निर्माण की कवायद फिर शुरू हो गई है। इसके लिए लखीमपुर और सीतापुर के बीच वाहनों का आवागमन गुरुवार 20 मार्च की दोपहर से 24 मार्च तक के लिए बंद हो गया। ऐसे में लखीमपुर से सीतापुर जाने वाले वाहनों का रूट डायवर्ट कर दिया है। रोडवेज बसों से लेकर अन्य वाहन खीरी और लघुचा के रास्ते हरगांव होकर सीतापुर और लखनऊ जाएंगे।रूट डायवर्ट होने से रोडवेज बसें भी खीरी और लघुचा के रास्ते हरगांव होकर सीतापुर जाएंगी। इससे हरगांव से लेकर सीतापुर और लखनऊ के किलोमीटर बढ़ेंगे, जिससे किराया बढ़ने से यात्रियों को जेब और ढीली करनी पड़ेगी। लखीपमुर डिपो प्रशासन ने नए रूट के मुताबिक किराया सूची तैयार कर ली है।रूट डायवर्जन के बाद लखीमपुर से हरगांव, सीतापुर से लखनऊ की दूरी बढ़ जाएगी। ऐसे में किराया बढ़ना लाजिमी है, क्योंकि रोडवेज बसों में किराया का निर्धारण प्रति किलोमीटर के मुताबिक होता है। इसलिए लखीमपुर डिपो प्रशासन ने नए रूट के अनुसार नई किराया सूची तैयार कर ली हे। मगर, अनुबंधित बस मालिक चार दिन के लिए किराया बढ़ाने के पक्ष में नहीं है।

## डीएम साहिबा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक



**बिजनौर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा जारी निर्देशों के क्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को बताया कि वर्तमान में जिला बिजनौर के आठों विधानसभा क्षेत्रों में कुल 2980 मतदान केन्द्र हैं। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों का आह्वान किया कि अपने बीएलए का चयन कर प्रत्येक मतदान केन्द्र पर नियुक्त बूथ लेवल एजेन्टों की सूची सम्बन्धित निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी, उपजिला मजिस्ट्रेट कार्यालय एवं जिला निर्वाचन कार्यालय को उपलब्ध करायें। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों का आह्वान किया कि अपने-अपने बीएलए को निर्देशित करें कि मतदाता सूची में पात्र व्यक्तियों के नाम दर्ज करने, मतदाता सूची में दर्ज मृतक, स्थानांतरित एवं डुप्लीकेट मतदाताओं के नाम हटाने में बूथ लेवल अधिकारियों के साथ समन्वय एवं सहायता करें, ताकि मतदाता सूची को त्रुटिरहित तैयार किया जा सके।

## ऑल इंडियन 11वीं रैंक पाकर सूर्य देव ने किया बिजनौर का नाम रोशन



**बिजनौर।** कड़ी मेहनत और लगन के बल पर जिले के गांव पेदी निवासी सूर्य देव ने ऑल इंडिया गेट परीक्षा में 11वीं रैंक पाकर जिले का नाम रोशन किया है। इसका षेय सूर्य देव अपने माता-पिता और गुरु जनों को देते हुए कहते हैं कि यदि व्यक्ति लग्नशीलता से और लक्ष्य बनाकर पढ़ाई में जुट जाए तो लक्ष्य पाना आसान हो जाता है। प्रभारी सहायक कोषाधिकारी मेहर सिंह और हेमलता के पुत्र सूर्य देव की प्रारंभिक शिक्षा बिजनौर जिले के सेंट मेरी स्कूल से हुई तथा स्नातक उनके द्वारा दिल्ली यूनिवर्सिटी के आचार्य नरेंद्र कॉलेज से 80% अंक लेकर प्रथम श्रेणी में पास की सूर्य देव का लक्ष्य सिविल सेवा में अपना भविष्य बनाना है। इसीलिए उन्होंने सिविल सर्विसेज की परीक्षा की तैयारी के साथ-साथ मास्टर डिग्री समाजशास्त्र विषय में इंदिरा गांधी ओपन यूनिवर्सिटी से प्रथम श्रेणी अंक लेकर उत्तीर्ण की तथा सन 2024 में यूजीसी जेआरएफ की परीक्षा समाजशास्त्र विषय से 99% अंक लेकर पास की अब उन्होंने गेट परीक्षा में 11वीं रैंक लाकर न केवल अपने माता-पिता गुरु जनों का नाम पूरे देश में रोशन किया है बल्कि बिजनौर जनपद का नाम भी पूरे देश में रोशन किया है।

## एटीएम कार्ड बदलकर रुपए उड़ाने वाला शातिर चला पुलिस के हत्थे

**बदायूॅं।** एटीएम कार्ड बदलकर खाते से रुपए उड़ाने वाले शतिर को थाना उझानी पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है।पुलिस ने शातिर को उझानी रेलवे स्टेशन के आउटर के समीप से गिरफ्तार किया है।पुलिस को इसके कब्जे से रुपए आदि बरामद हुए हैं। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार को विपिन पुत्र मुखवीर निवासी ग्राम चेतूनगला अपने मामा शिशुपाल पुत्र जसवीर सिंह के साथ यूनियन बैक उझानी के एटीएम से दोपहर तीन बजे रुपये निकालने गये थे,वहां अभियुक्त अवनीश यादव एटीएम रूम में पहले से मौजूद था और उसका एक साथी जिसका नाम बाबू है बाहर खड़ा था। इन्हीं दोनों ने विपिन के साथ धोखाधड़ी कर उनका एटीएम कार्ड बदलकर खराब एटीएम कार्ड उनको पकड़ा दिया और मशीन खराब का बहाना बनाकर विपिन को वहां से वापस भेज दिया उसके बाद अभियुक्त ने अपने साथी के साथ मिलकर विपिन के एटीएम कार्ड का प्रयोग कर उनके खाते से दस हजार निकाल लिए।

## जनपद की प्रभारी मंत्री करेंगी तीन दिवसीय दिवसीय मेले का उद्घाटन



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूँ।** प्रदेश सरकार के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बदायूं क्लब बदायूं में 25 से 27 मार्च तक तीन दिवसीय मेले का उद्घाटन जनपद की प्रभारी मंत्री गुलाब देवी करेंगी। मेले में विभिन्न विभागों की योजनाओं को प्रदर्शित किया जाएगा तथा योजनाओं के लाभार्थियों को स्वीकृति व नियुक्ति पत्र आदि का वितरण किया जाएगा। जिलाधिकारी निधि श्रीवास्तव ने कलेक्ट्रेट स्थित अटल बिहारी वाजपेयी सभागार में प्रदेश सरकार के 08 वर्ष तथा केन्द्र सरकार के 10 वर्ष पूर्ण होने पर आयोजित होने वाले तीन दिवसीय मेले की तैयारियों के सम्बंध में आहूत जिला परामर्शदाता समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने सभी अधिकारियों को पूर्ण मनोयोग से कार्य योजना बनाते हुए सभी तैयारियां समय से पूर्ण करते हुए मेले को सफलतापूर्वक आयोजित कराने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों का संवेदीकरण करते हुए शासन की मंशा के अनुरूप कार्य करने के लिए कहा। जिलाधिकारी ने बताया कि कार्यक्रम में योजनाओं का शिलान्यास व लोकार्पण भी कराया जाएगा। प्रत्येक दिन थीम आधारित विचार गोष्ठी व संवाद कार्यक्रम भी दो-दो सेशन में कराए जाएंगे, जिसमें अन्नदाता किसान की समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना विकास, युवा, रोजगार, हस्तशिल्प एवं ओ0डीअ0ओ0पी0, सुरक्षित उद्यमी समृद्ध व्यापार तथा अन्त्योदय से सर्वोदय (समाज कल्याण, पेंशन एवं राशन आदि) थीम पर आयोजित किए जाएंगे। संस्कृति विभाग द्वारा प्रत्येक दिन सांय को सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्य विकास अधिकारी केशव कुमार ने बताया कि तीन दिवसीय मेले फूड कोर्ट भी लगाया जाएगा जिसमें कम से कम 10 विभिन्न व्यंजनों के स्टाल लगाए जाएंगे साथ ही ऋण मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले के दौरान ही लाभार्थियों को पंजीकृत करने की व्यवस्था भी की जाएगी। उन्होंने बताया कि मेला परिसर में विभिन्न विभागों के लगभग 30 से 40 स्टॉल लगाकर योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि शासन स्तर से सचिव स्तर के आईएएस अधिकारी नितिन बंसल को जनपद का नोडल अधिकारी इस कार्यक्रम के लिए नामित किया गया है, जो शनिवार की दोपहर में समीक्षा बैठक करेंगे। उन्होंने बताया कि 25 से 27 मार्च तक प्रत्येक दिन तीन-तीन सेशन आयोजित किए जाएंगे जिसमें प्रथम सेशन प्रातः 10:30 से अपराह्न 1:30, द्वितीय सेशन अपरान्ह 2:30 बजे से सांय 5:30 बजे तक तथा तृतीय सेशन सांय 6:30 बजे से रात्रि 8:30 तक आयोजित होगा।

## आढ़तियो ने पत्रकारों के साथ की गाली गलौज पत्रकारों में फैला आक्रोश

### पत्रकारों के साथ अभद्र व्यवहार नहीं किया जाएगा बर्दाश्तः थानाप्रभारी



**नजीबाबाद।** नजीबाबाद मंडी समिति में भारी संख्या में नगर नजीबाबाद के पत्रकार एकत्रित हुए और मंडी समिति चौकी प्रभारी एवं मंडी सचिव अभिषेक शर्मा को एक प्रार्थना पत्र मंडी समिति नजीबाबाद के आढ़तियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की मांग करते हुए सौंपा गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बृहस्पतिवार को लगभग 11:00 बजे मंडी समिति नजीबाबाद में कुछ मीडियाकर्मी मंडी समिति में सब्जी एवं फलों के भाव को जनहित में कवरेज करने हेतु पहुंचे थे । इसी दौरान कुछ मंडी आढ़तियों द्वारा मीडिया कर्मियों को कवरेज करने से रोका गया। और मीडिया कर्मियों को गाली गलौज एवं अपशब्द कहे गए, और जान से मारने की धमकी दी गई, तथा जाति सूचक शब्द भी कहे गए। जिसकी वीडियो मीडिया कर्मियों के पास मौजूद है । मीडिया कर्मियों से गाली गलौज करने वाले व्यक्तियों में रईस अहमद पुत्र अब्दुल रशीद, हाजी अयूब पुत्र ना मालूम, सरताज पुत्र अब्दुल हाजी अय्यूब, एवं तीन अज्ञात व्यक्ति थे। आरोपियों के खिलाफ नगर नजीबाबाद के मीडियाकर्मी मंडी समिति की पुलिस चौकी पहुंचे और तहरीर सौंपते हुए आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की मांग की। समाचार लिखे जाने तक चौकी प्रभारी अवधेश शर्मा ने मंडी समिति से कुछ आढ़तियों को हिरासत में लेकर चौकी में बैठा लिया था।

# ट्रेन दुर्घटना में दोनों पैर गंवाने वाले आगरा के व्यक्ति को 51 लाख रुपये देने का आदेश

*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने बीमा कंपनी को शहर के एक व्यक्ति को 51 लाख रुपये छह फीसदी ब्याज के साथ अदा करने का आदेश दिया है, जिसने छह साल पहले एक रेल हादसे में अपने दोनों पैर गंवा दिये थे। यह जानकारी एक वकील ने शुक्रवार को दी।

वकील ने बताया कि उक्त रेल हादसे में प्रांजल गुप्ता के दोनों पैर कट गए थे। उन्होंने बताया कि जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग ने यह फैसला बीमा कंपनी के खिलाफ दिया जिसने प्रांजल गुप्ता का दावा रद्द कर दिया था। वकील ने बताया कि आयोग ने कंपनी को उक्त राशि पर छह प्रतिशत ब्याज देने का भी निर्देश दिया है। उन्होंने बताया कि आगरा निवासी प्रांजल गुप्ता 27 दिसंबर, 2019 को कालिंदी एक्सप्रेस से यात्रा कर रहे थे और उस दौरान वे हाथरस जंक्शन के पास गिर गए और उनके दोनों पैरों में गंभीर चोटें आईं। गुप्ता का प्रतिनिधित्व करने वाले वकील कायम सिंह ने बताया कि उपचार के दौरान सेप्टिक संक्रमण होने के कारण चिकित्सकों को प्रांजल गुप्ता के घुटने के नीचे से दोनों पैर काटने पड़े।

## थाना हरीपर्वत पुलिस द्वारा 7 प्रकरणों में बरामद अवैध शराब और काजू को किया गया नष्ट

**आगरा।** ऑपरेशन क्लीन के तहत थाना हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा 7 प्रकरणों में बरामद अवैध शराब और काजू का नष्टीकरण किया गया। जानकारी अनुसार ऑपरेशन क्लीन के तहत थाना हरीपर्वत के मालखाना में 7 प्रकरणों में रखी अवैध शराब एवं काजू के नष्टीकरण के लिए थाना हरीपर्वत पुलिस द्वारा न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट आगरा के समक्ष प्रभावी पैरवी करते हुए अवैध शराब के नष्टीकरण के प्राप्त आदेश पर थाना हरीपर्वत पुलिस टीम द्वारा थाना हरीपर्वत में 7 प्रकरणों से सम्बन्धित मालखाना में रखी 1,130 लीटर अवैध शराब और (लगभग 285 किलोग्राम काजू) को नष्ट करने का आदेश प्राप्त हुआ था। ऑपरेशन क्लीन के तहत पुलिस उपायुक्त नगर, कमिश्नरेट आगरा द्वारा अवैध शराब को नष्ट करने हेतु टीम गठित की गयी। गुरूवार को गठित टीम अपर पुलिस उपायुक्त/सहायक पुलिस आयुक्त, हरीपर्वत, कार्यपालक मजिस्ट्रेट, कमिश्नरेट आगरा, प्रभारी निरीक्षक थाना हरीपर्वत, निरीक्षक अपराध थाना हरीपर्वत, व0उ0नि0 थाना हरीपर्वत एवं हेडमोहर्रिर मालखाना थाना हरीपर्वत की उपस्थिति में 7 प्रकरणों में बरामद 1,130 लीटर (अवैध शराब) एवं 20 टिन काजू (लगभग 285 किलोग्राम) सम्बन्धी माल को थाना हरीपर्वत के ट्रांसपोर्ट नगर चौकी परिसर में जेसीबी द्वारा गड्ढा कराकर नष्ट कराया गया।

## आगरा कोर्ट में बुजुर्ग को आया हार्ट अटैक, एसएसएफ के जवान ने सीपीआर देकर बचाई जान

**आगरा।** दीवानी परिसर में शुक्रवार दोपहर अपने मामले की पैरवी करने आए बुजुर्ग वादकारी को अचानक हार्ट अटैक आ गया। दीवानी परिसर की सुरक्षा में तैनात एसएसएफ के जवान राहुल सारस्वत ने बुजुर्ग को तुरंत सीपीआर देकर बुजुर्ग की जान बचा ली। होश में आने पर बुजुर्ग ने जहां जवान को आशीर्वाद दिया, वहीं हर कोई इस जवान की तारीफ कर रहा है। अपने केस की पैरोकारी के लिए सिविल कोर्ट आए सीतानगर, रामबाग निवासी शिवकांत राठौर अपने अधिवक्ता के चैंबर पर थें तभी उन्हें अचानक सीने में तेज दर्द उठा। वे पसीने से लथपथ हो बेहोश होकर गिर पड़े। इससे अधिवक्ता के चैंबर में हड़कम्प मच गया। सभी के हाथ-पांव फूल गये। दीवानी परिसर की सुरक्षा में तैनात एसएसएफ के जवान राहुल सारस्वत की नजर बुजुर्ग पर पड़ी तो की हालत पर नजर पड़ने पर उन्होंने समझ लिया कि बुजुर्ग को हृदयाघात हुआ है।

राहुल सारस्वत ने बगैर देरी किए बुजुर्ग शिवकांत राठौर को तुरंत तख्त पर लिटाया और सीपीआर देने लगे। जवान राहुल सारस्वत के लगातार सीपीआर देने से बुजुर्ग की की चेतना वापस लौटी। उन्हें होश आ गया। सुरक्षाकर्मी राहुल सारस्वत का साथ महिला पुलिसकर्मी उमा भारती ने बखूबी दिया। उमा ने बुजुर्ग को पानी पिलाया और एंबुलेंस मंगाकर उन्हें तुरंत अस्पताल भिजवाया।

होश में होने पर बुजुर्ग वादकारी ने सुरक्षाकर्मी राहुल सारस्वत और उमा भारती को खूब आशीर्वाद दिया। राजीव गांधी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रमा शंकर शर्मा एडवोकेट और दीवानी के अन्य अधिवक्ताओं सुरक्षा जवान राहुल सारस्वत के कार्य को सराहनीय बताते हुए उन्हें धन्यवाद दिया है।

## एमएलसी व डीएम ने गणगौर मेला गोकुलपुरा के आयोजन स्थल पर पहुंच विकासकार्यों को ससमय पूर्ण करने के दिए निर्देश



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** विधानपरिषद सदस्य विजय शिवहरे तथा जिलाधिकारी अरविंद मल्लप्पा बंगारी शहर के गोकुलपुरा क्षेत्र में गणगौर मेला स्थल प्राचीन बिहारी जी मंदिर पहुंचे। जहां मुख्य पुजारी ने पटका पहनाकर स्वागत किया तथा मंदिर तथा गोकुलपुरा क्षेत्र के प्राचीन इतिहास के बारे में जानकारी दी तथा उपस्थित क्षेत्रीय जनता तथा पार्षद द्वारा बताया गया कि गणगौर मेला व मंदिर दो सौ वर्ष से भी अधिक प्राचीन है। जिसमें फूल डोले, झांकियां उठती हैं तथा भजन व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, मेला 31 मार्च से 01 अप्रैल तक आयोजित होगा। क्षेत्रीय लोगों ने मेले के भव्य,सकुशल संपन्न किए जाने हेतु गलियों की मरम्मत, डोले व झांकी भ्रमण मार्ग में अनियोजित बेतरतीब डिस केबल तारों को हटाने, पेयजल सप्लाई के पाइप लाइन तथा सड़क मरम्मत,टोरेंट के बॉक्स का समायोजन, मेले के समय निर्बाध विद्युत तथा जलापूर्ति किए जाने की बात रखी। जिलाधिकारी तथा विधानपरिषद सदस्य ने मेला स्थल तथा सड़क व गलियों का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने अनाधिकृत बोर्ड, अतिक्रमण हटाने, अनियोजित, बेतरतीब डिश केबल तारों को समायोजित करने, मेले हेतु विशेष साफसफाई सुनिश्चित करने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारीगण को निर्देशित किया, मेला कमेटी द्वारा प्रस्तावित कार्यों को शीघ्र गुणवत्तापूर्ण तथा समयबद्ध कराने को सम्बन्धित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया।

अवधनामा



# कागजों में दफन होता अखाड़ा कब्रिस्तान वक्फ़ नम्बर 172 की दास्तान

मनव्वर रिज़्वी



- वक्फ़ नम्बर 172 की संपत्ति पर भू माफिया समेत कई सफेदपोश क़ाबिज़

**गोरखपुर।** अखाड़ा कब्रिस्तान, वक्फ़ नम्बर 172 जिसको तीन गढ़हिया के नाम से भी जाना जाता है जिसकी संपत्ति बेतियाहाता से लगाय रुस्तमपुर हाई वे तक फैली है। पूर्व मोतवल्ली डॉ0 इमरान खान द्वारा शासन प्रशासन में दिए साक्ष्यों के अनुसार महेवा मंडी के सामने वक्फ़ संख्या 172 की लगभग 12 एकड़ 53 डिसमिल की सम्पत्ति जिसमें गाटा संख्या 285, 286, 829, 957, 959, 960, 966, 304, 833, 834, 298, 304, 833, 834 के अलावा कई अन्य नम्बर भी शामिल है। वक्फ़ की इस बेशकीमती जमीन पर आज सैकड़ों आलीशान मकान बन गए हैं। अधिकारियों, नेताओं, व्यपारियों और माफियाओं ने इस कीमती ज़मीन का ऐसा बंदरबांट किया की अब महज़ कुछ डिसमिल ज़मीन छोड़कर बाकी पर अवैध कब्जा है। कुछ वर्ष पहले वक्फ़ संख्या 172 के पूर्व सेक्रेटरी डॉ0 इमरान खान के प्रार्थना पत्र के आधार पर वक्फ़ संख्या 172 की सम्पत्तियों का सीमांकन कर अवैध अतिक्रमण हटाए जाने की कार्यवाही सदर तहसीलदार डॉ0 संजीव दिक्षित की देखरेख में की गई थी। लेकिन बाद के दिनों में डॉ0 इमरान की मृत्यु के बाद मामला ठंढे बस्ते में चला गया। आपको बता दें कि इसी वक्फ़ की जमीन पर माफिया अजीत शाही का भी आवास बना हुआ है। उस समय वक्फ़ नंबर 172 की विवाद रहित संपत्तियों को कब्जा मुक्त कराया गया था और अन्य भूभागों पर जिन पर अभी भी कब्जा है उसका सीमांकन कराए जाने की बात कही गई थी, लेकिन प्रशासनिक उपेक्षाओं के चलते कागजों में दफन होता ये अखाड़ा कब्रिस्तान वक्फ़ नम्बर 172 अपनी बेकसी पर आंसू बहा रहा है। बहरहाल कभी तीन गड़ाहिया कब्रिस्तान के नाम से मशहूर रही वक्फ़ की इस सम्पत्ति पर झुग्गी झोपड़ियों समेत आलीशान मकानात, रिहाइशी कालोनियां, मैरेज हाल और दुकानों का निर्माण करा लिया गया हैं जिन पर माफिया से लगायत तमाम शरीफ और सफेदपोशों के अलावा तमाम नेताओं का आज भी कब्ज़ा बना हुआ है।

## प्राथमिक विद्यालय रोहिना सिंहपुर में शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन




**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी संजीव रंजन की अध्यक्षता में ब्लॉक धनीपुर के प्राथमिक विद्यालय रोहिना सिंहपुर में शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में विद्यालय के शिक्षकों, अभिभावकों और छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। डीएम ने कहा कि बैठक का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा करना और उनके सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक कदम उठाना है। बैठक के दौरान विद्यालय की शैक्षणिक गतिविधियों, परीक्षा परिणामों और सह-पाठ्यक्रमीय गतिविधियों पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में अभिभावकों को उनके बच्चों की प्रगति से अवगत कराया गया और उन्हें शिक्षकों से सीधे संवाद करने का भी अवसर मिला। विद्यालय में पंजीकृत 184 के सापेक्ष 171 विद्यार्थी एवं सभी 08 शिक्षक उपस्थित पाए गए। डीएम ने कहा कि जब माता-पिता अपने बच्चे को विद्यालय भेजते हैं तो चाहते हैं कि बच्चा कुछ सीखकर आए। विद्यालयों के भवन, इमारत और इंफ्रास्ट्रक्चर सुधार के उपरान्त वर्तमान में निपुण परीक्षा के माध्यम से विद्यार्थियों की क्षमताओं का आकलन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के समग्र विकास में माता-पिता की अहम भूमिका होती है। विद्यालय के साथ ही अभिभावक भी बच्चों के पठन-पाठन पर विशेष ध्यान दें, घर पर बच्चों से सवाल-जवाब कर उनकी कमियों को पहचानकर उनको दूर करने का प्रयास करें। अभिभावकों के साथ बैठक को जिलाधिकारी ने विद्यार्थियों के समग्र विकास में मील का पत्थर बताते हुए अभिभावकों से आव्हान किया कि शिक्षा पर विशेष ध्यान दें, बच्चों को विद्यालय गणवेश में ही भेजें और साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें।

## बाबू सिंह यादव जय सिंह यादव आयुर्वैदिक मेडिकल कॉलेज मे संगोष्ठी आयोजित की गई



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** श्री बाबू सिंह जय सिंह आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में फ्रेसेनियस काबी कंपनी द्वारा एक संगोष्ठी आयोजित की गई जिस कंपनी की तरफ से डॉ सुनील होन्कोलोस एमबीबीएस एमडी ने अमीनो एसिड के ऊपर पाठ्यक्रम प्रस्तुत किया। जिस्मे अमीनो एसिड का शरीर में उपयोग और उनकी कामी से होने वाली बीमारी और उनसे बचाव के बारे में बताया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि डॉ सुनीता यादव ने भी अपने विचार प्रस्तुत किये। कार्यक्रम की अध्यक्ष महाविद्याल के शिक्षक डॉ. मंजूनाथ एनएस ने की इसके एक्स्ट्रा पीजी के छात्र प्रशिक्षु और नर्सिंग स्टाफ के अलावा कार्यक्रम में डॉक्टर टेंटू रामबाबू, डॉक्टर एस बिस्वाल और डॉ शिवम चौबे उपस्थित रहे।

## चौपाल में ग्रामीणों की सुनी गई समस्याएं



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पाली ब्लॉक के। ग्राम पंचायत मिनवा में चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने अपनी समस्या बताया। चौपाल का मुख्य उद्देश्य सरकारी योजनाओं की जानकारी, किसानों की समस्याएं, न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीद,स्वास्थ्य एवं शिक्षा पर जागरूकता बढ़ाना था। चौपाल में मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत अधिकारी अरविंद कुमार,क्षेत्रीय विपणन अधिकारी रंजन सिंह,विपणन निरीक्षक पवन पाल व प्रदीप वर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना व समाधान सुझाए। चर्चा के दौरान प्रमुख बिंदु पर विचार-विमर्श किया गया। ग्रामीणों ने इस चौपाल को उपयोगी बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से उनकी समस्याओं का समाधान तेजी से हो सकता है। कार्यक्रम के अंत में ग्राम प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल ने सभी उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान ग्राम प्रधान दिनेश कुमार जायसवाल, भाजपा नेता कमलेश प्रजापति, संजय, फूलमती, कुसुम, नंदलाल, सरोज, चंद्रिका, विजय के साथ कई लोग मौजूद रहे।

## 20 दिन बाद भी चोरी की घटना का नहीं हुआ खुलासा

अवधनामा संवाददाता

- एक मार्च की रात सेंधमारी कर आभूषण व नगदी चोरी होने का मामला
- नपं मथौली के वार्ड नंबर 10 फर्दहां का मामला

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** कप्तानगंज थाना क्षेत्र के नगर पंचायत मथौली वार्ड नंबर 10 वीर सावरकर नगर (फर्दहां) निवासी एक व्यक्ति के मकान में सेंधमारी कर आभूषण व नगदी समेत लाखों रुपए की हुई चोरी अब तक पुलिस खुलासा नहीं कर पाई। पीड़िता ने बताया कि चोरी के 20 दिन हो गए लेकिन अब तक पुलिस कुछ सुराग नहीं लगा पाई।

बता दें कि कस्बे के वार्ड नंबर 10 फर्दहां निवासी बच्ची देवी पत्नी राजू के मकान में बैठे 01 मार्च की रात मकान के पीछे से दीवार में सेंधमारी कर अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर बॉक्स का ताला तोड़कर मंगलसूत्र, पाजेब, नथिया, झुमका, दो अंगूठी, एक सोने का चैन व टीका चुरा लिए। इसके साथ ही कुछ वर्तन व 40 हजार रुपए नगदी लेकर चंपत बने। बॉक्स खंगालने के बाद चोरों ने एक गेहूं के खेत में अन्य सामान फेंक दिया। पीड़िता बच्ची देवी का कहना है कि चोरी के लगभग 20 दिन हो गए लेकिन कुछ सुराग नहीं लगा। पुलिस आश्वासन दी थी कि जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा लेकिन अब तक पुलिस किस नतीजे पर पहुंची है कुछ पता नहीं चला। लाखों का सामान चोरी होने से हम लोग हमेशा तनाव में रह रहे है। हमेशा डर बना रहता है। उधर चोरी की घटना का खुलासा न होने से पुलिस के कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे है। इस संबंध में चौकी इंचार्ज मथौली अरविंद राय ने बताया कि पुलिस खुलासे के करीब पहुंच गई है जल्द ही पर्दाफाश कर दिया जाएगा।

## सरकार की सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने पर त्रिदिवसीय मेला 25 से

अवधनामा संवाददाता




**उरई (जालौन)।** प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा व सुशासन नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद जालौन में भव्य त्रिदिवसीय मेले का आयोजन किया जाएगा। जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने विकास भवन में बैठक कर इस महत्वपूर्ण आयोजन की रूपरेखा प्रस्तुत कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए बताया कि राजकीय इंटर कॉलेज, उरई में 25, 26 एवं 27 मार्च 2025 को प्रदेश सरकार की प्रमुख उपलब्धियों और जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रदर्शित करने के लिए त्रिदिवसीय मेला आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी ने बताया कि इस आयोजन में प्रदेश सरकार की विभिन्न लोकहितकारी योजनाओं को आम जनता के सामने प्रस्तुत किया जाएगा। इस आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों, सामाजिक संगठनों, राजनीतिक दलों और सरकारी विभागों के प्रतिनिधियों को शामिल करते हुए एक परामर्शदाता समिति का गठन किया गया है। मेले में केंद्र सरकार के 10 वर्ष और उत्तर प्रदेश सरकार के 8 वर्षों की प्रमुख उपलब्धियों को प्रदर्शित करने के लिए एक विशेष प्रदर्शनी लगाई जाएगी। साथ ही, महाकुंभ प्रयागराज 2025 के सफल आयोजन पर केंद्रित लघु फिल्म और सरकार की उपलब्धियों पर आधारित एक विशेष लघु फिल्म का भी प्रदर्शन किया जाएगा। इस अवसर पर विकास पुस्तिका का विमोचन भी किया जाएगा। त्रिदिवसीय मेले में प्रतिदिन थीम आधारित विचार गोष्ठियों और संवाद सम्मेलनों का आयोजन होगा। प्रमुख विषयों में कृषि एवं किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना विकास, युवा एवं रोजगार, हस्तशिल्प एवं ओडीओपी, व्यापार एवं उद्यमिता शामिल हैं। इन विचार सत्रों में संबंधित क्षेत्रों के विशेषज्ञों और प्रतिष्ठित वक्ताओं को आमंत्रित किया जाएगा। मेले में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, विश्वकर्मा श्रम सम्मान योजना, वृद्धावस्था पेंशन, पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, दिव्यांगजनों को उपकरण वितरण, मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना और अन्य सरकारी योजनाओं के तहत पात्र लाभार्थियों को लाभ दिया जाएगा।

## अज्ञात चोरों ने कोटेदार के घर को बनाया निशाना

**नसीराबाद, रायबरेली।** नसीराबाद थाना क्षेत्र में गुरुवार की रात ग्राम पंचायत बनी में अज्ञात चोरों ने एक कोटेदार के घर चोरी की घटना को अंजाम देते हुये 45 हजार की नगदी सहित लाखों रूपये के जेवरात पार कर दिया।घटना की जानकारी मिलते ही पीड़ित कोटेदार के घर में हड़कंप मच गया ।जहां पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है।बताते चले कि ग्राम पंचायत बनी के निवासी कोटेदार मेराज अहमद पुत्र स्वर्गीय रियाज अहमद ने थाने में तहरीर देते हुये बताया कि उसकी पत्नी और बच्चे जो कि घर के बरामदे मे सो रही थी। जिसका फायदा उठाकर बीती गुरुवार रात घर में घुसे अज्ञात चोरों ने आलमारी का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने चांदी जेवरात को उठा ले गये। जिसमें 45 हजार नगदी सोने के मंगल सूत्र, चांदी की पायल ,एवं सोने में झुमकी,,सोने की अंगूठी,,एक मोबाइल,सहित करीब तीन लाख के जेवरात चोरों ने पार कर दिया। वहीं पीड़ित मेराज अहमद ने बताया कि तकरीबन तीन लाख का रूपये के जेवरात चोरी हुआ है।

## हज़रत अली अस के दौरे हुकूमत कोई भी व्यक्ति भूखा नहीं सोया : मौलाना अदनान

**जलालपुर, अंबेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** तहसील क्षेत्र के कज़पुरा में



हज़रत अली की शहादत पर मजलिस और जुलूस का आयोजन किया गया। जामा मस्जिद में आयोजित मजलिस को मौलाना सैयद इंतेज़ार मेंहदी (अदनान) ने संबोधित किया। कामयाबी को दीन के साथ जोड़ते हुए कहा कि असली सफलता नेक इंसान बनने और दूसरों की मदद करने में है, न कि केवल धन इकट्ठा करने में।मौलाना ने हज़रत अली की सादगी और न्यायप्रियता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने खुद सादा भोजन किया लेकिन किसी जरूरतमंद को खाली हाथ नहीं लौटाया। जब 19 रमज़ान को मस्जिद-ए-कूफा में उन पर हमला हुआ, तो सजदे की हालत में उन्होंने कहा, आज अली कामयाब हुआ। उन्होंने हज़रत अली की न्यायप्रियता और परोपकार की मिसालें पेश करते हुए बताया कि उनके शासनकाल में कोई भूखा नहीं सोता था। वे खुद रातों में रोटियां लेकर गरीबों और जरूरतमंदों के घर पहुंचते थे। नकवी कमेटी के सदस्यों के साथ शारिब अब्बास ने नौहाख़्वानी की, जबकि उपस्थित लोगों ने मातम कर शोक प्रकट किया।

## जिलाधिकारी ने प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग का आकस्मिक निरीक्षण किया

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी रवीश गुप्ता ने प्रान्तीय खण्ड, लोक निर्माण विभाग का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होने उपस्थिति पंजिका, कर्मचारियों के सेवा पुस्तिका एवं एन.पी.एस. पासबुक को देखा। उन्होने पाया कि सेवा पुस्तिका में अंकन अद्यतन है, एन.पी.एस. पासबुक में एक वर्ष पूर्व तक ही अंकन किया गया है तथा कार्यालय में अभिलेख अव्यवस्थित है और कार्यालय परिसर में साफ-सफाई बेहतर नही है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता को निर्देशित किया कि एन.पी.एस. पासबुक को अद्यतन एवं साफ-सफाई तत्काल करा दिया जाए। जनपद की निर्माणाधीन सड़क बडेबन से कम्पनीबाग एवं जिला अस्पताल से सोनूपार, रामपुर के अवशेष भाग के निर्माण कार्य के बारे में उन्होने पूछा, जिस पर अधिशासी अभियन्ता द्वारा आश्वासन दिया गया कि उक्त प्रोजेक्ट का 95 प्रतिशत कार्य 31 मार्च, 2025 तक एवं शत-प्रतिशत कार्य 15 अप्रैल, 2025 तक पूर्ण कर लिया जायेगा। निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहें।

## महाविद्याल के छात्रों ने चलाया सफाई अभियान

**टांडा अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** महात्मा गाँधी का सपना था कि सम्पूर्ण भारत को सफाई अभियान के तहत साफ सफाई करके अपने पास पड़ोस को स्वच्छ रखना हमारा नैतिक दायित्व है इसी क्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना का कैम्प मां तिलेसरा देवी पी0जी0 कॉलेज,भसड़ा,टांडा अंबेडकर नगर के राष्ट्रीय सेवा योजना विशेष शिविर (दिन-रात्रि) में स्वयंसेवक/स्वयंसेविकाओं द्वारा आज दिनांक 20/03/2024 दिन बृहस्पतिवार को कार्यक्रमाधिकारी डॉ0 शिवानी श्रीवास्तव (प्रथम इकाई) अभिषेक पांडेय (द्वितीय इकाई) एकता सिंह,अर्जुन प्रसाद, अभिषेक राजभर, ममता, लक्ष्मी भारती आदि प्राध्यापक /प्राध्यापिकाओं की देख-रेख में चयनित ग्राम भसड़ा व पहाड़पुर में स्वच्छता कार्यक्रम चलाया गया ।सभी स्वयंसेवक स्वयंसेविकाओं ने साफ-सफाई हमारे जीवन का एक महत्वपूर्ण पहलू है यह हमारे जीवन की प्राथमिकता भी है स्वच्छता जरूरी है क्योंकि साफ-साफ सफाई से हम जीवन में आने वाले कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं महात्मा गांधी जी ने भी कहा था कि स्वच्छता ही सेवा है हमारे देश के लिए और हमारे जीवन में स्वच्छता की बहुत जरूरत है गंदगी हमारे आसपास के वातावरण और जीवन को प्रभावित करती है हमें व्यक्तिगत व आसपास भी सफाई अवश्य रखनी चाहिए।

## डीएम ने ग्राम जिरौली हीरासिंह में आरआरसी केंद्र का किया निरीक्षण

**अलीगढ़।** जिला मजिस्ट्रेट संजीव रंजन ने शुक्रवार को जिरौली हीरा सिंह पहुंच कूड़ा से कंचन केंद्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। केंद्र पर कार्मिकों द्वारा संग्रहित कूड़े का पृथक्करण होते पाया गया। ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार उर्फ मनोज कुमार ने बताया कि आरआरसी सेंटर पर संग्रहित प्लास्टिक वेस्ट एवं पॉलीथिन को लोधा स्थित रिसाइकिल सेंटर पर भेजा जाता है। डीएम ने डीपीआरओ को निर्देशित किया कि जिले भर में संचालित आरआरसी सेंटर को सक्रिय रखते हुए उनका सदुपयोग किया जाए। स्वच्छता के बारे में वस्तुस्थिति की जानकारी करते हुए डोर टू डोर कूड़ा संग्रहण एवं स्वच्छता शुल्क के बारे में जानकारी की। ग्राम प्रधान प्रदीप कुमार ने कूड़ा संग्रहण एप के संचालन की प्रक्रिया के बारे जानकारी देते हुए बताया कि घर के दरवाजे पर लगे बारकोड को स्कैन करने पर यह मालूम हो जाता है कि अमुख घर से कूड़ा संग्रहित हुआ है अथवा नहीं, फिर उसी के आधार पर स्वच्छता शुल्क भी निर्धारित हो जाता है।

## नगर आयुक्त की लापरवाही से जल-भराव व गंदगी

**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** नगर निगम की घोर लापरवाही के कारण



जगह जगह कूड़े के ढेर लगे हुए हैं। जबकि रमजान का महीना चल रहा है और चैत्र नवरात्रि भी शुरू होने वाले हैं। वही अलीगढ़ के नगर आयुक्त की उदासीनता देखने को मिल रही है। नगर आयुक्त विनोद कुमार ने अलीगढ़ आकर बड़े बड़े वादे किए थे परंतु कोई वादा पूरा नहीं हो रहा है। प्राय देखने को मिला की नगर आयुक्त के पास जनता से मिलने का समय नहीं है। जबकि सीएम योगी के सख्त आदेश है कि जिले के सभी अधिकारी 10 से 12 बजे तक जनता की समस्या सुना करें। परंतु नगर आयुक्त पर इसका कोई असर नहीं। आज भी उनके कार्यालय में जब एक पत्रकार पहुंचा तो वह आज भी अपने कार्यालय में उपस्तिथित नहीं थे। पहले भी कई बार जब भी फोन पर उनसे मिलने की बात कही गई तो उन्होंने असमर्थता जाहिर की। जब उनके पास पत्रकार से ही मिलने का टाइम नहीं है तो जनता से क्या मिलेंगे। गंदी का साम्राज्य उपर कोट, चंदन साहिद रोड, भुजपुरा आदि जगहों पर गंदगी देखने को मिला। इस संबंध में वहां के लोग अपने सभासद से मिले तब भी समस्या खत्म नहीं हुई। तो वह नगर आयुक्त से मिलने गए पर आज तक उनको नगर आयुक्त नहीं मिले। शहर का कूड़ा 10 बजे बाद उठता है जिससे जनता को समस्या होती हैं। ऐसा लगता है नगर आयुक्त शहर की समस्याओं के प्रति उदासीनता दिखा रहे हैं और सफाई कर्मियों पर उनका आदेश नहीं दिख रहा है।

## तीन दिवसीय धर्म और अध्यात्म पर आधारित अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव का हुआ उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** योगीराज बाबा गंभीरनाथ प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित तथा इंडियन इंफोटेनमेंट मीडिया कॉर्पोरेशन (आईआईएमसी) द्वारा आयोजित तीन दिवसीय धर्म और अध्यात्म पर आधारित अंतरराष्ट्रीय फिल्मोत्सव का सुप्रसिद्ध फिल्म निर्माता एवं निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री तथा महापौर डॉ मंगलेश श्रीवास्तव द्वारा उद्घाटन किया गया। उद्घाटन अवसर पर निर्माता और निर्देशक विवेक रंजन अग्निहोत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पहले इस प्रकार के विषयों पर आधारित फिल्म फेस्टिवल का आयोजन हो नहीं हो सकता था, किंतु अब शासन के सहयोग के कारण इस तरह के आयोजन हो रहे हैं। पहले उत्तर प्रदेश में इस तरह की फिल्में भी मुश्किल से बनती थीं। उन्होंने कहा कि इस फिल्म महोत्सव में भारतीय अध्यात्म पर आधारित दुर्लभ फिल्में दिखाई जाएगी। जो भारतीय दर्शन की गंभीरता को हम सभी से रूबरू कराएगी। निर्देशक ने कहा कि पूरे संसार में सनातन धर्म के दर्शन से गंभीर , वैज्ञानिक और प्रगतिशील कोई दर्शन नहीं है।

भारतीय सनातन दर्शन में सबसे ज्यादा गहराई है। जिस प्रकार अमेरिका अपने पूंजीवाद, चीन अपने मास मैन्युफैक्चरिंग, रूस अपने साम्यवाद के लिए प्रसिद्ध है उसी प्रकार भारत की पहचान पूरे विश्व में अपने अध्यात्म और दर्शन के लिए है। उन्होंने कहा कि यह अफसोस की बात है कि भारतीय सिनेमा में डाकुओं, माफियाओं, अंडरवर्ल्ड आदि मुद्दों पर ही अधिकांशतः फिल्में बनाई गई। राष्ट्रीय उदारवाद के बाद लगभग हर विषयों पर फिल्म बनाई गई किंतु जो हमारी पहचान और विरासत है उस अध्यात्म और दर्शन पर बहुत कम फिल्में बनाई गई। उन्होंने कहा कि भारत संसार में एकमात्र ऐसा देश है जहां चार धर्मों का उदय हुआ। विश्व के अन्य देशों में इस्लाम के उद्भव एवं ईसाई धर्म के उद्भव पर अनेक फिल्मों एवं डॉक्यूमेंट्री का निर्माण किया गया। इन देशों ने अपने इतिहास के विभिन्न राजवंशों, महापुरुषों पर अनगिनत डॉक्यूमेंट्री और फिल्मों का निर्माण किया। किंतु भारत में इस तरह की फिल्मों का निर्माण बहुत कम किया गया है। हमारे देश के इतिहास के साम्राज्य यथा मौर्य वंश, या गुप्त वंश पर कोई भी फिल्म का निर्माण नहीं किया गया है। रामायण पर बहुत ही कम फिल्में बनाई गई है। भारत देश में महाभारत पर शायद ही कोई फिल्म बनी हो। हमारे देश के विभिन्न महापुरुष जैसे कबीर, तुलसीदास , महात्मा बुद्ध, मीराबाई, रामकृष्ण परमहंस आदि के जीवन पर फिल्मों का निर्माण नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि हमारे देश में इतनी कहानियां एवं चरित्र हैं जिसमें बहुत सारी डॉक्यूमेंट्री और फिल्में बन सकती है। लेकिन अभी इन पहलुओं पर बहुत कम ध्यान दिया गया है। फिल्म निर्देशक ने कहा कि भारतीय दर्शन एवं ऐतिहासिक विरासत पर अगर फिल्मों का निर्माण किया जाए तो वैश्विक सिनेमा की पूंजी पर अधिकार के साथ हम अपने दर्शन और विरासत को भी जान पाएंगे।

# माफियाओं का सफाया कर युवाओं को उद्यमी बना रही सरकार : सतीश शर्मा

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** एक दिवसीय दौरे पर आए जिले के प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा शुक्रवार को तीन बड़े कार्यक्रमों में शामिल हुए। बाजार सुकुल में आयोजित एक होली मिलन समारोह मे लोगों को सम्बोधित करने के बाद प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा शाम को साढ़े पांच बजे कलेक्ट्रेट सभागार पहुंचे। यहां उन्होंने मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना, एक जनपद एक उत्पाद योजना, खाद्य प्रसंस्करण योजना और कृषक बीमा दुर्घटना योजना के 45 लाभार्थियों को ऋण स्वीकृति पत्र और टूल किट प्रदान किए।

वित्तीय वर्ष 2024-25में विभिन्न ऋण योजनाओं के अन्तर्गत शासन की ओर से 700 लोंगो को स्वरोजगार के लिए ऋण वितरण का लक्ष्य दिया गया है। 20 मार्च तक 399 लाभार्थियों की ऋण पत्रावलियां स्वीकृत की गई हैं। 301 लाभार्थी अभी तक नहीं मिल पाए हैं। ऋण स्वीकृति पत्र और टूल किट वितरित करते समय प्रभारी मंत्री ने युवा और महिला लाभार्थियों से उनके व्यवसाय के बारे में जानकारी भी ली। मंत्री ने कृषक बीमा दुर्घटना योजना की लाभार्थी महिलाओं को बताया कि पांच लाख रुपए की धनराशि उनके बैंक खाते में भेजी जा चुकी है। पैसे किसी अन्य व्यक्ति को नहीं देंगी और पैसा अपने बच्चों की पढ़ाई, स्वरोजगार, शादी विवाह और घर के अन्य जरूरी कार्यों पर खर्च करें। प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने सभी लाभार्थियों को कुम्भ -2025 से लाए गए जल प्रसाद के बोतल भी प्रदान किए। कार्यक्रम में डी एम निशा अनंत ने प्रभारी मंत्री और सी डी ओ सूरज पटेल ने भाजपा जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ल का स्वागत किया। वहीं कलेक्ट्रेट सभागार में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को संबोधित करते हुए प्रभारी मंत्री सतीश शर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का गुणगान किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना चलाकर योगी जी ने बेरोज़गार युवाओं को रोजगार और व्यवसाय का एक नया प्लेटफॉर्म दिया है।इस योजना के अन्तर्गत उद्यम और लघु उद्योग के लिए सरकार पांच लाख रुपए का ब्याज मुक्त ऋण दे रही है। युवा बढ़-चढ़कर इस योजना का लाभ लें,अब उत्तर प्रदेश में उद्यम, उद्योग एवं उद्यमी पूरी तरह सुरक्षित है। योगी जी के नेतृत्व में सरकार ने माफियाओं का सफाया करके विकास एवं रोजगार का नया वातावरण कायम किया है।

## विशेष संचारी रोग नियंत्रण पर जनपद स्तरीय समिति की बैठक संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान हेतु अंतर्विभागीय जनपद स्तरीय समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई,बैठक में सीएमओ ने अवगत कराया कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान 01 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा व दस्तक अभियान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक चलेगा।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी ईओ को निर्देशित किया गया कि जनपद के सभी ओवरहैड टैंक, वाटरकूलर की सफाई करा ली जाये नलियों की सफाई कराई जाये,फोगिंग कराई जाये, डी0पी0आर0ओ0 को गाँवो में साफ सफाई कराने व झाड़ियों की कटाई व तालाबों व नालियों की सफाई एन्टी लार्वा का छिड़काव के लिये निर्देशित किया ,पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया कि वह सभी सुअर पालन केंद्रों व मुर्गी पालन केंद्रों का निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करें, जिला कार्यक्रम अधिकारी को निर्देशित किया कि सभी कुपोषित बच्चों का चिन्हीकरण कर सूची उपलब्ध कराए, शिक्षा विभाग से अपेक्षा की गई कि सभी स्कूलों में बच्चो को फुल स्लीव की ड्रेस पहनने को कहा जाये व मच्छरजनित बीमारियो के बारे में जानकारी उपलब्ध कराई जाये,अभिभावकों को दिमागी बुखार व वेक्टर जनित रोगों के बारे में जागरूक किया जाये, खंड शिक्षा अधिकारी व बी आर सी के द्वारा विधालयो में जागरूकता के कार्यक्रम कराये जाये,कृषि विभाग व उद्यान विभाग को निर्देशित किया गया कि सभी किसानों को ऐसे पौधे लगाने के लिये प्रेरित किया जाए जो मच्छर प्रतिरोधी हो। बैठक में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी विभाग 02 दिन में अपने विभाग का माइक्रो प्लान तैयार कर उपलब्ध करा दे, चिकित्सा विभाग को हैंडविल छपवाकर वितरण कराने के निर्देश दिये गये। बैठक में बताया गया कि दस्तक अभियान में आशा व आंगनवाड़ी कार्यकर्ती घर- घर जाकर आभा आई0डी0 बनायेगी, लक्षण युक्त रोगी को चिन्हित कर ई कवच पोर्टल पर अपलोड करेगी, सभी स्कूलों में जाकर बच्चों को साफ सफाई के प्रति जागरूक करेगी।

## अनाज चोरो को पुलिस ने भेजा जेल

**अंबेडकरनगर।** टांडा कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई करते हुए गल्ला व्यवसाई बृजेश जायसवाल के गोदाम पर बीते मंगलवार को खड़े ट्रैक्टर ट्राली पर रखे अनाज को चोरों ने गायब कर दिया था. जिसे कोतवाली पुलिस ने 11 बोरा चावल व 9 बोरी सरसों बरामद करते हुए चोरी में शामिल तीन चोरों को भेजा जेल. स्थानीय लोगों ने पुलिस के कार्यशैली को देखकर खुशी का इजहार किया।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने छोटे पुत्र सोमिल गुप्ता उर्फ सन्नी के गलत चाल-चलन व आचरण के कारण उसे अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी कृत्य अथवा लेन-देन के लिए मैं या मेरे परिवार के अन्य सदस्य/ उत्तराधिकारी जिम्मेदार नहीं होंगे। श्रीमती मिथलेश गुप्ता पत्नी श्री नोखेलाल निवासी- म.नं.-25, बिजनौर, सरजू विहार, लखनऊ, उ.प्र.

# चैत्र नवरात्रि में मंदिरों में साफ-सफाई और जन सुविधाओं की व्यवस्था करें सुनिश्चितः मुख्यमंत्री

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को अयोध्या मंडल के विकास कार्यों, कानून व्यवस्था व श्रीराम नवमी/श्री राम जन्मोत्सव की तैयारियों की समीक्षा की। समीक्षा बैठक आयुक्त सभागार में हुई। मुख्यमंत्री ने कहा कि 30 मार्च से चैत्र नवरात्रि प्रारंभ हो रही है। इसके दृष्टिगत सभी प्रमुख देवी मंदिरों सहित धार्मिक स्थलों की साफ सफाई और आवश्यक जनसुविधाएं सुनिश्चित की जाएं। मुख्यमंत्री ने महाकुम्भ 2025 के दौरान अयोध्या मंडल की प्रशासनिक एवं पुलिस टीम द्वारा भीड़ नियंत्रण एवम सुगम श्री राम लला दर्शन के लिए किये गए नवाचारों की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि महाकुम्भ के अनुभवों के अनुसार श्रीराम नवमी मेले की तैयारियां की जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि आसपास के जनपदों से समन्वय स्थापित करते हुये होल्डिंग एरिया बनाकर मूलभूत जनसुविधाओं व समाजसेवियों को प्रेरित करते हुए



यहां पर लंगर/फलाहार की व्यवस्था भी कर ली जाए। गर्मी के मौसम को देखते हुये अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं को आवश्यक जनसुविधाएं शीतल पेयजल, साफ सफाई आदि की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि जगह-जगह पर शीतल पेयजल के लिए वाटर एटीएम लगवाए जाएं। नगर निगम सुबह, दोपहर व शाम साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए योजना बनाए। इसके साथ ही अयोध्या के प्रमुख मठ मंदिरों, घाटों व सरयू नदी की भी साफ सफाई की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। स्थानीय लोगों, श्रद्धालुओं आदि को साफ सफाई के लिए भी प्रेरित किया जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सड़क व फुटपाथ चलने योग्य हों, कहीं भी किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न होने पायें, इसके लिए नियमित अभियान चलाकर कठोर कार्रवाई की जाए। स्ट्रीट वेंडर्स के लिए वेंडिंग जोन बनाए जाएं। उन्होंने कहा कि रामनवमी के दौरान गर्मी को देखते हुये श्री हनुमानगढ़ी के दर्शन मार्ग व श्रीरामलला के दर्शन मार्ग पर छाया हेतु कैनोपी की व्यवस्था की जाए तथा पैरों को धूप से बचाने के लिए यथावश्यक दर्शन मार्गो पर चटाई की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। श्रद्धालुओं को ज्यादा पैदल न चलने पड़े, इसके लिए पर्याप्त मात्रा में ई-बसों की व्यवस्था अयोध्या के प्रमुख स्थलों से मंदिर तक की जाए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि श्रद्धालुओं को अयोध्या में प्रवेश से ही आनन्द की अनुभूति हो, इसके लिए अयोध्या धाम में राम धुन/भक्तिमय गीत प्रसारित किए जाएं। अयोध्या आने वाले श्रद्धालुओं से होटल, धर्मशाला, होम स्टे आदि में निर्धारित रेट लिस्ट के अनुसार ही भुगतान लिया जाए। अयोध्या सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मियों का व्यवहार मित्रवत हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार की सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के 08 वर्ष व केंद्र सरकार के लगभग 11 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर समस्त जनपदों में जनसामान्य को अवगत कराया जाना है। इसके लिए आगामी 25, 26 व 27 मार्च 2025 को सभी जनपदों में समारोह आयोजित कर शासन की महत्वपूर्ण उपलब्धियों एवं योजनाओं की जानकारी दी जाए। 25 मार्च को जनपद मुख्यालय पर प्रभारी मंत्री द्वारा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में त्रिदिवसीय मेले का उद्घाटन किया जाए।

## सीएम योगी ने अयोध्या में 1,148 युवा उद्यमियों को वितरित किए 47 करोड़ रुपये का ऋण



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को श्रीराम कथा पार्क में आयोजित एक भव्य समारोह में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान (सीएम युवा) के तहत अयोध्या मंडल के 1,148 युवा उद्यमियों को 47 करोड़ रुपये का ऋण वितरित किया। इस मौके पर उन्होंने युवा उद्यमियों के स्टार्टअप की प्रदर्शनी का उद्घाटन और अवलोकन भी किया।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने युवाओं से कहा कि ÷सीएम युवा अभियान अयोध्या मंडल को आत्मनिर्भर बनाने में अहम योगदान देगा, जो अंततः आत्मनिर्भर उत्तर प्रदेश और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का आधार बनेगा।÷ उन्होंने युवाओं को अपने उद्यमों को धैर्य और निष्ठा के साथ आगे बढ़ाने का आह्वान किया।इस कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राकेश सचान, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी, विधायक वेद प्रकाश गुप्ता, रामचन्द्र यादव, चन्द्रभानु पासवान, जिलाध्यक्ष संजीव सिंह, महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव, पूर्व विधायक इन्द्र प्रताप तिवारी खब्बू सहित कई जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## प्रदेश अध्यक्ष ने चेत नारायन सिंह को जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष के पद पर सुनील कृष्ण गौतम को दी जिम्मेदारी

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अयोध्या जिले में चेत नारायन सिंह को जिला अध्यक्ष तथा महानगर अध्यक्ष के पद पर सुनील कृष्ण गौतम की नियुक्ति की। नव नियुक्त दोनों अध्यक्षों ने अपने साथियों और गाजे बाजे के साथ जाकर बजाज स्थित पूर्व सांसद डॉ निर्मल खत्री का आशीर्वाद लिया। अपने आवास पर नवनियुक्त अध्यक्षों का स्वागत करते हुए पूर्व सांसद डॉक्टर निर्मल खत्री ने कहा कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर यह लग रहा है कि नव नियुक्त दोनों अध्यक्ष निःसंदेह अपने-अपने दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन करेंगे। पूर्व सांसद डॉक्टर निर्मल खत्री ने कहा संगठन में समय-समय पर परिवर्तन होते रहते हैं, नवनिर्वाचित अध्यक्षों को शीर्ष नेतृत्व की भावनाओं के अनुरूप जिला व महानगर में कांग्रेस को मजबूत करने का प्रयास करना चाहिए। जिला व महानगर संगठन को आम आदमी की समस्याओं से अपने को जोड़कर और उनकी समस्याओं को उचित पटल पर मजबूती के साथ उठाकर संगठन का विस्तार करने का प्रयास करना चाहिए। संगठन का विस्तार और मजबूती तभी होगा जब पुराने कार्यकर्ताओं का सम्मान तथा नए सदस्यों का संगठन में निरंतर प्रवेश होना चाहिए। पूर्व सांसद डॉक्टर निर्मल खत्री ने अध्यक्षों को आशीर्वाद देते हुए विश्वास जताया की नवनिर्वाचित अध्यक्षों की अगुवाई में कांग्रेस पार्टी जनपद में नई पहचान बनाकर माननीय राहुल गांधी ,राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे तथा प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व को मजबूती प्रदान करेंगे ।

## पीड़िता ने बिजली विभाग पर लगाया गंभीर आरोप


**अयोध्या।** विद्युत विभाग पर गंभीर आरोप लगाते हुए पीड़िता अनुपम तिवारी ने जिलाधिकारी महोदय को शिकायती पत्र दिया है शिकायती पत्र में कहा गया है कि।बिजली विभाग के अधिकारियों ने नए कनेक्शन के लिए मीटर नहीं लगाया, बल्कि विपक्षी के नाम पर मीटर लगा दिया। घटना थाना कैंट क्षेत्र के बढ़ई पुरवा इलाके की है, जहां पीड़िता अनुपम का मकान है और इसके लिए सभी जरूरी भुगतान किए थे।

पीड़िता ने बताया कि उन्होंने 10,500 रुपये का बकाया बिजली बिल जमा किया एवं 1100 रुपए का फाइनल बिल दिनांक 12/03/25 को जमा किया और नए कनेक्शन के लिए 1870 रुपये की रसीद भी प्राप्त की। नया कनेक्शन अनुपमा तिवारी के नाम से रसीद कटवाई है। इसके बावजूद उनके मकान में मीटर नहीं लगाया गया, बल्कि विपक्षी के नाम पर मीटर लगा दिया गया। पीड़िता ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने एसडीओ से इस मामले की शिकायत की, तो एसडीओ साहब ने कोई कार्रवाई नहीं की ।पीड़ित ने बताया कि बिजली विभाग के कर्मचारियों के पहुंचने से पहले उनके विपक्षी ने उनके साथ मारपीट की, जिसकी सीसीटीवी फुटेज भी मौजूद है। इस मामले में कार्रवाई न होने पर पीड़िता ने न्यायालय का रुख करने की चेतावनी दी है। इसी मामले में बिजली विभाग के अधिकारी ने चौकी इंचार्ज को पत्र जारी किया। कि विद्युत कनेक्शन लगाने के लिए जरूरी कार्रवाई की जाए। पीड़िता ने मीडिया के सामने अपनी पीड़ा साझा करते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है।

## गर्मी का मौसम शुरू, फिर भी नगर पंचायत में नहीं बने बिगड़े वाटर कूलर

**गोसाईगंज-अयोध्या।** चैत्र का महीना शुरू होने के साथ ही गर्मी भी दिनों दिन बढ़नी शुरू हो गई है !तेज चटक धूप का असर भी लोगों में दिखाई पड़ने लगा है !बावजूद पंचायत प्रशासन महीनों पूर्व शिकायती पत्र पाने के बाद भी कस्बे में बिगड़े पड़े वाटर कूलरो की मरम्मत करने की जहमत अभी तक नहीं उठा सका है !जिसके कारण लाखों रुपए की लागत से खरीद कर जगह जगह लगवाए गए वाटर कूलर शो पीस बने हुए हैं। गोसाईगंज नगर पंचायत की सभासद एवं श्री सीताराम जी विराजमान मंदिर सेवा ट्रस्ट कस्बा दिलासीगंज की सदस्य श्रीमती आरती जायसवाल ने बताया कि बीते महीने मेरे द्वारा आम जनमानस को गला तर करने तथा शुद्ध आरओ का जल उपलब्ध कराने के लिए नगर पंचायत प्रशासन को पत्र दिया गया था।

## मासूम बच्ची लगातार रख रही रोज़ा, लोगो ने दी मुबारकबाद



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** रमजान माह में खुदा की रजा के लिये शुक्रवार को एक नौ वर्षीय मासूम बच्ची के एक्कइस रोजा पूरा करने पर परिवार के लोगों ने रोजा कुशाई कर ईनाम एकराम देकर हौसला अफजाई की। जानकारी के मुताबिक माहे रमजान में बरकतों का खजाना खोल रहमतों की बारिश होती है। इस माह में महिलाऐं जवान बूढ़े बच्चे भी खुदा की रजा के लिये रोजा रखकर इबादत तिलावत करते हैं। क्यों कि इस माह सभी महीनों से अधिक शवाब में? इजाफा किया गया है। जिसे लेकर कस्बे के दलालान निवासी शिया समुदाय के सहवार हुसैन उर्फ मुन्ना की नौ वर्षीय पुत्री खतीजा फातिमा ने शुक्रवार को 21 वां रोजा पूरा करने पर पूर्व चेयरमैन रियाज़ अहमद सहित परिवार के लोगों ने इनाम एकराम देकर मासूम की होसला अफजाई की। इस मौके पर अंबार हुसैन मुन्ना शहाबुद्दीन सिद्दीकी जुबेर अहमद तैयब हुसैन अली सहित तमाम लोगों ने मासूम खतीजा फातिमा की सराहना की है? इस मौके पर रोजेदार खतीजा फातिमा से शहाबुद्दीन सिद्दीकी की वार्ता में बताया गया कि रोजा अल्लाह की रजा के लिये रखने से दिली शुकून मिलता है नमाज अदा करने से ताजगी रहती है। और ये महीना मुबारक रमजान अल्लाह ने केवल इबादत के लिये बनाया है और इंशाल्लाह पूरे रोजे़ रखने की हिम्मत करुंगी।

## दुबारा बने मोहसिन कांग्रेस अध्यक्ष, सांसद समेत कांग्रेसियों ने दी बधाई

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** कांग्रेस संगठन बूथ स्तर तक मजबूत है,लोकसभा के चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की ऐतिहासिक जीत संगठन की मजबूती का नतीजा है। पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय नेतृत्व द्वारा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर मोहम्मद मोहसिन तथा नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद पर राजेन्द्र वर्मा की पुनः ताजपोशी, मजबूत संगठन तथा पार्टी की विचारधारा का नतीजा है। अब नव मनोनीत अध्यक्षों को अपने दूसरे कार्यकाल में पार्टी के संगठन को और मजबूत करते हुये पंचायत चुनावों तथा 2027 के विधानसभा के चुनाव में कांग्रेस का परचम लहराना ही इनकी प्राथमिकता होनी चाहिए। इनका, दोबारा अध्यक्ष बनाये जाने पर पार्टी के शीर्ष एवं प्रान्तीय नेतृत्व का आभार तथा जिला एवं नगर कांग्रेस कमेटी के नवमनोनीत अध्यक्षों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। उक्त उद्गार पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया ने आज कांग्रेस पार्टी के शीर्ष एवं प्रान्तीय नेतृत्व द्वारा मोहम्मद मोहसिन को दोबारा जिला कांग्रेस कमेटी का अध्यक्ष घोषित किये



जाने पर अपने ओबरी आवास पर पार्टी नेतृत्व का आभार तथा नव मनोनीत अध्यक्ष को बधाई देते हुये व्यक्त किये। बजट सत्र के दौरान राजधानी दिल्ली में होने के कारण सासंद तनुज पुनिया ने फोन पर उनको मनोनयन पर दिली मुबाकरकबाद दी। इस मौके पर फरहान वारसी द्वारा नव मनोनीत जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन को अंगवस्त्र डालकर बधाई दी। कांग्रेसजनो के स्वागत से अभिभूत कांग्रेस अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन ने अपने दोबारा मनोनयन पर राष्ट्रीय एवं प्रान्तीय नेतृत्व के साथ पूर्व सांसद डा0 पीएल पुनिया का आभार व्यक्त करते हुये कहा कि, आज अगर हमें दोबारा कांग्रेस संगठन के जरिये आपकी सेवा करने का मौका मिला है तो, यह कांग्रेस कार्यकर्ताओं की कड़ी मेहनत तथा मजबूत संगठन का नतीजा है, जो विश्वास पार्टी के नेतृत्व ने हमपर किया है उसे हम पूरी निष्ठा एवं मेहनत से निभायेंगे। जनपद बाराबंकी में कांग्रेस संगठन को और मजबूत बनाना, जन-जन तक पार्टी की विचार धारा तथा नीतियों को पहुंचाने के साथ ही पंचायत चुनाव तथा जनपद की सभी विधानसभा सीटों पर 2027 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत का परचम लहराना ही हमारा प्रथम लक्ष्य रहेगा। पुनः मनोनीत जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन का स्वागत कर बधाई देने वालों में मुख्य रूप से सरजू शर्मा, अजीत वर्मा, के0सी0 श्रीवास्तव, अजय रावत, राम हरख रावत, मोहम्मद जिशान, मोईनुद्दीन अंसारी, फरहान वारसी, संजीव मिश्रा, रमेश कश्यप, अखिलेश वर्मा, राजेन्द्र सोनी, अनुराग यादव, देवेन्द्र सिंह मोनू, धनन्जय सिंह, कमल भल्ला सहित दर्जनों की संख्या में कांग्रेसजन थे।

## एसपी ने हेड मुहर्रिर को दिया निर्देश



**महराजगंज।** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने पुलिस कार्यालय सभागार में जनपद के सभी थानों के हेड मुहर्रिर के साथ बैठक की। बैठक में थानों के मालखानों में रखे अपराध संबंधित सामानों और राजकीय संपत्तियों के उचित रखरखाव पर चर्चा की गई।

श्री मीना ने थानों में जरूरतमंद राजकीय वस्तुओं की उपलब्धता को लेकर जानकारी ली और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक ने सभी हेड मुहर्रिर को निर्देश दिया कि वे मालखानों की व्यवस्था को दुरुस्त रखें और सरकारी संपत्तियों के संरक्षण में कोई लापरवाही न बरतें। बैठक के दौरान पुलिस प्रशासन को और अधिक सुचारु एवं पारदर्शी बनाने पर जोर दिया गया।

## हर्ष उल्लास के साथ निकला होली पर्व पर आठो का जुलूस



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** रंगों के पर्व होली के आठवें दिन आठों का जुलूस बहुत हर्ष उल्लास के साथ निकला गया। इसमें विभिन्न मोहल्लों?के तमाम लोगों ने अनेक पाठ लगाकर लोगों का ध्यान अपनी और आकर्षित करते रहे। जुलूस को लेकर सुबह से ही भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद रहा।बताते चलें कि कि शुक्रवार को होली के आठवें दिन निकलने वाला आठों बहुत ही हर्ष उल्लास से निकाला गया। जिसमें बगहा मोलवी कटरा प्यारनपुर, गढीकदीम अहिरान लोधपुरवा रईस कटरा आदि स्थानों से पूजा पाठ करने के बाद ऊंट घोड़े बैंड बाजे के साथ लोगों ने लैला मंजनू सिपाही ड़कू धोबी, कार्टून सफाई कर्मी,सहित विभिन्न प्रकार के पाठ लगाकर कस्बे के तैशुदा मार्गों से निकले। जिसका आनंद लेने हेतु कस्बे सहित ग्रामीण क्षेत्रों के भारी संख्या में लोग मौजूद रहे। देख देख में वहीं नगर बाराबंकी कोतवाली प्रभारी अमित प्रताप सिंह थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह कस्बा इंचार्ज विनय कुमार सिपाही शैलेश, पंकज राठैड़, पूर्व चेयरमैन रियाज़ अहमद सभासद राम सिंह, उमा कांत दीपक निगम बनवारी लाल, राजन बकसोर सहित भारी तादाद, पुलिस बल सुबह से जुलूस के समापन तक मौजूद रहा।

## विकास कार्यों में हुई अनियमितता की शिकायत

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** विकास खंड सिसवा के ग्राम सभा सोनबरसा में कराए गए विकास कार्यों में हुई अनियमितता की शिकायत संबंधित अधिकारियों करते हुए शिकायतकर्ता ने जांच कर कार्रवाई की मांग की है। भाकपा माले जिला सचिव संजय निषाद व गौरव ओझा ने जिलाधिकारी को दिए गए शिकायती पत्र में कहा है कि ग्राम सभा सोनबरसा में विकास कार्यों में वित्तीय अनियमितता किया गया है। बिना काम कराए, और कुछ साइडों पर घटिया निर्माण कार्य कराकर पूरा पैसा निकाल लिया गया है। इस अनियमियता के संदर्भ में पिछले दो वर्षों से अनेकों बार संबंधित अधिकारियों से लिखित शिकायत की जा चुकी है। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई प्रकाश में नहीं आया है। इस संदर्भ में संबंधित अधिकारियों से सूचना भी मांगा गया लेकिन सूचना भी नहीं दिया गया। जिससे क्षुब्ध होकर राज्य सूचना आयोग में अपील के बाद सूचना आयोग के आदेश के बावजूद भी सूचना प्राप्त नहीं हुआ।

## युवक को तमंचे के बट से सिर में वार कर किया लहूलुहान

**कुमारगंज -अयोध्या।** कुमारगंज थाना क्षेत्र स्थित बड़ी नहर निवासी पूर्व प्रधान केशव यादव के पुत्र संतोष यादव के घर सशस्त्र बदमाशों ने धावा बोल दिया और घर का दरवाजा तोड़कर घर में घुस गए। प्रधान पुत्र को असलहे के बट से वार कर लहूलुहान कर दिया। पति को पिटता देख छुड़ाने पहुंची महिला को भी बदमाशों ने पीटा और हवाई फायरिंग करते हुए मौके से भाग निकले। बेखौफ बदमाशों के सरगना की पहचान खंडासा थाना क्षेत्र के अंजरौली गांव पूरे बियसिया निवासी रोहन सिंह के रूप में हुई है। इसके पूर्व भी लगभग पखवाड़े पूर्व रोहन सिंह ने अपने साथियों के साथ बड़ी नहर पर ही दुकान में तोड़फोड़ करते हुए सामने खड़ी बाइक को भी तोड़कर नष्ट कर दिया था। मामले में पीड़ित युवक की तहरीर पर कुमारगंज पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ हत्या के प्रयास सहित गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। हालांकि पुलिस अभी आरोपी बदमाशों को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक बड़ी नहर निवासी संतोष कुमार यादव पुत्र स्वर्गीय केशव राम यादव ने पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया है कि वह बीते 20/21 मार्च की रात अपने घर के कमरे में सो रहे थे तभी रात करीब 12÷00 बजे अपने को कुमारगंज थाने का दरोगा बताते हुए दरवाजा खोलने की बात कही। जब तक संतोष कुछ माजरा समझ पाते तब तक घर के बाहर मौजूद लोगों ने दरवाजे को तोड़ दिया और घर में जा घुसे। घर में घुसे लोगों ने संतोष को पीटना शुरू कर दिया। बचाव में जब तक उसकी पत्नी दौड़ती तब तक सशस्त्र हमलावरों ने संतोष के सिर में तमंचे के बट से वार कर लहूलुहान कर दिया। बचाव में दौड़ी संतोष की पत्नी को भी उन्होंने मारा पीटा और हवाई फायरिंग की। इसके बाद बेखौफ बदमाश मौके से भाग निकले घटना के बाद मौके पर पहुंचे ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को इलाज के लिए पड़ोस में स्थित संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज भिजवाया। घटना के बाद पीड़ित संतोष कुमार ने पुलिस को तहरीर दी। जिसके आधार पर प्रभारी थानाध्यक्ष उप निरीक्षक धनीराम ने दो युवकों क्रमशः रोहन सिंह एवं अनमोल यादव पुत्र कुंवर बहादुर यादव निवासी मेल्थुवा धनैचा के खिलाफ प्राण घातक हमले सहित गंभीर आपराधिक धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## शहीदों की याद में रक्तदान शिविर, 19 लोगों ने किया रक्तदान



**महराजगंज।** सिटीजन फोरम महाराजगंज और अमर फाउंडेशन ट्रस्ट गोरखपुर के संयुक्त प्रयास से जवाहरलाल नेहरू स्मारक पीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर शहीद भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की स्मृति में आयोजित रक्तदान जागरूकता अभियान के तहत हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार मिश्रा ने किया। उन्होंने रक्तदान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह जीवन बचाने का एक पुण्य कार्य है और इससे जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध हो सकता है। शिविर में डॉ. शांतिशरण मिश्र, श्रवण पटेल, संतोष कुमार श्रीवास्तव, सुशील पटेल समेत 19 लोगों ने रक्तदान किया। इसके अलावा, सीसी कैडेट्स और कई छात्र-छात्राओं ने आयोजन में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम के सफल आयोजन में आलोक रंजन दुबे, अंशु यादव, गायत्री, सत्यम विश्वकर्मा सहित अन्य लोगों ने सहयोग किया। आयोजकों ने रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए सभी को प्रोत्साहित किया।

## सरकार शिक्षा का व्यसायिकरण बन्द करेः अयोध्या प्रसाद

**बाराबंकी।** अगर राजनीतिक दलो के नेता शिक्षा का व्यवसायी कारणके बन्द कर दे तो समाज के हर घर तक शिक्षा का उजियारा पहुच सकता है। पुरानी पेंशन और अंतर्जनपदीय शिक्षकों का तबादला समेत कई मुद्दे उत्तर प्रदेशीय शिक्षक संघ की मासिक बैठक में गूंजे इस मौके पर होली मिलन व सम्मान समारोह का भी आयोजन हुआ। प्राथमिक विद्यालय त्रिलोकपुर परिसर में आयोजित कार्यक्रम प्रधानाध्यपक अयोध्या प्रसाद रावत ने किया। सर्व प्रथम मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण करके दीप प्रज्वलित किया गया इसके बाद जिला मंत्री उमानाथ मिश्रा की अध्यक्षता व आलोक शुक्ला के संचालन में राष्ट्रीय अध्यक्ष सुशील कुमार पांडे ने कहा कि अब विभाग के ब्लाक अधिकारी के पास काफी अधिकार मिल चुके है। 60 प्रतिशत शिक्षको की समस्याओं का निराकरण स्थानीय स्तर पर किया जा सकता है। इस लिए संघ का मजबूत होना बहुत जरूरी है ताकि अधिकारी ढंग से सुनवाई करे। बैठक में यह भी तय हुआ कि संघ के पदाधिकारी इस बात का खास ख्याल रखे कि टीचर चाहे संघ से जुड़ा हो या नही अगर वह समस्या में है तो खुलकर साथ दे इस मौके पर राजेश श्रीवास्तव श्याम किशोर चंद्र प्रकाश पवन मिश्रा ललित वर्मा देश दीपक अतुल ग्रीस के अलावा स्टाप से अनूप कुमार सोनी प्रदीप मिश्रा भानु सिंह ज्ञानवीर समेत कई लोग मौजूद रहे।

## अहिल्या उद्धार व सीता स्वयंवर देख झूठ उठे दर्शक



*अवधनामा संवाददाता*

**मिठौरा(महराजगंज)।** विकास खंड मिठौरा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम सभा कसमरिया मे चल रहे शतचंण्डी महायज्ञ के चौथे दिन वृहस्पतिवार की रात को रामलीला कलाकारों द्वारा अहिल्या उद्धार और सीता स्वयंवर का मनोहारी मंचन दर्शकों को विभोर करने वाला रहा।

रामलीला कलाकारों द्वारा परंपरा के अनुरूप शुरुआत गणेश वंदना से हुई। रामलीला ऋषि विश्वामित्र का आश्रम प्रस्तुत होता है। जहां श्रीराम भ्राता लक्ष्मण के साथ अमोघ अस्त्र-शस्त्र का अभ्यास करते नजर आते हैं। इसी बीच जनकपुर से दूत आता है और विश्वामित्र को सीता स्वयंवर का निमंत्रण देता है। कुछ पल विचार के बाद ऋषि श्रीराम एवं लक्ष्मण के साथ जनकपुर की ओर प्रस्थान करते हैं। मार्ग में शिला बनीं अहिल्या का उद्धार कर श्रीराम अपनी चमत्कारिक सामर्थ्य के साथ उदात्त और मानवीय चरित्र प्रस्तुत करते हैं। अंत में विश्वामित्र राम को धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाकर जनक का शोक दूर करने की आज्ञा देते हैं और पूरी सहजता से धनुष की प्रत्यंचा चढ़ाते हैं। इसी के साथ धनुष टूट जाता है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान संदेश पटेल, राजेंद्र पटेल, राजेंद्र पाण्डेय सहित ग्रामवासी व क्षेत्रीय लोग उपस्थित रहे।

## खबर हुई प्रकशित अधिकारियों ने शुरू करवाया कार्य

जैदपुर बाराबंकी। जैदपुर में नगर पंचायत के मोहल्ला वसी नगर वार्ड में पिछले 6 महीने से पेयजल समस्या को लेकर प्रमुखता से खबर प्रकाशित करने? पर दिखा खबर का असर, जल निगम विभाग ने तत्काल कार्रवाई शुरू कर दी।शुक्रवार को विभाग ने वाटर सप्लाई पाइप बिछाने के लिए इंटरलॉकिंग की खुदाई का काम शुरू कर दिया। इससे वार्ड वासियों को जल्द ही पानी की सुविधा मिल सकेगी। इस बीच नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक कुमार वर्मा ने तत्काल राहत के लिए क्षेत्र में पानी का टैंकर भी भिजवाया। पिछले 6 महीनों से ठेकेदार की लापरवाही के कारण वार्ड में काम धीमी गति से चल रहा था। जिसे लेकर शहाबुद्दीन सिद्दीकी द्वारा खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया गया और ठेकेदार द्वारा कार्य को जोर शोर से चालू कर दिया गया है।

## आईपीएल ने कृषको को किया सम्मानित



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार (महराजगंज)।** इंडियन पोटाश लिमिटेड सिसवा चीनी मिल द्वारा उत्तम गन्ना उत्तम किसान योजना के तहत शुक्रवार को मिल परिसर में 47 गन्ना किसानों को सम्मानित किया गया। चीनी मिल परिसर में यूनिट हेड संदीप पंवार व गन्ना महाप्रबंधक धीरज सिंह ने चीनी मिल साफ-स्वच्छ, ताजा गन्ना आपूर्ति करने वाले 47 किसानों को उपहार व कैलेंडर देकर सम्मानित किया। यूनिट हेड संदीप पवार ने कहा कि स्वच्छ ताजा एवं जड़ रहित गन्ने की आपूर्ति चीनी उत्पादन वृद्धि में सहायक है। जो चीनी मिल एवं किसानों हित में है। इसी को ध्यान में रखते हुए उत्तम गन्ना, उत्तम किसान योजना के तहत किसानों को सम्मानित किया जा रहा है। इससे अन्य किसान भाई भी प्रेरित होकर ताजा स्वच्छ व जड़ रहित गन्ने की आपूर्ति कर सकेंगे। कहा कि यह योजना सिसवा चीनी मिल बन्द होने तक चलेगी। इस दौरान रंजीत श्रीवास्तव, नंदकिशोर शर्मा सहित मिल के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## एसएसबी उप महानिरीक्षक ने सीमावर्ती क्षेत्रों का किया दौरा

### सीमा की निगरानीव चौकसी बढ़ाने का दिया निर्देश

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** एसएसबी उप महानिरीक्षक मुन्ना सिंह का दो दिवसीय दौरा के दौरान 19 मार्च मार्च को क्षेत्रक मुख्यालय, गोरखपुर ने 22वीं वाहिनी मुख्यालय व 20 मार्च को ठूठीबारी बीओपी का भ्रमण किया। दो दिवसीय दौरे में क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा व भारत-नेपाल सीमा की स्थितिका आकलन किया। भ्रमण की शुरुआत 19 मार्च को 22वीं वाहिनी मुख्यालय, गोरखपुर से हुई, जहां कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर ने उप महानिरीक्षक को गुलदस्ता भेंट कर सीमा गतिविधियों की जानकारी की देते हुए साथ स्वागत किया। इस मौके पर वाहिनी के अधिकारियों और जवानों ने अपनी तैयारियों और कार्यप्रणाली का प्रदर्शन किया। उन्होंने मुख्यालय में तैनात बल के सदस्यों से मुलाकात की साथ ही कार्यों की सराहना के साथ



सुरक्षा बल की तैयारियों, प्रशिक्षण व संसाधनों की उपलब्धता पर विस्तृत चर्चा की। इस दौरान 20 मार्च को इंडो नेपाल सीमा के ठूठीबारी बीओपी का दौरा किया, जो भारत-नेपाल सीमा के निकट एक महत्वपूर्ण बीओपी है। उन्होंने सीमा पर तैनात जवानों से मुलाकात कर क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का अवलोकन कर उनके कार्यों की सराहना की। भारत- नेपाल सीमा के हालातों को जानने के लिए उन्होंने स्थानीय अधिकारियों से जानकारी ली व सीमा पर निगरानी, तस्करी रोकथाम, अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उपायों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। जवानों का मनोबल बढ़ाते हुए सभी को कर्तव्यनिष्ठ और सतर्कता के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान सीमा सुरक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि भारत-नेपाल सीमा की संवेदनशीलता को देखते हुए सभी जवानों को चौकस रहने की आवश्यकता है। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि बल के कल्याण और बेहतर संसाधनों के लिए उच्च स्तर पर प्रयास किए जाएगा। एसएसबी कमांडेंट शक्ति सिंह ठाकुर ने बताया कि उप महा निरीक्षक के दौरे से न केवल जवानों का उत्साह बढ़ा, कार्यप्रणाली को और मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्राप्त हुए। यह दौरा न केवल सुरक्षा बल की तैयारियों को परखने का अवसर के साथ सीमा क्षेत्र में शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए एक सकारात्मक कदम साबित हुआ।

# सुभद्र नाथ कन्या महाविद्यालय सेवरा में स्मार्टफोन वितरण एवं साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम




**अवधनामा संवाददाता**

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** सुभद्र नाथ कन्या महाविद्यालय, सेवरा में कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए गए और साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सागर पाठक, निदेशक ने छात्राओं को स्मार्टफोन वितरित किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन आज के समय में शिक्षा का एक महत्वपूर्ण उपकरण है और यह छात्राओं को ऑनलाइन शिक्षा प्राप्त करने और दुनिया से जुड़ने में मदद करेगा। उन्होंने छात्राओं को स्मार्टफोन का सदुपयोग करने और शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। ढ़ेबरुआ थाने के सब इंस्पेक्टर दयाशंकर एवं मोहित ने साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने छात्राओं को ऑनलाइन खतरों से अवगत कराया और उनसे सुरक्षित रहने के उपायों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने साइबर अपराधों से बचने के लिए सतर्क रहने और सोशल मीडिया का सुरक्षित उपयोग करने की सलाह दी। प्रबन्धक राजेंद्र प्रसाद पाठक ने इस अवसर पर सभी अतिथियों का स्वागत किया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है और इस तरह के कार्यक्रम छात्राओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम मे ग्राम प्रधान सेवरा विजय कुमार पाठक, शिवराम पाण्डेय, ग्राम प्रधान खजुरिया परवेज़, जियाउल हक समेत कई लोग उपस्थित रहे।

# कांग्रेस के नवनियुक्ति जिलाध्यक्ष विजय सिंह से संगठन के मजबूती की आस

**अवधनामा संवाददाता**



**महराजगंज।** पीसीसी सदस्य वरिष्ठ एडवोकेट विजय सिंह को कांग्रेस पार्टी का जिलाध्यक्ष बनाए से महराजगंज जिले के कांग्रेस जनों में भारी उत्साह है। इसी के साथ कांग्रेस जनों का मानना है कि जिला कांग्रेस को एक उर्जावान जिलाध्यक्ष मिला है। निसंदेह कांग्रेस नई सोच के साथ आगे बढ़ेगी। विजय सिंह की बड़ी खास बात यह है कि उन्हें लोगों को साथ लेकर चलना आता है।

इलाहाबाद यूनिवर्सिटी से वकालत की पढ़ाई किए विजय सिंह छात्र राजनीति से ही राजनीति में सक्रीय है। जिले की राजनीति में उन्होंने स्व.हर्षवर्धन के सानिध्य में रहकर अपनी सक्रीयता तेज की। दो बार वे अलग अलग दलों से विधानसभा का चुनाव भी लड़ चुके हैं। वाक्पटुता के धनी विजय सिंह की राजनीतिक शैली आक्रमक रही है। जनसमस्याओं को लेकर प्रशासन को घुटनों के बल ला देने में माहिर विजय सिंह कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रिय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत और फरेंदा के कांग्रेस विधायक वीरेंद्र चौधरी के प्रिय हैं। माना जा रहा है जिलाध्यक्ष पद पर विजय सिंह की नियुक्ति के पीछे विधायक वीरेंद्र चौधरी और सुप्रिया श्रीनेत की आपसी सहमति रही है। विजय सिंह के जिलाध्यक्ष पद पर मनोनयन पर विधायक वीरेंद्र चौधरी,सुप्रिया श्रीनेत, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष जय प्रकाश लाल, डाक्टर राम नारायन चौरसिया, पूर्व जिलाध्यक्ष त्रिभुवन मिश्र, झिनकू चौधरी, बबलू सिंह, आलोक प्रसाद, संतोष श्रीवास्तव, पूर्व सांसद जितेंद्र सिंह, अवनीश पाल, गोपाल शाही आदि कांग्रेस जनों ने बधाई देते हुए उनके सफलतम कार्यकाल की शुभकामनाएं दी हैं।

# ब्लॉक स्तरीय हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यशाला का आयोजन



**अवधनामा संवाददाता**

**बांसी मिठवल।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बुनियादी साक्षरता और शिक्षा के सार्वभौमिकरण के लिये सरदार पटेल राष्ट्रीय इंटर कालेज पर हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें शिक्षा एवं जनजागरुकता की आवश्यकता पर बल दिया गया जिसमें मुख्य अतिथि डॉ दशरथ चौधरी प्रतिनिधि ब्लॉक प्रमुख मिठवल, विशिष्ट अतिथि सौरभ कुमार खण्ड विकास अधिकारी मिठवल, खण्ड शिक्षा अधिकारी मिठवल राम कुमार सिंह और कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे सौरभ सिंह ने आयोजित कार्यक्रम में बुनियादी शिक्षा, शत प्रतिशत बच्चो की उपस्थिति, निपुण लक्ष्यों की प्राप्ति तथा प्री प्राइमरी शिक्षा में बेसिक शिक्षा विभाग के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जनजागरुकता की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम में बाल वाटिका प्राइमरी के बच्चों ने कार्यक्रम प्रस्तुत किए और बालवाटिका और प्राइमरी के बच्चों को मुख्य अतिथि और खण्ड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रत्येक न्याय पंचायत से 5 बच्चों को बैग और लेखन सामग्री देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डायट मेंटर मंजुला यादव, ब्लॉक समन्वयक मिठवल शैलेश कमार श्रीवास्तव, एआरपी सौरभ प्रकाश सिंह,आदेश त्यागी, विक्रमादित्य, आनंद कुमार, एमआई एस विश्वजीत सिंह, प्रभारी प्रधानाध्यापक और बच्चों के साथ अभिभवक उपस्थिति रहें।

# सचिन अध्यक्ष, आशीष महामंत्री व राजेंद्र कोषाध्यक्ष पद पर निर्विरोध हुए घोषित



**होली की उमंग में एकजुटता का संकल्प**

**अवधनामा संवाददाता**

**शोहरतगढ़।** अखिल भारतीय मद्धेशिया वैश्य व कान्दू समाज जनपद सिद्धार्थनगर के चुनाव में सचिन अध्यक्ष, आशीष महामंत्री व राजेंद्र को कोषाध्यक्ष निर्विरोध चुने गए। मुख्य अतिथि बसंत कुमार गुप्ता, राष्ट्रीय महामंत्री व विशिष्ट अतिथि अश्विनी कुमार गुप्ता प्रदेश अध्यक्ष की उपस्थिति में किशोरी लाल गुप्ता चुनाव अधिकारी, घनश्याम गुप्ता, राम चंद्र गुप्ता चुनाव पर्यवेक्षक के संचालन में चुनाव परिणाम की घोषणा की गई। चुनाव सम्पन्न होने के साथ होली मिलन कार्यक्रम की शुरुआत हुई जिसमें अबीर गुलाल तथा फूलों के साथ उमंगपूर्वक एक दूसरे से गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी।जनपद सिद्धार्थ नगर में ओबीसी प्रमाण पत्र के ज्वलंत समस्या पर गहनता के साथ परिचर्चा में हुई। विशेषकर विकास खण्ड लोटन तहसील नौगढ़ के लेखपाल के दुर्भावनापूर्ण व्यवहार पर आक्रोशित लोटन वासियों को आश्वस्त किया गया कि बहुत ही जल्दी दोषी राजस्व कर्मियों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की पुरजोर मांग जिलाधिकारी सिद्धार्थ नगर के समक्ष रखी जाएगी। होली मिलन कार्यक्रम की अध्यक्षता ओमप्रकाश गुप्ता उर्फ किंकर ने की। इस दौरान राजाराम गुप्ता, टीपी मद्धेशिया,अनिल कुमार मद्धेशिया, नंदलाल मद्धेशिया ,प्रिंस गुप्ता, संदीप गुप्ता,श्री राम शंकर (मास्टर साहब), शिव कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, अमन गुप्ता,संदीप गुप्ता, रोहित गुप्ता, सुनील गुप्ता सहित सैकड़ों स्थानीय लोग मौजूद रहें।

# होम्योपैथिक चिकित्सा में उत्कृष्ट योगदान के लिए डॉ. भास्कर शर्मा को मिला एक लाख रुपये का पुरस्कार

**अवधनामा संवाददाता**




**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** होम्योपैथिक चिकित्सा क्षेत्र में अपनी अद्वितीय सेवा और शोध कार्यों के लिए प्रसिद्ध डॉ. भास्कर शर्मा को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया है। उन्हें यूनाइटेड नेशन वेलफेयर फाउंडेशन, अमेरिका (एक यूनिट ऑफ इंटर गवर्नमेंटल ऑर्गेनाइजेशन) द्वारा एक लाख रुपये का चेक और प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। नई दिल्ली में आयोजित इस सम्मान समारोह में डॉ. शर्मा की होम्योपैथी चिकित्सा में अभूतपूर्व योगदान और उनकी रिसर्च को विशेष रूप से सराहा गया। इस उपलब्धि के बाद जब वे सिद्धार्थनगर के इटवा स्थित अपने क्लिनिक पहुंचे, तो वहां उनके चाहने वालों और मरीजों ने उन्हें बधाइयों से नवाजा।

## होम्योपैथी चिकित्सा में डॉ. भास्कर शर्मा का योगदान

डॉ. भास्कर शर्मा ने वर्षों से होम्योपैथी चिकित्सा को बढ़ावा देने और इसे मुख्यधारा में लाने के लिए कार्य किया है। उनके द्वारा किए गए शोध कार्यों ने कई असाध्य रोगों के इलाज में नई संभावनाओं को जन्म दिया है। उन्होंने विशेष रूप से क्रॉनिक बीमारियों, त्वचा रोग, एलर्जी, और मानसिक तनाव से जुड़े मामलों में होम्योपैथी की प्रभावशीलता पर शोध किया है। उनके रिसर्च पेपर्स को अंतरराष्ट्रीय होम्योपैथिक सम्मेलनों में भी सराहा गया है। इसके अलावा, उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में होम्योपैथिक चिकित्सा को बढ़ावा देने के लिए कई निःशुल्क चिकित्सा शिविर भी लगाए हैं, जिससे हजारों मरीज लाभान्वित हुए हैं। पुरस्कार प्राप्त करने पर डॉ. भास्कर शर्मा ने कहा यह सम्मान केवल मेरा नहीं, बल्कि पूरे होम्योपैथी चिकित्सा समुदाय का है। मेरा उद्देश्य है कि होम्योपैथी को और अधिक वैज्ञानिक प्रमाणों के साथ जन-जन तक पहुँचाया जाए। यूनाइटेड नेशन वेलफेयर फाउंडेशन का हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ, जिन्होंने मेरे कार्य को मान्यता दी।

**स्थानीय लोगों में खुशी की लहर**

डॉ. शर्मा की इस उपलब्धि से इटवा और सिद्धार्थनगर के लोगों में हर्ष का माहौल है। स्थानीय लोगों ने इसे होम्योपैथी चिकित्सा की एक बड़ी जीत बताया और उनके क्लिनिक पर पहुँचकर उन्हें बधाइयाँ दीं। डॉ. शर्मा अब होम्योपैथी पर आधारित एक रिसर्च सेंटर स्थापित करने की योजना बना रहे हैं, जहाँ नए चिकित्सकों को प्रशिक्षण और अनुसंधान करने का अवसर मिलेगा। उनका उद्देश्य होम्योपैथी को और अधिक वैज्ञानिक आधार पर स्थापित करना और इसे वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली चिकित्सा प्रणाली बनाना है। उनकी इस उपलब्धि से सिद्धार्थनगर ही नहीं, बल्कि पूरे देश में होम्योपैथी चिकित्सा को एक नई पहचान मिली है।

# उसका बाजार के कस्तूरबा विद्यालय में बना जिले का पहला स्टेम लैब



**उसका बाजार सिद्धार्थनगर।** विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग व गणित में रुचि रखने वाली छात्राएं अब स्टेम लैब के माध्यम से अपनी कल्पना को उड़ान दे सकेंगी। इस लैब को कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय में बेसिक शिक्षा विभाग और स्माइल फाउंडेशन के सहयोग से बनाया गया है। जिले में बने पहले स्टेम लैब का उद्घाटन शुक्रवार को एसडीएम न्यायिक प्रियंका चौधरी व पूर्व चेयरमैन हेमंत जायसवाल ने किया। एसडीएम प्रियंका चौधरी ने कहा कि स्टेम लैब से विज्ञान, तकनीक व गणित की बारीकियों को समझने में आसानी होगी। विशिष्ट अतिथि हेमंत जायसवाल ने कहा कि भारत में पारंपरिक शिक्षा प्रणाली में पुस्तकों के अतिरिक्त बच्चों को विषय का प्रयोगात्मक ज्ञान देना भी आवश्यक है और यही कार्य स्टेम लैब करेगा। इसका निर्माण सीएसआर मद से एक संस्था द्वारा किया गया है। कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्रा सुभद्रा पांडेय ने वार्षिकोत्सव में नारी आओ बोलो विषय पर कविता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया। अमृता की टीम ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, रेशमा की टीम महिला सशक्तिकरण, काजल पासवान की टीम विजई भव, निशा जायसवाल की टीम को आनंदी विषय नाटक पर खूब सराहना मिली। इस दौरान सुरेंद्र श्रीवास्तव, सोमनाथ मिश्रा, वार्डेन निशा सिंह, श्रद्धा सुमन, मांडवी मिश्रा, मीना सिंह, गोल्डी त्रिपाठी, निधि पांडेय, नकुल रंजन, मनोज सिंह, अंशिमा, लेखाकार अभय, सुनील व पंकज आदि मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई यूपी भारत का ग्रोथ इंजन के सम्बन्ध में तैयारी बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**सिद्धार्थनगर।** सेवा सुरक्षा व सुशासन की नीति के केन्द्र सरकार के 10 वर्ष व प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर 25 से 27 मार्च तक थीम यूपी भारत का ग्रोथ इंजन÷ के सम्बन्ध में तैयारी बैठक जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता कर रहे जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर ने निर्देश देते हुए कहा कि समस्त संचालित योजनाओं की प्रगति का विवरण तैयार करा ले। 25 मार्च को प्रभारी मंत्री जी द्वारा जनप्रतिनिधिगण के साथ आयोजित मेला का उद्घाटन एवं विभागों द्वारा लगायी गयी प्रदर्शनी का अवलोकन करेंगे। केन्द्र सरकार के 10 वर्ष तथा प्रदेश सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर निर्माण कार्यो का विवरण तैयार कराये। 26 मार्च को गोष्ठी का आयोजन किया जायेगा। स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा, कृषि, उद्यमी, व्यापार, स्वयं सहायता समूह, पंचायती राज विभाग, आशा सम्मेलन, महिला कल्याण विभाग द्वारा किया जायेगा। जिसमें 26 मार्च को स्वतः रोजगार, कृषि गोष्ठी, उद्यमी तथा 27 मार्च को आशा सम्मेलन, महिला कल्याण का आयोजन किया जायेगा। आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को नियुक्ति पत्र वितरण, आवास की चाभी, एनआरएलएम सीएलएफ वितरण, घरौनी का वितरण, गंगा जल का वितरण, निक्षय पोटली का वितरण, लैपटाप वितरण, सीएम युवा उद्यमी, पापकार्न मशीन, दोना, पत्तल मशीन का वितरण आदि किया जायेगा। जिलाधिकारी ने समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी लोग अपने विभाग की समस्त तैयारियां समय से पूर्ण करा ले। इसी प्रकार तहसील स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा जिसमें विकास खण्ड द्वारा भी प्रतिभाग किया जायेगा। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 रजत कुमार चौरसिया, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञान प्रकाश यादव, क्षेत्राधिकारी सदर अरूण कान्त सिंह, डीएसटीओ बी.एस.यादव, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मो मुजम्मिल, एआरटीओ एस.के.मौर्य, जिला विद्यालय निरीक्षक प्रकाश सिंह, अधिशासी अभियन्ता लोनिवि कमल किशोर एवं समस्त सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट नोडल सिद्धार्थनगर में हुआ आरंभ

**अवधनामा संवाददाता**





**सिद्धार्थनगर।** दिनांक 21 मार्च 2025 प्रातः 10:30 बजे बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज ,तेतरी बाजार, सिद्धार्थ नगर नोडल केंद्र पर जनपद बलरामपुर, बांसी, नौगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों से आए , 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के 20 प्रतिभागी युवाओं ने प्रतिभाग किया।

इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर अभय कुमार श्रीवास्तव, मुख्य अतिथि उप जिला अधिकारी नौगढ़ श्री कल्याण सिंह मौर्य, विशिष्ट अतिथि सिद्धार्थ विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक श्री देव बक्श सिंह जी एवं यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम समन्वयक एसोसिएट प्रोफेसर राजनीति विज्ञान डॉक्टर शक्ति जायसवाल , कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मंचासीन रहे। विकसित भारत यूथ पार्लियामेंट कार्यक्रम की विस्तृत रूपरेखा ,प्रतिभागियों के समक्ष प्रस्तुत करते डा शक्ति जायसवाल ने बताया कि किस प्रकार 1 मिनट का वीडियो विकसित भारत के संबंध में अपलोड कर प्रतिभागियों ने यहां प्रतिभाग करने की अर्हता प्राप्त की है । उन्होंने बताया कि जिला स्तर पर बस्ती ,श्रावस्ती, बलरामपुर और सिद्धार्थनगर के सभी युवा प्रतिभागी नोडल केंद्र बुद्ध विद्यापीठ पीजी कॉलेज सिद्धार्थ नगर में आज एक राष्ट्र एक चुनाव ,एक कदम विकसित भारत की ओर मुद्दे पर 5 मिनट प्रति प्रतिभागी अपना व्याख्यान दे सकेगा। यह कार्यक्रम कल 22 मार्च को भी प्रतिभागियों को प्रतिभाग करने का अवसर प्रदान करेगा। 21 एवं 22 मार्च के प्रतिभागी विद्यार्थियों में से 10 प्रतिभागी विद्यार्थी चयनित होकर प्रदेश स्तर पर लखनऊ विधानसभा में संविधान, नागरिक अधिकार और कर्तव्य के मुद्दे पर अपनी बात रख सकेंगे और वहां से चयनित सर्वोत्तम 10 प्रतिभागी भारत की संसद नई दिल्ली में अपनी बात रखने का शुभ अवसर प्राप्त करेंगे। मुख्य अतिथि उप जिलाधिकारी नौगढ़ श्री कल्याण सिंह मौर्य जी ने प्रतिभागियों को शुभकामना देते हुए अपनी बात रखी कि यूथ पार्लियामेंट जैसे मंच बच्चों में संकोच, झिझक को कम करेगा और नेतृत्व कौशल प्रदान करने का अवसर उपलब्ध कराएगा। यह भारत सरकार की सराहनीय योजना है, उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पहली बार अखिल भारतीय अवसर पर युवाओं में नेतृत्व कौशल ऊर्जा संचार, और एक राष्ट्र एक चुनाव जैसे गंभीर विषय पर यह एक विमर्श का वातावरण तैयार करेगा। इसके उपरांत प्रतिभागी विद्यार्थियों ने 5 मिनट के व्याख्यान मंच के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस क्रम में बलरामपुर से शाहबाज खान, बांसी से सरस्वती शर्मा, शारदा शर्मा, नजमीन, सिद्धार्थ नगर से मीनाक्षी चौबे, सिद्धांत मिश्रा कौसर बानो, संदीप कुमार, सचिन राव गौतम, शौर्य मोहन गुप्त, राजवर्धन सिंह, मुस्कान पासवान, अभिषेक कुमार, खुशबू रस्तोगी, सुफिया खान, पूजा साहनी, सुजीत कुमार ,आज्ञाराम एवं अन्य प्रतिभागियों ने एक राष्ट्र एक चुनाव पर जोरदार तरीके से अपनी बातों को प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर अभय कुमार श्रीवास्तव ने सभी प्रतिभागियों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए चुनाव सुधार के क्रम में एक राष्ट्र एक चुनाव जैसे मुद्दे पर विमर्श की सराहना की। इस कार्यक्रम में मंच संचालन का कार्य हिंदी विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ दीपक देव तिवारी ने किया।

# किराना के दुकान की टंकी में अज्ञात कारणों से लगी आग, सब सामान जलकर हुआ राख

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़।** बानगंगा चौराहा पर बृहस्पतिवार की रात एक किराना की दुकान की टंकी में आग लग जाने से उसमें रखा साबून, तेल, गुटका, मिर्च मसाला, हल्दी, धनिया, चीनी आदि सामान जलकर राख हो गया। शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत परसोहिया नानकार टोला कोमर निवासी भारत यादव बानगंगा चौराहा पर एक टंकी रखकर उसमें किराना की दुकान चलाता था। वह रोज की भांति सायंकाल दुकान बंद करके अपने घर कोमर चले जाते थे। बृहस्पतिवार की रात टंकी में अज्ञात कारणों से आग लग गयी। धीरे-धीरे पूरा टंकी जलकर राख हो गया। भारत यादव जब दुकान पर पहुंचकर देखा कि दुकान जल रहा है। जब तक लोग आग बुझाते तब तक सब जलकर राख हो चुका था।घटना की सूचना 112 पीआरवी को दी। और शोहरतगढ़ थाना को दी।आग लगने की सूचना पाकर मौके पर शोहरतगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी पहुंच कर देखा सब जल चुका था लोगों से आग लगने का कारण पूछा गया। पीड़ित भारत यादव ने आग लगने की अज्ञात के खिलाफ शोहरतगढ़ थाना पर दिया तहरीर।

## जहरीला पदार्थ खाने से महिला गंभीर

**लोटन सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कोतवाली क्षेत्र लोटन के ग्राम ख़खरा में एक पच्चीस वर्षीय महिला ने शुक्रवार को शाम लगभग तीन बजे जहरीला पदार्थ खा लिया। परिजन आनन फानन में सी एच सी लोटन ले कर पहुंचे। जहां महिला की इलाज चल रहा था। गम्भीरता को देखते हुए डाक्टर लड़की को बचाने के प्रयास में लगे हुए थे। वहीं महिला के देवर ने बताया कि भाभी और भैया का फ़ोन पे बात करते समय किसी बात को लेकर कुछ कहा सुनी हो गई थी जिसको लेकर भाभी ने जहरीला पदार्थ खा लिया था भैय्या रोजी रोटी के के लिए बाहर है।

## डीएम ने किया कम्बाइन धारकों के साथ बैठक



**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कम्बाइन धारकों के साथ जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाधिकारी डा0 राजा गणपति आर0 ने कम्बाइन मालिकों को निर्देश देते हुए कहा कि बिना रीपर के कम्बाइन न चलाये। कम्बाइन के साथ पानी की व्यवस्था होनी चाहिए जिससे आग लगने पर तत्काल बुझाया जा सके। फायर सिलेन्डर की भी व्यवस्था रखे। साथ में 2 मजदूर अतिरिक्त रखे। मशीन के नट बोल्ट को समय-समय पर चेक करते रहे। इस अवसर पर उपरोक्त के अतिरिक्त अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) गौरव श्रीवास्तव, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी न्यायिक ज्ञान प्रकाश यादव, उप कृषि निदेशक अरविन्द कुमार विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मो0 मुजम्मिल, व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# भ्रमण कर सुरक्षा का लिया जायजा

**अवधनामा संवाददाता**



**शोहरतगढ़।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल, सिद्धार्थनगर की सीमा चौकी खुनुवा में आगामी रमजान के त्योहार के दौरान सीमा पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से उज्जल दत्ता, कमांडेंट, 43वीं वाहिनी की अध्यक्षता में सीमा शुल्क इकाई खुनुवा, स्थानीय पुलिस और नेपाल ए.पी.एफ के साथ संयुक्त बैठक किया गया और चेक पोस्ट खुनुवा में भ्रमण कर सुरक्षा का जायजा लिया गया।

43वी वाहिनी एस.एस.बी द्वारा सहयोगी एजेंसीयों और ए.पी.एफ नेपाल के साथ संयुक्त बैठक एवं गस्ती कर सीमाई क्षेत्र की निगरानी किया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य आगामी त्योहार पर सीमा पर असामाजिक तत्वों द्वारा अप्रिय घटना के मंसूबे को असफल कर सीमाई क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल कायम रखना, अवैध तस्करी पर अंकुश लगाना, किसी तीसरे देश के नागरिक के अवैध घुसपैठ को नाकाम करना और स्थानीय लोगो के दिलों में सुरक्षा की भावना पैदा करना है। एस.एस.बी द्वारा भारत से नेपाल व नेपाल से भारत आने-जाने वाले व्यक्तियों, उनके सामानों और वाहनों की गहन जाँच के उपरांत ही आवागमन की अनुमति दी जा रही है। इसी क्रम में आज सीमा चौकी खुनुवा में आगामी रमजान के त्योंहार के मद्देनज़र सीमा की सुरक्षा हेतु सीमा शुल्क इकाई खुनुवा, स्थानीय पुलिस और नेपाल ए.पी.एफ के साथ संयुक्त बैठक किया गया जिसमें दोनों देशों के सुरक्षा विभागों द्वारा आसुचनाओं को आपस में साझा करने, अवैध गतिविधि, और अन्य प्रतिबंधित सामानों की तस्करी, मानव तस्करी पर अंकुश लगाने, दोनों देश के नागरिकों के साथ विनम्र आचरण रखने आदि विषयों पर विस्तारपूर्वक चर्चा किया गया। साथ ही चेक पोस्ट खुनुवा में भ्रमण कर सुरक्षा व्यस्था का जायजा लिया गया और जवानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। इस दौरान कमांडेंट, 43वी वाहिनी के नेतृत्व में सीमा चौकी खुनुवा से अंकुश डांगे सुभाष, सहायक कमान्डेंट, निरीक्षक राकेश मणिपाल, उप-निरीक्षक बाबू सिंह और अन्य कार्मिको के साथ-साथ सीमा शुल्क इकाई खुनुवा से निरीक्षक रामधारी पटेल, सचिन घोष, नेपाल ए.पी.एफ से ए.एस.आई लीला थापा के साथ अन्य चार कर्मी तथा तथा उत्तर प्रदेश पुलिस से मुख्य आरक्षी उपेन्द्र कुमार दूबे शामिल रहे।

## ग्रामीणों की समस्याओं के समाधान के लिए आयोजित किया गया चौपाल

**लोटन सिद्धार्थनगर।** विकास खण्ड लोटन बाजार क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम पंचायत




एकड़ेगवा में शुक्रवार को गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के तहत ग्राम चौपाल का आयोजन ग्राम प्रधान पवित्र देवी की अध्यक्षता किया गया। ग्राम चौपाल सचिव देवेन्द्र मणि त्रिपाठी के मौजूदगी मे आयोजित किया गया और ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया जिसमें पेंशन, आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय की मांग को ग्रामीणों ने रखी जिसमे सचिव देवेन्द्र मणि त्रिपाठी ने ग्रामीणों की मांग को पूरा करने का भरोसा दिया है।इस दौरान प्रधान प्रतिनिधि पंकज वर्मा, अरूणेश कुमार पाण्डेय, अरुण कुमार, रामेश्वर गुप्ता, रामप्रसाद, रामदास, मनभावती, श्रीदेवी, ज्ञानमती, बासमती, सहित आदि लोग मौजूद रहे।

## होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन 22 को

**बस्ती।** रंगो के पावन त्योहार होली के उपलक्ष्य में, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) बस्ती के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं गौ सेवा आयोग के उपाध्यक्ष, दर्जा प्राप्त मंत्री महेश शुक्ला के द्वारा एक भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह समारोह 22 मार्च 2025 को दोपहर 3 बजे से पं. अटल बिहारी बाजपेई प्रेक्षागृह (ऑडीटोरियम), कचहरी चौराहा, बस्ती में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में बस्ती की समस्त सम्मानित जनता एवं भाजपा के कार्यकर्ता व पदाधिकारियों को उपस्थित रहने के लिए आमंत्रित किया गया है।


## वोटर आई कार्ड और आधार

चुनाव आयोग वोटर आई कार्ड को मतदाता आधार कार्ड से जोड़कर डुप्लीकेसी के मामलों को खत्म करना चाहती है। इस सम्बन्ध में लम्बा विवाद चला आ रहा है। इसलिये सभी पक्षों को विश्वास में लेकर उठाना उचित होगा। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 में संशोधन कर 2021 में आधार को पहचान से जोड़ने की अनुमति मिली। इसे स्वैच्छिक रक्खा गया। यानी जो मतदाता वोटर आई कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ना चाहता है। वह जोड़े अगर जोड़ना नहीं चाहता है तो न जोड़े।

इस सन्दर्भ में चुनाव आयोग के पास 66.23 करोड़ आधार नम्बर आ चुके है। लिंक न करने की वजह 2023 में हुआ अदालती केस है। सुप्रीम कोर्ट में जब यह मामला पहुंचा तो यही आरोप लगाया गया था। आयोग अनुसार यह प्रक्रिया ऐच्छिक है। पर जानकारी एकत्र करने के लिये जो फार्म लागू किया गया उससे यह बात पता नहीं चलता है। यह सवाल अभी भी कायम है। सबसे बड़ी चिन्ता लोगो के निजता को लेकर है। आज प्राइवेट डेटा लीक सबसे बड़ी समस्या बना हुआ। रोकने का कोई कारगर उपाय न तो सरकार निकाल पा रही है न टेकनिशियन निकाल पा रहे है। जब आधार और वोटर कार्ड का डाटाबेस मिल जायेगा तो इसे सुरक्षित रखने की चुनौती सबसे चुनावी व्यवस्था जनता के भरोसे से जुड़ी हुई है। भारतीय लोकतन्त्र में चुनाव की अहमियत सभी समझते है। चुनाव निष्पक्ष और बिना किसी डर धमकी के हो तभी आदर्श लोकतन्त्र कायम रहेगा और उसकी इज्जात भी रहेगी। बहुत गरिमापूर्ण काम है जो निष्पक्ष और बिना आरोप प्रत्यारोप के सम्पन्न हो कोई देशों में तथा कथित लोकतन्त्र है पर वे लोकतन्त्र के मजाक है। अपनी इच्छायें अपना निर्णय थोपते रहते है और जीवन पर्यन्त बने रहने की व्यवस्था करते रहते है। रूस और चीन में भी चुनाव होते है पर पुतिन रूसी राष्ट्रपति और शी चीनी राष्ट्रपति अपने को जीवन पर्यन्त बनाये रखने की व्यवस्था कर चुके है। लोकतन्त्र और प्रजातन्त्र के आदर्श मिसाल भारत और अमेरिका है। प्रजातन्त्र और लोकतन्त्र में जनता की सरकार जनता द्वारा ही चुनी जाती है। प्रत्येक वोट कीमती होता है। कभी कभी एक वोट से ही सारी व्यवस्था क्षतिग्रस्त हो जाती है या बदल जाती है बीच बीच में मध्यवधि चुनाव भी चलते रहते है। पर मतपत्र और मतदाता की गरिमा हमेशा बनी रहती है। इसके लिये ऐसे साफ्टवेयर और टूल की जरूरत पड़गी जिसे लोगों के मन में सुरक्षित डाटा को लेकर कोई आशंका नहीं आये।

इसे लेकर राजनीतिक पारियों के अपने अपने पहलू है। अभी ममता की तृणमूल कांग्रेस पार्टी ने डुप्लीकेट वोटर आईडी का मुद्दा उछाला है। कांग्रेस ने भी इसी मुद्दे को उठाया हैं। उनके अलावा अन्य प्रमुख राजनीतिक दल भी अपनी अपनी चिन्तायें जाहिर कर चुके है और करते आ रहे है। पूरी कसरत का मकसद है कि चुनाव आयोग चाहता है डुप्लीकेसी पूरी तरह बन्द हो कोई भी मत अवैध न पड़े। पूर्व चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने अपने बिदाई भाषण में बायोमीट्रिक पहचान की खासियत पर बात की थी। मुख्य बात यह है कि मामला अभी तक ऐच्छिक है। अगर आगे भी यह स्वैच्छिक बना रहेगा तो चुनाव आयोग को पूरा डटा बेस कैसे मिलेगा। अगर पूरा डेटा बेस ही मतदाता का नहीं मिलेगा तो डुप्लीकिसी कैसे बन्द की जा सकेगी। सुपीम कोर्ट पहले ही कह चुका है कि आधार को किसी भी सरकारी प्रक्रिया से जोड़ने के लिये साबित करना जरूरी होगा कि यह वास्तव में जरूरी है और इससे किसी प्रकार का नुकसान नही पहुंचेगा। यह समस्या सिर्फ प्रशासनिक नहीं है।

## वन्य जीव विहार से तीन दशक में बना दुधवा टाइगर रिजर्व



ओमप्रकाश प्रकाश 'सुमन'

उप्र की लखीमपुर जिले की तहसील निघासन में स्थित वन क्षेत्र में लगभग तीन दशक में वन्य जीव विहार से दुधवा टाइगर रिजर्व की स्थापना हो सकी थी। इसका पर्यटन परिसर क्षेत्र तहसील पलिया कलां में है जिसे और भी विस्तृत कर दिया गया है। पहले यह वन क्षेत्र उत्तर खीरी वन प्रभाग के नाम से जाना जाता था । बाद में वन्य पशुओं की संरक्षण यात्रा में सबसे पहले सन 1957 में 80 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र में सोनारीपुर वन्य जीव विहार की स्थापना की गई थी। इसके बाद 1967 में यह वन क्षेत्र बढ़ाकर इसका क्षेत्रफल 212 वर्ग किलोमीटर कर दिया गया और इसका नाम सोनारीपुर वन्य जीव विहार की जगह दुधवा वन्य जीव विहार रख दिया गया । वर्ष 1977 में इस क्षेत्र का क्षेत्रफल 490 किलोमीटर बढ़ाकर दुधवा नेशनल पार्क की स्थापना वन्य जीवों के संरक्षण के लिए की गई ।किशनपुर वन्य जीव विहार की स्थापना 1972 में की गई थी। दुधवा नेशनल पार्क का नाम 1988 में दुधवा टाइगर रिजर्व कर दिया गया इसे टाइगर के संरक्षण के लिए भी चयनित किया गया। बफर जोन जोड़कर दुधवा नेशनल पार्क का क्षेत्रफल 680 वर्ग किलोमीटर हो गया था तथा किशनपुर रेंज व मैलानी रेंज का 204 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र मिलाकर दुधवा टाइगर रिजर्व का क्षेत्रफल 884 वर्ग किलोमीटर कर दिया गया। वर्ष 2003 में दुधवा टाइगर रिजर्व में कतर्निया घाट वन्य जीव विहार का 400.3 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र शामिल होने से इसका क्षेत्रफल 1284.3 वर्ग किलोमीटर हो गया। जून 2016 में दुधवा टाइगर रिजर्व के बफर जोन में साउथ खीरी वनप्रभाग के दो रेंज भीरा, मैलानी व शाहजहांपुर के खुटार रेंज का आधा हिस्सा इसमें जोड़ा गया तथा नार्थ खीरी के 6 वन रेंज मिलाकर 767.89 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र मेंभी इसमे शामिल होने से इसका क्षेत्रफल लगभग 2052 .19 वर्ग किलोमीटर हो गया। दुधवा टाइगर रिजर्व के अंतर्गत दुधवा नेशनल पार्क का मुख्य संरक्षण बारहसिंघा था इसके लोगो प्रतीक चिन्ह में भी बारहसिंघा को ही दर्शाया गया है ।दुधवा नेशनल पार्क की स्थापना विशेष रूप से बारहसिंघा के संरक्षण के लिए की गई थी। वह इसलिये कि उस समय पूरे विश्व में हिरणों की कुल संख्या की आधी संख्या दुधवा में ही थी। वर्तमान समय में दुधवा के सठियाना रेंज एवं किशनपुर रेंज में हिरणों की संख्या सबसे अधिक है। ग्लोबल टाइगर डे पर 29 जुलाई 2016 को दुधवा का नया लोगो जारी कर दिया गया था इसमें बारासिंघा के साथ टाइगर एवं राइनो को भी दर्शाया गया है।

इस प्रकार प्रारंभ में 1957 में 80 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र में वन्य जीव विहार सोनारीपुर की स्थापना 10 वर्षो के लिए की गई यहां वन क्षेत्र में वन्य पशुओं की अधिकता थी एवं क्षेत्र आखेट गाह के रूप में भी प्रसिद्ध हो गया था शिकार करने के लिए यहां पर राजा महाराजा दूर- दूर से आते जाते थे। वन्य पशुओं के संरक्षण के लिए ही सोनारीपुर वन्यजीव विहार की स्थापना की गई थी। पर इस वन क्षेत्र में पेड़ों का कटान -चिरान पहले की भांति होता रहा। केवल शिकार करने पर ही रोक लगाई गयी थी। 10 वर्षो की अवधि समाप्त होने पर दो तरह के विचार सामने आए उनमें एक मत का कहना था कि 10 वर्ष पूरे हो गए हैं इसे समाप्त कर दिया जाए पर कुछ अधिकारियों का मत था कि इस संरक्षण को आगे भी जारी रखा जाए। सन 1967 में सोनारी पुर वन्यजीव वन्य जीव विहार के 80 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र में दुधवा रेंज का 132 वर्ग किलोमीटर वन क्षेत्र और जोड़कर इसका क्षेत्रफल 212 वर्ग किलोमीटर करते हुए का नाम दुधवा वन्य जीव विहार रख दिया गया तथा इसका कार्यकाल 10 साल के लिए और बढ़ा दिया गया । दुधवा वन्य जीव विहार बनने के बाद भी वन कटान पर कोई रोक नहीं लगाई गई थी। क्योंकि वन विभाग को वनकटान से अच्छा राजस्व मिलता था। वनकटान जारी रहने से वन्य जीवों के प्राकृतिक आवास भी नष्ट हो रहे/ प्रभावित हो रहे थे। केंद्र सरकार ने 1972 में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम बनाया इसी सन 1972 में किशनपुर वन्यजीव विहार की स्थापना भी की गई थी। किशनपुर वन रेंज में भी वन्य पशुओं की अधिकता थी।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन

स्थानीय संपादक

मोहम्मद आलम रिज़वी

RNI No UPHIN/2010/31173

टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716

avadhnamahindi@gmail.com,

**भारत में कैंसर के वार्षिक मामलों की संख्या वर्ष 1990 और 2013 के बीच दोगुनी हो गई। वर्ष 2020 में, भारत में कैंसर के अनुमानित 1.39 मिलियन मामले सामने आए, जो वर्ष 2021 और 2022 में क्रमशः 1.42 मिलियन और 1.46 मिलियन हो गए। अध्ययनों ने वर्ष 2025 तक वार्षिक कैंसर के मामलों की संख्या में 12.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जो लगभग 1.57 मिलियन होगा। दि ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी (1990-2016) के अनुसार भारत में महिलाओं में सबसे ज़्यादा स्तन कैंसर के मामले सामने आए हैं।**

# कैंसर की रोकथाम के लिए तैयार हुआ ब्लूप्रिंट




डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी

कैंसर दुनिया भर में मौत के प्रमुख कारणों में से एक है। 2022 में, लगभग 20 मिलियन नए कैंसर के मामले सामने आए और वैश्विक स्तर पर 9.7 मिलियन लोगों की इस बीमारी के कारण मृत्युल हो हुई। भारत में भी कैंसर एक गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बना हुआ है, जिसके मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि होने का अनुमान है। भारत में हर एक लाख लोगों में से लगभग 100 लोगों को कैंसर है, इसकी पहचान हो पाती है। वर्ष 2025-26 के राष्ट्रीय बजट में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय को कुल 99,858.56 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं, जिनमें से 95,957.87 करोड़ रुपए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के लिए तथा 3,900.69 करोड़ रुपए स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग के लिए निर्धारित किए गए हैं । बजट में घोषणा की गई थी कि प्रत्येक जिला अस्पताल के साथ 'कैंसर केयर केंद्र' स्थापित किए जाएंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने जो ब्लूप्रिंट तैयार किया है, उसके मुताबिक प्रत्येक कैंसर केंद्र में एक विशेषज्ञ डॉक्टर, 2 नर्स, एक फार्मासिस्ट और एक बहुपयोगी कर्मचारी जरूर होने चाहिए। भारत में कितने कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टर हैं, यह संख्या विभिन्न सर्वेक्षणों में अलग-अलग रही है।

यह आश्चर्यजनक है कि देश में कैंसर विशेषज्ञ डॉक्टरों की निश्चित गणना नहीं है। अलबत्ता यह अनुमान जरूर है कि देश में कमोबेश 2000 कैंसर विशेषज्ञों की कमी है। जो चिकित्सक सेवारत और उपलब्ध हैं, उनमें से करीब 50 फीसदी शहरों में ही काम कर रहे हैं, जबकि ग्रामीण इलाकों में कैंसर का विस्तार और संभावनाएं एक बेहद गंभीर समस्या है। तो 'कैंसर केयर केंद्र' की बजटीय व्यवस्था पर शुरू से ही सवाल उठने लगते हैं। हम ऐसे मुद्दे को सवालिया बनाने के पक्षधर नहीं हैं, लेकिन यथार्थ बेहद डरावना है कि औसतन एक लाख में से मात्र 100 लोगों में ही कैंसर की पहचान हो पाती है।

कैंसर के प्रति जन-जागृति नगण्य है, लिहाजा भारत में जन-स्वास्थ्य की यह अहम चुनौती है कि कैंसर का रोग तब पता चल पाता है, जब रोग आखिरी चरण में पहुंच जाता है, लिहाजा कैंसर लाइलाज हो जाता है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने अभी कुछ डाटा जारी किया है, जिसके मुताबिक, 2023 में भारत में कैंसर के 14 लाख से अधिक मरीज थे। विशेषज्ञ इससे भी ज्यादा संख्या मानते हैं। दरअसल यह संख्या दर्ज मरीजों से 1.5 से 3 गुना अधिक हो सकती है। बेशक यह संख्या डरावनी है। हालांकि देश में गर्भाशय, मुंह और स्तन कैंसर की जांच के कार्यक्रम चलते रहे हैं। कैंसर के एक-तिहाई से ज्यादा मामले शरीर के इन्हीं अंगों में होते हैं, लेकिन रोग के पता लगाने की दर विश्व में सबसे कम है। कैंसर केयर के जो केंद्र राजधानी दिल्ली में भी कार्यरत हैं, उनमें




या तो डॉक्टर गायब हैं अथवा जांच के उपकरण खराब हैं या इलाज की बारी लंबे-लंबे वक्त के बाद आती है। स्वाभाविक है कि रोग फैलता ही जाता है। जब तक इन केंद्रों पर कोई सख्त प्रशासनिक लगाम नहीं होगी, तब तक बजट के 'कैंसर केयर केंद्र' भी सफल प्रयोग साबित नहीं हो सकते। पूर्वोत्तर और केरल में कुछ जिला अस्पतालों में 'कैंसर केयर केंद्र' काम कर रहे हैं, लेकिन वे कितने कारगर हैं, इसकी कोई पुष्ट जानकारी नहीं है। बहरहाल विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपलब्धता एक गंभीर चुनौती साबित होगी। सरकार प्रस्तावित कार्यक्रम की शुरुआत में मोबाइल क्लीनिकों को ग्रामीण इलाकों तक पहुंचा सकती है, लेकिन ऐसे क्लीनिक एक विशेषज्ञ चिकित्सक का विकल्प नहीं हो सकते और कैंसर विशेषज्ञों का अभाव है। भारत में कैंसर के वार्षिक मामलों की संख्या वर्ष 1990 और 2013 के बीच दोगुनी हो गई। वर्ष 2020 में, भारत में कैंसर के अनुमानित 1.39 मिलियन मामले सामने आए, जो वर्ष 2021 और 2022 में क्रमशः 1.42 मिलियन और 1.46 मिलियन हो गए। अध्ययनों ने वर्ष 2025 तक वार्षिक कैंसर के मामलों की संख्या में 12.8 प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान लगाया है, जो लगभग 1.57 मिलियन होगा। %दि ग्लोबल बर्डन ऑफ डिजीज स्टडी% (1990-2016) के अनुसार भारत में महिलाओं में सबसे ज़्यादा स्तन कैंसर के मामले सामने आए हैं। स्टडी के अनुसार महिलाओं में स्तन कैंसर के बाद सर्वाइकल कैंसर, पेट का कैंसर, कोलोन एंड रेक्टम और लिप एंड कैविटी कैंसर मामले सबसे ज़्यादा सामने आ रहे हैं। विशेषज्ञों के मुताबिक, गांवो और शहरों में तुलना की जाए तो गांव से सर्वाइकल और शहर से स्तन कैंसर के मामले ज्यादा सामने आते हैं। लेकिन पूरे भारत में महिलाओं में स्तन कैंसर सबसे पहले नंबर पर है जिसका मुख्य कारण देर से शादियां होना, गर्भधारण में देरी, स्तनपान कम करवाना, बढ़ता तनाव, लाइफस्टाइल और मोटापा है।

देश में कैंसर से होने वाली वार्षिक मौतों की संख्या पर भी इसी तरह के आंकड़े हैं। कैंसर के कई मरीज और कैंसर से बचे लोग ऐसे हैं जो विकलांगता-समायोजित जीवन जीते हैं या कई प्रतिबंधों और सावधानियों के साथ जीवन जीते हैं। इन आंकड़ों को देश की आम आबादी के बीच और अधिक उजागर करने की आवश्यकता है। इस स्तर पर कैंसर के कारणों और शीघ्र निदान की आवश्यकता के बारे में व्यापक जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। कैंसर के संभावित मरीजों में बहुधा ऐसे हैं, जो जांच कराने ही नहीं आते। इस तबके में महिलाएं अधिकतर हैं। अस्पतालों के साथ कैंसर केयर केंद्र जोड़ने का प्रयास तब कारगर हो सकता है, जब जांच-दलों को लोगों की दहलीज तक भेजा जाए। लोग अस्पताल तक जाने में भी संकोच करते हैं, जबकि अस्पतालों में सभी स्वास्थ्य जांच मुफ्त होती हैं। लोगों को 'टेलीमेडिसन' सरीखे डिजिटल औजार इस्तेमाल करने को भी प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। नई ग्रामीण कैंसर इकाइयों को 'नेशनल कैंसर ग्रिड' के जरिए जोड़ा जाना चाहिए, ताकि शहर और गांव के बीच कैंसर विशेषज्ञ आपस में संवाद कर सकें और मरीज का उचित इलाज हो सके।

देश ने नीतिगत सुधारों, विस्तारित स्वास्थ्य सेवा संबंधी बुनियादी ढांचे और वित्तीय सहायता योजनाओं के माध्यम से कैंसर की रोकथाम, उपचार और अनुसंधान में महत्वपूर्ण प्रगति की है। केंद्रीय बजट 2025-26 में डे केयर कैंसर सेंटर और जीवन रक्षक दवाओं पर सीमा शुल्क छूट जैसी पहलों के साथ कैंसर बीमारी संबंधी देखभाल को मजबूत करने पर जोर दिया गया है। एनपीसीडीसीएस, पीएमजेएवाई और एचएमसीपीएफ जैसे कार्यक्रम किफायती उपचार और प्रारंभिक पहचान सुनिश्चित करते हैं, जबकि नेक्ससीएआर19 और नेशनल कैंसर ग्रिड जैसी शोध पहलें ऑन्कोलॉजी देखभाल को आगे बढ़ा रही हैं। इसमें कोई संदेह नहीं है कि कैंसर दुनिया भर में एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है। भारत में, बड़ी संख्या में घातक कैंसर के मामले आम लोगों में जागरूकता की कमी और बीमारी के देर से निदान के कारण होते हैं।

# डॉ लोहिया ने गैर कांग्रेसवाद का नारा देकर एक नई चेतना पैदा की



जयशंकर पाण्डेय

**आजादी मिलने के बाद महात्मा गांधी के परम्प्रिय नेताओं में डॉ. राम मनोहर लोहिया भी थे, जो गांधी जी के दर्शन और सिद्धान्तों के अनुसार देश की आजादी की रूप-रेखा तय करना चाहते थे, लेकिन आन्दोलन पर वर्चस्व उन लोगों का था जो गांधी जी के दर्शन से हटाकर पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव में आजादी की रूप रेखा तय कर रहे थे। आजादी अपनी पहचान भी न बना पायी थी कि महात्मा गांधी की आताताई शक्तियों द्वारा हत्या कर दी गयी।**

देश के महान समाजवादी विचारक डा. राम मनोहर लोहिया का जन्मदिन और शहीदे आजम सरदार भगत सिंह राजगुरू और सुख देव की पूर्ण्य तिथि आज है। डा. राम मनोहर लोहिया ने कभी भी अपना जन्म दिन इस लिये नही मनाया, कि इसी दिन भारत की आजादी के लिये सरदार भगत सिंह राजगुरू और सुख देव को लाहौर जेल में होने वाली 24 मार्च 1931 की फांसी की सजा 23 मार्च को ही सायंकाल में दे दी गई थी और उनकी मिट्टी का दाह संस्कार भी अंग्रेजो ने ठीक से नही करने दिया था। डा. लोहिया इस दुख से इतना दुखी थी कि उन्होने कभी भी अपना जन्मदिन नही मनाया। भारतीय समाजवादी आन्दोलन के प्रणेता ने डा. लोहिया ने आजाद भारत में गरीबों, पिछड़ो, दलितों अल्पसंख्यकों को विशेष अवसर के सिद्धान्त, रामायण मेला, अंग्रेजी हटाओं, विश्व सासंद और विश्व सरकार भारत पाक महासंघ हिमालय बचाओं जाति तोड़ो तिब्बत बचाओं छोटी मशीनों के निर्माण भारतीय भाषाओं सहित राष्ट्र भाषा हिन्दी की स्थापना छोटे बांधो का निर्माण, बिना लगान की खेती नदियों की सफाई, जैसे अनेक विचार उन्होने देश की युवा पीढ़ी को दिया और देश की आजादी की लड़ाई और आजादी के बाद निसंदेह उन्होने युवामानस को झगझोरने का काम किया। इस देश की आजादी की लड़ाई में 1942 में जब महात्मा गांधी ने अंग्रेजो भारत छोड़ो नारा बुलन्द किया था तब देश के अग्रिम पक्ति के सारे नेता अंग्रेजी हुकुमत द्वारा अहमद नगर कोर्ट में कैद कर दिये गये थे उस समय डा. लोहिया, अच्युत परवर्धन, कमला देवी चट्टोपाध्याय, युसूफ मेहर अली, जैसे समाजवादियों ने सशक्त क्राति के माध्यम से अंग्रेजी राज्य को उलटने का प्रयास किया था और आजाद रेडियों की स्थापना करके पूरे देश में क्राति की चिंगारी को बिखेर दिया था।



आजादी मिलने के बाद महात्मा गांधी के परम्प्रिय नेताओं में डॉ. राम मनोहर लोहिया भी थे, जो गांधी जी के दर्शन और सिद्धान्तों के अनुसार देश की आजादी की रूप-रेखा तय करना चाहते थे, लेकिन आन्दोलन पर वर्चस्व उन लोगों का था जो गांधी जी के दर्शन से हटाकर पाश्चात्य सभ्यता के प्रभाव में आजादी की रूप रेखा तय कर रहे थे। आजादी अपनी पहचान भी न बना पायी थी कि महात्मा गांधी की आताताई शक्तियों द्वारा हत्या कर दी गयी। गांधी जी की हत्या से कांग्रेस के अन्दर जो लोग समाजवादी विचार धारा के पोषक थे वे अपने को असहाय महसूस करने लगे और यह लगने लगा था कि कांग्रेस के साथ समाजवादी विचारधारा में आस्था रखने वाले लोग ज्यादा दिन तक साथ नही चल सकते। यही से कांग्रेस और समाजवादी पार्टी के रास्ते अलग हो गये। डॉ0 राम मनोहर लोहिया गांधी जी के सत्य, अहिंसा और प्रेम से प्रभावित थे। सत्याग्रह को दुनिया का सबसे बड़ा हथियार मानते थे। उनकी यह समझ थी कि इस सत्याग्रह के द्वारा पूरी दुनिया को झकझोरा जा सकता है। एक नई चेतना पैदा की जा कसती है। 1962 में जब चीन का आक्रमण हुआ। हमारे देश की सेनाएं पीछे हटने लगी थी। हमारी भूमि पर चीन का कब्जा हो गया तो डॉ लोहिया ने इस प्रकरण को पूरे देश में उठाया था, संसद से लेकर जनमानस तक के बीच में कांग्रेस की छवि गिरने लगी थी और कांग्रेस मूल रूप से गांधी जी के दर्शन और सिद्धान्त से हट चुकी थी। डॉ. लोहिया चाहते थे कि देश के राजनैतिक दल न्यूनतम कार्यक्रम के आधार पर इकट्ठा होकर देश में पं. जवाहर लाल नेहरू के हिमालयी व्यक्तित्व से टकराकर एक नई दिशा प्रदान करें। डॉ लोहिया ने गैर कांग्रेसवाद का नारा देकर पूरे देश में एक नई चेतना पैदा करने का काम किया। जगह-जगह पर युवा शक्ति को इकट्ठा करके चेतना पैदा की। 1967 के आम चुनाव के आने तक उत्तरी भारत में गैर कांग्रेसवाद की लहर चल चुकी थी। पंजाब से लेकर कलकत्ता तक गैर कांग्रेसवाद की सरकारों का गठन न्यूनतम साझा कार्यक्रम के आधार पर हो गया।

डॉ लोहिया चाहते थे कि गैर कांग्रेसवाद के नाम पर जो संविदा सरकारें गठित हुयी है वह ऐसा कार्य करके दिखायें जिसमें समाज का अन्तिम व्यक्ति भी अपने को गौरवान्वित महसूस कर सके। समाजवादी समाज की स्थापना सम्भव हो सकें। इसके लिये डॉ लोहिया ने अपने को तिल-तिल जलाकर रौशनी पैदा करने का प्रयास किया। 8 अगस्त 1967 को संविदा सरकार श्री कर्पूरी ठाकुर के नेतृत्व में बिहार में चल रही थी। डॉ लोहिया ने उनको पत्र लिखा था जिससे झलकता है कि डॉ लोहिया किस किस्म की सरकार चाहते थे। श्रद्धेय डॉ साहब ने लिखा।

**प्रिय कर्पूरी जी :** ये सही है कि जरूरत के वक्त आदमी याद आता है लेकिन अगर इतना फर्क हो जाये कि जिस दिन विधान सभा में डर लग रहा हो, उस दिन पटना से मेरे यहां 25 के करीब टेलीफेन आये और फिर बाद में कोई फिक्र न रहे कि वहां क्या करना है तो बात अखरती है। अभी तक धनबाद वाली जांच नही बैठी, असल में तो एक स्थायी गोली आयोग बैठा देना चाहिये, मंत्रियों की सलामी, हवाई जहाज, पुलिस वगैरह का कुछ किया जा रहा है और मुझे पता नही कि साथ में हमेशा चपरासी रहता है या नही। मंत्रियों के खर्चे में कितनी कमी हुयी, इसका भी पता नही। नौकरशाही के बारे में क्या कर रहे हो यह भी पता नहीं अंग्रेजी हटाने का मामला कितना बढ़ा यह भी पता नही। जीवन का हर धंधा दुतरफा सड़क है। महामाया बाबू और तिवारी जी को भी यह पत्र दिखा देना क्योकि उस दिन भी उन्होने भी दो बार टेलीफेन किया, जिसमें से एक को मैने खुद सुना। आखिर बिहार सरकार ही एक सरकार है जिसके जरिये हम लोग अपनी कुछ शक्ल निखार सकते है। -सस्नेह

**राम मनोहर :** नई दिल्ली, 8 अगस्त, 1967 इस पत्र के जवाब में श्री कर्पूरी ठाकुर जी ने डॉ साहब को इस प्रकार पत्र लिखा था।

श्रद्धेय डाक्टर साहब, सादर प्रणाम!

टापका पत्र प्राप्त हुआ, आपका एक एक शब्द मेरे लिये मूल्य रखता है और मेरा ख्याल है अन्य साथियों के लिये भी। कभी कभी किसी महत्वपूर्ण प्रश्न पर दो राय हो सकती है किन्तु यह कोई अस्वभाविक बात नही है। मैं यह पूरी श्रृद्धा के साथ कहना चाहता हूँ कि आप सही मायने में मेरे और मेरे जैसे हजारों लाखों कार्यकर्ताओं के लिये प्रेरणा के श्रोत एंव मार्गदर्शन है। मेरे और यहां के मेरे सभी साथियों की पूरी कोशिश होगी कि आपकी इच्छानुसार हम लोग अपनी पार्टी की कुछ शक्ल निखार सकें। अभी तक गुममा (धनबाद) के गोली काण्ड के जांच का निर्णय नहीं हुआ है। अभी एक सप्ताह पहले सर्वश्री साथी रामानन्द तिवारी, कपिल देव सिंह, भोला प्रसाद सिंह, सभापति सिंह और मैने एक साथ बैठकर इस प्रश्न पर विचार किया। मेरे ख्याल है कि राष्ट्रीय कार्य समिति के आदेश का और आपके आदेश का पालन करने में हम समर्थ हो सकेगें। संसोपा का कोई भी मंत्री पुलिस की सलामी नहीं लिया करता है। हवाई जहाज का इस्तेमाल सरकारी कामकाज के लिये ही किया जाता है, हाँ एक अवसर का छोड़कर वह अपवाद है त्रिवेन्द्रम की यात्रा। हम लोग सरकारी हवाई जहाज द्वारा त्रिवेन्द्रम गये थे और उसके खर्चे का भुगतान हम लोगों ने अपने पास से किया।

# स्वच्छ जल जीवन है, पर बिगड़े तो हाहाकार



डॉ. प्रितम भि. गेडाम


**शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसके अनुसार, सबसे बड़े वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार, प्रदूषित वायु औसत जीवन प्रत्याशा को 3.6 वर्ष तक कम कर रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल 3,575,000 लोग जल-संबंधी बीमारियों से मरते हैं। यह हर 10 सेकंड में एक मौत के बराबर हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने सरकार को 2024 के एक अध्ययन की जानकारी दी है, जिसमें पाया गया है कि पंजाब में प्रदूषित नदी-नालों के पास रहने वाले लोगों में कैंसर होने की संभावना अधिक होती हैं।**

जल प्रकृति की सबसे बड़ी देन है क्योंकि संपूर्ण जीव सृष्टि का आधार पानी है, इसके बिना जीवन की कल्पना बेमानी हैं। जल समृद्धता से जंगल, पेड़-पौधे, वन्यजीव समृद्धता बढ़ती है, सबको शुद्ध जल और शुद्ध प्राणवायु मिलती है, ऋतु चक्र, मौसम और प्रकृति में संतुलन बना रहता है, खाद्यान की गुणवत्ता और उत्पादन बढ़ता है, प्रकृति के प्रत्येक घटक पर इसका सीधा प्रभाव पड़ता है। जल शुद्ध और पर्याप्त मात्रा में सबको मिले तो समृद्धि निश्चित है, परंतु यह जल अपर्याप्त और प्रदूषित है, तो फिर यह जल विनाश का कारण है। विश्व का लगभग 97 प्रतिशत जल खारा है या पीने योग्य नहीं है। भारत देश में विश्व की सबसे ज्यादा 18 प्रतिशत जनसंख्या है, परंतु इसके मुकाबले दुनिया के जल संसाधनों का केवल 4 प्रतिशत भारत में है, जो इसे पानी की कमी वाले देशों में से एक बनाता है, इसका खामियाजा लोगों को अपनी जान देकर चुकाना पड़ता है क्योंकि हर साल लाखों भारतीय दूषित पानी से बीमार होकर मरते हैं। द लैंसेट के एक अध्ययन के अनुसार, 2019 में जल प्रदूषण के कारण भारत में 500,000 से अधिक लोगों की मौत हुई।

हर साल 22 मार्च को दुनियाभर में विश्व जल दिवस पानी के महत्व और वास्तविक स्थिति पर जागरूकता हेतु मनाया जाता हैं। इस साल 2025 की थीम ग्लेशियर संरक्षण है, जो भविष्य के लिए जमे हुए इन ग्लेशियर के जल संसाधनों का संरक्षण करने पर केंद्रित हैं। ग्लेशियर यह पानी का विशाल भंडार है, जो उसका पिघला हुआ पानी पेयजल, कृषि, उद्योग, स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन और स्वस्थ पारिस्थितिकी तंत्र के लिए आवश्यक है, परंतु ग्लोबल वार्मिंग के कारण तापमान में लगातार वृद्धि हो रही है और इस कारण बड़े-बड़े ग्लेशियर पिघल रहे है एवं वह पिघला हुआ शुद्ध जल समुद्र का स्तर बढ़ा रहे हैं। तेजी से पिघलते ग्लेशियर जल प्रवाह में अनिश्चितता पैदा कर रहे हैं, जिसका लोगों और ग्रह पर गहरा प्रभाव पड़ रहा हैं। कार्बन उत्सर्जन में वैश्विक कमी और ग्लेशियरों के सिकुड़ने के अनुरूप स्थानीय नीतियों की आवश्यकता हैं।

विश्व आर्थिक मंच ने 15 जनवरी, 2025 को जारी वार्षिक वैश्विक जोखिम रिपोर्ट के 20वें संस्करण में चेतावनी दी है कि भारत देश के सामने एक गंभीर चुनौती है, क्योंकि अगले दो वर्षो (2025-2027) में पानी की कमी देश के सामने सबसे गंभीर खतरा बनकर उभरेगी। शिकागो विश्वविद्यालय के ऊर्जा नीति संस्थान ने एक रिपोर्ट जारी की है, जिसके अनुसार, सबसे बड़े वायु गुणवत्ता सूचकांक के अनुसार, प्रदूषित वायु

विश्व जल दिवस विशेष




औसत जीवन प्रत्याशा को 3.6 वर्ष तक कम कर रही हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर साल 3,575,000 लोग जल-संबंधी बीमारियों से मरते हैं। यह हर 10 सेकंड में एक मौत के बराबर हैं। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद ने सरकार को 2024 के एक अध्ययन की जानकारी दी है, जिसमें पाया गया है कि पंजाब में प्रदूषित नदी-नालों के पास रहने वाले लोगों में कैंसर होने की संभावना अधिक होती हैं। जल प्रदूषण में औद्योगिक कूड़ा, मल, माइक्रोबियल प्रदूषण, निलंबित पदार्थ, रासायनिक प्रदूषण, घुलनशील प्रदूषक, रेडियोधर्मी कचरे, थर्मल प्रदूषण, मानव अपशिष्ट, औद्योगिक उद्यम, ऑयल पॉल्यूशन, कृषि प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, खनन, रेडियोधर्मी प्रदूषण, ठोस अपशिष्ट, अम्ल वर्षा जैसे कारण विशेष है, पानी के संपर्क में आते ही यह विशेष कारण जल को विषैला बना देते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, 2021 में 2 बिलियन से ज्यादा लोग पानी की कमी वाले देशों में रहते थे। 2022 में, वैश्विक स्तर पर कम से कम 1.7 बिलियन लोग मल से दूषित पेयजल स्रोतों का उपयोग करते थे। मल संदूषण के कारण पेयजल में सूक्ष्मजीवों का संदूषण, पेयजल सुरक्षा के लिए सबसे बड़ा खतरा हैं। 2021 में, 251.4 मिलियन से अधिक लोगों को सिस्टोसोमियासिस के लिए निवारक उपचार की आवश्यकता थी। सूक्ष्मजीवीय रूप से दूषित पेयजल से डायरिया, हैजा, पेचिश, टाइफाइड और पोलियो जैसी बीमारियां फैल सकती है, तथा अनुमान है कि इससे हर साल डायरिया से संबंधित लगभग 505,000 मौतें होती हैं। 296 मिलियन लोग असुरक्षित कुओं और झरनों से पानी भरते है और 115 मिलियन लोग झीलों, तालाबों, नदियों और झरनों से अनुपचारित सतही जल एकत्र करते हैं। तीव्र शहरीकरण और औद्योगीकरण के कारण जल संसाधनों का प्रदूषण बढ़ गया है, जिससे वे उपयोग के लिए अनुपयुक्त हो गए हैं। अकुशल कृषि पद्धतियां, रसायनों का अत्यधिक उपयोग, भूजल का अत्यधिक दोहन, जलवायु परिवर्तन, खराब जल प्रबंधन और उचित बुनियादी ढांचे की कमी जैसे कई कारक जल की कमी के संकट को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विश्व बैंक के कुछ आंकड़े अनुसार, भारत देश में 163 मिलियन भारतीयों को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है, 210 मिलियन भारतीयों को बेहतर स्वच्छता सुविधाओं तक पहुंच नहीं हैं। 21 प्रतिशत संक्रामक रोग असुरक्षित जल से संबंधित है, भारत में प्रतिदिन पांच वर्ष से कम आयु के 500 बच्चे दस्त से मरते हैं। भारत की आधी से अधिक नदियाँ अत्यधिक प्रदूषित हैं, तथा कई अन्य नदियाँ आधुनिक मानकों के अनुसार असुरक्षित स्तर पर हैं। शहरों से बहनेवाली नदियाँ नालों का स्वरूप धर चुकी हैं। नीति आयोग की 2018 समग्र जल प्रबंधन सूचकांक रिपोर्ट में कहा गया है कि सुरक्षित जल की अपर्याप्त पहुंच के कारण हर साल लगभग दो लाख लोग मर जाते हैं। 2030 तक लगभग 600 मिलियन लोगों को जल संकट का सामना करना पड़ सकता है, जो भारत देश की अनुमानित जनसंख्या का लगभग 40 प्रतिशत होगा। वॉटर गैर-लाभकारी संगठन बताती है कि, भारत देश में 1.4 बिलियन की आबादी में से आज भी 35 मिलियन लोगों के पास सुरक्षित जल तथा 678 मिलियन लोगों के पास सुरक्षित स्वच्छता तक पहुंच नहीं है, सुरक्षित जल और स्वच्छता की कमी के कारण हर वर्ष दस लाख से अधिक लोग मरते हैं, तथा हर दो मिनट में एक बच्चा जल या स्वच्छता से संबंधित बीमारियों के कारण जान गंवाता है।

# दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन

## इटवा में राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र ग्राम्य वार्ता, अवधनामा कार्यालय के इफ्तार पार्टी में दर्जनों की संख्या में एकजुट हुए लोग

अवधनामा संवाददाता



**इटवा सिद्धार्थनगर।** माह-ए-रमजन का आधे से ज्यादा रोजा पूरा हो चुका है, वही रोजा इफ्तार का सिलसिला भी रफ्तार पकड़ने लगा है। शुक्रवार को इटवा नगरपंचायत के बिस्कोहर रोड सुन्नी मास्जिद गली स्थित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र ग्राम्य वार्ता अवधनामा कार्यालय पर दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इफ्तार पार्टी में दर्जनों की संख्या में रोजेदार शरीक हुए। इफ्तार पार्टी में सांप्रदायिक सौहार्द का माहौल देखने को मिला। इफ्तार पार्टी में लोगों ने एक साथ बैठकर इफ्तार किया। बगल के सुन्नी रज़ा जामा मस्जिद में दी गई मगरीब नमाज की अजान सुनकर कतार में बैठे सभी लोगों ने सबसे पहले खजूर खाकर रोजा इफ्तार किया। इसके पूर्व इफ्तार पार्टी में उपस्थित सभी लोगों ने मुल्क की शांति, सौहार्द, अमन व चैन की दुआ मांगी। इफ्तार पार्टी में एजाज सिद्दीकी, निहाल चौधरी, निसार अहमद खां, अबरार अहमद, शाबान, अब्दुल वहीद, डॉक्टर अली नोबल हॉस्पिटल, डॉ हारिश राजधानी हॉस्पिटल, खालिद, डॉक्टर अब्दुल कुद्दूस, कलाम, शरीफ हसन, जावेद खान, आफताब आलम, कलीम, मोतीन, डॉ अब्दुल हकीम, राजू पार्सल,बबलू खान, मुईदुर्रहमान, साहिल राईनी, सहजाद, रफाकत सुबराती ठेकेदार, खान रजा सहित बड़ी संख्या में बुद्धिजीवी वर्ग एवं बच्चे शमिल हुए। रोजा इफ्तारी का फजीलत बताते हुए एजाज सिद्दीक़ी व निहाल चौधरी ने बताया कि जिस आदमी ने किसी रोजेदार को इफ्तार करवाया तो उस आदमी को भी उतना ही शबाब मिलेगा जितना शबाब रोजेदार के लिए है। उन्होंने कहा कि जो रमजान के महीने में रोजेदार को इफ्तार कराता है। उसके गुनाहों की मगफिरत की जाती है। साथ ही रोजेदार के बराबर ही इफ्तार कराने वाले को शबाब मिलता है। रमजान का महीना लोगों के लिए काफी अजीम है। इस महीने में लोगों को ज्यादा से ज्यादा खुदा की इबादत करनी चाहिए। इस महीने में कुरान- ए- पाक का अवतरण हुआ था।

# मण्डी सचिव द्वारा भेजे गये नोटिसों से व्यापारियों में आक्रोश

अवधनामा संवाददाता

■ वायदे के अनुसार सब्जी व फल दुकानों को अमरपुर स्थानान्तरण की मांग

**ललितपुर।** विशिष्ट मण्डी स्थल में दुकानों का आवंटन होने के बाद से अब तक दुकानों को स्थापित न किये जाने और अब मण्डी सचिव द्वारा व्यापारियों को नोटिस भेजकर पूरा प्रीमियम एक साथ जमा करने का फरमान जारी किया गया है। इस सम्बन्ध में शुक्रवार को व्यापारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित एक ज्ञापन एडीएम अंकुर श्रीवास्तव को सौंपा है। व्यापारियों ने कहा कि वह प्रीमियम जमा करने को तैयार है, लेकिन पहले आवंटित दुकानों को विधिवत स्थापित कराया जाये।

एडीएम को व्यापारियों ने बताया कि कृषि उत्पादन मण्डी समिति ने आवंटन नियमावली 2016 के तहत नीलामी पद्धति से निर्धारित आरक्षण रोस्टर अनुसार विशिष्ट मण्डी स्थल अमरपुर में दुकानों का आवंटन किया था। नीलामी के समय दुकानदारों से वायदा किया गया था कि नझाई बाजार स्थित मैदान से फल व सब्जी की दुकानों को पूर्ण रूप से हटाकर अमरपुर स्थानान्तरित किया जायेगा। लेकिन आज तक ऐसा नहीं किया गया। इस सम्बन्ध में उन्होंने आलाधिकारियों को समस्या से अवगत कराया था, जिस पर तत्कालीन मण्डी सचिव ने अपने आदेश 3 अगस्त 2022 को डीएम को पत्र निर्गत करते हुये दुकानों के आवंटन उपरान्त सब्जी व फल मण्डी को स्थानान्तरित किया जायेगा। उक्त पत्र के अनुसार सभापति व सचिव के वायदे अनुसार दुकानों के आवंटन के लिए निर्धारित जमानत राशियां जमा की गयी। बावजूद इसके आज भी नझाई से सब्जी व फल की दुकानों को स्थानान्तरित नहीं किया गया। यह भी बताया कि अपने वायदे को पूरा न करते हुये मण्डी सचिव ने व्यापारियों को नोटिस भेजकर एक सप्ताह के अंदर अवशेष प्रीमियम व जीएसटी ब्याज सहित जमा कराते हुये अनुबंध कराना सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है, अन्यथा की स्थिति में जमानत राशि को जब्त कर दुकान आवंटन निरस्त किये जाने की कार्यवाही के लिए लिखा गया है।

# बीन बजाकर कलेक्ट्रेट में सपेरा समुदाय ने किया प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता




■ अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति वर्ग से जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने की मांग

**ललितपुर।** विमुक्त घुमन्तू सपेरा बैगा जनजाति के अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाने की मांग को लेकर लोगों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर प्रदर्शन किया। सांप पकडऩे के लिए उपयोग होने वाली बीन की धुनों बजाते हुये बैगा जाति के लोगों द्वारा अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का बैनर लेकर कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया गया। नेतृत्व कर रहे ग्राम पचौड़ा निवासी बुन्देलखण्ड अध्यक्ष मनीषराज सपेरा ने बताया कि कई बार जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने को लेकर आलाधिकारियों से वार्ता की गयी, लेकिन हर बार अधिकारी वर्ग कमेटी का गठन करते हुये आश्वासन देकर समाज के लोगों को गुमराह करने का काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जाति प्रमाण पत्र जारी न होने के कारण बच्चों को शिक्षा ग्रहण करने में परेशानियां आ रहीं हैं तो वहीं परिजनों को भी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। बताया कि अनुसूचित जाति के प्रमाण पत्र जारी करने के लिए तमाम बार प्रयास किये जा चुके हैं, लेकिन कोई कार्यवाही न होने से पूरे समाज में हताशा व निराशा का माहौल है। बताया कि वर्ष में करीब 2 या 4 बार वह आकर जाति प्रमाण पत्र बनाये जाने के लिए प्रदर्शन किया जाता रहा है। उन्होंने विमुक्त घुमन्तू सपेरा बैगा जनजाति के अनुसूचित जाति-अनुसूचित जनजाति जाति प्रमाण पत्र जारी किये जाने की मांग उठायी है।

**प्रमाण पत्र के लिए लखनऊ किया जा रहा सम्पर्क :** समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि जनपद में निवासरत सपेरा (बैगा) अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र निर्गत करने के जाति को सम्बन्ध में सभी एसडीएम द्वारा शासनादेश में स्पष्ट उल्लेख न होने के कारण अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र निर्गत नहीं किया जा रहा है। अनुसूचित जाति का प्रमाण पत्र जारी न हो पाने के कारण सपेरा (बैगा) जाति के लोगों को समझाया गया कि वे अपील करे जिससे प्रकरण पर अग्रिम कार्यवाही की जा सके।

# ज्ञानदान पूर्वजों के लिये सच्ची श्रद्धांजली : उमानन्द



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत 'यशराज इंस्टिट्यूट ऑफ एजुकेशन, बाघामऊ, गोमतीनगर, सेक्टर-6, लखनऊ, उप्र' के केन्द्रीय पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 435वाँ ऋषि वाङ्मय की स्थापना का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रिय कार्यकत्री रेखा श्रीवास्तव एवं मनोज कुमार श्रीवास्तव ने अपने माता स्व राजा बेटी श्रीवास्तव एवं पिता स्व बाबूराम श्रीवास्तव की स्मृति में भेंट किया तथा सभी छात्र-छात्राओं, संकाय सदस्यों, विभागाध्यक्ष एवं अधिकारियों को अखण्ड ज्योति (हिन्दी) पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाङ्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि ज्ञानदान पूर्वजों के लिये सच्ची श्रद्धांजली है। संस्थान के निदेशक डॉ देश दीपक पाण्डेय ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम का समापन संस्थान के विभागाध्यक्ष डॉ ओम प्रकाश सिंह यादव ने धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया।

# मारपीट कर जान से मारने की धमकी दे रहे दबंग

**ललितपुर।** थाना पूराकलां क्षेत्रांतर्गत ग्राम भुचेरा में रहने वाले अनुज पुरोहित पुत्र हेमन्त ने जिलाधिकारी को संबोधित एक शिकायती पत्र भेजा है। डीएम को भेजे गये पत्र में अनुज पुरोहित ने बताया कि बीती 6 मार्च को सुबह 11 बजे जीजीआईसी के पास बस स्टेण्ड पर खड़ा हुआ था। इसी बीच गनेशपुरा व ग्राम कतकियाई निवासी कुछ दबंग लोग आये और उसके साथ बिना कारण गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके साथ मारपीट कर दी। आरोप है कि उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुये उसकी वीडियो भी बना ली और सोशल मीडिया पर अपलोड कर दिया, जिससे उसकी छवि खराब हो गयी। बताया कि उसी दिन वह थाना तालबेहट पहुंचा और वहां शिकायती पत्र दिया, लेकिन कार्यवाही करते हुये पुलिस ने दो लोगों को पकड़ा, बाकी खुलेआम घूम रहे हैं।

# छोटी-सी कोशिश गौरैया को दे सकती है जीवनदान

अवधनामा संवाददाता



■ घर आंगन से गुम हो रही गौरैया जागरूक होकर करें गौरैया का संरक्षण
■ चित्रों के जरिए बच्चों ने दिया गौरैया संरक्षण का संदेश
■ बच्चों ने लिया गौरैया के संरक्षण का संकल्प

**ललितपुर।** गौरैया के संरक्षण हेतु 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस का आयोजन सम्पूर्ण देश में किया जाता है। गुरुवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय वस्त्रावन ब्लॉक बार में मानव ऑर्गनाइजेशन ललितपुर के तत्वावधान में गौरैया मनाया गया। इस दौरान बच्चों को गौरैया दिवस के बारे में जानकारी दी गई।

इस दौरान बच्चों ने गौरैया संरक्षण का संकल्प लिया। इस दौरान बच्चों ने चित्रकला के माध्यम से गौरैया के संरक्षण का संदेश दिया। रविता विश्वकर्मा,निधि, महक, सुहाना, दर्शनी, आरबी राजा , आराधना आदि बच्चों के चित्रों की सराहना की गई, उन्हें पुरस्कृत किया गया। इस दौरान शिक्षकों ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में पेड़-पौधे,वनस्पतियों,पशुओं के साथ-साथ पक्षियों की भी महत्वपूर्ण भूमिका होती है। बढ़ते प्रदूषण एवं शहरीकरण के कारण पक्षियों की संख्या निरंतर घटती जा रही है।जिसमें हमारी नन्हीं प्यारी गौरैया की आंकड़ों के अनुसार पूरे विश्व में 80 प्रतिशत कमी बताई जा रही है। शहरी क्षेत्रों में गौरैया की कमी ज्यादा देखी जा सकती है।जो प्रकृति एवं पर्यावरण दोनों के लिए चिंता का विषय है। परिणाम स्वरूप हमारा स्वास्थ्य प्रभावित हो सकता है।आधुनिक जीवनशैली से गौरैया के अस्तित्व पर संकट के बादल छा रहे हैं। इस मौके पर प्रधानाध्यापक हाकिम सिंह, शिक्षक सुनील जैन, सुमित गुप्ता, दिग्विजय सिंह यादव आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### आधा दर्जन बदमाशों ने छीना दो मोबाइल और 25000 नगदी

**धम्मौर, सुलतानपुर (अवधनामा संवाददाता)।** जिले के थाना धम्मौर के अंतर्गत रामापुर नहर पुल के निकट (मडरीक बाबा) नहर की पटरी पर चार पहिया वाहन से पहले से मौजूद लगभग आधा दर्जन बदमाशों ने बाइक सवार राहगीर के साथ मारपीट कर मोटरसाइकिल तोड़ डाली और दो मोबाइल तथा 25000 की नगदी छीन लिया।पीड़ित ने मामले की तहरीर थाना धम्मौर को दी है। तहरीर के अनुसार आलोक कुमार पांडे पुत्र रामसुंदर पांडे ग्राम उत्तर गांव तिवारी का पुरवा गणेशगंज निवासी प्रत्येक दिन की तरह वह अपनी मोबाइल की दुकान जो सरुवावाँ ग्रामीण बैंक के बगल में है, लगभग 8:30 बजे बंद कर अपने घर के लिए जा रहा था। जैसे ही रामापुर पुल से नहर की पटरी पर कुछ दूर चला था कि आगे चार पहिया वाहन खड़ी थी, जिसमें 7- 8 लोग बाहर खड़े थे। गाड़ी बीच रास्ते में खड़ी किया था, जिससे उसकी गाड़ी रुकते ही उसे मारने लगे। उन्होंने उसका दो मोबाइल तथा 25000 नगदी छीन लिया। जान बचाकर वह भागा। पीड़ित ने मामले की शिकायत थाना धम्मौर को दिया, और सारी घटना बताई। उक्त संबंध में प्रभारी निरीक्षक धम्मौर ज्ञान चंद्र शुक्ला ने बताया कि घटना संदिग्ध प्रतीत हो रही है,मामले की जांच की जा रही है।

### डॉ एमपी सिंह द्वारा लिखी गई दो पुस्तकों का हुआ विमोचन



**सुल्तानपुर।** राणा प्रताप पी जी कॉलेज में समाजशास्त्र के पूर्व विभागाध्यक्ष तथा साहित्यकार डॉ एम पी सिंह की दो पुस्तकों अंतर्लीनता के पाँच दशक और उस पार भी भारत : दक्षिण-पूर्व एशिया में हिन्दू संस्कृति का लोकार्पण समारोह शुक्रवार को राणा प्रताप पी जी कॉलेज सुलतानपुर में सम्पन्न हुआ। जहां आत्मकथात्मक पुस्तक अंतर्लीनता के पाँच दशक में डॉ सिंह ने राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भारतीय शिक्षण मण्डल, स्वदेशी जागरण मंच से होते हुए भारतीय जनता पार्टी में कार्य करते हुए अपने वैचारिक संगठन के पचास वर्षों की यात्रा का वर्णन और आपबीती का विश्लेषण किया है। वहीं उस पार भी भारत दक्षिण-पूर्व एशिया में हिन्दू संस्कृति में कम्बोडिया, वियतनाम, थाईलैंड, इंडोनेशिया और सिंगापुर की यात्रा कर इन देशों में रची बसी हिन्दू संस्कृति की विवेचना की है। उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप मेंराज्य संपादक उ.प्र. आशुतोष शुक्ल का उद्बोधन हुआ अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार एवं लोक विदुषी पद्मश्री डॉ विद्या विन्दु सिंह ने किया।

### प्रदेश के कैबिनेट मंत्री के बयान पर आक्रामक हुए कांग्रेसी



**सुलतानपुर।** प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के बयान पर कांग्रेस कार्यकर्ता आक्रामक हो गए। जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा की अगुवाई में कांग्रेसियों ने कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन कर एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ला को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के जरिए प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के पद से इस्तीफा दिए जाने की आवाज़ उठाई गई। सीतापुर में पत्रकार की हत्या के मामले में निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने मांग उठाई। दरोगाओं के हाथ पैर तोड़कर सुलतानपुर पहुंचने के कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के बयान पर आक्रामक कांग्रेस कार्यकर्ता ही गए। योगी सरकार से अधिकारियों के कार्य प्रणाली में विधायकों का हस्तक्षेप बंद कराए जाने की मांग भी उठी।

# हत्या, दर्ज फर्जी मुकदमो व शोषण के खिलाफ सड़क पर उतरे पत्रकार

अवधनामा संवाददाता



■ पत्रकार संघर्ष समिति के धरने में दिखा पत्रकारों का आक्रोश

**सुल्तानपुर।** गुरुवार को पत्रकार संघर्ष समिति के बैनर तले जिले के पत्रकारों ने एक दिवसीय धरने का आयोजन किया। कार्यक्रम में पहुंचे पत्रकारों ने जहां पत्रकारिता की गिरती शाख को संभालने के लिए कठोर निर्णय की आवश्यकता बताई,वहीं पत्रकारों पर हो रहे हमले,उनकी हत्या व उन पर दर्ज फर्जी मुकदमे को लेकर खासा आक्रोश दिखाया। यहाँ पत्रकारों ने वरिष्ठ पत्रकार अनिल द्विवेदी व डॉ0 अवधेश शुक्ला के संयोजन में मुख्यमंत्री व जिला अधिकारी को संबोधित मांग पत्र सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह को सौपा। बताते चलें बीते दिनों सीतापुर में हुई पत्रकार राघवेंद्र वाजपेई की हत्या सुल्तानपुर में कई पत्रकारों पर दर्ज फरजी मुकदमे व पत्रकार मामले में पुलिसिया लापरवाही को लेकर पत्रकारों के समूह ने एक बैठक की थी।जिसके बाद जिले में पत्रकार संघर्ष समिति का ऐलान हुआ था। वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडेय के संरक्षण में बने इस संगठन में जिले के लगभग सभी पत्रकार संगठनों के मुखिया शामिल हुए। प्रदेश में पत्रकारों की समस्याओं उन पर बढ़ते जा रहे हमलो पत्रकारों के मामले में लचर पुलिसिया कार्यवाही को लेकर गुरुवार को इकदिवसीय धरने का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पत्रकार मनोराम पांडेय ने कहा पत्रकारों को थाने, कचहरी से दूर रहना चाहिए और खबर लिखते वक्त कहीं से भी पक्षकार बनने की कोशिश नहीं करनी चाहिए। संगठन का पत्रकार बनाने के पहले उस व्यक्ति की जांच पड़ताल भी होना जरूरी है।

# मेसर्स एटा स्टील्स की जमीन बिक्री पर रोक लगाने की फिर उठी मांग

**ललितपुर।** मेसर्स एटा स्टील्स प्रा.लि. (रोंडा) से विद्युत विभाग के बकाया करोड़ों रुपये वसूलने के लिए कम्पनी की जमीन विक्रय पर रोक लगाने की मांग उठायी गयी है। इस सम्बन्ध में प्रेस क्लब ऑफ ललितपुर (रजि.) के अध्यक्ष प्रदीप कुमार त्रिपाठी ने एक पत्र जिलाधिकारी को भेजा है। पत्र में डीएम को अवगत कराया गया है कि जनपद के ग्राम रोंडा में मेसर्स एटा स्टील्स प्रा.लि. नाम से कम्पनी पर विद्युत विभाग का 2 करोड़ 93 लाख 98 हजार 422 रुपये विद्युत बिल बकाया था। इस कम्पनी पर विद्युत विभाग ने 6 करोड़ 28 लाख रुपये का जुर्माना भी प्रस्तावित किया था। वर्ष 2002 में विभाग द्वारा आर.सी. भी जारी की थी। उक्त आर.सी. के विरूद्ध कम्पनी ने उच्च न्यायालय से स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया था। आरोप है कि इसके बाद विद्युत विभाग के आलाधिकारियों ने मामले को ठण्डे बस्ते में डालकर वसूली कार्यवाही नहीं की।

# भारत विविधि मान्यताओं को मानने वाला देश

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** वामपंथी दलों भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (माले) एवं फारवर्ड ब्लाक की ओर से एक साझे बयान में संभल सहित विभिन्न जिलों में नेजा मेलों के आयोजनों पर रोक अथवा रोक लगाने की मांग को गलत करार दिया है। यह मेले सालार मसूद गाजी (गाजी मियां) के नाम पर आयोजित होते हैं तथा इनमें सदियों से दलित, पिछड़े सहित शाक्त और सूफी संप्रदाय के हिंदू व मुस्लिम भारी संख्या में भाग लेते हैं। यह मसूद गाजी की गोवध को रोकने के समय की गयी उनकी हत्या के अवसर पर आयोजित किये जाते रहे हैं। सालार मसूद से महमूद गजनवी का कोई संबंध था या नहीं, यह स्पष्ट नहीं है। इतिहासकारों में इस पर मतभेद है, फिर गजनवी का कोई भांजा उसका सेनापति भी था, यह कतई पुष्ट नहीं है। सालार मसूद को महमूद गजनवी का भांजा व सेनापति बताया जा रहा है। जिसका कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं है। इसके विपरीत कई आख्यानों में गाजी मियां को गायों की रक्षा के लिए संघर्ष करते हुए शहीद हुआ बताया जाता है।

भारत विविधि मान्यताओं को मानने वाला देश है। यहां तो राम के नाम पर भी उत्सव होते हैं और कई स्थानों पर रावण के नाम पर भी। इसके आधार पर उत्सवों और मेलों का आयोजन रोकना उचित नहीं है। वैसे भी यह मेले ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं जो अंततः भारतीय अर्थव्यवस्था को समृद्ध करते हैं। संविधान भारत के नागरिकों को समरसता समानता की भावना का निर्माण करने और धर्म भाषा तथा वर्ग पर आधारित भेदभाव से परे होकर इस तरह के आयोजन करने की इजाजत देता है। इन पर कोई रोक असंवैधानिक है। वामदलों ने इस संबंध में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के बयान की कड़ी निंदा की है।

# जीरो टारलेंस को धता बताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ रहे

अवधनामा संवाददाता

■ जिले को मिला है 16 अन्तोष्टि स्थल लेकिन कौन होगा लाभार्थी

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में अंत्येष्टि स्थल बनेंगे। ग्राम्य विकास विभाग ने इसका मसौदा चार साल पहले ही तैयार कर लिया है। प्रस्ताव वित्त विभाग को भेज दिया गया है। डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि हर ग्राम पंचायत में इसकी आवश्यकता महसूस की जा रही थी, इसलिए विभाग से इसका मसौदा तैयार करने के लिए कहा जा रहा था। विभाग के सूत्र बताते हैं कि अंत्येष्टि स्थल की लागत 24 लाख 36 हजार रुपये का अनुमान लगाया जा रहा है। इस तरह से 58,189 ग्राम पंचायतो मे अंत्येष्टि स्थल बनाए जाने में 14,174.84 करोड़ रुपये की राशि व्यय होगी।

सुलतानपुर जनपद को इस वर्ष सिर्फ 16 अंतोष्टि स्थल ही नसीब हुए हैं।मजे की बात तो ये है कि जिम्मेदार ये बताने को नही तैयार है कि ये अंतोष्टि स्थल कहां बनेगा, इसकी लागत क्या होगी और कौन होगा लाभार्थी? जबकि शासन का निर्देश ही है कि सरकार की योजनाए पूरी पारदर्शिता के साथ लागू की जाए।सब अपना पल्लू बचाने की फिराक मे है, लेकिन यहा कांड होने से पहले ही हिलोरे मारना शुरू कर देता है।

सूत्रों के अनुसार सूबे के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने बताया कि अंत्येष्टि स्थल पहुंच के लिए मार्ग भी बनाए जाने की व्यवस्था की जाएगी। जिलों और विभिन्न क्षेत्रों के उनके भ्रमण के दौरान आम जनता और जनप्रतिनिधियों द्वारा अंत्येष्टि स्थल बनवाने की मांग की जाती रही है। यह मसौदा उसी के तहत तैयार किया गया है। इस प्रकरण को लेकर कई बार मुख्य विकास अधिकारी अंकुश कौशिक से संपर्क करने का अथक प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नही हो सका।

# संजय निषाद के बयान से कांग्रेसियों का फूटा गुस्सा

## योगी सरकार गुंडे माफियाओं को दे रही संरक्षण : अभिषेक सिंह

अवधनामा संवाददाता



■ प्रदर्शन कर राज्यपाल को भेजा ज्ञापन

**सुल्तानपुर।** योगी सरकार में सहयोगी दल से कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के विवादित बयान को लेकर कांग्रेसी सड़क पर उतर गए और जमकर नारेबाजी करते विरोध प्रदर्शन किया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व एवं शहर अध्यक्ष शकील अंसारी की मौजूदगी में दर्जनों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता जिला कांग्रेस कमेटी से नारेबाजी करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के प्रतिनिधि के तौर पर पहुंचे एडीएम प्रशासन गौरव शुक्ला के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को 4 चार सूत्रीय संबोधित ज्ञापन भेजकर कैबिनेट मंत्री संजय निषाद को बर्खास्त करने तथा विधिक कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है मंत्री संजय निषाद के विवादित बयान को संज्ञान में लेकर प्रथामिकी दर्ज करवाकर कानूनी कार्रवाई करवाई जाए और पीड़ित पुलिस दरोगाओं को न्याय दिलाया जाए। कैबिनेट मंत्री संजय निषाद को तत्काल मंत्री पद से इस्तीफा सुनिश्चित कराया जाए। कार्यपालिका के कार्यों में विधायिका का हस्ताक्षेप बंद कराया जाए आदि मांगों को लेकर कांग्रेसियों ने राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। इस दौरान मीडिया से बात करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि योगी सरकार खुद गुंडे माफियाओं को संरक्षण दे रही है जिसका महिमा मंडन उनके सहयोगी कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने खुले मंच से किया है। मंत्री संजय निषाद के उक्त बयान से ही स्पष्ट होता है कि प्रदेश में लचर कानून व्यवस्था को परिभाषित करने के लिए पर्याप्त है। प्रदेश में दिन प्रतिदिन लूट हत्या डकैती बलात्कार जैसी घटनाएं घटित हो है, सरकार कानून व्यवस्था कायम करने में पूरी तरह से नाकाम है। शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि प्रदेश की योगी सरकार गुंडे माफियाओं को पाल रही है। विगत दिनों सीतापुर के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की सरेआम हत्या कर दी गई थी सरकार उनके परिजनों को एक करोड़ की सहायता राशि और मृतक परिजन के किसी एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। इस मामले पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने कहा कि योगी सरकार कानून व्यवस्था कायम करने का झूठा ढोंग करती है जब लोकतंत्र का चौथा स्तंभ सुरक्षित नहीं है तो भला देश का आम नागरिक कैसे सुरक्षित महसूस करें, सरकार आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई कर पीड़ित पत्रकार को न्याय दिलाये। जिला पंचायत सदस्य एवं कांग्रेस नेत्री निकलेश सरोज ने कैबिनेट मंत्री संजय निषाद के विवादित बयान को लेकर पुलिस अधीक्षक को तहरीर देकर प्रथामिकी दर्ज करने हेतु आवश्यक विधिक कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

# घरेलू नलों से आ रही गन्दा और बदबूदार पानी

अवधनामा संवाददाता

■ आमजन को पीने के लिए साफ पानी उपलब्ध कराने की मांग
■ सपा मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड व महिला सभा ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर।** घरेलू नलों में इन दिनों आपूर्ति किया जा रहा पानी काफी गन्दा और बदबूयुक्त आ रहा है। इस सम्बन्ध में शुक्रवार को समाजवादी पार्टी के मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड ने जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश यादव मुखिया व महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा के संयुक्त नेतृत्व में प्रदर्शन करते हुये जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में उन्होंने बताया कि हर घर नल योजना के तहत जिले में जो पानी की आपूर्ति आम जनमानस के लिए की जा रही है, उसकी जांच करायी जाये। आरोप है कि लगातार लोगों के घरेलू नलों में दूषित और बदबूदार पानी की आपूर्ति की जा रही है। जिससे संक्रामक बीमारियों के फैलने की संभावनाएं काफी बलवती है। कई लोगों को जटिल बीमारियों का कारण यही पानी बन रहा है। वहीं छोटे बच्चों को दूषित पानी के कारण संक्रमण हो रहा है। बताया कि वर्तमान में जो पानी आपूर्ति किया जा रहा है, वह पीने योग्य तो क्या नहाने योग्य भी नहीं हैं।

समाजवादी पार्टी ने जिला प्रशासन से मांग उठायी कि जल्द ही इस समस्या का समाधान निकाला जाये और सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये नागरिकों को पीने के लिए स्वच्छ पानी आपूर्ति कराया जाये। ज्ञापन देते समय महिला सभा जिलाध्यक्ष गीता मिश्रा, यूथ बिग्रेड जिलाध्यक्ष इंजी.हृदेश मुखिया, महेन्द्र यादव एड., चारू सतभैया, शेखर यादव, विट्ठू, चन्द्रपाल, पंकज श्रीवास, साहिल राजपूत, कवि आदि मौजूद रहे।

# विश्व गौरैया दिवस एवं कविता दिवस का आयोजन किया गया

अवधनामा संवाददाता

**संभल।** अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम (पंजी ) के तत्वावधान में 20 मार्च विश्व गौरैया दिवस तथा 21 मार्च विश्व कविता दिवस का संयुक्त कार्यक्रम उल्लास पूर्वक संस्था के संस्थापक डॉक्टर डी एन शर्मा के निवास पर आयोजित किया गया सर्वप्रथम समारोह अध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा संस्था अध्यक्ष डॉक्टर विजयलक्ष्मी शर्मा उप मंत्री पूजा शर्मा प्रख्यात कवि अतुल कुमार शर्मा ने सामूहिक रूप से मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्पण किया संस्था अध्यक्ष डॉक्टर विजयलक्ष्मी शर्मा ने अपने मधुरकंठ एवं पूर्ण भक्ति भाव से मां सरस्वती और भारत वंदना प्रस्तुत की उप मंत्री पूजा शर्मा ने गौ सेवा की प्रक्रिया पूर्ण की। संस्था के संस्थापक डॉक्टर डी एन शर्मा ने गौरैया दिवस पर प्रकाश डालते हुए बताया कि सन् 2010 में संयुक्त राष्ट्र संघ ने विलुप्त गौरैया तथा अन्य लुप्त प्रजाति के पक्षियों के प्रति मानवीय संवेदना जागृत करने के उद्देश्य से 20 मार्च को विश्व गौरैया दिवस मनाने की घोषणा की थी।इस अवसर पर उन्होंने गौरैया विषयक अपनी प्रसिद्ध कविता %20 मार्च विश्व गौरैया दिवस पर तुम्हें देखने आएंगे स्कूली बच्चे, सुना कर श्रोताओं कि मन में गौरैया प्रेम का सजीव भाव जागृत किया।नीलम वार्ष्णेय ने कहा कि अब गर्मी का मौसम आ रहा है सभी को अपने-अपने घरों में पक्षियों के लिए जल पात्र रखनी चाहिए यह प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है। अंजलि ने ओ री चिरैया छोटी सी चिड़िया फिर आना मेरे अंगना रे गीत सुना कर सभी की वाहबाही बटोरी। व्यंग के प्रमुख कवि अतुल कुमार शर्मा ने कहा करके दुनिया का श्रृंगार का समाधान बन जाती है कविता सुन कर सभी को आनंदित किया। राजेंद्र प्रसाद शर्मा जी ने कहा की आदिकाल से कविता विश्व भर में सभी के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है कविता में अपार शक्ति विद्यमान है। समारोह अध्यक्ष सुभाष चंद्र शर्मा ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि कविता विश्व भर में अपना प्रमुख स्थान रखती है क्योंकि यह मानव के अंतर्मन से निकलकर पूरे समाज को अपनी ओर आकर्षित और प्रेरित करती है कविता के इसी महत्व को स्वीकार करते हुए संयुक्त राष्ट्र संघ ने सन 1999 में विश्व कविता दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम बधाई का पात्र है क्योंकि वह विश्व गौरैया दिवस और विश्व कविता दिवस का प्रति वर्ष आयोजन धूमधाम से करता है। नवीन कुमार शर्मा जी ने काव्य पाठ किया और उपस्थित सभी अतिथियों एवं श्रोताओं का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम का संचालन संस्था की अध्यक्ष डॉ.विजय लक्ष्मी शर्मा द्वारा किया गया।

इस अवसर पर संस्थापक डॉक्टर डी एन शर्मा,अध्यक्ष डॉ विजयलक्ष्मी शर्मा,उपमंत्री पूजा शर्मा,अतुल कुमार शर्मा,सुभाष चंद्र शर्मा,राजेंद्र प्रसाद शर्मा, एडवोकेट नरेश पाल सिंह यादव, एडवोकेट लवलेश यादव ,अंजलि, हरिद्वार गौतम,संध्या रस्तोगी, नीलम वार्ष्णेय,साधना,श्रेया शर्मा सांझ तुषार शर्मा उपस्थित रहे।.

## एक की कुएं में गिरने से मौत दूसरे ने फांसी लगाकर दी जान

**महोबा।** जिले में दो अलग अलग स्थनों पर एक की कुएं में गिरने से दूसरे की घर पर फांसी लगाने से मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दोनों के घर में गमगीन माहौल बना हुआ है, पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है।

शहर कोतवाली के मुहल्ला टिकरीपुरा कल्लू यादव 55 पुत्र भूरी यादव चंद्रकुवंर पैलेस के नजदीक कबूतर पकड़ रहा था, तभी कबूतर के चक्कर में नीचे ध्यान नही दिया और उसका पैर कुएं में चला गया जिससे वह कुएं मे गिर गया। आस पास के लोग दौड़ पड़े, और उसे निकालने के प्रयास मे जुट गए कड़ी मशक्कत के बाद उसे बाहर निकाला गया लेकिन तबतक उसकी मौत हो चुकी थी। मृतक के घर में रोना पीटना मचा हुआ है।

दूसरी घटना थाना कबरई क्षेत्र के ग्राम धरौन की है। धरौन गांव निवासी छोटेलाल अहिरवार 35 पुत्र राम आसरे अहिरवार के परिजन खेतों में कटाई करने के लिए गए थे, सूना घर पाकर उसने कमरे मे जाकर बिजली के पंखे में रस्सी बांधकर फंदा बनाकर झूल गया जिससे उसकी मौत हो गई। घर के छोटे बच्चो ने फांसी पे लटका देख कर घर के बाहर रोना शुरू कर दिया।

# हदीस में आता है कि रमज़ान सब्र का महीना है

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** हदीस में आता है कि रमज़ान सब्र का महीना है। (नसाई : 2410) और सब्र का बदला जन्नत है। सब्र वो ख़ूबी है जिसके बग़ैर दुनिया का कोई बड़ा काम अंजाम नहीं दिया जा सकता, जिसके बग़ैर किसी आला तहज़ीब और बेहतरीन समाज का तसव्वुर तक नहीं किया जा सकता। सब्र के बग़ैर न तो ईमान का तसव्वुर किया जा सकता है (अल-सिलसिला : 1022)

और न ही किसी नेकी का। सब्र से बढ़कर कोई नेमत इतनी बड़ी नहीं है जो अल्लाह ने किसी को अता की हो।(अबू-दाऊद 1644, मुसनद अहमद : 3535)

सब्र एक ऐसी खूबी है कि जिसके पास ये मौजूद है समझ लीजिए उसे दुनिया की बेहतरीन दौलत हासिल है, क्योंकि ये एक खूबी बहुत-सी भलाइयों और अच्छाइयों को अपने अन्दर समेटे हुए है।

अल्लाह की मदद पाने का बेहतरीन ज़रिआ सब्र है, क्योंकि अल्लाह सब्र करनेवालों के साथ होता है। सब्र एक ऐसी ख़ूबी है जिसका अज्र अल्लाह के नज़दीक बेहिसाब है (क़ुरआन 39 : 10), क्योंकि अल्लाह के लिये सब्र करना बड़ी हिम्मत और हौसले का काम है।

सब्र करनेवालों से अल्लाह मुहब्बत करता है, क्योंकि सब्र नबियों, सिद्दीक़ों और शहीदों की सुन्नत है। सब्र करने वाले हमेशा ज़िन्दगी से मुत्मइन और पुर-सुकून रहते हैं, क्योंकि सब्र करनेवालों पर अल्लाह की नवाज़िशें और मेहरबानियाँ होती हैं।

मसायब व मुश्किलात के हुजूम में जब इन्सान की अक़्ल काम करना बन्द कर दे और उसकी आँखों के सामने अँधेरा छा जाए तो इस कैफ़ियत में सब्र रौशनी का काम करता है, इसी लिये कहा गया कि सब्र एक रौशनी है। (मुस्लिम 534, नसाई : 2439)

लिहाज़ा जिस दिल में सब्र नहीं है उसमें रौशनी नहीं।

सवाल ये है कि आख़िर सब्र का रमज़ान से क्या ताल्लुक़ है?

उर्दू में सब्र से मुराद मजबूरी लिया जाता है, लेकिन अरबी में इसका मफ़हूम बहुत बड़ा और वसीअ (फैला हुआ) है। इस मफ़हूम के मुताबिक़ सब्र कहते हैं ना-मुवाफ़िक़ हालात में अपने मौक़िफ़ पर जमे रहकर अपने मक़सद को हासिल करने में लगे रहने को।

हदीस में आता है कि दुश्मन से मुक़ाबले की तमन्ना न करो, लेकिन जब तुम्हारा उनसे मुक़ाबला हो तो सब्र करो। (मुस्लिम 4541)

यहाँ सब्र से मुराद ये है कि दुश्मन के मुक़ाबले में अपने मौक़िफ़ और नज़रिये पर क़ायम रहो। सब्र की एक क़िस्म ये भी है कि जहाँ तक हो सके बन्दा अपने रब और रसूलुल्लाह (सल्लल्लाहो अलैहिवसल्लम) की फ़रमाँबरदारी पर क़ायम रहे और हर हाल में अल्लाह और उसके रसूल की नाफ़रमानी से बचा रहे और इस दौरान जो भी और जितनी भी मुश्किल दरपेश हो उसे अल्लाह के लिये बर्दाश्त करे और उसी से अज्र व सवाब की उम्मीद भी रखे। क़ुरआन कहता है कि बुराई का बदला बेहतरीन भलाई से दो लेकिन ये अज़ीम काम वही कर सकता है जिसके अन्दर सब्र की सिफ़त पाई जाती हो।

## भारतीय किसान यूनियन ने मांगो के समर्थन में दिया धरना

**महोबा।** भरतीय किसान यूनियन ने फसल के बाजिब भाव और गारंटी कानून की मांग को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट परिसर में धरना प्रदर्शन कर विरोध जताया। धरना उपरांत राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त उपजिलाधिकारी को सौंपा। ज्ञापन में चेतावनी दी कि यदि किसानों की समस्याओं को गंभीरता से नही लिया गया तो किसान शांत नही बैठेंगे।

ज्ञापन में बताया कि किसान अपनी फसलों के उचित भाव के साथ एमएसपी कि मांग को लेकर दिल्ली में आंदोलन कर रहा है। जिसमें हरयाणा व पंजाब बार्डर पर 13 माह से अधिक समय से शातिंपूर्ण तरीके से अपनी मांगो को लेकर आंदोलन किया जा रहा है। सरकार द्वारा कई बार वार्ता करने के बाद भी किसानों की समस्याओं का निराकरण नही किया जा रहा है, जिससे किसानों ने जिला स्तर पर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। ज्ञापन में बताया कि 19 मार्च किसान संगठन व सरकार के मध्य वार्ता समाप्त हुई तो उसके बाद वापस अपने मोर्चो पर लौट रहे किसाना संगठन के नेताओं को पंजाब सरकार द्वारा गिरफ्तार करा लिया गया, प्रशासन के इस तानाशाही रवैये से किसानों में खासा आक्रोश है।

# अवधेश को अध्यक्ष पद से हटाने पर वैश्य समाज में नाराजगी



■ वैश्य समाज ने होली मिलन समारोह के बहाने वैश्य महापंचायत का किया आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**महोबा।** भाजपा के जिला अध्यक्ष बदले जाने से वैश्य समाज में खासी नाराजगी है। वैश्य समाज के अवधेश गुप्ता को डेढ साल से अध्यक्ष पद से हटाकर मोहन लाल कुशवाहा को जिला अध्यक्ष बनाए जाने पर होली मिलन समारोह के बहाने शुक्रवार को वैश्य महापंचायत का आयोजन कर वैश्य समाज के लोगों ने अपने अपने गुस्से का इजहार किया।

शहर के राठ रोड स्थित बाबू लाल गुप्ता के आवास परिसर में आयोजित होली मिलन समारोह के बहाने वैश्य महापंचायत का आयोजन किया गया। इस मौके पर वैश्य समाज के अध्यक्ष कालका प्रसाद गुप्ता ने कहा कि अवधेश गुप्ता ने लगभग 35 सालों तक भारतीय जनता पार्टी में रहकर पार्टी के लिए काम किया है। और पार्टी ने उन्हे सिर्फ डेढ साल के बाद ही भाजपा जिला अध्यक्ष पद से हटा दिया, इससे वैश्य समाज के लोगों में खासा आक्रोश है।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि हमेशा से वैश्य समाज भाजपा को वोट और करता रहा है, लेकिन भाजपा ने वैश्य समाज के अवधेश गुप्ता को अध्यक्ष पद से हटाकर वैश्य समाज की उपेक्षा की है। भाजपा के इस फैसले से वैश्य समाज में नाराजगी है। उन्होने कहा कि भाजपा ने वैश्य समाज को उचित मान सम्मान और पद नही दिया गया। समाज के लोगों को सिर्फ छोटे छोटे पद दिए जाते है।

## चोरी की योजना बनाते तीन बदमाश मुठभेड़ में गिरफ्तार

**उन्नाव।** बीतीरात चोरी की योजना बना रहे बदमाशों से अजगैन पुलिस का आमना-सामना हो गया। बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायर झोंक दिया। जवाबी कार्रवाई के बाद पुलिस ने तीन बदमाशों को घेराबंदी के पकड़ लिया। इसमें एक बदमाश पुलिस की गोली लगने से घायल हो गया। जिसे पुलिस अभिरक्षा में सीएचसी में भर्ती कराया गया। अजगैन कोतवाली पुलिस को मुखबिर से चोरी की बड़ी वारदात के लिए बदमाशों के एकत्र होने की सूचना मिली। इसपर पुलिस टीम बदमाशों को पकड़ने के लिए अजगैन-मोहान मार्ग उसराहा मोड पहुंची। जहां चोरी की योजना बना रहे बदमाशों ने पुलिस को आता देख फायर झोंक दिया। बचाव में पुलिस ने भी फायरिंग जिसमें थाना गंगाघाट कोतवाली के सोलह बीघा गंगापार निवासी नियाज उर्फ सोनू पुत्र छुट्टन के बाएं पैर में गोली लगने से घायल होकर गिर पड़ा। यह देख उसे साथी लखनऊ के गाजीपुर थाना क्षेत्र के इंद्रानगर मोहल्ला निवासी इरफान पुत्र जलील अहमद व लखनऊ के बाजार खाला निवासी मिलन वर्मा पुत्र कमलेश ने भागने का प्रयास किया। जिसे पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। घायल बदमाश को पुलिस सीएचसी लेकर गई जहां से इलाज कराने के बाद उसे कोतवाली ले गई। कोतवाल सुरेश सिंह ने बताया कि पकड़े गए तीनों शातिर बदमाश है और इनपर कई थानों में दर्जनों केस दर्ज है।

# माँ संदोही देवी का एक सौ पांचवाँ वार्षिकोत्सव आज से

अवधनामा संवाददाता

**बीघापुर-उन्नाव।** नगर पंचायत बीघापुर स्थित माता संदोही मंदिर भक्तों के बीच आस्था का केंद्र बिंदु बना हुआ है। दूर दराज से भारी संख्या में लोग इस मंदिर में माथा टेकने आते हैं। माना जाता है कि प्राचीन मंदिर क्रांतिकारियों की शरणस्थली भी हुआ करता था। बुजुर्ग लोग मंदिर का इतिहास बहुत ही दिलचस्प तरीके से सुनाते हैं। पौराणिकता को लेकर विख्यात माता संदोही मंदिर में सन 1921 से सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन की नींव पड़ी थी। जिसे अनवरत जारी रखा गया है। जिसके तहत 22 मार्च से यहां तीन दिवसीय सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। माता संदोही मंदिर की स्थापना 1026 विक्रम संवत में थी ऐसा मंदिर के शिलालेख में मिलता हैं। मंदिर का उल्लेख ऐतिहासिक आल्हाखण्ड में भी मिलता है। सर्वप्रथम प्रकाशित आल्हाखण्ड जिसे असली आल्हाखण्ड कहा जाता है, में देवनागरी लिपि में मुंशी रामस्वरूप के द्वारा तत्कालीन अंग्रेज अफसर साहब बहादुर मिस्टर सीई इलिएट जो कि फर्रूखाबाद का बन्दोबस्त कलेक्टर था, उसकी अनुमति पर




प्रकाशित किया गया था। इसी अंग्रेज अफसर ने इस आल्हा खण्ड को अंग्रेजी में अनुवाद कराकर लंदन भेज दिया था। इसी अनुवाद में माता सन्दोही देवी की महत्ता का वर्णन मिलता है। अफसर द्वारा बनाए गए रिकार्ड में इस बात का जिक्र है कि बीघापुर का माता संदोही देवी का मंदिर विद्रोहियों का बड़ा केन्द्र था। संवत् 1921 में प्रकाशित असली आल्हा खण्ड को पं0 भोलानाथ जी व लखीमपुर खीरी 'अवध' के नारायण प्रसाद सीताराम ने कुछ संशोधनों के साथ प्रकाशित किया था इसके दस्तावेजीय प्रमाण भी हैं। बुजुर्ग यह भी बताते हैं कि घने जंगलों के बीच छिपे होने के कारण अंग्रेजों के खिलाफक्रान्तिकारी अपनी रणनीतियों को यहीं इसी माता संदोही देवी मंदिर में बैठकर अंजाम दिया करते थे। मंदिर के उत्तर दिशा में विशाल तालाब है जिसमें पक्का घाट भी बना है। कालान्तर में इसी तालाब से लोग अपनी प्यास बुझाया करते थे। वहीं पास ही बना यात्री विश्रामालय बारादरी दूर दराज से आने वाले यात्रियों के लिए आज भी सुकून देती है। एक सैकड़ा वर्ष पूर्व सांस्कृतिक कार्यक्रमों की हुई थी शुरुआत कस्बे के शिवबालक नम्बरदार ने मंदिर के आसपास के जंगल को साफकरा कर सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन शुरू कराया था। तबसे लेकर आजतक उन सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होता आ रहा है। इस वर्ष भी परम्परागत तरीके से 22 मार्च से मंदिर समिति प्रतिवर्ष की भांति सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन कराने जा रही है। जिसमे उत्तर प्रदेश की लोक नाट्य कला का मंचन व लोक नृत्य आदि कार्यक्रम आयोजित होंगे जो 22 मार्च से 24 मार्च 2025 तक चलेंगे। मेला समिति के अध्यक्ष आयोजक पंकज कुमार सिंह व्यवस्थापक मनोज कुमार गंगा कुमार राजीव सिंह ललउनू अर्पित पटेल आजाद साउंड सर्विस सहित समस्त मेला आयोजन समिति ने समस्त जनता से कार्यक्रम में आने की अपील किया हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### शराब के नशे में व्यक्ति ने झोपड़ी में लगाई आग, गृहस्थी जलकर राख

**उन्नाव।** जिले के सोहरामऊ थाना क्षेत्र के ग्राम भटपुरा में एक दर्दनाक घटना सामने आई। गांव के बाहर स्थित एक झोपड़ी में शराब के नशे में धुत व्यक्ति ने आग लगा दी, जिससे वहां रखी पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। यह झोपड़ी बच्चूलाल पुत्र नन्हू गौतम की थी। वह इसी झोपड़ी में छोटी सी दुकान चलाकर अपने परिवार का गुजारा कर रहा था। घटना के समय बच्चूलाल की पत्नी एक बच्चे को नहला रही थीं, जबकि दो बच्चे झोपड़ी में सो रहे थे। जैसे ही झोपड़ी में आग लगी, गांववालों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सोहरामऊ थाना प्रभारी शरद कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि गांव के ही एक व्यक्ति ने नशे की हालत में यह कृत्य किया। इस आगजनी में बच्चू लाल की पूरी गृहस्थी जलकर राख हो गई। हालांकि, इस घटना को लेकर दोनों पक्षों में आपसी समझौते की बात चल रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### मथुरा में दारोगा ने वर्दी को किया शर्मसार

**मथुरा।** जनपद के थाना मगोर्रा में तैनात सब -इंस्पेक्टर मोहित राणा ने खाकी को शर्मसार करने वाली घटना को अंजाम दिया है थाने में तैनात दरोगा मोहित राणा बुधवार की रात शराब के नशे में साथी महिला सब इंस्पेक्टर के कमरे में घुस गया और उनके साथ छेड़छाड़ करने लगा।विरोध करने पर दुष्कर्म का प्रयास किया। महिला दरोगा ने किसी तरह अपनी आबरू बचाई और एसएसपी से शिकायत की। एसएसपी के निर्देश पर थाना पुलिस ने आरोपी दरोगा के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। बताया जाता है कि मगोर्रा थाने में तैनात दरोगा मोहित राणा ने महिला दरोगा को अपने मोबाइल पर कुछ वीडियो भी दिखाए। इसे देखकर महिला दरोगा काफी नाराज हो गई। उन्होंने इसकी शिकायत एसएसपी शैलेश कुमार पांडेय से की। मामला एसएसपी के संज्ञान में आया तो उन्होंने एएसपी त्रिगुण विषेन और सीओ गोवर्धन आलोक सिंह को मामले की जांच के आदेश दिए।बृहस्पतिवार को प्रशिक्षु डीएसपी और थाना प्रभारी आलोक कुमार गुप्ता ने आरोपी एसआई मोहित दरोगा को पूछताछ के लिए थाने बुलाया। जैसे ही उन्होंने पूछताछ शुरू की तो दरोगा थाने से भाग गया। उसके पीछे प्रशिक्षु डीएसपी और पुलिसकर्मी भी भागे।

# किसानों ने जिला मुख्यालय पर प्रदर्शन कर नारेबाजी की

■ राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

अवधनामा संवाददाता



**कन्नौज।** पंजाब के शंभू बॉर्डर पर प्रशासन द्वारा किसान नेताओं को हिरासत में लिए जाने वाले मामले को लेकर स्थानीय किसान नेताओं में भी आक्रोश व्याप्त हैं। जिसके चलते भाकियू टिकैत के जिलाध्यक्ष ठाकुर महेंद्र सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर नारेबाजी की। उन्होंने राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंप कर किसानों की सुरक्षा का मुद्दा उठाया। शुक्रवार को जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में भारी संख्या में किसान जिला मुख्यालय पर पहुंचे जहां उन्होंने धरना प्रदर्शन कर किसान नेताओं की गिरफ्तारी को लेकर आक्रोश व्यक्त किया। इस दौरान जिलाध्यक्ष महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि देश का किसान अपनी फसलों के वाजिव दाम के साथ गारंटी कानून की मांग सहित तमाम मामलों को लेकर दिल्ली आंदोलन से ही संघर्ष कर रहा है। देश के बड़े किसान मोर्चा सहित कुछ जत्था बंदिया हरियाणा व पंजाब बॉर्डर शंभू ब खनौरी पर 13 माह से अधिक समय शांतिपूर्ण तरीके से आंदोलन कर रहे थे। केंद्र सरकार किसानों से सभी विषयों को लेकर वार्ता कर रही थी। लेकिन दिनांक 19 मार्च 2025 को जब किसान संगठन व सरकार के मध्य वार्ता समाप्त हुई। इसके पश्चात अपने मोर्चे से वापस लौट रहे किसान संगठनों के नेताओं को किसान संगठनों के नेताओं को पंजाब सरकार द्वारा गिरफ्तार किया गया और दोनों मोर्चा को प्रशासन द्वारा तानाशाही रवैया से हटाया गया। किसानों ने दिए गए ज्ञापन में मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेकर देश के किसानों के हित में उचित निर्णय लिया जाए और न्याय दिलाया जाए। इस अवसर पर मुख्य रूप से महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष डॉ. कुसुम चौहान, सुरेश यादव, ठाकुर धर्मेंद्र सिंह राजपूत, प्रमोद तिवारी, राहुल कुमार, सत्यम प्रजापति, अकील फारुकी, कुशल पाल सिंह, डॉ. साजिद हुसैन, मारूफ खान, शबनूर खान, अनुज प्रताप सिंह, राम प्रकाश, रोहित राजपूत, उपेंद्र राजपूत सहित तमाम कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान 1 अप्रैल से

अवधनामा संवाददाता

■ एक दर्जन विभागाध्यक्ष आपसी समन्वय से करें कार्य : मनीष मीना

**मथुरा।** जनपद में विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान 1 से 30 अप्रैल तथा दस्तक अभियान 10 से 30 अप्रैल 2025 तक संचालित किया जाएगा। आज कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना की अध्यक्षता में इस अभियान को सफल बनाने के लिए प्रथम अंतर विभागीय समन्वय समिति बैठक हुई। जिसमें सीडीओ ने सभी एक दर्जन विभागाध्यक्षों से कहा कि वे आपस में समन्वय स्थापित करते हुए अभियान में सहयोग दें। उन्होंने कहा कि अभियान के दौरान आशा एवं आगनबाडी कार्यकत्री द्वारा जानकारी घर-घर लोगों तक पहुंचाई जायेंगी। सभी के समन्वित प्रयास से ही इस अभियान को सफल बनाया जा सकता है। उन्होने कहा कि चिकित्सा एंव स्वास्थ्य विभाग इस अभियान का नोडल विभाग होंगा। जो जनपद, तहसील, ब्लाक एवं ग्राम स्तर पर विभागीय अधिकारियों के बीच समन्वय स्थापित करके अभियान संचालित करेंगा। उन्होने अभियान से संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है कि निर्धारित उत्तरदायित्व के अनुपालन में शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जायेंगी। समस्त संचालित गतिविधियों को ससमय प्रतिभागिता सुनिश्चित करते हुए पूरा करें। उन्होने कहा कि नगर पालिका एंव नगर पंचायते मोहल्ला निगरानी समितियों के माध्यम से संचारी रोगों के साथ-साथ शुद्ध पेयजल, स्वच्छता, खुले में शौच न करना तथा मच्छरों के रोक-थाम के लिए जागरूकता के लिए कार्य करेंगी। खुली नालियों को ढकने की व्यवस्था की जायेंगी, फॉगिंग कराया जायेंगा, झाड़ियों की सफाई करायी जायेंगी। उन्होंने कहा कि पंचायती राज विभाग द्वारा ग्राम स्तर पर साफ-सफाई, हाथ धोना, शौचालय की सफाई तथा जल निकासी की व्यवस्था, जलाशय एवं नालियों की सफाई, झाड़ियों की काट-छाट किया जायेंगा तथा मैलाथियान से फॉगिग करायी जायेंगी। गॉव में कूडेदान की व्यवस्था करायी जायेंगी। उन्होने कहा कि पशुपालन विभाग सूकर पालको को अन्य व्यवसाय जैसे पोल्ट्री उद्योग को अपनाने के लिए प्रेरित करेंगे। सूअरबाड़ो पर वेक्टर नियंत्रण एंव सीरो सर्विलेन्स की व्यवस्था करायेंगें। सूअरबाड़े आबादी से दूर स्थापित किए जायेंगे। सूअरबाडो की नियमित सफाई करायी जायेंगी तथा कीटनाशक का छिड़काव किया जायेंगा। सभी प्रकार के पशुबाड़ों की स्वच्छता, कचरा निस्तारण तथा मच्छररोधी जाली के प्रयोग के लिए पशुपालको को प्रेरित किया जायेंगा।मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. एके वर्मा ने बताया कि अभियान के दौरान बुखार, इन्फ्लुएन्जा लाइक इलनेश (आईएलआई), क्षय रोग तथा कुपोषित बच्चों के प्राप्त सूची के अनुसार रोगियों का उपचार किया जायेंगा। विभाग द्वारा अभियान की मानीटरिंग, पर्यवेक्षण, रिपोर्टिंग, अभिलेखीकरण तथा विश्लेषण निरंतर किया जायेंगा। बैठक में जिला विकास अधिकारी गरिमा सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी एवं पीडी एके उपाध्याय, उप निदेशक कृषि, बीएसए सुनील दत्त, जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा, जिला मलेरिया अधिकारी आरके सिंह, नगर निगम के अधिकारी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, एस एमओ डब्लू एच ओ, डीएमसी यूनिसेफ सभी एमओआईसी तथा विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# स्वामी लीलाशाह जयंती पर होंगे विविध कार्यक्रम

अवधनामा संवाददाता

■ 23 को वाहन रैली, 24 को संकीर्तन यात्रा, 25 को रक्तदान शिविर

**मथुरा।** सिंधी जनरल पंचायत के तत्वावधान में सिंधी उत्सव शुरू हो चुके हैं, इसी कड़ी में सिंधी समुदाय के मार्गदर्शक आध्यात्मिक गुरू स्वामी लीलाशाह महाराज जी की 145 वीं जयंती नगर में धूमधाम से मनायी जायेगी। पंचायत के अध्यक्ष नारायणदास लखवानी ने बताया कि स्वामी लीलाशाह जयंती को भक्तिमय स्वरूप प्रदान करने के लिए सिंधी जनरल पंचायत द्वारा रूपरेखा तय कर दी गई। महामंत्री बसंत मंगलानी ने बताया कि स्वामी लीलाशाह जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।मुख्य संयोजक रामचंद्र खत्री ने बताया कि 23 मार्च रविवार को सिंधी नवयुवक मंडल द्वारा गोवर्धन चौराहे कृष्णा नगर पुलिस चौकी से प्रात 8 बजे वाहन रैली शुरू होगी, समापन स्वामी लीलाशाह सिंधी धर्मशाला में होगा, जहां सिंधी सपूत शहीद हेमु कालाणी की जयंती पर पुष्पांजलि कार्यक्रम होगा। 24 मार्च सोमवार को को प्रातः 6 बजें बहादुर पुरा स्थित स्वामी लीलाशाह सिंधी धर्मशाला से पूजा आरती के बाद संकीर्तन यात्रा शुरू होगी जिसमें स्वामी लीलाशाह की छवि की आकर्षक झांकी नगर भ्रमण करेगी और समापन पर भजन-कीर्तन होगा। सिंधी संत की की स्मृति में 25 मार्च को होगा रक्तदान होगा। स्वामी लीलाशाह सनातन धर्म के उच्च ज्ञाता थे। स्वामी लीलाशाह वेद विद्या और सनातन धर्म के उच्च ज्ञाता थे, वह समाज में व्यप्त कुरीतियों तथा लुप्त होते धार्मिक संस्कारों से काफी दुखी थे। उन्होंने भारतीय संस्कृति के पुनरोत्थान तथा सोई हुई आध्यात्मिकता को जगाने के लिये बेहतर कार्य किये उन्होंने जहां समाज को आध्यात्मिक संदेश दिया वहीं समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने हेतु सबको जागृत किया और दहेज बिना सामुहिक विवाह समारोह के प्रेरक आयोजन शुरू कराये। किशोर इसरानी ने बताया कि स्वामी लीलाशाह समाज के निर्बल वर्ग की पीड़ा से काफी आहत रहते थे, उन्होंने निर्धन विद्यार्थियों को पाठ्य सामिग्री एवं आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। कई स्थानों पर धर्मशाला, गौशाला, पाठशाला व सत्संग भवन बनवाये, ऐसे महान संत ने अपना सम्पूर्ण जीवन समाज सेवा में अर्पण करते हुए 4 नवम्बर सन् 1973 को अपना नश्वर शरीर त्याग दिया।

# रोजा इफ्तार पार्टी संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**आगरा/मथुरा।** एफ एच मेडिकल कॉलेज आगरा में एक विशाल रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया इस आयोजन को डॉ शेख के द्वारा किया गया रोजा इफ्तार पार्टी में तमाम लोग मौजूद रहे रोज़ा इफ्तार पार्टी में मुख्य अतिथि -जनाब मोहम्मद जाविद अहमद वारसी रहे जो एफ एच मेडिकल कॉलेज के चेयरमैन हैं चेयरमैन साहब ने कहा कि पिछले साल भी डॉ शेख ने कॉलेज में रोजा इफ्तार कराया था वो काफी शानदार था। इस वर्ष उस से भी बेहतर रोजा इफ्तार कराया है रोजा इफ्तार की सब से बड़ी बात यह थी कि रोजा इफ्तार में सभी धर्म के लोग ओर सभी धर्म के स्टूडेंट मोजूद रहे। इस मौके पर वीआईपी पार्टी के अध्यक्ष जनाब डॉ शेख ने कहा कि मेरे बड़े बेटे डॉ अजहर अली शेख ने अपनी एमबीबीएस. की डिग्री एफ एच मेडिकल कॉलेज से पूरी की है और भाई डॉ अजमल अली शेख के बेटे डॉ आज़िम अली शेख इसी कॉलेज से एमबीबीएस. की पढ़ाई कर रहे हैं, उन्ही के द्वारा रोजा इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया है। डॉ शेख ने कहा कि हम चाहते हैं यह कॉलेज दिन दोनी रात चौगुनी तरक्की करे रोजा इफ्तार के बाद देश में अमन चैन और आपसी भाई चारे के लिए दुआ की गई। इस मौके पर डॉ जाविद साहब, डॉ रिहान साहब, जिशान साहब, रिजवान परवेज साहब, फ़ैज़ान साहब, वकार वारसी, चौहान साहब, यासिर, शोएब लाला, अज़हर, ज़ीब्रन, अरसलान, तनवीर, अलमास सानी, शाफ़ी, ज़ुबैर, कैफ़ राजपूत, शारिक़, आकिब, असद, जुनैद, डॉ असलम अली शेख, डॉ ताज, डॉ अजहर अली शेख , डॉ वसीम अली शेख , डॉ सोहिल आदि मोजूद रहे है।

# विद्युत अधिकारियों ने बड़े पैमाने पर चलाया विद्युत चेकिंग अभियान

■ छह कनैक्सन काटे, बकायेदारों से वसूला लाखों रूपए का राजस्व

अवधनामा संवाददाता



**गुरसहायगंज, कन्नौज।** लाईन लॉस एवं बकायेदारी के चलते अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार एवं अधिसाषी अभियंता राजीव कुमार के साथ एसडीओ बृजेश कुमार सिरोही ने विद्युत कर्मियों की टीम के साथ नगर व क्षेत्र में एक विशेष विद्युत चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें आधा दर्जन कनेक्सन विच्छेद कर बकायेदारों से लाखों रूपए का बकाया वसूल किया गया। शुक्रवार को विशेष चेकिंग अभियान के दौरान अधीक्षण अभियंता राजीव कुमार एवं अधिसाषी अभियंता राजीव कुमार सहित एसडीओ बृजेश कुमार सिरोही ने टीम के साथ नगर के मोहल्ला रामगंज एवं ग्रामीण अंचलों में बकायेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की। टीम ने छह बकायेदारों से कनेक्शन काटे और विद्युत बिलों के लंबित भुगतान को लेकर चेतावनी दी। अधिकारियों ने कहा कि इस अभियान का उद्देश्य विद्युत चोरी को रोकना और बकायेदारों से बकाया राजस्व वसूल करना था। इस अभियान के तहत सात लाख रूपए का राजस्व वसूल किया गया। उन्होने क्षेत्रीय लोगों से भी अपील की कि वे अपने बकाया बिलों का समय पर भुगतान करें। ताकि ऐसे अभियानों की आवश्यकता न पड़े। उन्होनें यह भी स्पष्ट किया कि ऐसे अभियान नियमित रूप से चलाकर बकायेदारों के खिलाफसख्त कदम उठाए जाएंगे। इस दौरान अवर अभियंता विकास कुमार सहित तमाम कर्मी मौजूद रहे।

# तेजस्वी प्रकाश जैसी ग्लोइंग स्किन चाहिए, तो एक्ट्रेस का बताया हुआ होममेड फेस पैक कैसे बनाएं

टेलीविजन इंडस्ट्री और बिग बॉस 15 फेम एक्ट्रेस तेजस्वी प्रकाश आज किसी पहचान की मोहताज नहीं है। एक्ट्रेस अपनी बेदाग खूबसूरती के लिए फैंस के बीच सबसे ज्यादा पॉपुलर है। तेजस्वी की खूबसूरती के उनके फैंस भी दीवाने है। क्या आप भी उनके ग्लोइंग त्वचा का राज जानना चाहते हैं, तो यह लेख आपके लिए है। तेजस्वी प्रकाश ने अपनी बेदाग खूबसूरत त्वचा का सीक्रेट सोशल मीडिया पर शेयर किया। अब आप भी दमकती त्वचा पाने के लिए घर पर बना सकते हैं यह सीक्रेट होममेड फेस पैक। आइए आपको बताते हैं इसे कैसे बनाएं।



### *होममेड फेस पैक बनाने के लिए जरुरी चीजें*

- दो बड़े चम्मच बेसन
- एक चम्मच दही

### *कैसे बनाएं ये फेस पैक*

इस पैक को बनाने के लिए आपको सबसे पहले एक कटोरी में 2 चम्मच बेसन और 1 चम्मच दही डालकर अच्छे से मिला लें। इस पैक को लगाने से कई फायदे मिलते हैं। जैसे कि बेसन एक प्राकृतिक एक्सफोलिएंट है। बेसन से त्वचा को साफ करने से त्वचा में रंगत आती है। इतना ही नहीं, बेसन त्वचा से मुंहासों, काले धब्बों और अनइवन स्किन टोन जैसी समस्याओं को ठीक करने में मदद कर सकता है।

### *फेस पैक को यूज करने का तरीका*

इस फेस पैक को चेहरे और गर्दन पर लगाकर 15 मिनट के लिए छोड़ दें। इसके बाद आप फेस पैक को पानी से धो लें।

# दुल्हन को पसंद आती है ट्रेडिशनल मारवाड़ी मेहंदी डिजाइन, आप भी करें ट्राई

शादियों का सीजन शुरू हो चुका है और इसी के साथ होने वाली दुल्हन एक अच्छी मेहंदी आर्टिस्ट तलाश करना शुरू कर देती हैं। वैसे तो आपको अपने-अपने शहर में अच्छा मेहंदी आर्टिस्ट मिल जाएगा। लेकिन हाथों में कैसी ब्राइडल मेहंदी लगवानी है, उसके लिए अच्छी डिजाइंस की तलाश रहती है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसे मेहंदी डिजाइंस दिखाने जा रहे हैं, जो आजकल हर दुल्हन को पसंद आते हैं। साथ ही इन मेहंदी डिजाइंस को लगाने में ज्यादा समय भी नहीं लगता है। आपको बता दें कि मेहंदी डिजाइंस को लेकर आजकल की दुल्हन बहुत ज्यादा सिलेक्टिव हो गई हैं। ब्राइडल को ज्यादा पारंपरिक डिजाइंस अच्छी नहीं लगती हैं और न ही उनको मेहंदी लगवाने के लिए बहुत ज्यादा समय नहीं लगता है। ऐसे में दुल?हन की मेहंदी को ट्रेडिशनल के साथ-साथ मॉर्डन टचअप देने के लिए हम बहुत सारे एलिमेंट्स का इस्तेमाल करते हैं। जिसकी वजह से मेहंदी की डिजाइन यूनिक हो जाती है।



### *लेटेस्ट ब्राइडल मेहंदी डिजाइन*

ब्राइडल के हाथ पर मेहंदी रचानी हो या फिर दूल्हे की भाभी लगानी हो, तो मारवाड़ी ट्रेडिशनल मेहंदी काफी अच्छी लगती है। आप घर में आई मेहंदी आर्टिस्ट को इन फोटोज को जरूर दिखाएं। इससे वह हाथों पर सुंदर मोर और दुल्हा-दुल्हन के पैटर्न वाली डिजाइन काफी अच्छी लगेगी।

### *ब्राइडल हिना डिजाइन*

दुल्हन के हाथों पर मेहंदी लगानी है, तो वह इस तरह के दूल्हा-दुल्हन के पैटर्न वाली हिना डिजाइन वाली मेहंदी लगवा सकती हैं।

### *ट्रेडिशनल मेहंदी डिजाइन*

यह मेहंदी डिजाइन सिर्फ ब्राइडल ही नहीं बल्कि शादी वाले घर में बहन और भाभियां भी खूब पसंद करती हैं। यह मेहंदी डिइन नई नवेली दुल्हन वाला इफेक्ट भी देती है।

### *फ्रंट हैंड मेहंदी डिजाइन*

अगर आपको फ्रंट हैंड पर मेहंदी लगानी है, लेकिन आपको मिनिमल डिजाइन पसंद है। तो आप इस तरह क्रिएटिव तरीके से ब्राइडल पैटर्न को फ्रंट हैंड पर लगवा सकती हैं।

### *फुल हैंड मेहंदी डिजाइन*

फूल-पत्तियों के साथ फुल हैंड हिना डिजाइन बेहद अच्छी लगती है और आप इसको आसानी से लगवा सकती हैं।

### *पिकॉक पैटर्न हिना डिजाइन*

मोर के पैटर्न वाली फ्रंट हैंड हिना डिजाइन मेहंदी अट्रैक्टिव होने के साथ ही इसको लगाना भी काफी आसान है। इस मेहंदी डिजाइन को भी महिलाएं खूब पसंद करती हैं।

### *फ्रंट हैंड पिकॉक पैटर्न सिंपल डिजाइन*

बता दें कि पिकॉक पैटर्न की सिंपल और आसानी सी लगने वाली यह मेहंदी डिजाइन ब्राइडल की मम्मी पर खूब जंचेगी। साथ ही इस डिजाइन को लगाने में अधिक मेहनत भी नहीं लगती है।

# ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए ट्राई करें ये कश्मीरी स्टाइल सूट, हर कोई करेगा ड्रेसिंग सेंस की तारीफ

पार्टी से लेकर ऑफिस तक में न्यू लुक पाने के लिए महिलाएं अक्सर सूट पहनना पसंद करती हैं। सूट में कई तरह की डिजाइंस और पैटर्न देखने को मिल जाते हैं। जिनको आप कई खास मौकों पर स्टाइल कर सकती हैं। लेकिन अगर आप किसी खास इवेंट पर न्यू और स्टाइलिश लुक पाना चाहती हैं, तो आपको कश्मीरी स्टाइल वाले सूट कैरी करने चाहिए। इस तरह के सूट पहनने के बाद काफी अच्छे लगते हैं और आपको बेहद खूबसूरत लुक मिलता है। ऐसे में आज इस आर्टिकल के जरिए हम आपको कुछ कश्मीरी स्टाइल वाले सूट के बारे में बताने जा रहे हैं, जिनको कैरी करने के बाद आपके लुक में चार चांद लग जाएंगे।



### *फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट*

न्यू लुक पाने के लिए इस तरह के सूट बेस्ट ऑप्शन साबित हो सकते हैं। फ्लोरल एम्ब्रॉयडरी वर्क सूट में आपका लुक बेहद खूबसूरत नजर आएगा। इस सूट में फ्लोरल डिजाइन में एम्ब्रॉयडरी वर्क किया है। इस सूट में पेंट स्टाइल में सलवार है, जो आपके लुक को स्टाइलिश बनाने का काम करेगा। इस तरह के सूट के साथ नेट का दुपट्टा या शॉल कैरी कर सकती हैं। मार्केट में आपको 2,000 रुपए तक में इस तरह का सूट मिल जाएगा। वहीं आप इस सूट के साथ बालों में बन बना सकती हैं और ज्वेलरी में झुमकी कैरी कर सकती हैं। एम्ब्रॉयडरी सूट में आपको तमाम तरह के ऑप्शन मिल जाएंगे। इसमें आपको सिंपल डिजाइन वाला सूट भी मिल जाएगा। लेकिन इस तरह के सिंपल सूट में जो दुपट्टा है, उसमें एम्ब्रॉयडरी की गई है। यह आपके लुक को स्टाइलिश बनाएगा और आप इसको ऑफिस या फिर किसी खास इवेंट में कैरी कर सकती हैं।

### *सीक्विन वर्क कश्मीरी सूट*


अगर आप रॉयल लुक पाना चाहती हैं, तो आप इस तरह के सीक्विन वर्क कश्मीरी सूट भी ट्राई कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आपको कई तरह के कलर और डिजाइन मिल जाएंगे। इस सूट को आप किसी पार्टी या फिर शादी आदि में स्टाइल कर सकती हैं। आप मार्केट से इस तरह के सूट 1,500 से 3,000 तक में खरीद सकती हैं। इसके साथ आप मिरर वर्क वाली ज्वेलरी कैरी कर सकती हैं। वहीं फुटवियर में आप कस्टमाइज्ड जूती वियर कर सकती हैं।

### *प्रिंटेड कश्मीरी सूट*

बता दें कि न्यू लुक पाने के लिए यह प्रिंटेड कश्मीर सूट भी बेस्ट है। इस सूट में आपका लुक सबसे अलग नजर आएगा। ऑफिस या किसी पार्टी में न्यू लुक पाने के लिए आप इस तरह का सूट वियर कर सकती हैं। वहीं आप मार्केट या फिर ऑनलाइन भी इस तरह के सूट सस्ते दामों पर ले सकती हैं। प्रिंटेड कश्मीरी सूट के साथ आप सिंपल ज्वेलरी स्टाइल कर सकती हैं और फुटवियर में फ्लैट्स कैरी कर सकती हैं। प्रिंटेड सूट में आप व्हाइट कलर के कश्मीरी सूट भी स्टाइल कर सकती हैं। यह न्यू और स्टाइलिश लुक पाने के लिए बेस्ट ऑप्शन है। वहीं आप इसमें ग्रीन कलर के प्रिंटेड सूट का भी चुनाव कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आपको कई सारे डिजाइन ऑप्शन मिल जाएंगे। जिनको आप खास मौके पर स्टाइल कर अपने लुक को बेस्ट बना सकती हैं।

# चमकती त्वचा पाने के लिए चावल के आटे में मिला लें यह एक चीज फिर देखें चमत्कार, पहले इस्तेमाल से दिखेंगा ग्लो

पुरुष हो या महिला हर किसी को बेदाग त्वचा की चाहत रहती है। हर किसी को क्लियर स्किन जरुर चाहिए। आजकल की खराब लाइफस्टाइल और गलत खानपान की वजह स्किन प्रॉब्लम देखने को मिलते है। कई महंगे-महंगे स्किन प्रोडक्ट्स और स्किन केयर सब ट्राई कर लिया लेकिन मनचाह रिजल्ट भी नहीं मिला। इसलिए आप नेचुरल चीजों का इस्तेमाल कर सकते हैं। चावल का आटा स्किन के लिए काफी फायदेमंद होता है और स्किन केयर में इसका काफी यूज किया जाता है। इसके प्रयोग से आप कई स्किन प्रॉब्लम से छुटकारा मिल सकता है।



### *पिंपल के दाग को साफ करता है*

अगर आप मुहांसों के दाग को साफ करना चाहते हैं, तो आप कैस्टर ऑयल में फैटी एसिड, एंटीऑक्सिडेंट और विटामिन ई होता है जो स्किन की मरम्मत करने और दाग-धब्बों को मिटाने में मदद करता है। इस फेस पैक को बनाने के लिए आपको चाहिए ऑर्गेनिक अरंडी का तेल और 2 बड़े चम्मच चावल का आटा। इसे फेस पैक को बनाने के लिए चावल के आटे में तेल मिला लें। फिर इस पोस्ट को मुहांसे के दाग पर लगाकर धीरे-धीरे मालिश करें। 30 मिनट बाद अपने चेहरे को गुनगुने पानी से धो लें।

### *डार्क सर्कल होंगे दूर*


डार्क सर्कल से छुटकारा पाने के लिए आपको चाहिए चावल में एक चुटकी हल्दी और टमाटर का रस मिलाएं। अब आप चावल के आटे और हल्दी का फेस पैक अपने काले घेरों पर लगाएं और 10 मिनट बाद ठंडे पानी से धो लें। इन तीन चीजों में त्वचा को चमकदार बनाने के गुण होते हैं।

### *हाइपरपिगमेंटेशन की दिक्कत भी होगी दूर*

हाइपरपिगमेंटेशन की समस्या को दूर करने के लिए चावल का आटा खूब काम आ सकता है।इस फेस पैक को बनाने के लिए नींबू और चावल के आटे का इस्तेमाल करें। दोनों चीजों मिलाने के बाद गुलाब जल की कुछ बूंदें मिलाएं और फिर पैक को अपने चेहरे और गर्दन पर लगाएं। इसे ठंडे पानी से धोने से पहले 20 मिनट तक लगा रहने दें।

# ठंड में फटी एड़ियों से चाहिए छुटकारा तो एलोवेरा जेल की मदद से बनाएं ये फुट क्रीम

ठंड का मौसम हमारे पैरों के लिए काफी हार्श हो सकता है। नमी की कमी के चलते अक्सर पैरों में रुखापन व क्रैक्ड एड़ियों की समस्या हो सकती है। इस स्थिति में यह बेहद जरूरी है कि आप अपने पैरों की अतिरिक्त देखभाल करें। यूं तो मार्केट में कई तरह की फुट क्रीम मिलती हैं, लेकिन ये काफी महंगी होती हैं और इससे आपकी जेब पर अतिरिक्त बोझ पड़ सकता है। ऐसे में जरूरी है कि आप खुद घर पर ही नेचुरल फुट क्रीम बनाकर तैयार करें। इसके लिए एलोवेरा जेल का इस्तेमाल किया जा सकता है। एलोवेरा जेल आपके पैरों को मॉइश्चराइज करने के साथ-साथ उसे सूदिंग अहसास करवाता है। जिसकी वजह से आपको ठंड में फटे पैरों की वजह से होने वाले दर्द से आराम मिलता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि आप ठंड के मौसम में अपने पैरों का ख्याल रखने के लिए एलोवेरा जेल की मदद से फुट क्रीम किस तरह बनाकर तैयार कर सकते हैं।



एलोवेरा जेल और शिया बटर फुट क्रीम

शिया बटर ठंड के दिनों में बहुत रूखी स्किन के लिए काफी अच्छा माना जाता है, जबकि एलोवेरा जेल से आपको एक सूदिंग और कूलिंग इफेक्ट मिलता है।

### *आवश्यक सामग्री*

2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल

2 बड़े चम्मच शिया बटर

1 चम्मच बादाम का तेल

### *फुट क्रीम बनाने का तरीका*

सबसे पहले शिया बटर को डबल बॉयलर या माइक्रोवेव में तब तक पिघलाएं जब तक यह पूरी तरह से चिकना न हो जाए।

अब पिघले हुए शिया बटर को एलोवेरा जेल के साथ मिलाएं।

बादाम का तेल डालें और क्रीमी होने तक फेंटें।

इसे ठंडा होने दें और एक एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें।

आप इसे नहाने के बाद रोज़ाना एड़ियों पर लगाएं।

एलोवेरा जेल और नारियल तेल फुट क्रीम

एलोवेरा स्किन को गहराई से हाइड्रेट करता है, जबकि नारियल तेल नमी को लॉक करता है, जिससे फटी एड़ियों की समस्या ठीक होती है।

### *आवश्यक सामग्री*

2 बड़े चम्मच एलोवेरा जेल

2 बड़े चम्मच नारियल तेल

1 चम्मच विटामिन ई तेल

### *फुट क्रीम बनाने का तरीका*

नारियल तेल को हल्का गर्म करें ताकि यह पिघल जाए।

अब एक छोटे कटोरे में एलोवेरा जेल और नारियल तेल मिलाएं।

इसमें विटामिन ई तेल डालें और मिश्रण के चिकना होने तक हिलाएं।

इसे एक छोटे जार में स्टोर करें।

सोने से पहले साफ पैरों पर अच्छी मात्रा में मालिश करें और मोजे से ढक दें।

# सर्दियों में स्किन का याल रखता है गुड़, इन तीन तरीकों से करें इस्तेमाल



ठंड के मौसम में हम सभी गुड़ का सेवन जरूर करते हैं। यह शरीर को गरमाहट प्रदान करता है। लेकिन क्या आपको पता है कि गुड़ ठंड के दिनों में आपकी स्किन का ख्याल भी रख सकता है। सर्दी के मौसम में जब आपकी स्किन रूखी व बेजान हो जाती है तो ऐसे में गुड आपकी स्किन को हाइड्रेटेड और ग्लोइंग बनाए रखता है। यह विटामिन, मिनरल और एंटी-ऑक्सीडेंट से भरपूर है जो आपकी स्किन को मॉइश्चराइज़ करने के साथ-साथ उसे एक्सफ़ोलिएट और हील भी करता है। गुड़ को आप कई अलग-अलग तरीकों से अपने विंटर स्किन केयर रूटीन का हिस्सा बना सकते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि ठंड के दिनों में अपनी स्किन का ख्याल रखने के लिए आप गुड़ का इस्तेमाल किस तरह करें।

### *गुड़ और शहद से बनाएं फेस मास्क*

ठंड के मौसम में अपनी स्किन की नमी को बनाए रखने और डेड स्किन सेल्स को हटाने के लिए आप गुड़ और शहद की मदद से फेस मास्क बनाकर इस्तेमाल करें।

### *आवश्यक सामग्री*

1 बड़ा चम्मच गुड़ पाउडर या कुचला हुआ

1 बड़ा चम्मच शहद

### *इस्तेमाल का तरीका*

सबसे पहले गुड़ को शहद के साथ मिलाकर पेस्ट बना लें।

अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर 10-15 मिनट तक लगाएं।

अंत में, गुनगुने पानी से चेहरा धो लें और स्किन को मॉइश्चराइज करें।

### *गुड़ से बनाएं लिप बाम*

ठंड के मौसम में होंठों के रूखेपन या फटने की समस्या बेहद आम है। ऐसे में आप गुड़ की मदद से लिप बाम बनाएं। यह आपके होंठों की नमी को बनाए रखने में मदद करेगा।

### *आवश्यक सामग्री*

1 चम्मच गुड़

1 चम्मच घी या नारियल का तेल

### *इस्तेमाल का तरीका*

गुड़ को घी या नारियल के तेल के साथ मिक्स करें।

अब इसे अपने होठों पर लगाएं।

आप हर दिन इसका इस्तेमाल कर सकती हैं और सर्दियों में भी होंठों को मुलायम बनाए रख सकती हैं।

### *गुड़ से बनाएं स्क्रब*

गुड़ की मदद से स्क्रब भी बनाया जा सकता है। आप इसके साथ ओट्स या चीनी का इस्तेमाल कर सकते हैं।

### *आवश्यक सामग्री*

1 बड़ा चम्मच गुड़

1 बड़ा चम्मच पिसा हुआ ओट्स या चीनी

1 बड़ा चम्मच जैतून का तेल

### *स्क्रब बनाने का तरीका*

सबसे पहले गुड़ को पिसे हुए ओट्स या चीनी के साथ मिक्स करें।

अब इसमें जैतून का तेल मिलाएं।

इसे अपने चेहरे या शरीर पर लगाकर मसाज करें और धो लें।

# सफेद बालों की समस्या दूर होगी, घर में बना यह तेल, बाल होंगे काले

आजकल युवाओं से लेकर बड़ों लोगों को सफेद बालों की समस्या से जूझ रहे हैं। हमारी जीवनशैली और खानपान का असर हमारे शरीर में जरुर देखने को मिलता है। कई कारण से बालों का सफेद होने की समस्या ज्यादा देखने को मिल रही है। यदि आप भी बालों के सफेद होने से परेशान हैं, तो घर में बने इस हेयर ऑयल को जरुर लगाएं। जो बालों को काला कर देगी और बालों का नेचुरल कलर लौट आएगा।



### *बालों को काला करने वाला हेयर ऑयल बनाने का तरीका*

- 1 कप कलौंजी
- 1 कप सरसों का तेल
- पानी

### *कैसे बनाएं बालों को काला करने वाला तेल*

- इसके लिए आप एक कप कलौंजी को किसी कांच के बर्तन में रातभर के लिए भिगोकर छोड़ दें।

- अगली सुबह इस पानी के साथ कलौंजी को पीसकर पेस्ट बना लें।

- फिर आप किसी लोहे की कड़ाही में ये पेस्ट और सरसों का दो कप तेल डालकर पकाएं। इसे तब तक पकाएं जब तक कि ये पककर आधा ना होने लगे। गैस की फ्लेम को बंद कर दें और ठंडा होने जाने दें।

- अब किसी मलमल के कपड़े से इसे अच्छे से छान लें और तेल को किसी कांच की शीशी में भरकर रख लें और तैयार है बालों को नेचुरली काला करने वाला तेल।

### *कैसे बालों पर लगाएं यह ऑयल*

रात को सोने से पहले आप बालों को जड़ो और जिन जगहों पर बाल सफेद हो रहे हैं वहां हेयर ऑयल लगा लें। पूरी रात के लिए छोड़ दें फिर अगली सुबह शैंपू से बालों को धो लें। लगातार कई सप्ताह बालों में तेल लगाने से बालों का नेचुरल कलर लौट आएगा।

# कोलेजन को बूस्ट करने में माहिर है ये फल, स्किन बनेंगी चमकदार

चमकदार और अच्छी त्वचा पाने के लिए कोलेजन का होना काफी जरुरी है। यह एक प्रकार का प्रोटीन है, जो स्किन मेजर बिल्डिंग ब्लॉक होता है और स्किन स्ट्रक्चर, स्ट्रेंथ और इलास्टिसिटी बनाए रखने में मदद करता है। अगर आप भी नैचुरली तरीके से कोलेजन को बूस्ट करना चाहती हैं, तो आप अपने डाइट में कुछ फलों को जरुर शामिल करें। चलिए आपको इन फलों के बारे में बताते हैं, जिनका सेवन करने से कोलेजन बूस्ट होता है।



### *संतरे*

संतरे में सबसे ज्यादा विटामिन सी मौजूद होती है, जो शरीर को डैमेज होने से बचाता है। संतरे के सेवन से चेहरे पर चमक आती है। रोजाना एक या दो संतरे खाने से काले धब्बे, मुंहासों के दाग हल्के हो जाते हैं।

### *बेरीज*

जितनी भी बेरीज मौजूद है जैसे कि-स्ट्रॉबेरी, ब्लूबेरी, रास्पबेरी, ब्लैकबेरी और क्रैनबेरी में कोलेजन मात्रा भरपूर होती है। इन सभी बेरीज में जरुरी विटामिन सी होता है। जो कि स्किन के लिए काफी फायदेमंद होती है। आमतौर पर इन बेरीज में एलाजिक एसिड होता है, जो आपकी स्किन को यूवी डैमेज से बचाता है।

### *ट्रॉपिकल फ्रूट्स*

कोलेजन के बढ़ाने के लिए आप अनानास, कीवी, पैशन फ्रूट, आम और अमरूद जैसे फलों का सेवन करना जरुरी है। यह फल के स्वाद के साथ ही शरीर को आंतरिक रूप से पोषण देता है। तरबूज में पानी की मात्रा सबसे ज्यादा होती है और स्किन का हाइड्रेटेड रखता है। इसके अलावा, पपीते में पपेन नामक एक एंजाइम होता है, जो त्वचा को एक्सफोलिएट करने में मदद करता है।

### *ग्रेप फ्रूट*

अंगूर में विटामिन सी और एंटीऑक्सीडेंट सबसे ज्यादा पाया जाता है। यह स्किन की इलास्टिसिटी में सुधार करने में मदद करता है। अंगूर खाने से हयालूरोनिक एसिड की भरपाई होती है। इससे आपको कोलेजन भी काफी बढ़ता है।

### *एवोकाडो*

यह फल हेल्थ के साथ ही स्किन के लिए काफी फायदेमंद है। एवोकाडो खाने से स्किन की लोच बढ़ेगी और त्वचा मुलायम और कोमल बनेगी। इसमें एंटीऑक्सीडेंट और विटामिन ई मौजूद होता, जो स्किन के कोलेजन को बढ़ाता है।

# भारत ने हासिल किया एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का ऐतिहासिक मुकाम, प्रधानमंत्री मोदी ने की सराहा

**गर्व**

**प्रधानमंत्री मोदी ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, भारत के लिए गर्व का क्षण!**



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को भारत के एक बिलियन टन कोयला उत्पादन के महत्वपूर्ण लक्ष्य को पार करने की उपलब्धि की सराहना की। उन्होंने इसे देश की ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

प्रधानमंत्री मोदी ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए कोयला क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों की कड़ी मेहनत और समर्पण की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि भारत की ऊर्जा स्थिरता और सतत विकास को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

प्रधानमंत्री मोदी ने माइक्रोब्लॉगिंग साइट एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा, भारत के लिए गर्व का क्षण! एक बिलियन टन कोयला उत्पादन का ऐतिहासिक मुकाम पार करना एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। जो हमारी ऊर्जा सुरक्षा, आर्थिक विकास और आत्मनिर्भरता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उपलब्धि इस क्षेत्र से जुड़े सभी लोगों की मेहनत और समर्पण का परिणाम है। केंद्रीय कोयला एवं खनन मंत्री गिरीश किशन रेड्डी ने भी इस उपलब्धि की सराहना करते हुए प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व को श्रेय दिया, जिसने इस क्षेत्र में तकनीकी उन्नति को अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीकों और कुशल खनन प्रक्रियाओं को अपनाकर, भारत ने न केवल कोयला उत्पादन को बढ़ाया है, बल्कि सतत और जिम्मेदार खनन को भी प्राथमिकता दी है।

उन्होंने कहा, यह महत्वपूर्ण उपलब्धि भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देगी, देश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करेगी और सभी नागरिकों के लिए ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करेगी।

**भारत में कोयला क्षेत्र की अहम भूमिका**

कोयला मंत्रालय द्वारा पिछले महीने जारी आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार, भारत दुनिया में पांचवां सबसे बड़ा कोयला भंडार रखने वाला देश है और दूसरा सबसे बड़ा उपभोक्ता है। कोयला देश की राष्ट्रीय ऊर्जा खपत का 55% योगदान देता है और ऊर्जा सुरक्षा के लिए एक अनिवार्य संसाधन बना हुआ है।

भारत में 74% बिजली उत्पादन थर्मल पावर प्लांट्स से होता है, जिससे कोयला क्षेत्र की मजबूती आवश्यक हो जाती है।

दिसंबर 2024 में कोयला उद्योग की विकास दर 5.3% दर्ज की गई, जो भारत की आठ प्रमुख उद्योगों में सबसे अधिक थी। यह क्षेत्र भारतीय रेलवे के मालभाड़ा राजस्व का 50% उत्पन्न करता है और लगभग 4.78 लाख लोगों को प्रत्यक्ष रोजगार प्रदान करता है।

## सांसदों को अयोग्य ठहराने की याचिकाओं का निपटारा

**नई दिल्ली।** राज्यसभा सभापति जगदीप धनखड़ ने एनसीपी और एनसीपी एसपी सांसदों को अयोग्य ठहराने की मांग वाली याचिकाओं का निपटारा कर दिया। दरअसल दोनों पार्टियों ने ही सभापति को आवेदन देकर इस मामले में आगे कोई कार्रवाई न करने की मांग की थी, जिसके बाद सभापति ने इन याचिकाओं का निपटारा करने का फैसला किया।

राज्यसभा (दलबदल के आधार पर अयोग्यता) सदस्य नियम 1985 की धारा 6 (2) के तहत 20 नवंबर 2023 को एनसीपी सांसद प्रफुल्ल पटेल ने एनसीपी एसपी सांसदों वंदना चव्हाण और फौजिया खान को अयोग्य ठहराने की मांग की गई थी। इसके बाद 21 नवंबर 2023 को वंदना चव्हाण ने भी प्रफुल्ल पटेल के खिलाफ ऐसी ही याचिका दायर की।

दोनों याचिकाएं मूलतः संविधान की दसवीं अनुसूची के अंतर्गत थीं, जिसमें दलबदल के आधार पर अयोग्यता के प्रावधान हैं।

# अपने निर्वाचन क्षेत्र में सभी नागरिकों की स्वास्थ्य जांच कराएं सांसद, लोकसभा में बोले जेपी नड्डा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने शुक्रवार को लोकसभा में सभी सांसदों से अपील की कि वे अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में रहने वाले सभी नागरिकों की हर साल स्वास्थ्य जांच होना सुनिश्चित करें। नड्डा ने कहा कि सरकार ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर के तहत 30 साल के सभी नागरिकों की स्वास्थ्य जांच कराने का अभियान शुरू किया है। इन मुफ्त चेकअप के दौरान लोगों के ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और कैंसर जैसी बीमारियों की जांच की जाएगी।

**35 करोड़ लोगों की हो चुकी जांच**

जेपी नड्डा ने कहा कि जब से यह अभियान शुरू हुआ है, तब से 35 करोड़ लोगों की जांच की जा चुकी है। इनमें से 4.2 करोड़ लोग हाइपरटेंशन से पीड़ित मिले हैं। वहीं 2.6 करोड़ लोगों में डायबिटीज के लक्षण मिले हैं। जेपी नड्डा ने बताया कि 29 करोड़ लोगों की कैंसर की जांच की गई है, इनमें से 1.18 करोड़ लोगों में कैंसर का पता चला है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मैं आप सभी से अपील करता हूं कि



अपने निर्वाचन क्षेत्र में हर साल नागरिकों के लिए मुफ्त स्वास्थ्य जांच का आयोजन कराएं।

उन्होंने कहा कि आज देश में 372 डे केयर सेंटर, 19 राज्य कैंसर सेंटर और 22 क्षेत्रीय कैंसर सेंटर संचालित हो रहे हैं। सभी एम्स में कैंसर केयर सेंटर हैं, जहां सभी आधुनिक जांच उपकरण मौजूद हैं। हरियाणा के झज्जर में मौजूद सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, दुनिया के सबसे अच्छे कैंसर अस्पतालों में से एक है। बजट में की गई घोषणा के मुताबिक सरकार हर जिले में कैंसर डे केयर सेंटर बनाएगी, जहां कीमोथेरेपी की सुविधा भी मिलेगी। जेपी नड्डा ने कहा कि इस साल ऐसे 200 सेंटर देश में खोले जाएंगे और बाकी आने वाले वर्षों में खोले जाएंगे।

एक अन्य सवाल के जवाब में केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि देश में टीबी मरीजों के लिए 3,635 करोड़ रुपये डीबीटी स्कीम के जरिए भेजे गए हैं। हर मरीज को पोषक तत्व खरीदने के लिए एक हजार रुपये दिए गए हैं।

## इफ्तार में शामिल होने पाकिस्तानी उच्चायोग पहुंचे कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर, अभय चौटाला भी दिखे

**नई दिल्ली।** पाकिस्तान उच्चायोग द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर समेत कई राजनीतिक हस्तियां शामिल हुईं। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला भी इस आयोजन में पहुंचे। आइए इस खबर के बारे में और जानें।

पाकिस्तान उच्चायोग द्वारा आयोजित इफ्तार पार्टी में कांग्रेस नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर समेत कई राजनीतिक हस्तियां शामिल हुईं। इनेलो नेता अभय सिंह चौटाला भी इस आयोजन में पहुंचे। जब मणिशंकर अय्यर से पत्रकारों ने इस इफ्तार पार्टी में उनकी उपस्थिति को लेकर सवाल किए, तो उन्होंने कोई प्रतिक्रिया नहीं दी और चुपचाप वहां से निकल गए।

पत्रकारों ने मणिशंकर अय्यर से इफ्तार पार्टी में शामिल होने को लेकर प्रतिक्रिया मांगी, लेकिन उन्होंने बिना जवाब दिए अपनी कार में बैठकर वहां से प्रस्थान कर लिया। यह आयोजन पाकिस्तान के राष्ट्रीय दिवस 23 मार्च के उपलक्ष्य में किया गया था। गौरतलब है कि अय्यर पिछले वर्ष भी इसी तरह की इफ्तार पार्टी में शामिल हुए थे।

आईएनएलडी नेता अभय सिंह चौटाला ने इफ्तार पार्टी में शामिल होने को लेकर कहा कि उन्हें इस आमंत्रण पर खुशी हुई। उन्होंने कहा, ÷हम इफ्तार के माध्यम से एक-दूसरे से मिलते हैं और भावनाओं को समझते हैं। इस तरह के कार्यक्रम संवाद और समाधान के रास्ते खोलते हैं। इससे पहले इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग द्वारा दिल्ली में आयोजित इफ्तार पार्टी में भी कई प्रमुख राजनीतिक नेता शामिल हुए। इस अवसर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस सांसद शशि थरूर और सोनिया गांधी मौजूद रहीं। समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव और सांसद जया बच्चन ने भी इस आयोजन में शिरकत की। भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा ने इस आयोजन में आमंत्रित किए जाने पर आभार व्यक्त किया।

# कर्नाटक विधानसभा में हनीट्रैप पर हंगामा, सदन की कार्यवाही स्थगित, सीबीआई जांच की उठी मांग

**बंगलूरू।** कर्नाटक विधानसभा में शुक्रवार को हनी ट्रैप के मुद्दे को लेकर हंगामा हो गया। भाजपा विधायकों ने जमकर नारेबाजी की और कुछ विधायकों ने अपने हाथों में सीडी थामे हुईं थी, जिन्हें लेकर दावा किया गया कि उनके पास हनी ट्रैप को लेकर सबूत हैं। इसके बाद कुछ विधायक नारेबाजी करते हुए वेल में पहुंच गए। इस दौरान विधायकों ने सभापति के आसन के पास पेपर फेंके। सदन में हंगामे के चलते विधानसभा की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

**कर्नाटक सरकार के मंत्री के बयान से हुआ हंगामा**

दरअसल गुरुवार को कर्नाटक सरकार के सहकारिता मंत्री केएन राजन्ना ने विधानसभा में दावा किया कि केंद्रीय नेताओं समेत 48 राजनेता हनी ट्रैप में फंस गए हैं। राजन्ना ने कहा कि कर्नाटक को सीडी और पेन ड्राइव फैक्ट्री कहा जा



रहा है। पता चला है कि 48 लोगों की सीडी-पेन ड्राइव उपलब्ध हैं।नेटवर्क पूरे भारत में फैला है। कई केंद्रीय मंत्री भी फंसे हैं।% अन्य विधायकों ने भी मंत्री राजन्ना के बयान का समर्थन किया। इसके बाद राज्य के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने इस मामले की उच्च स्तरीय जांच कराने का आश्वासन दिया।

**विपक्ष कर रहा न्यायिक जांच की मांग**

भाजपा विधायक और विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि यह किसी एक पार्टी का मुद्दा नहीं है। यह लोगों के लिए काम करने वाले विधायकों के खिलाफ सबसे बड़ी साजिश है। कुछ लोग अपने छिपे हुए एजेंडे के तहत ये सब (हनीट्रैप) कर रहे हैं। इस मुद्दे पर सदन में बोलते हुए मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि इस मामले की जांच की जाएगी और किसी को बचाने का सवाल ही नहीं है। सीएम ने कहा कि यह सरकार की जिम्मेदारी है कि इस मामले में कोई बचने न पाए। दोषियों को कानून के मुताबिक सजा दी जाएगी। राजन्ना ने किसी का नाम नहीं लिया है, अगर वे किसी का नाम लेते हैं तो कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल इस मामले की उच्च स्तरीय जांच चल रही है। भाजपा विधायक इस मामले की न्यायिक जांच की मांग कर रहे हैं।

**सीबीआई जांच की मांग भी उठी**

भाजपा विधायक बासनगौड़ा पाटिल ने राज्य के गृह मंत्री डॉ जी परमेश्वर से मांग की कि हनीट्रैप मामले की जांच सीबीआई से कराई जाए ताकि इसकी निष्पक्ष जांच हो सके। उन्होंने इसे लेकर गृह मंत्री को पत्र लिखा है।

## महायुति के पांच नेताओं ने विधान परिषद सदस्य के रूप में शपथ ली




**मुंबई।** भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संदीप जोशी, संजय केनेकर और दादाराव केचे, सेना के चंद्रकांत रघुवंशी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संजय खोडके ने एमएलसी के रूप में शपथ ली। वे मंगलवार को निर्विरोध सदन के लिए चुने गए। महाराष्ट्र विधान परिषद के लिए हाल ही में निर्वाचित भाजपा, शिवसेना और राकांपा के कुल पांच नेताओं ने शुक्रवार को सदन के सदस्य के रूप में शपथ ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के संदीप जोशी, संजय केनेकर और दादाराव केचे, सेना के चंद्रकांत रघुवंशी और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के संजय खोडके ने एमएलसी के रूप में शपथ ली। वे मंगलवार को निर्विरोध सदन के लिए चुने गए। इसके साथ ही राज्य विधानमंडल के दोनों सदनों में पति-पत्नी की जोड़ी से एक-एक सदस्य हो गया है। सुलभा खोडके अमरावती विधानसभा क्षेत्र से एनसीपी विधायक हैं, जबकि उनके पति संजय खोडके अब उच्च सदन के सदस्य हैं।

पिछले साल कई मौजूदा सदस्यों के विधानसभा चुनाव जीतने के बाद परिषद की कुल पांच सीटें खाली हो गई थीं। शिवसेना की अमशा पदवी, एनसीपी के राजेश विटेकर और भाजपा के प्रवीण दटके, गोपीचंद पडलकर और रमेश कराड परिषद के निवर्तमान सदस्य थे।

# तीन भारतीय नागरिकों को इंडोनेशिया में मिल सकती है मौत की सजा, ड्रग तस्करी का है आरोप

**जकार्ता।** इंडोनेशिया में तीन भारतीयों को मौत की सजा सुनाई जा सकती है। दरअसल तीनों पर जुलाई



2024 में इंडोनेशिया में ड्रग की तस्करी करने का आरोप है। फिलहाल मामले में सुनवाई चल रही है, लेकिन इंडोनेशिया के कानून के मुताबिक तीनों को मौत की सजा सुनाई जा सकती है। आरोप है कि इन तीनों भारतीयों ने सिंगापुर का झंडा लगे जहाज से इंडोनेशिया में ड्रग पहुंचाई।

**तीनों आरोपी तमिलनाडु के हैं निवासी**

तीनों की पहचान राजू मुथुकुमारन (38 वर्षीय), सेल्वादुरई दिनाकरण (34 वर्षीय) और गोविंदसामी विमलकंधन (45 वर्षीय) के रूप में हुई है। तीनों आरोपी तमिलनाडु के निवासी हैं। तीनों सिंगापुर की शिपिंग इंडस्ट्री के लिए काम कर रहे थे। तीनों पर 106 किलो क्रिस्टल मेथ ड्रग अवैध रूप से इंडोनेशिया ले जाने का आरोप है। इंडोनेशिया के सुरक्षाबलों ने करीकुम जिले के पोंगकर इलाके में जहाज को पकड़ा। जहां से जहाज पकड़ा गया, वहां से सिंगापुर की दूरी महज एक घंटे की है। इस मामले में अब जहाज के कैप्टन की गवाही होनी है, लेकिन जहाज का कैप्टन कोर्ट में पेश नहीं हुआ। वह जूम कॉल के जरिए सुनवाई से जुड़ा और इसके चलते उसकी गवाही नहीं हो सकी। इस मामले में जहाज के कैप्टन की गवाही बेहद अहम है और उसी से ही तीनों भारतीयों की बेगुनाही साबित हो सकती है।

**15 अप्रैल को हो सकता है सजा का एलान**

इंडोनेशिया के अभियोजकों ने तीनों भारतीयों के लिए मौत की सजा की मांग की है। एक भारतीय वकील ही तीनों भारतीयों का पक्ष रख रहा है। बचाव पक्ष का कहना है कि कैप्टन की मंजूरी के बिना इतनी बड़ी संख्या में ड्रग को जहाज में रखना संभव नहीं है। साथ ही जहाज से मिली सभी चीजों की जिम्मेदारी कैप्टन पर होती है। इस मामले में 15 अप्रैल को सजा का एलान हो सकता है।

## उत्तर कोरिया ने नई विमानभेदी मिसाइलों का किया परीक्षण

**सियोल।** उत्तर कोरिया ने शुक्रवार को नई विमान भेदी मिसाइलों का परीक्षण किया। उसकी सेना ने अमेरिका और दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यास को लेकर उनके खिलाफ गंभीर कदम उठाने की धमकी दी है। उत्तर कोरिया ने अपने परीक्षण को आक्रमण का पूर्वाभ्यास बताया है। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने कहा कि उनके नेता किम जोंग उन ने गुरुवार को परीक्षणों की निगरानी की और कहा कि ये मिसाइलें उत्तर कोरिया के लिए एक और प्रमुख रक्षा हथियार प्रणाली हैं। मिसाइल प्रक्षेपण, इस वर्ष उत्तर कोरिया की छठी हथियार परीक्षण गतिविधि, उसी दिन हुई जिस दिन अमेरिका और दक्षिण कोरियाई सेनाओं ने अपना वार्षिक फ्रीडम शील्ड कमांड पोस्ट अभ्यास समाप्त किया। 11 दिवसीय प्रशिक्षण जनवरी में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के उद्घाटन के बाद से सहयोगियों का पहला प्रमुख संयुक्त सैन्य अभ्यास था।

# शुक्रवार को पूरे दिन बंद रहेगा लंदन का हीथ्रो हवाई अड्डा, आग के चलते बंद हुई बिजली की सप्लाई

**लंदन।** लंदन अग्निशमन विभाग ने बताया कि 10 फायर इंजन और करीब 70 अग्निशमन दल के सदस्यों ने आग पर काबू पाया। बिजली स्टेशन में लगी आग इतनी भीषण थी कि उससे निकलने वाला धुआं काफी दूर तक देखा गया और सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें खूब पोस्ट की गईं।

ब्रिटेन का हीथ्रो हवाई अड्डा शुक्रवार को बंद रहेगा। दरअसल एक पावर स्टेशन में भीषण आग लगने के चलते हीथ्रो हवाई अड्डे और इसके आसपास के हजारों घरों में शुक्रवार को बिजली गुल रहेगी। पश्चिमी लंदन के एक पावर स्टेशन में लगी आग के बाद आसपास के 150 लोगों को सुरक्षित निकाला गया है। हवाई अड्डे ने एक बयान जारी कर कहा कि यात्रियों और कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हमारे पास शुक्रवार को हवाई अड्डे को बंद करने के अलावा कोई और विकल्प नहीं था। ऐसे में यात्रियों को हवाई अड्डे आने से बचना



चाहिए।

**बिजली कटौती से 16 हजार से ज्यादा घर हुए प्रभावित**

लंदन अग्निशमन विभाग ने बताया कि 10 फायर इंजन और करीब 70 अग्निशमन दल के सदस्यों ने आग पर काबू पाया। बिजली स्टेशन में लगी आग इतनी भीषण थी कि उससे निकलने वाला धुआं काफी दूर तक देखा गया और सोशल मीडिया पर इसकी तस्वीरें खूब पोस्ट की गईं। इस इलाके में बिजली सप्लाई करने वाले स्कॉटिश एंड सदर्न इलेक्ट्रिसिटी नेटवर्क ने बताया कि बिजली कटौती के चलते 16,300 से ज्यादा घर प्रभावित हुए हैं। आग की घटना गुरुवार देर रात करीब 11.23 पर घटी। आग लगने की वजह अभी भी स्पष्ट नहीं है। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने बयान जारी कर बताया कि एयरपोर्ट 21 मार्च को रात 11.59 बजे तक बंद रहेगा।

लंदन का हीथ्रो हवाई अड्डा दुनिया के सबसे व्यस्त हवाई अड्डों में से एक माना जाता है। साल 2024 में हीथ्रो हवाई अड्डे से कुल पांच करोड़ सीटें बुक की गईं और इसमें साल दर साल इजाफा हो रहा है। यही वजह है कि पूरे दिन हवाई अड्डे के बंद होने पर कई लोगों ने नाराजगी जाहिर की है।

**एयर इंडिया ने रद्द की उड़ान सेवाएं**

एयर इंडिया ने हीथ्रो हवाई अड्डे जाने वाली अपनी सभी उड़ान सेवाएं 21 मार्च को रद्द कर दी हैं। एयर इंडिया ने सोशल मीडिया पर साझा पोस्ट में लिखा कि लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर बिजली संकट के चलते एयर इंडिया की सभी उड़ानें 21 मार्च को रात 23.59 तक रद्द रहेंगी। एयरलाइन ने अपने कॉन्टैक्ट सेंटर के नंबर भी जारी किए हैं, जहां से अपडेट लिए जा सकते हैं।

## टेस्ला साइबरट्रक में बड़ा संकट


**वाशिंगटन।** अमेरिकी सुरक्षा विनियामकों ने टेस्ला को एक और बड़ा झटका दिया है। इसके तहत टेस्ला के लगभग सभी साइबरट्रक वाहनों को वापस बुला लिया गया है। यह टेस्ला द्वारा निर्मित वाहनों के लिए अब तक की आठवीं रिकॉल कार्रवाई है। रिकॉल में शामिल 46,000 से अधिक साइबरट्रक को वापस मंगाया गया है। ये सभी वाहन वर्ष 2024 और 2025 मॉडल हैं, जो 13 नवंबर 2023 से लेकर 27 फरवरी 2025 के बीच बनाए गए थे।

नेशनल हाईवे ट्रैफिक सेफ्टी एडमिनिस्ट्रेशन (एनएचटीएसए) ने बताया कि साइबरट्रक के विंडशील्ड के बाएं और दाएं किनारे पर एक बाहरी पैनल चलने के दौरान अलग हो सकता है, जो सड़क पर अन्य ड्राइवरों के लिए खतरनाक हो सकता है और दुर्घटना का कारण बन सकता है।

# रिपोर्ट में दावा- चीन के खिलाफ युद्ध की खुफिया रणनीति मस्क के साथ साझा करेगा पेंटागन, ट्रंप ने किया खंडन

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन मीडिया रिपोर्ट्स का खंडन किया है, जिनमें दावा किया गया है कि अमेरिका का रक्षा विभाग पेंटागन चीन के खिलाफ युद्ध की खुफिया रणनीति अरबपति कारोबारी एलन मस्क के साथ साझा करेगा। ट्रंप ने इस खबर को झूठ बताया है। दरअसल अमेरिकी न्यूज चैनल न्यूयॉर्क टाइम्स ने सूत्रों के हवाले से एक रिपोर्ट प्रकाशित की, जिसमें दावा किया कि पेंटागन के अधिकारी चीन के खिलाफ युद्ध की खुफिया रणनीति को राष्ट्रपति ट्रंप के सामने पेश करने से पहले सरकारी दक्षता विभाग के प्रमुख और राष्ट्रपति ट्रंप के करीबी एलन मस्क को इसकी जानकारी देंगे।

राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रुथ सोशल पर साझा किए एक पोस्ट में लिखा कि चीन का इस बैठक में जिक्र भी नहीं होगा। ये कितना शर्मनाक है कि ये बदनाम मीडिया इस तरह के झूठ भी गढ़ सकता है। खैर इस कहानी में कोई सच्चाई नहीं है। अमेरिका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोशल



मीडिया पर लिखा कि हम कल पेंटागन में मस्क का स्वागत करेंगे, लेकिन एक बार फिर फर्जी खबर फैलाई गई। यह बैठक चीन के साथ युद्ध के किसी खुफिया प्लान के बारे में नहीं है बल्कि ये एक अनौपचारिक बैठक है, जिसमें नवाचार, दक्षता और बेहतर उत्पादन पर चर्चा होगी।

मीडिया रिपोर्ट के दावे के बाद ट्रंप प्रशासन के आलोचकों ने इसे मुद्दा बना लिया और विपक्षी डेमोक्रेट नेताओं ने कहा कि टेस्ला के सीईओ एलन मस्क के चीन से व्यापार हित जुड़े हैं। ऐसे में मस्क के साथ संघीय सरकार की गोपनीय सूचनाएं साझा करने पर सवाल उठाए।

न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोर्ट के अनुसार, इस टॉप-सीक्रेट ब्रीफिंग में 20 से 30 स्लाइड्स शामिल हैं। जिसमें अमेरिका की चीन के खिलाफ युद्ध की संभावित रणनीतियों का विवरण दिया गया है। इसमें यह भी बताया गया है कि किन चीनी ठिकानों पर हमला किया जा सकता है और किस समय अवधि में यह कार्रवाई की जाएगी। यह योजना राष्ट्रपति ट्रंप को भी प्रस्तुत की जाएगी।

व्हाइट हाउस और एलन मस्क ने अभी तक इस पेंटागन दौरे की पुष्टि नहीं की है। हालांकि, रक्षा विभाग के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने न्यूयॉर्क टाइम्स से कहा, रक्षा विभाग एलन मस्क का शुक्रवार को पेंटागन में स्वागत करने के लिए उत्साहित है। उन्हें रक्षा मंत्री हेगसेथ द्वारा आमंत्रित किया गया था और वे सिर्फ एक दौरे पर आ रहे हैं।

एलन मस्क पहले से ही ट्रंप प्रशासन में अपनी भूमिका को लेकर जांच के दायरे में हैं। 53 वर्षीय मस्क जनवरी में ट्रंप के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद से सरकारी खर्चों में कटौती के प्रयासों का नेतृत्व कर रहे हैं।

# भारतीय शोधकर्ता के निर्वासन पर जज ने लगाई रोक, हमास का समर्थन करने का है आरोप

**वॉशिंगटन।** अमेरिका के आंतरिक सुरक्षा विभाग होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का दावा है कि बद्र खान सूरी हमास का प्रोपेगेंडा फैला रहे थे और सोशल मीडिया पर यहूदी विरोध को बढ़ावा दे रहे थे। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का आरोप है कि बद्र खान सूरी के हमास के साथ संबंध भी हैं। कथित तौर पर हमास का समर्थन करने के लिए जिन भारतीय शोधकर्ता पर निर्वासन की तलवार लटक रही थी, उन्हें अब अमेरिका के एक जज ने बड़ी राहत देते हुए उनके निर्वासन पर फिलहाल रोक लगा दी है। बद्र खान सूरी वॉशिंगटन डीसी की जॉर्जटाउन यूनिवर्सिटी में पोस्ट डॉक्टरल फेलो हैं। बद्र खान सूरी पर बीते दिनों अमेरिका में हमास के समर्थन में हुए विरोध प्रदर्शनों के दौरान आतंकी संगठन का समर्थन करने का आरोप लगा है। ट्रंप सरकार हमास समर्थकों को देश से निर्वासित कर रही है, जिसके बाद बद्र खान सूरी को भी हिरासत में लिया गया है। बद्र खान सूरी ने अपने निर्वासन के खिलाफ अदालत में अपील की। अब गुरुवार को वर्जीनिया अदालत की



जज पैट्रिसिया टोलिवर जाइल्स ने अपने आदेश में बद्र खान सूरी के निर्वासन पर अदालत के अगले आदेश तक रोक लगा दी है। बद्र सूरी को लुइसियाना के एक डिटेंश सेंटर में हिरासत में रखा गया है। अमेरिका के मानवाधिकार संगठन अमेरिकन सिविल लिबर्टीज यूनियन ने भी इस मामले में एक याचिका दायर की थी। बद्र खान सूरी को सोमवार को उनके अर्लिंगटन स्थित आवास से हिरासत में लिया गया था। अमेरिका के आंतरिक सुरक्षा विभाग होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का दावा है कि बद्र खान सूरी हमास का प्रोपेगेंडा फैला रहे थे और सोशल मीडिया पर यहूदी विरोध को बढ़ावा दे रहे थे। होमलैंड सिक्योरिटी विभाग का आरोप है कि बद्र खान सूरी के हमास के साथ संबंध भी हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, सूरी के वकील हसन अहमद ने अपनी याचिका में तर्क दिया कि सूरी को उनकी फलस्तीनी मूल की पत्नी की विरासत के कारण दंडित किया जा रहा है। उनकी पत्नी मेफेज सालेह गाजा मूल की हैं। फिलहाल वह जॉर्जटाउन विश्वविद्यालय के समकालीन अरब अध्ययन केंद्र में प्रथम वर्ष की छात्रा हैं। उन्होंने फलस्तीन स्थित गाजा के इस्लामिक विश्वविद्यालय से पत्रकारिता और सूचना में स्नातक की डिग्री ली है। उन्होंने भारत में नई दिल्ली के जामिया मिलिया इस्लामिया में नेल्सन मंडेला सेंटर फॉर पीस एंड कॉन्फ्लिक्ट रेजोल्यूशन से संघर्ष विश्लेषण और शांति स्थापना में मास्टर्स डिग्री भी प्राप्त की है।

# एक करोड़ की लागत से विकास कार्यों का नगर पालिका अध्यक्ष ने किया लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (मुंगरा बादशाहपुर)** 75 वर्षों में ग्राम प्रधानों द्वारा हुए विकास कार्यों के बराबर विकास होगा 5 वर्षों में ये वादा करता हूं, यह बात नगर पालिका अध्यक्ष कपिलमुनि उमरवैश्य ने एक करोड़ की लागत से हुए पकड़ी और सराय रुस्तम वार्ड में हुए विकास कार्यों का लोकार्पण करने के दौरान मुंगरा बादशाहपुर नगर क्षेत्र के सराय रुस्तम वार्ड में कही, जहां उक्त वार्ड के सम्मानित गण और अलग-अलग वार्डों के सभासद सहित कई गणमान्य उपस्थित रहे, नगर पालिका अध्यक्ष सर्वप्रथम पकड़ी वार्ड में स्थित प्राथमिक विद्यालय में बने दो कमरों और सीढ़ी, बरामदा के निर्माण का लोकार्पण करने के साथ नगर पालिका क्षेत्र में विकास कार्य के लिए खरीदे गए दो ट्रैक्टर और दो नग हाइड्रोलिक मिनी टीपर का नारियल, माला फूल के साथ विधि विधान पूजन अर्चन करके फीता काटकर शुभारंभ किया गया, तत्पश्चात सर रुस्तम वार्ड में दो लंबी दूरी तक बने सीसी सड़क का लोकार्पण किया, उक्त वार्ड में हरिमोहन के मकान से प्रयागराज मेन रोड तक दोनों पटरी पर नाली निर्माण कार्य व तालाब के किनारे रिटेनिंग दीवार बनाने का कार्य तथा प्यारेलाल के मकान से अयोद्या मास्टर के मकान के सामने तक और लालमणि के मकान से साँइ कोचिंग तक सीसी सड़क और नाली निर्माण कार्य किया गया, और राजा राम मौर्य के मकान के सामने सीसी रोड से भैया लाल बिंद के मकान तक व अयोद्या मास्टर के मकान के पीछे , और शकीला किन्नर के मकान से होते हुए दुर्गा गौतम के के डी पब्लिक स्कूल तक सीसी सड़क और नाली का निर्माण कार्य, और अरुण साहू पूर्व प्रधान की चक्की से ज्ञानेंद्र मिश्र के मकान होते हुए टिंकू साहू के मकान तक सीसी सड़क और नाली का निर्माण कार्य किया गया है, पालिका अध्यक्ष कपिल मुनि उमर वैश्य ने कहा कि मुंगरा बादशाहपुर नगर पालिका क्षेत्र का विकास इतनी तेजी से करने का प्रयास करेंगे कि उत्तर प्रदेश की 800 नगर पालिका पंचायत क्षेत्र में मुंगरा बादशाहपुर नगर पालिका का नाम टॉप टेन की लिस्ट में शामिल हो, जिसके क्रम में नगर पालिका क्षेत्र के सभी वार्डो में तेजी से विकास कार्य चल रहा है, आने वाले समय में एक भी नगर वार्ड का क्षेत्र विकास कार्यो से अछूता नहीं रहेगा, इसी क्रम में जब पत्रकार द्वारा सवाल किया गया कि लोगों का कहना है कि जितनी तेजी से विकास कार्य हो रहा है लोगों को उतनी उम्मीद नहीं थी, तो जवाब में पालिका अध्यक्ष ने कहा कि मुझे भी इतनी उम्मीद नहीं थी कि इतनी मतों से सम्मानित जनता मुझे जीत दर्ज कराएगी, इस भरोसे और विश्वास को जिंदा रखना है, और आने वाले समय में विकास की गंगा को बढ़ाते रहना है, लोकार्पण के समय अलग-अलग वार्डों के लोग उद्बोधन देते हुए कहा कि किसी भी वार्ड के लोगों को इतनी उम्मीद नहीं थी जितनी तेजी से विकास हो रहा है, लोगों ने कपिल मुनि जिंदाबाद के नारे भी लगाए, इस अवसर पर मुख्य रूप से सभासद सूर्यलाल जयसवाल, सभासद राकेश उमर वैश्य उर्फ पुल्लू, अभिषेक गुप्ता ( शुभम) राजेश कोटेदार, सभासद राजेश गौतम, सभासद अमित यादव, कामता कोटेदार, सभासद बैजनाथ साहू,अरुण कुमार उर्फ मल्लू पूर्व प्रधान, पप्पू सरोज पूर्व प्रधान, सभासद सरोज साहू, व अन्य सम्मानित गण उपस्थित रहे।



75 वर्षों में ग्राम प्रधान द्वारा हुए विकास से अधिक विकास 5 वर्षों में करने का वादा करता हूं: चेयर मैन कपिल मुनि

# रेलवे फाटक पर ट्रक खड़ा करके चालक हुआ फरार

दो घंटे तक लगा रहा भीषण जाम, सुरक्षा व्यवस्था नदारत

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** वाराणसी लखनऊ राजमार्ग पर स्थित जगदीशपुर रेलवे फाटक पर शुक्रवार को आवश्यकता से अधिक सामान लादकर ट्रक रेलवे सुरक्षा पिलर को न पार करने की स्थिति में फस गया। कुछ नहीं समझ में आया तो ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गई। 2 घंटे जाम लगा रहा। सुरक्षा व्यवस्था नदारत रही। स्थानीय लोगों की मदद से 2 घंटे बाद ट्रक को किसी तरीके से बैक करके किनारे लगाया गया तब जाकर यातायात चालू हुआ। शुक्रवार को सुबह करीब 10:00 बजे वाराणसी से कॉटन लादकर ट्रक जगदीशपुर रेलवे फाटक पर पहुंचा। रेलवे फाटक से पहले सुरक्षा के दृष्टिकोण से लगाए गए पिलर से ट्रक की ऊंचाई ज्यादा होने की वजह से ड्राइवर ट्रक को वहीं पर रोक दिया। ट्रक के पीछे वाहन लंबी कतार लगी हुई थी। ट्रक ड्राइवर का दिमाग कुछ नहीं काम किया तो ट्रक छोड़कर मौके से फरार हो गया। 2 घंटे तक जाम लग रहा। लाइन बाजार तथा जफराबाद थाना क्षेत्र का सरहद, उक्त रेलवे फाटक पर कोई भी सुरक्षा कर्मी या पुलिसकर्मी मौजूद नहीं था। दोनों तरफ से अनियमित गाड़ियां खड़ी हो गई। राहगीर तिलमिलाने लगे। ऐसे में कुछ स्थानीय लोग तथा एक ड्राइवर की मदद से ट्रक को पीछे किनारे कराया गया। ट्रक किनारे लगने के लगभग आधे घंटे बाद आवागमन सुचार रूप से शुरू हुआ। लगभग ढाई घंटे तक यातायात प्रभावित रहा। सब कुछ समाप्त होने के बाद रेलवे सुरक्षा बल से एक कांस्टेबल मौके पर पहुंचा।

# कर्जा लेकर ना करे तेरहवीं



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर(तेजी बाजार)** सहोदरपुर गांव में आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम में लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह ने कहा तेरहवीं में दिखावे के चक्कर में लोग अपनी क्षमता से अधिक कर्ज लेकर खर्च करते हैं। जिसमें कभी-कभी अपनी जमीन, आभूषण गिरवी रखना व बेचना पड़ जाता है। ऐसे में 13वीं में अधिक खर्च की कुप्रथा से हमें बचाना चाहिए। यह एक सामाजिक बुराई है। इसे दूर करने के लिए समाज के सभी वर्गों के लोगों को आगे आना होगा। तेरहवीं में 13 लोगों को भोजन करने के पश्चात यदि आपके पास क्षमता है तो अपने पुण्य जनों की स्मृति में कोई सामाजिक कार्य कर सकते हैं।संभव हो पेयजल, शिक्षा, पुस्तकालय, तालाबआदि पर खर्च करें।आप किसी गरीब के लिए आवास, वस्त्र आदि की सेवा कर सकते हैं।मैंने अपने स्वजनों से विचार करने के पश्चात अपने भतीजे गया प्रसाद सिंह की स्मृति में छप्पर में निवास करने वाली सहोदरपुर निवासी सरोज गौड पत्नी अरुण गौड़ के लिए एक आवास बनवाने का निर्णय लिया हूं। जिसमें शौचालय, स्नानागार,रसोई घर के साथ दो कमरे होंगे। जिसमें लगभग 4:30 से 5 लाख की लागत आएगी। जिसके लिए भूमि पूजन के साथ फावडा मारकर खुदाई का कार्य भी आरंभ कराया। इस दौरान पूर्व मुख्य आयकर आयुक्त गौरी शंकर सिंह, पूर्व जिला पंचायत सदस्य श्याम राज सिंह, रिटायर्ड आईपीएस अधिकारी राम मोहन सिंह,खंड विकास अधिकारी पीयूष त्रिपाठी, बलराम गौड़ आदि अनेकों लोग मौजूद रहे।

# कॉरपोरेट के हिसाब से विद्यार्थियों को शिक्षक करें तैयार: प्रो. वंदना सिंह

अवधनामा संवाददाता



कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव की तैयारियों को लेकर कुलपति ने की बैठक
विश्वविद्यालय में 25 मार्च को होगा कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कुलपति सभागार में शुक्रवार को कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह की अध्यक्षता में कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव की तैयारी को लेकर विश्वविद्यालय के समस्त संकायध्याक्षों, निदेशकों, विभागाध्यक्षों एवं प्लेसमेंट सेल के समन्वयक, उपसमन्वयक और सहसमन्वयक एवं अधिकारियों की बैठक आहूत की गई।

बैठक में कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने कहा कि विद्यार्थियों को सभी विभागाध्यक्ष पूर्णरूप से तैयार करें। उन्हें प्रश्न पूछने की विभिन्न तकनीक से परिचय कराएं। ताकि कारपोरेट के सामने विद्यार्थी अच्छे ढंग से अपने को प्रस्तुत कर सकें। विश्वविद्यालय की छवि निर्माण का काम विद्यार्थी और शिक्षक दोनों का है। विश्वविद्यालय अगर शीर्ष पर पहुंचता है तो इससे यहां के विद्यार्थी और शिक्षक दोनों के स्तर में इजाफा होता है। कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव में देश के कारपोरेट सेक्टर के विशेषज्ञ विद्यार्थियों से सीधा संवाद करेंगे। विश्वविद्यालय की संस्कृति, विद्यार्थियों के अच्छे संस्कार और ज्ञान से ही हम उन्हें प्रभावित कर सकेंगें। इसलिए सबसे पहले हमें विश्वविद्यालय में अनुशासन और परिसर को साफ सुथरा रखने की जरूरत है ताकि वह कही भी जाए उन्हें एक अच्छी फीलिंग हो। हमलोग पूरी कोशिश करेंगे कि वह एक अच्छा मेसेज लेकर जाएं। कुलसचिव महेंद्र कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय में आयोजित होने वाला कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव विद्यार्थियों के साथ-साथ विश्वविद्यालय की छवि को पूरे दुनिया में संप्रेषित करेगा, क्योंकि जो कॉरपोरेट यहां आ रहे हैं उनका पूरे विश्व में कारोबार है। हमारी अच्छाई वो देखेंगे तो वहां भी चर्चा हमारे विश्वविद्यालय की होगी। कारपोरेट कल नहीं देखता वह आज और अभी को देखता है।

कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव के समन्वयक प्रोफेसर अविनाश पार्थीडेकर ने कहा कि कॉर्पोरेट कॉन्क्लेव का आयोजन 25 मार्च को विश्वविद्यालय में होगा। विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों के लिए सात समानांतर सत्रों का आयोजन भी किया जायेगा। सभी शिक्षक और विभागाध्यक्ष विद्यार्थियों को कारपोरेट के अनुरूप तैयारी कराएं ताकि विश्वविद्यालय का एक अच्छा संदेश कॉरपोरेट के बीच जा सके।

इस अवसर पर परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. मानस पांडेय, प्रो. देवराज सिंह, प्रो. संदीप कुमार सिंह, प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. सौरभ पाल, प्रो. रजनीश भास्कर, प्रो. प्रमोद यादव, प्रो. गिरिधर मिश्र,, डॉ. मनीष गुप्ता, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. रसिकेश, उप कुलसचिव अमृत लाल, डॉ. सुनील कुमार, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. वनिता सिंह समेत अन्य संकायाध्यक्ष और विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे।

# पिता की हत्या कर थाने पहुंचा बेटा

**प्रयागराज।** कौंधियारा थाना क्षेत्र के सेहरा गांव का रहने वाला 16 वर्षीय बेटा अपने 60 वर्षीय पिता भारत लाल की लोहे की रॉड से मार कर निर्मम हत्या कर दिया। हत्या के बाद आरोपी बेटा खुद पुलिस के पास पहुंचा और कहा कि मैंने अपने पिता को मार डाला है। आरोपी की बात सुनकर पुलिस दंग रह गई। घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक का एक बेटा और चार बेटियां हैं। चारो बेटियों की शादी हो चुकी है। दो बेटियां दिल्ली में रहकर नौकरी भी करती है। बाकी दो बेटियां अपने ससुराल में रहती थी। पुलिस ने दिल्ली में रह रही दोनों बेटियों को घटना की जानकारी दी है। आस पड़ोस के लोगों ने बताया कि होली पर पिता भारत लाल और उसका बेटा दोनों दिल्ली गए थे। होली बीतने के बाद वापस लौटे थे। वहां से लौटने के बाद भी दोनों पिता और बेटे के बीच कहासुनी होती थी। गांव वालों के मुताबिक आरोपी की एक बहन ने लव मैरिज कर लिया था जिसका भाई विरोध करता था। आए दिन पिता से विवाद भी होता था। स्थानीय लोग ने बताया कि पिता भारत लाल और बेटा साथ में बैठकर शराब भी पीते थे। घटना के पहले भी दोनों ने साथ में शराब पी थी, इस दौरान विवाद हो गया था और बेटे ने लोहे की रॉड से कई बार हमला कर मौत के घाट उतार दिया।

# संक्षिप्त समाचार

## मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं उपचार शिविर का आयोजन

**बांदा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ विजेंद्र कुमार के निर्देशानुसार जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम टीम बांदा द्वारा काशीराम कॉलोनी में एक मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया जिसमें आए हुए लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के विषय में जानकारी दी गई तथा टेलीमानस नंबर 14416 की जानकारी देकर पम्पलेट वितरण किया गया। टीम द्वारा 65 मरीजों का पंजीकरण किया गया 10 मरीजों की काउंसलिंग, 5 मरीजों को जिला चिकित्सालय पुरुष बांदा के लिए रिफर किया। टीम में मनोरोग चिकित्सक डॉ0 हर दयाल, क्लिनिकल साइकोलॉजिस्ट डॉ0 रिजवाना हाशमी, अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अधिकारी नरेन्द्र कुमार मिश्रा, साइकाइट्रिक नर्स त्रिभुवन नाथ, केस रजिस्ट्री असिस्टेंट अनुपम त्रिपाठी, सहायक अशोक कुमार ने मिलकर काशीराम कॉलोनी में मानसिक स्वास्थ्य परीक्षण में उपस्थित रहे।

## आग लगने से भैंस और गाय की मौत

**बांदा।** नरैनी थाना क्षेत्र के देवरार गांव की गोरी सिंह के मकान में अज्ञात कारणोंवश आग लग गई परिजन शुक्रवार की सुबह खेत गए थे। स्थानीय लोगों ने हादसे की जानकारी पीड़ितो को दी। आनन फानन आए तो आग लपटे उठ रही। पड़ोसियों की मदद से पानी डालकर आग में काबू पाए तब तक एक भैंस और गाय की जलकर मौत हो चुकी और मकान का कीमती वस्तुएं जलकर राख हो गई। इस घटना से करीब डेढ़ लाख की क्षति आंकी गई है।भारतीय किसान यूनियन के वरिष्ठ नेताओं ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर सरकारी आर्थिक मदद दिलाने का भरोसा देते हुए ढाढस बंधाया। भाकियू महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष बलराम तिवारी के नेतृत्व में हादसे की भनक लगने पर संगठन की महिला मोर्चा की जिलाध्यक्षा सरोज कुशवाहा, वरिष्ठ नेत्री दिव्या और महासचिव साधना ने पीड़िता से कहा कि किसानों की मदद और संकट में हमारा संगठन उनके साथ खड़ा है उन्हें राहत हरहाल में दिलाएगा।

## एआरटीओ शंकरजी सिंह द्वारा चलाया गया रूटीन चेकिंग अभियान

**बांदा।** युवाओं द्वारा बाइकों पर तीन-चार लोगों को बिठाकर तेज रफ्तार से चलना न केवल नियमों का उल्लंघन है, बल्कि उनकी और दूसरों की जिंदगी के लिए भी खतरा है। शंकर जी का उन्हें रोककर समझाना और संयमित ड्राइविंग की सलाह देना एक जिम्मेदार अधिकारी की भूमिका को दर्शाता है।उनकी हेलमेट के प्रयोग और ड्राइविंग लाइसेंस की अनिवार्यता पर जोर देने वाली अपील भी बेहद महत्वपूर्ण है। परिजनों को जागरूक करना इस दिशा में और प्रभावी हो सकता है, क्योंकि माता-पिता का बच्चों पर सीधा प्रभाव होता है। यह अभियान न सिर्फ नियमों का पालन करवाने के लिए है, बल्कि युवाओं के जीवन को सुरक्षित करने का भी एक प्रयास है। ऐसे कदमों से सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने में निश्चित रूप से मदद मिल सकती है। हम सभी का उत्तरदायित्व की सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के पथ पर चल कर अपने साथ-साथ दूसरों का भी जीवन सुरक्षित करें।

## फुज़ैल का जगह-जगह हुआ स्वागत

**प्रयागराज।** शहर कांग्रेस कमेटी के नये अध्यक्ष बनाये जाने पर फुज़ैल हाशमी का नगर में जगह- जगह स्वागत हुआ। कांग्रेसजनों में खुशी की लहर व्यापत है। कांग्रेसजनों की एक बैठक यूपी कांग्रेस कमेटी के पूर्व प्रवक्ता किशोर वार्ष्णेय की अध्यक्षता में स्टेनली रोड पर हुई। बैठक में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के प्रति हाशमी को जिम्मेदारी दिये जाने का आभार व्यक्त किया गया। कहा गया कि कांग्रेस ही देश को सही रास्ता दिखा सकती है। जनता में कांग्रेस को लेकर भारी उत्साह है। 2027 में कांग्रेस की वापसी तय है। पूर्व विधायक विजय प्रकाश ने शहर अध्यक्ष का बुके देकर सम्मान किया। इस दौरान हरिकेश त्रिपाठी, मुकुंद तिवारी, तलत अज़ीम, सुधाकर तिवारी, मनोज पटेल, हसीब अहमद, अभ्युदय त्रिपाठी, परवेज़ सिद्दीकी, संजय श्रीवास्तव, अरशद अली, विजय यादव, मो. हसीन , केशव पासी, मो. जावेद, दीप चंद्र शर्मा, शकील अहमद, राजेश्श्वरी पटेल, महफूज़ अहमद आदि मौजूद थे।

## आजादी के 75 साल बाद भी जमुनापार पानी को तरस रहा- उज्जवल रमण सिंह

**प्रयागराज।** सांसद उज्जवल रमण सिंह ने आज लोकसभा में कोरांव, शंकरगढ़ पेयजल समस्या को बहुत ही गम्भीरता से उठाते हुए कहा कि आजादी के 75 साल के बाद भी कर्मठ ईमानदार पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की धरती प्यासी हैं। उन्होंने कहा कि गर्मी के दिनों में शंकरगढ़ में टैंकर से इंसानों के पानी पीने की व्यवस्था होती हैं तो जानवरों का क्या हाल होता होगा। इसी तरह कोरांव के बड़ोखर क्षेत्र जो मध्यप्रदेश से सटा हैं पीने के पानी की गर्मी में विकट समस्या है,यहाँ भी टैंकर से पानी की सप्लाई होती हैं।

# बिजली विभाग के घूसखोर जेई को एंटी करप्सन ने रंगे हाथ पकड़ा

बिजली विभाग के जेई के साथ एक संविदा कर्मी भी आया गिरफ्त में

अवधनामा संवाददाता



**बाँदा।** बाँदा विद्युत विभाग के जसपुरा उपकेंद्र मे एक जेई और उसके साथ का संविदाकर्मी एक किसान से रिश्श्वत लेते दबोच लिये गये।

विद्युत विभाग और भ्रष्टाचार एक सिक्के के दो पहलू हैं , इस विभाग का भ्रष्टाचार इतना चरम पर है कि एक राज्यमंत्री और विधायक तक इसके आगे हार मान चुके हैं , परंतु इस विभाग का भ्रष्टाचार कम नही हुआ बल्कि समय के साथ लगातार बढता गया है , अभी कुछ समय पहले राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने भी बिजली विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाये थे , वहीं सदर विधायक भी कई बार इस विभाग के अभियंताओ को चेतावनी दे चुके थे परंतु मगरमच्छ की खाल ओढे अभियंता किसी की सुनने को तैयार ही नही रहते हैं इनको सिर्फ पैसे से मतलब है किसी राजनेता , प्रशासनिक अधिकारी की बात नही मानते है विद्युत विभाग के जेई और एई।

इनकी हठधर्मिता इतनी है कि एक उपभोक्ता का बिल दूसरे उपभोक्ता मे डलवा देते , नये कनेक्शन देना ही नही चाहते है इतने नियम कायदे बता देंगे कि आप शार्टकट तरीके से आर्थिक लाभ देने के लिये मजबूर हो जायेगे। ऐसा ही जेई रवींद्र कुमार ने एक किसान के साथ उसका नलकूप कनेक्शन देते समय किया , लेन देन सोलह हजार मे फाइनल हुआ जेई के साथ संविदाकर्मी आलोक भी साथ था , उसी के माध्यम से किसान को डराकर विवश कर सौलह हजार रूपये लेकर काम करना तय हुआ , नियत समय पर किसान ने जेई साहब को रूपये दिये परंतु तभी भ्रष्टाचार उन्मूलन की 12 सदस्यीय लखनऊ से आयी टीम ने रंगे हाथ रूपयों सहित जेई रवींद्र कुमार और संविदाकर्मी लाइनमैन आलोक को गिरफ्तार कर लिया और कोतवाली नगर मे लाकर मुकदमा पंजीकृत कर दोनो को लेकर लखनऊ चले गये हैं। पूरे शहर मे इस घटना के बाद घूस लेने वाले अधिकारियो मे भय का माहौल बन गया है।

## राम जानकी मंदिर भूमि पर अवैध कब्जा मुक्त कराने की मांग



**आजमगढ़।** निजामाबाद तहसील क्षेत्र के दयालपुर स्थित राम जानकी मंदिर की भूमि पर 20 मार्च को स्थायी पत्थर लगाया गया था। ग्रामीणों ने मंडलायुक्त को पत्रक देकर आरोप लगाया कि विपक्षी द्वारा अपर आयुक्त के पास मौखिक या लिखित आदेश 21 मार्च को कराया गया और एसडीएम निजामाबाद पर दबाव बनाकर पत्थर को उखड़ाने की साजिश रची गयी है। पीड़ितों ने मंडलायुक्त को पत्रक सौंपकर उक्त भूमि पर यथास्थिति कायम रखने की मांग की है। ग्रामीणों ने बताया कि राम जानकी मंदिर की भूमि की पैमाइश कराकर स्थायी पत्थर लगवाया गया था। विपक्षी द्वारा उक्त भूमि पर कब्जा कर लिया गया है। अपर आयुक्त को गुमराह कर एसडीएम निजामाबाद पर दबाव बनाकर पत्थर उखाड़ने के लिए आदेश करवा लिया गया। ग्रामीणों ने मंडलायुक्त से उक्त पत्थर की यथास्थिति कायम रखने की मांग की है। पत्रक सौंपने वालों में नवीन चौहान, जयकार चौहान, भीम चौहान, नरसिंह चौहान आदि शामिल हैं।

# राम-सीता विवाह मे धनुष भंग सुन भावविभोर हुए श्रोता

कथा के पांचवें दिन उमड़ी भीड़ सीता विवाह में झूम उठे श्रद्धाल

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** चिल्ला रोड श्री नाथ विहार भागवत प्रसाद मेमोरियल इंटर कालेज बांदा के निकट भाजपा नेता अजीत गुप्ता भाजपा नेता के आवास पर श्री राम कथा श्रवण में कथा व्यास श्री राजन महाराज ने 5 दिन धनुष भंग एवं राम सीता विवाह का विस्तार से वर्णन किया। भक्तों को बताया कि सीता के विवाह के लिए कैसे स्वयंवर का आयोजन किया गया और उसमें किन-किन राज्यों के राजा सीता से विवाह की इच्छा लेकर आए थे। स्वयंवर में राम-लक्ष्मण के आगमन और शिवधनुष की कथा भी विस्तार से बताई। यह भी बताया कि शिव के धनुष को उठाने वाले के साथ सीता के विवाह की शर्त रखी गई थी। इस शर्त के कारणों का भी वर्णन किया। राजन जी ने कहा कि कैसे कोई शिव के धनुष को उठा तक नहीं सका और किस प्रकार भगवान श्रीराम ने घनुष को न केवल उठाया, बल्कि उसे तोड़ डाला। धनुष टूटने और राम-सीता विवाह के वर्णन के दौरान भक्त भावविभोर हो गए। मानस मंदिर श्रीराम और सीता माता के जयकारे से गूंज उठा। लोग भक्तिभाव से भगवन के जयकारे लगाते रहे। कथा के माध्यम से संदेश देते हुए राजन महाराज जी ने कहा कि भगवान शिव के प्रति प्रभु श्रीराम की श्रद्धा की वजह से ही वे धनुष उठा सके। श्रद्धा से भगवान को भी जीता जा सकता है। अहंकार इंसान को गर्त में ले जाता है। मौके पर सिओ सिटी राजीव प्रताप, यातायात प्रभारी अनूप दुबे पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सरिता द्विवेदी, बृजेंद्र शास्त्री महाराज, पुत्तन तिवारी, कथा संयोजक अजीत गुप्ता भाजपा, राज्य मंत्री रामकेश निषाद,नेता ,,नरेश शुक्ला , संजय कोनिया ,धीरेन्द्र आशीष ,कमलेश अमित उपेंद्र गुप्ता, रेखा गुप्ता, प्रीति ,मोना , सुनील श्रीचंद गुप्ता पुरूषोत्तम अशोक गुप्ता दयाराम निषाद, दिनेश निरंजन, राजेश सिंह राज शिवम सिंह अजय ओमर, पुष्पेन्द्र सिंह अजय गुप्ता अंकित गुप्ता सूरज, अंशु आदि।

# भाजपा सरकार धर्म का सहारा लेकर बनायी है सरकार : अखिलेश यादव



अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर,आजमगढ़।** पीडीए की विचारधारा ही आगामी चुनाव में भाजपा को सत्ता से करेगी बेदखल ये बातें मुबारकपुर सपा विधायक अखिलेश यादव ने बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी की बैठक में कही। मुबारकपुर विधानसभा अंतर्गत शुक्रवार को सठियांव में सपा कार्यलय पर आयोजित बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें बैठक को संबोधित करते हुए विधायक अखिलेश यादव ने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार धर्म की भावनाओं का सहारा लेकर सरकार पर कब्जा जमा लिया है। भाजपा के शीर्ष नेता शिक्षा, मंहगाई, बेरोजगारी पर बात नहीं करती है। धार्मिक भावनाओं को भड़का नफ़रत की राजनीति करती है।अखिलेश यादव ने कहा की जब तक भाजपा सरकार सत्ता में बनी रहेगी तब तक देश में भाईचारा और सौहार्द का वातावरण नहीं कायम हो सकता है। आम जनमानस का जीवन बेहतर तभी होगा जब भाजपा सरकार सत्ता से हटा दिया जाए। इसके लिए बाबा साहेब अम्बेडकर वाहिनी संगठन को मजबूत करना होगा। बैठक में पीडीए की विचारधारा जन जन तक पहुंचाने के साथ साथ पिछड़ा दलित अल्पसंख्यक समाज को एक जुट होना होगा।आब जनता भाजपा सरकार को भली-भांति देख समझ लिया है। जनता किसी बहकावे में नहीं आने वाली है। संगठन की कार्ययोजना को बेहतर बनाने के लिए आज यह बैठक की गई। यह बैठक हर महीने होती है।बैठक की अध्यक्षता दीप चन्द्र विशारद व संचालन राम चरन राम ने किया। इस अवसर पर ओम प्रकाश राम, राधेश्याम भारती,राम चरण मास्टर, अनीता चौधरी, सिकन्दर कन्नौजिया, सिकन्दर चौधरी, राजेश प्रधान आदि मौजूद थे।

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता, जोन-2, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक : 2647/EE-2/LJS दिनांक :-21/03/2025

(अति-अल्पकालीन निविदा-सूचना)

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 28/03/2025 अपराह्न 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-2 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदाएँ दिनांक 28/03/2025 तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-2 के कार्यालय में अपराह्न 3:30 बजे तक सील्ड टेन्डर बॉक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदाऐं दिनांक 23/03/2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-2 के कार्यालय में खोली जायेगी।

1. जलकल विभाग जोन-2 के अन्तर्गत मालवीय नगर पार्क ऐशबाग स्थित नलकूप को 350/600 पी.एस.आई कम्प्रेशर लगवाकर पुनर्विकास का कार्य धरोहर राशि रू0 6500.00 एवं निविदा मूल्य रू0 350.00

अधिशासी अभियन्ता, जोन-2
जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
जलकल विभाग- जोन-6, बालागंज, नगर निगम, लखनऊ

पत्रॉंकः- 815/EE-6/L.J.S./2024-25 दिनॉंकः- 21/03/2025

(अति अल्पकालीन निविदा सूचना)

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन-6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 24/03/25 तक जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारित धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 24/03/25 को जलकल विभाग जोन-6 कार्यालय से अपराहन 1:00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी/जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद/एफडीआर/सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन-6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन-6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | अनु0 धन0 | अर्नेस्ट मनी | निविदा का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कश्मीरी मौहल्ला वार्ड एवं लालजी टण्डन वार्ड<br>1. कश्मीरी स्कूल, कश्मीरी मोहल्ला<br>2. शाहगंज मन्दिर के पास<br>3. कटरा हैदर हुसैन अकबरी गेट<br>4. बावर्ची टोला जिया उर रहमान के घर के पास<br>5. बरावन खुर्द बब्लू के घर के पास<br>6. बरावन खुर्द बिरजू के घर के पास<br>7. हयात नगर नसीर के घर के पास | 128008.00 | Rs. 2600.00 | Rs. 150.00 | 07 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता, जोन-6

# निवा बूपा ने लॉन्च किया राइज़, ख़ासतौर पर भारत के मिसिंग मिडल के लिए नई पेशकश




नई दिल्ली। निवा बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ( पहले मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड के नाम से जानी जाती थी), जो भारत की जानी मानी हेल्थ इंश्योरेंस कंपनियों में से एक है, उसने राइज़ को लॉन्च किया है। यह एक खास हेल्थ इंश्योरेंस प्लान है, जिसे भारत के मिसिंग मिडल के लिए बनाया गया है, ताकि उन्हें अच्छे इलाज और भी ज्यादा लोगों की पहुंच में बनाया जा सके। इसमें कई नए और अनोखे फीचर्स शामिल हैं जो राइज़ हेल्थ इंश्योरेंस को किफायती और सरल बनाते हैं। राइज़ को भारत के बड़े और छोटे शहरों में रहने वाले मध्यम वर्ग के लोगों की जीवनशैली, जरूरतों और पसंद को समझने के लिए गहराई से अध्ययन करने के बाद तैयार किया गया है। कई लोगों से बातचीत करने से पता चला कि इस वर्ग के लोगों की आमदनी सीजन के अनुसार बदलती रहती है, जिससे बेहतर प्राथमिक निजी स्वास्थ्य सेवाओं को पाना उनके लिए थोड़ा मुश्किल है। इसलिए, वे ऐसे किफायती दमदार लाभों की तलाश में हैं, जिससे वह अपनी सेहत संभाल सकें। इस बात के मद्दे नज़र ही, निवा बूपा ने एक किफायती और खास हेल्थ इंश्योरेंस प्लान बनाया है। यह न केवल ग्राहकों को व्यापक कवरेज देता है, बल्कि उन्हें यह विकल्प भी देता है कि वे अपना इलाज निजी नेटवर्क अस्पताल में कराना चाहते हैं या सरकारी अस्पताल में। साथ ही, अनलिमिटेड डिजिटल कंसल्टेशन और अपनी सुविधा के अनुसार प्रीमियम भरने का विकल्प मिलने से राइज़ इस ग्राहक वर्ग के लिए एक आदर्श हेल्थ इंश्योरेंस प्लान बन जाता है। भारत में मिसिंग मिडल आबादी का मतलब उन लोगों से है, जो इतना ज्यादा कमाते हैं कि वे सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं के लिए पात्र नहीं होते, लेकिन उनकी आमदनी इतनी भी नहीं होती कि वे प्राइवेट हेल्थ इंश्योरेंस का महंगा प्रीमियम भर सकें। यह परिभाषा नीति आयोग की अक्टूबर 2021 में प्रकाशित रिपोर्ट में दी गई है। इस वर्ग में करीब 40 करोड़ भारतीय शामिल हैं, जिनमें बड़ी संख्या में मध्यम वर्ग के लोग भी आते हैं। ये लोग मेडिकल इमरजेंसी के समय खास तौर पर असुरक्षित होते हैं, क्योंकि उन्हें महंगे इलाज का खर्च उठाना पड़ता है, लेकिन उनके पास पर्याप्त बीमा कवरेज नहीं होता।

सस्ती स्वास्थ्य बीमा सुविधा न होने के कारण, इस वर्ग के कई लोग इलाज का खर्च उठाने के लिए अपनी बचत खत्म करने या कर्ज लेने पर मजबूर हो जाते हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति लंबे समय तक अस्थिर बनी रहती है। ÷मिसिंग मिडल÷ के लिए सस्ती स्वास्थ्य बीमा सुविधाएं बढ़ाना जरूरी है, ताकि उन्हें बेहतर इलाज मिल सके और मेडिकल कर्ज से बचाव हो जिससे देश की आर्थिक स्थिरता बनी रहे।

## आइकॉनिक व्हाइट ने रचा इतिहास

नई दिल्ली। भारत की तीसरी सबसे बड़ी स्पिरिट कंपनी एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) ने अपनी आइकॉनिक व्हाइट के साथ नया मुकाम हासिल किया है। लॉन्च के महज 344 दिनों में इस ब्रांड ने 50 लाख (5 मिलियन) केस की बिक्री पार कर ली है। सितंबर 2023 में लॉन्च हुई इस प्रीमियम ब्रांड ने अपने आकर्षक डिज़ाइन और गुणवत्ता के दम पर तेज़ी से बाज़ार में पकड़ बनाई। वित्तीय वर्ष 2022-23 में 3.2 लाख केस की शुरुआती बिक्री के बाद, 2023-24 में यह आंकड़ा 22.7 लाख केस तक पहुंच गया, जिससे यह 2023 का सबसे तेजी से बढ़ने वाला स्पिरिट ब्रांड बन गया। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड (एबीडी) के मैनेजिंग डायरेक्टर आलोक गुप्ता ने कहा, एफवाय 25 के केवल 344 दिनों में ही 50 लाख केस पार कर जाना एबीडी के लिए एक निर्णायक क्षण है, इसके साथ-साथ आइकॉनिक अपने सॉफिस्टिकेटेड ब्लेंड और स्टाइलिश पैकेजिंग के चलते युवकों के बीच भारत की नंबर वन ट्रेंडिंग बन चुकी है। हमें इस बात पर विशेष रूप से गर्व है कि हमारा ब्रांड एलटीए के ब्रैकेट में प्रवेश करने जा रहे, वयस्क होते उपभोक्ताओं को दिलकश लग रहा है, साथ ही वैश्विक विस्तार की महत्वाकांक्षी योजनाओं के बल पर, हमारा ब्रांड 5 देशों में अंतरराष्ट्रीय मान्यता भी प्राप्त कर चुका है। यह माइलस्टोन ऊँचे मार्जिन वाले प्रेस्टिज एंड एबव सेगमेंट में अपनी मौजूदगी बढ़ाने पर केंद्रित हमारे रणनीतिक फोकस को दर्शाता है, तथा घरेलू व वैश्विक स्तर पर हमारी मैन्युफैक्चरिंग एवं डिस्ट्रीब्यूशन की एकीकृत सामर्थ्य को शिखर पर ले जाता है। एलाइड ब्लेंडर्स एंड डिस्टिलर्स लिमिटेड के चीफ इनोवेशन एंड स्ट्रैटेजी ऑफिसर विक्रम बसु ने कहा, मुझे खुशी है कि आइकॉनिक ने शानदार प्रदर्शन किया है। इसका पूरा श्रेय हमारी उन टीमों को जाता है, जिन्होंने इसे प्रभावी ढंग से और गहरे जुनून के साथ आगे बढ़ाया है। अब तक किसी टेलीविजन, बड़े कार्यक्रम या सेलिब्रिटी प्रचार के बिना, महज एक सरल विचार और ब्रांड निर्माण के माध्यम से, बाजारों में इस तरह का उपभोक्ता समर्थन मिलने के लिए मैं बहुत आभारी हूं। आइकॉनिक में गेमचेंजर बनने की पूरी क्षमता व संभावना मौजूद है।

## टाटा आईपीएल 2025 के नवीनतम कैंपेन 'सर्किल में आजा' के साथ माय11सर्किल ने प्रशंसकों को आईपीएल एक्शन से जोड़ा



नई दिल्ली। टाटा आईपीएल 2025 के लिए बढ़ते उत्साह के बीच गेम्स24×7 का प्रमुख फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म माय11सर्किल अपने नए कैंपेन 'सर्किल में आजा' के साथ उत्साह को बढ़ाने को तैयार है। इस कैंपेन के साथमाय11सर्किल एक इमर्सिव एक्सपीरियंसिव ब्रांड एंबेसडर्स की आकर्षक लाइन अप के साथ यूजर्स के एंगेजमेंट को नए सिरे से परिभाषित कर रहा है और यूजर्स को आईपीएल के एक्शन के साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित कर रहा है। इस कैंपेन की लॉन्चिंग को लेकरगेम्स24×7 के सीओओश्री सरोज पाणिग्रही ने कहा, हम जो कुछ भी करते हैं वह हमारे यूजर्स और खेल के प्रति उनके प्यार के इर्द-गिर्द केंद्रित होता है। हम अपने प्लेटफॉर्म को खिलाड़ियों के लिए अधिक मनोरंजक एवं रिवार्डिंग बनाने के लिए निरंतर इनोवेशन करते रहते हैं। टाटा आईपीएल सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं है यह एक भावना है जो लाखों लोगों को एकजुट करती है। हमारे नवीनतम कैंपेन के साथहम उस जुनून को नई ऊंचाई पर ले जा रहे हैं। एक नए, डायनामिक तरीके से पुरानी यादों और प्रशंसकों के पसंदीदा पलों को साथ लाकर हम एक ऐसा अनुभव बना रहे हैं जो यूजर्स को एक शानदार फैंटेसी क्रिकेट यूनिवर्स में ले जाता है। हम 360-डिग्री मार्केटिंग स्ट्रेटजी पर काम करते हैं, जिसमें टीवी, डिजिटल और उसके साथ-साथ मैदान पर और उसके बाहर भी रणनीतिक साझेदारियां शामिल हैं। इस स्ट्रेटजी को पूरे आईपीएल सीजन में यूजर एंगेजमेंट को बढ़ाने और इस यूनिवर्स को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। सर्किल में आजा कैंपेन को छह आकर्षक विज्ञापन फिल्मों के माध्यम से जीवंत किया गया है, जिनमें से प्रत्येक में एक क्रिकेट सुपरस्टार को मुख्य भूमिका में रखा गया है। इस कैंपेन में माय11सर्किल के मौजूदा ब्रांड एंबेसडर और क्रिकेट दिग्गज जैसे सौरव गांगुली, शुभमन गिल, मोहम्मद सिराज, रुतुराज गायकवाड़, रिंकू सिंह और यशस्वी जायसवाल शामिल हैं। वासन बाला द्वारा परिकल्पित और क्रिएटिव एजेंसी द स्क्रिप्ट रूम द्वारा तैयार किए गए इस कैंपेन की प्रत्येक फिल्म एक अनूठा और असाधारण पल सामने लाती है, जहां एक खिलाड़ी किसी प्रशंसक की फैंटेसी टीम में शामिल हो जाता है।

माय11सर्किल ने फिल साल्ट, मार्को जेनसन, ट्रैविस हेड, निकोलस पूरन, ट्रेंट बोल्ट और टी. नटराजन सहित अंतरराष्ट्रीय और घरेलू खिलाड़ियों के एक्साइटिंग मिक्स को शामिल करके अपने लाइनअप को और मजबूत किया है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने विश्व वन दिवस और विश्व जल दिवस 2025 पर पर्यावरण संरक्षण और सतत प्रथाओं के प्रति अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की



बैंगलोर। दुनिया जब विश्व वन दिवस और विश्व जल दिवस मना रही है, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) पर्यावरण संरक्षण के प्रतिअपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि करती है। यह वैश्विक टोयोटा एनवायमेंटल चैलेंज(पर्यावरण चुनौती) 2050 (टीईसी 2050) को मूर्त रूप देती है। इसमें शून्यपर्यावरणीय प्रभाव से आगे बढ़ना और शुद्ध सकारात्मक प्रभाव प्राप्त करना जैसी छह दूरदर्शी चुनौतियां शामिल हैं। इनमें पानी के उपयोग को न्यूनतम औरइष्टतम करना तथा प्रकृति के साथ सद्भाव में भविष्य के समाज की स्थापना भीकी जानी है।

टोयोटा एनवायमेंटल चैलेंज 2050 की स्थापना 2015 में हुई थी। तबसे टोयोटाएनवायमेंटल चैलेंज कंपनी की निरंतर जारी रहने वाली पहल का मार्गदर्शनकरना जारी रखती है। इससे पृथ्वी के पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली मेंसकारात्मक योगदान संभव हो पाता है, इसके लिए कार्बन उत्सर्जन, संसाधनोंकी कमी, पानी की कमी और इसकी संपूर्ण मूल्य श्रृंखला में जैव विविधता केनुकसान जैसी चुनौतियों का समाधान किया जा सकता है। टीकेएम कीप्रतिबद्धता के केंद्र में ग्रह के प्रति सम्मान का गहन दर्शन निहित है, जोपारिस्थितिकी तंत्र और स्थानीय समुदायों को समृद्ध करते हुए पर्यावरणीयप्रभाव को कम करने के कंपनी के प्रयासों को प्रेरित करता है।

इस दिशा में, पानी को एक अमूल्य और साझा संसाधन के रूप में पहचानते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर अपने प्लांट में पानी के उपयोग को अनुकूलित औरसर्वश्रेष्ठ करने के लिए एक समग्र 4आर रणनीति का पालन करता है। ये हैंरिड्यूस - कम करें, री यूज पुनः उपयोग करें, रीसाइकिल - रीसाइकिल करेंऔर रीचार्ज करें। उत्पादन के लिए टीकेएम की पानी की कुल आवश्यकता का89.3त्न हिस्सा रीसाइकिल किए गए पानी और वर्षा जल संचयन के माध्यम सेपूरा किया जाता है। 51,000 क्यूबिक (घन) मीटर की भंडारण क्षमता वाले वर्षाजल संचयन तालाबों और 18 भूजल पुनर्भरण गड्ढों के साथ, टीकेएम अपनेपरिसर में सालाना भूजल स्तर को लगातार बढ़ाता है। एक अत्याधुनिकअपशिष्ट जल उपचार संयंत्र एमबीआर और आरओ जैसी उन्नत तकनीक काउपयोग करके 60त्न तक अपशिष्ट जल को रीसाइकिल करता है। इसकाउपयोग फिर औद्योगिक और बागवानी उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

## वेस्टर्न डिजिटल ने लॉन्च किया डब्लूडी ब्लू एसएन 5000 एनवीएमई एसएसडी




लखनऊ। प्रीमियम कंटेंट की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए, कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स को ज्यादा स्टोरेज की जरूरत होती है, जो तेज और बेहतर तरीके से काम करे। साथ ही, एआई तकनीक से बड़े मीडिया फाइल्स बन रहे हैं, जिससे ज्यादा स्टोरेज और हाई-परफॉर्मेंस डेटा स्टोरेज की जरूरत बढ़ रही है।यूजर्स की जरूरतों को पूरा करने के लिए, वेस्टर्न डिजिटल ने हाल ही में डब्लूडी ब्लू एसएन 5000 एनवीएमई एसएसडी लॉन्च किया है। यह नेक्स्ट जनरेशन स्टोरेज खासतौर पर कंटेंट क्रिएटर्स और प्रोफेशनल्स के लिए बनाई गई है, जो 4के वीडियो, इमेज और ऑडियो जैसे हाई वर्कफ्लो पर काम करते हैं डब्लूडी ब्लू एसएन 5000 एनवीएमई एसएसडी की स्टोरेज क्षमता 500जीबी से 4टीबी तक उपलब्ध है। इसकी कीमत 3,199 से ?26,999 तक रखी गई है। इसे अमेज़न इंडिया और नजदीकी आईटी रिटेल स्टोर्स से खरीदा जा सकता है।

## सीएफए इंस्टीट्यूट ने फिन्फ्लुएंसर रिपोर्ट जारी की, जिसमें रिटेल निवेश पर फाईनेंशल इन्फ्लुएंसर के प्रभाव और भूमिका को उजागर किया गया है

CFA Institute®

नई दिल्ली। इन्वेस्टमेंट प्रोफेशनल्स के वैश्विक संगठन, सीएफए ने आज अपनी फिन्फ्लुएंसर रिपोर्ट 'क्लिक्स एंड क्रेडिबिलिटी: अंडरस्टैंडिंग फिन्फ्लुएंसर्स रोल इन इन्वेस्टमेंट डिसीज़ंस' जारी की, जिसमें भारत में रिटेल निवेश के परिदृश्य में निवेश के निर्णयों को प्रभावित करने वाले फाईनेंशल इन्फ्लुएंसर्स या फिन्फ्लुएंसर्स की विकसित होती हुई भूमिका का विश्लेषण किया गया है। इस अध्ययन में 1,600 से अधिक निवेशकों का सर्वे किया गया। 51 प्रभावशाली फाईनेंशल इन्फ्लुएंसर्स का गहन विश्लेषण किया गया। जिससे इस विकसित होते हुए परिदृश्य में संभावनाओं और कमियों का खुलासा हुआ।

इस रिपोर्ट में शामिल केवल 2 प्रतिशत फाईनेंशल इन्फ्लुएंसर्स ही सेबी पर रजिस्टर्ड हैं, उसके बाद भी 33 प्रतिशत खरीदने और बेचने संबंधी परामर्श देते हैं, जिससे इस मामले में दिए जाने वाले परामर्शों की विश्वसनीयता और जवाबदेही पर सवाल खड़ा होता है।

पिछले पाँच सालों में भारत में ईक्विटी बाजार में रिटेल निवेश करने वालों की संख्या में बहुत तेजी से वृद्धि हुई है। ये आँकड़े ईक्विटी की लोकप्रियता का उत्साहजनक परिदृश्य पेश करते हैं। वहीं, कैपिटल मार्केट रैगुलेटर, सेबी के अध्ययनों में यह भी सामने आया है कि इनमें से कई निवेशक सट्टेबाज ज्यादा हैं, जो लाभ के लालच में पैसा लगाते हैं, लेकिन भारी नुकसान उठाते हैं। गैरजिम्मेदार व्यवहार को रोकने के लिए सेबी द्वारा ठोस उपाय किए जा रहे हैं। मासूम रिटेल निवेशकों को गुमराह करके अवैध लाभ कमाने वाले फिन्फ्लुएंसर्स पर भारी जुर्माना लगाया जा रहा है, लेकिन फिर भी भारत में फिन्फ्लुएंसर के परिदृश्य को नियमित बनाने के लिए अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। इस प्रक्रिया का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है निवेशकों द्वारा निवेश के व्यवहार को समझना और फिन्फ्लुएंसर्स द्वारा निर्मित कंटेंट की समीक्षा करना।

इस रिपोर्ट में निवेशकों के ऊपर फिन्फ्लुएंसर्स के महत्वपूर्ण प्रभाव को उजागर किया गया है। 82 प्रतिशत फौलोअर्स ने बताया कि उन्होंने फिन्फ्लुएंसर के परामर्श के अनुसार निवेश किया था। इनमें से 72 प्रतिशत को वित्तीय लाभ हुआ। हालाँकि इस रिपोर्ट में शामिल जोखिमों को भी उजागर किया गया। 14 प्रतिशत बुजुर्ग निवेशकों, जिनकी उम्र 40 साल और उससे अधिक थी, ने बताया कि वो गुमराह हुए और धोखे की सलाह में फँस गए, जिससे सतर्क रहने और नियामक निगरानी करते रहने की जरूरत को बल मिलता है। सीएफए इंस्टीट्यूट - इंडिया की कंट्री हेड, आरती पोरवाल ने कहा, ''भारत में फाईनेंशल इन्फ्लुएंसर के परिवेश में जागरुकता लाने और वित्तीय ज्ञान को जनसमूह तक पहुँचाने की अपार संभावनाएं हैं। लेकिन इस रिपोर्ट में जिम्मेदार व्यवहार और सूचित निर्णय लेने के महत्व पर जोर दिया गया है। निवेशकों को सतर्क रहने की जरूरत हैं और उन्हें केवल सेबी पर रजिस्टर्ड इन्फ्लुएंसर्स से ही परामर्श लेना चाहिए। वो जिन इन्फ्लुएंसर्स का कहना मान रहे हैं, उनके क्रेडेंशियल्स की जाँच कर लेनी चाहिए। सीएफए इंस्टीट्यूट में हम रैगुलेटर्स, प्लेटफॉर्म्स, और इन्फ्लुएंसर्स के बीच ज्यादा पारदर्शिता और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध हैं, ताकि एक भरोसेमंद वित्तीय परिवेश स्थापित हो सके।''

## रियलमी ने रियलमी पी3 अल्ट्रा 5जी और 14,999 रुपये के शुरुआती मूल्य में रियलमी पी3 5जी पेश किए



नई दिल्ली। भारतीय युवाओं के सबसे लोकप्रिय स्मार्टफोन ब्रांड, रियलमी ने खास भारत के लिए डिज़ाईन की गई रियलमी पी3 सीरीज़ की दूसरा श्रृंखला पेश की है। इस सीरीज़ में रियलमी पी3 अल्ट्रा 5जी और रियलमी पी3 5जी पेश किए गए हैं, जिनसे भारतीय यूज़र्स के लिए अनुकूलित अत्याधुनिक इनोवेशन की रियलमी की प्रतिबद्धता प्रदर्शित होती है। रियलमी ने परफॉर्मेंस, सुगम मल्टीटास्किंग, और गेमिंग के बेहतरीन अनुभव पर केंद्रित रहते हुए पी3 सीरीज़ 5जी पेश की है, जिसने मिड-रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित कर दिए हैं, और यूज़र अनुभव में सुधार लाने के लिए सेगमेंट के सर्वश्रेष्ठ इनोवेशन पेश किए हैं।

रियलमी पी3 अल्ट्रा 5जी और रियलमी पी3 5जी सीमाओं को बढ़ाते ही नहीं हैं, बल्कि उन्हें खत्म कर देते हैं। मिड रेंज सेगमेंट में नए मानक स्थापित करके ये डिवाईस अत्याधुनिक डिज़ाईन के साथ शानदार परफॉर्मेंस प्रदान कर रही हैं, ताकि अत्यधिक प्रतिस्पर्धी बाजार में भी उनका दबदबा बना रहे। रियलमी एक मेक इट रियल सिद्धांत के अनुरूप, ये दोनों स्मार्टफोन बेहतरीन कारीगरी, अत्याधुनिक इनोवेशन, और बेजोड़ ड्यूरेबिलिटी की मिसाल पेश करते हैं, साथ ही ऐसा अनुभव प्रदान करते हैं, जो शक्तिशाली होने के साथ प्रीमियम भी हो। इस लॉन्च के बारे में रियलमी के प्रवक्ता ने कहा, ''हम रियलमी पी3 अल्ट्रा 5जी और रियलमी पी3 5जी पेश करके बहुत उत्साहित हैं। ये दोनों स्मार्टफोन एआई-पॉवर्ड परफॉर्मेंस, सुगम मल्टीटास्किंग, और शानदार गेमिंग के लिए उत्तम हैं। रियलमी पी3 अल्ट्रा 5जी अपने लुमिनस कलर-चेंजिंग फाईबर और दुनिया के पहले मीडियाटेक डायमेंसिटी 8350 अल्ट्रा चिपसेट के साथ अत्याधुनिक स्पीड और इनोवेशन पेश करता है। साथ ही, रियलमी पी3 5जी में भारत का पहला स्नैपड्रैगन 6 जेन 4 चिपसेट लगा है। यह अपनी शक्तिशाली बैटरी और टॉप-टियर वॉटरप्रूफिंग के साथ ड्यूरेबिलिटी एवं एंड्योरेंस के लिए बना है। ये दोनों डिवाईस नैक्स्ट लेवल की एआई, शक्तिशाली गेमिंग और अतुलनीय यूज़र अनुभव प्रदान करने के लिए डिज़ाईन की गई हैं।''

रियलमी पी3 अल्ट्रा 5जी में दुनिया का पहला मीडियाटेक डायमेंसिटी 8350 अल्ट्रा चिपसेट लगा है, जो बीजीएमआई में 90एफपीएस पर अल्ट्रा-स्टेबल गेमिंग प्रदान करता है। इसका एंटुटु स्कोर 1.45 मिलियन से अधिक है, इसलिए यह अपने सेगमेंट में हर स्मार्टफोन से बेहतर परफॉर्मेंस प्रदान करता है। शानदार गेमिंग के लिए बनाई गई जीटी बूस्ट टेक्नोलॉजी इसके टच रिस्पॉन्स और फ्रेम रेट स्टेबिलिटी को बढ़ा देती है, जिससे बहुत स्मूथ और दिलचस्प अनुभव प्राप्त होता है। रियलमी पी3 अल्ट्रा 5जी के डिज़ाईन में नए मानक पेश करते हुए दुनिया का पहला ग्लो-इन-द-डार्क लुनार डिज़ाईन दिया गया है, जो वातावरण की रोशनी के अनुकूलित होकर, टैक्सचर और रंगों का अद्भुत प्रभाव पेश करता है।


## कोटक म्यूचुअल फंड ने लॉन्च की छोटी सिप (एसआईपी) सपनों को साकार करने का छोटा सा तरीका

लखनऊ। कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड ने आज छोटी सिप (स्ढ्ढक्क या एसआईपी)÷ सुविधा लॉन्च करने की घोषणा की है। छोटी सिप कोटक महिंद्रा म्यूचुअल फंड की सभी पात्र योजनाओं के लिए उपलब्ध होगी। हाल ही में सेबी और एएमएफआई ने छोटी सिप (स्मॉल टिकट एसआईपी) की शुरुआत की, जिससे भारत के और अधिक लोगों को धन सृजन की यात्रा में शामिल होने का बेहतरीन अवसर मिलेगा।

कोटक महिंद्रा एसेट मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर निलेश शाह ने कहा भारत की कुल आबादी में से केवल 5.4 करोड़ यूनिक इन्वेस्टर ही म्यूचुअल फंड में निवेश करते हैं, जिससे देश में म्यूचुअल फंड के व्यापक विस्तार की बड़ी संभावना है। सिस्टमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान (एसआईपी) नए निवेशकों को जोड़ने और उनकी म्यूचुअल फंड यात्रा शुरू करने का एक शानदार तरीका रहा है। छोटी सिप के लॉन्च के साथ, कोई भी नया निवेशक केवल 250 की न्यूनतम राशि से अपनी संपत्ति निर्माण की यात्रा शुरू कर सकता है। इसे हम कह सकते हैं - 'छोटी रकम, बड़ा कदम।'

यह पहल नए निवेशकों को 250 रुपये की न्यूनतम राशि के साथ सिप के माध्यम से निवेश करने में सक्षम बनाती है। छोटी सिप (छोटा सिस्टमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के पीछे का उद्देश्य इस क्षेत्र में प्रवेश में आने वाली बाधाओं को कम करके, विशेष रूप से पहली बार निवेश करने वाले लोगों के लिए म्यूचुअल फंड निवेश को अधिक सुलभ बनाना है। निवेशक ने पहले उद्योग स्तर पर म्यूचुअल फंड (एसआईपी या एकमुश्त) में निवेश नहीं किया होगा। निवेशक को ग्रोथ ऑप्शन में निवेश करना चाहिए और मासिक आधार पर कम से कम 60 किस्तों के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। किस्तों का भुगतान केवल एनएसीएच (नैश) या यूपीआई ऑटो-पे के माध्यम से करना चाहिए।

## पेप्सिको इंडिया ने फोर्स ट्रस्ट के साथ मिलकर मथुरा में 50,000 निवासियों के लिए स्वच्छ जल की उपलब्धता सुनिश्चित किया



मथुरा। पेप्सिको इंडिया ने पंडित जगत राम मेमोरियल फोर्स ट्रस्ट के साथ भागीदारी कर, पेप्सिको फाउंडेशन के माध्यम से, अपने व्यापक जल और स्वच्छता कार्यक्रम के तहत उत्तर प्रदेश के मथुरा जिले के 13 गांवों में लंबी अवधि के लिए स्वच्छ जल और स्वच्छता मिशन को आगे बढ़ा रहा है। यह पहल स्वच्छ जल, स्वच्छता और ठोस अपशिष्ट समाधानों तक स्थायी पहुंच प्रदान करने पर केंद्रित है। इस प्रतिबद्धता के हिस्से के रूप में, मथुरा के नंदगांव ब्लॉक के मेहराना में 1000 लीटर प्रति घंटे की सामुदायिक आरओ सुविधा का उद्घाटन किया गया, जो विश्व जल दिवस पर स्थानीय जल सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। पेप्सिको इंडिया के 'उन्नति की साझेदारी' के अनुरूप, यह पहल जल सुरक्षा को मजबूत करने, सार्वजनिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाने और शुद्ध जल बनाने वाले टिकाऊ, समुदाय-संचालित समाधानों को बढ़ावा देने में कंपनी के योगदान को रेखांकित करती है।

मुख्य अतिथि श्री चौधरी लक्ष्मी नारायण सिंह, कैबिनेट मंत्री और विधायक, उत्तर प्रदेश सरकार सहित प्रतिष्ठित अतिथियों ने इस अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस कार्यक्रम में फोर्स की संस्थापक और अध्यक्ष ज्योति शर्मा और पेप्सिको इंडिया टीम के सदस्यों ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम का एक मुख्य आकर्षण सामुदायिक नेताओं का सम्मान था, जिन्होंने जमीनी स्तर पर जल सुरक्षा और स्वच्छता जागरूकता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जल संरक्षण को बढ़ावा देने और सुरक्षित जल प्रथाओं और स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए व्यक्तियों को उनके प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया, जिससे उनके समुदायों को टिकाऊ आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

पेप्सिको फाउंडेशन की जल और स्वच्छता पहल ने मथुरा में जल सुरक्षा और स्वच्छता को काफी मजबूत किया है, जिसका 13 गांवों के 50,000 से अधिक निवासियों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। पहल के प्रमुख प्रभाव क्षेत्रों में शामिल हैं-

2.02 करोड़ लीटर की वार्षिक जल संचयन क्षमता का निर्माण।

## बचत और कमाई, दोनों का भरोसा है आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट

ICICI PRUDENTIAL
LIFE INSURANCE

कानपुर। आज की अनिश्चित आर्थिक स्थिति में अतिरिक्त आमदनी का ज़रिया होना बहुत जरूरी हो गया है। बढ़ती महँगाई, बाजार में उतार-चढ़ाव और वित्तीय लक्ष्यों को पाने के लिए लोग ऐसे निवेश विकल्प तलाश रहे हैं, जो सुरक्षा और बढ़त दोनों प्रदान करें। इसी जरूरत को पूरा करने के लिए, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने एक खास लॉन्ग-टर्म सेविंग्स प्रोडक्ट- आईसीआईसीआई प्रू गिफ्ट सिलेक्ट लॉन्च किया है, जो गारंटीड इनकम के साथ संपत्ति सुरक्षित रखने का मौका देता है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ प्रोडक्ट और डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पालटा कहते हैं हम चाहते हैं कि हमारे ग्राहक अपने भविष्य को लेकर निश्चिंत रहें और वित्त से संबंधित उनके सभी लक्ष्य पूरे हों।÷ इस प्लान में आपको अपनी गारंटीड इनकम की अवधि चुनने की आज़ादी मिलती है, साथ ही मेच्योरिटी पर टैक्स-एफिशिएंट तरीके से एकमुश्त रकम भी मिलती है। इसमें एक और खासियत है- हर साल 5 प्रतिशत बढ़ने वाली इनकम, जो महंगाई का असर कम करने में मदद करती है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस अब बीमा वितरण को डिजिटल तकनीकों से और मजबूत बना रहा है। कंपनी ने अपने एजेंट्स को सशक्त बनाने के लिए आईप्रू एज मोबाइल ऐप लॉन्च किया है। अमित पालटा बताते हैं एजेंट्स ग्राहकों को सही वित्तीय फैसले लेने में मदद करते हैं। आईप्रू एज उनके लिए एक डिजिटल ऑफिस जैसा है, जिससे उनका काम और भी आसान हो जाता है।

## उत्तर प्रदेश की विकास यात्रा में नया अध्याय: लखनऊ में डेलॉइट का पहला ऑफिस

लखनऊ। डेलॉइट इंडिया ने राजधानी लखनऊ में एक नए कार्यालय का उद्घाटन करके उत्तर प्रदेश में अपनी मौजूदगी और बढ़ाई है। नया कार्यालय सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट- विभूति खंड, गोमती नगर में स्थित है। डेलॉइट इंडिया ने यह महत्वपूर्ण चरण नोएडा कार्यालय खोलने के ठीक एक साल बाद हासिल किया। इससे उत्तर प्रदेश की 2030 तक 1 ट्रिलियन यूएसडी की अर्थव्यवस्था बनने की महत्वाकांक्षा का समर्थन करने की डेलॉइट की प्रतिबद्धता को और मजबूती मिली है। राज्य में कई सार्वजनिक और निजी क्षेत्र की पहलों के साथ सक्रिय रूप से जुड़ी रही, डेलॉइट का लखनऊ में एक नया कार्यालय स्थापित करने का फैसला सरकार और उद्योग जगत के साथ सहयोग करने और उत्तर प्रदेश को भारत के विकास के एक प्रमुख भागीदार बनाने के प्रति उसके समर्पण को दर्शाता है।

इस नए जुड़ाव के साथ, अब डेलॉइट इंडिया के देश के 14 शहरों में 19 कार्यालय हो गए हैं।

उद्घाटन के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव श्री मनोज कुमार सिंह ने कहा, ÷उत्तर प्रदेश वैश्विक निवेश मजबूती की ओर हमारी यात्रा को समर्थन मिलेगा।



केंद्र बन गया है और उन कंपनियों को आकर्षित कर रहा है जो कारोबार बढ़ाना चाहती हैं और प्रतिभाओं की भी तलाश में हैं। हम विभिन्न क्षेत्रों में इंडस्ट्री हब बनने की दिशा में काम कर रहे हैं, इसलिए, डेलॉइट जैसी प्रमुख कंपनियों की मौजदगी राज्य के इस दृष्टिकोण को एक मजबूती के साथ समर्थन देती है। इस विस्तार से राज्य में कारोबार के अनुकूल नीतियों, एक कुशल कार्यबल की उपलब्धता और मजबूत बुनियादी ढांचे का पता चलता है । इससे नवाचार को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार बढ़ेंगे और आर्थिक

डेलॉइट साउथ एशिया के सीईओ रोमल शेट्टी ने कहा, भारत के सबसे तेजी से बढ़ते राज्यों में से एक उत्तर प्रदेश ने खुद को एक वैश्विक टेस्टिंग हब, इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के लिए एक तेजी से बढ़ते केंद्र के रूप में स्थापित किया है और यह सेमीकंडक्टर हब बनने की राह पर है। अपने तेजी से बढ़ते बुनियादी ढांचे, समृद्ध डिजिटल इकोसिस्टम और कुशल कार्यबल के साथ, राज्य कंपनियों और पेशेवरों के लिए समान रूप से व्यापक अवसरों की पेशकश करता है।

# गांव, गरीब और किसान की पार्टी है रालोद : सिया शरण

अवधनामा संवाददाता

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** रामकोला विधानसभा क्षेत्र के बोदरवार स्थित एक मैरेज हॉल में शुक्रवार को राष्ट्रीय लोकदल की जनपद इकाई द्वारा कार्यकर्ता बैठक आयोजित कर पार्टी की नीतियों पर चर्चा की गई तथा जनपद में आ रहे विज्ञान एवं प्रद्यौगिकी मंत्री अनिल कुमार के स्वागत को लेकर पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यकर्ता बैठक संबोधित करते हुए रालोद के प्रदेश सचिव सिया शरण पाण्डेय ने कहा कि रालोद गांव, गरीब और किसान की पार्टी है। चौधरी स्व. चरण सिंह और चौधरी स्व. अजीत सिंह के पदचिह्नों पर चलते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत सिंह आम जन को न्याय दिलाने का कार्य



कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते मुख्य अतिथि

**त्रिस्तरीय चुनाव मजबूती से लड़ेगी रालोद पार्टी : विनोद**


कर रहे हैं। पार्टी के कार्यकर्ता आम जन से जुड़े और उन्हें सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने का कार्य करें। विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष देवरिया रामशंकर चौहान, भगवान दयाल विश्वकर्मा, मंडल अध्यक्ष चंद्र प्रकाश दूबे ने सांगठनिक पर बल दिया। अध्यक्षता करते हुए रालोद जिलाध्यक्ष विनोद प्रताप कुंवर ने कहा कि पार्टी जनपद में त्रिस्तरीय चुनाव जिला पंचायत, बीडीसी और प्रधानी मजबूती से लड़ेगी। इसके लिए प्रदेश के मंत्री का जिले में आगमन हो रहा है और बैठकर रणनीति बनेगी। आयोजक गणेश प्रसाद ने सभी का स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। इस दौरान हरी कसेरा, श्रीनिवास गुप्ता, जिला सचिव कुलदीप, रामेश्वर लाल गौतम, जितेंद्र सिंहानिया, विश्वजीत दूबे, रामप्रीत पासवान, धर्मेन्द्र कुमार, राजमन, सुनैना देवी, रम्भा देवी, संगीता देवी, पुनीता देवी, ध्रुवतारा देवी, शीला देवी सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा ने फांसी लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

## बुद्ध पीजी कॉलेज में बीएससी की छात्रा थी, किराए के मकान में रहती थी

अवधनामा ब्यूरो


शव को कब्जे में लेती पुलिस


छात्रा प्रतिभा की फाइल फोटो

**कुशीनगर।** कसया थाना क्षेत्र के बुद्ध नगरी विशुनपुरा में शुक्रवार को 21 वर्षीय बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा ने अपने किराए के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान प्रतिभा सैनी पुत्री सुरेंद्र प्रसाद निवासी ग्राम खुशीपट्टी, पिपरा जटामपुर, थाना कुबेरस्थान, कुशीनगर के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार, प्रतिभा बुद्धा स्नातकोत्तर महाविद्यालय, कुशीनगर में बीएससी तृतीय वर्ष की छात्रा थी और पिछले तीन वर्षों से किराए के मकान में रहकर पढ़ाई कर रही थी। शुक्रवार सुबह करीब 9:50 बजे प्रतिभा ने अपने घर पर बात की और मां से छोटे भाई मोहित को बुलाने के लिए कहा। इसके बाद उसका मोबाइल बंद हो गया। भाई जब कुशीनगर स्थित किराए के मकान पर पहुंचा तो कमरा बाहर से बंद था। दरवाजा खोलने की कोशिश के बाद भी न खुलने पर, वह पीछे से गया और अंदर देखा तो बहन का शव फंदे से लटका हुआ था। किसी तरह कमरे में जाकर भाई ने शव को नीचे उतारा और मकान मालिक को सूचना दी, जिन्होंने 112 नंबर पर पुलिस को सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही कुशीनगर चौकी पुलिस और फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और जांच-पड़ताल के बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।इस घटना के बाद से मृतका के परिवार में मातम पसरा हुआ है। फिलहाल, आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है ताकि आत्महत्या के पीछे की वजह सामने आ सके। इस संबंध में इंस्पेक्टर ओमप्रकाश तिवारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही मृतका के मोबाइल की कॉल डिटेल खंगाली जा रही है, ताकि आत्महत्या के कारणों का पता चल सके।

# केंद्र सरकार के 11 वर्ष एवं उ.प्र. सरकार के 8 वर्ष पूर्ण होने पर तीन दिवसीय कार्यक्रम 25 मार्च से

## सेवा सुरक्षा व सुशासन के 8 वर्ष थीम पर आधारित होगा कार्यक्रम

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** प्रदेश सरकार के सेवा सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर जनपद स्तर, तहसील स्तर एवं विकास खण्ड स्तर पर 25 से 27 मार्च के मध्य तीन दिवसीय कार्यक्रम के सफल आयोजन के संबंध में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुई।

जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने कहा कि उक्त तीन दिवसीय कार्यक्रम अंतर्गत सभी विभागों को सम्मिलित किया गया है, और ये कार्यक्रम भव्य रूप में प्रदर्शित करने हेतु सभी विभाग अभी से अपनी अपनी तैयारी शुरू कर दें। उन्होंने एक एक कर सभी विभागों द्वारा किए जाने वाले प्रदर्शन के संबंध में जिम्मेदारी सौंपते हुए कहा कि अधिकारी गण इस


कार्यक्रम को लेकर समीक्षा बैठक करते डीएम

कार्यक्रम को हल्के न लें। उन्होंने कार्यक्रम स्थल पर पूर्ण रूप से साफ सफाई, टायलेट, पेय जल की आपूर्ति के संबंध में आवश्यक निर्देश संबंधित को दिए। उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपने विभाग से संबंधित विगत 08 वर्षों के उपलब्धियों सहित स्टाल के माध्यम से लाभार्थियों का ऑन लाइन आवेदन/रजिस्ट्रेशन करने हेतु सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने पशुपालन विभाग, जिला प्रवेशन अधिकारी, उद्योग विभाग, कृषि विभाग, पर्यटन/संस्कृति विभाग, शिक्षा विभाग, उद्यान विभाग, स्वास्थ्य विभाग सहित अन्य सभी विभागों को अपने विभाग से संबंधित स्टाल लगाने व उपलब्धियों से संबंधित फोटोग्राफ्स आदि लगाए जाने का निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि इस अवसर पर लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं अंतर्गत सम्मानित भी किया जाएगा।

**तहसीलों एवं ब्लॉकों में भी आयोजित होगा कार्यक्रम**

मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने कहा कि कार्यक्रम के प्रथम दिवस प्रभारी मंत्री द्वारा उद्घाटन किया जाएगा, और ये कार्यक्रम उत्सव के रूप में तीन दिनों तक मनाया जाएगा तथा तहसील एवं ब्लॉक स्तर पर भी कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिवस हेतु नोडल अधिकारी नामित किए जाएंगे। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, उपायुक्त उद्योग, उप कृषि निदेशक कृषि, सहित समस्त विभागों के अधिकारी, व खंड विकास अधिकारी सहित ईओ आदि उपस्थित रहे।

## हाटा विधायक के शिकायत पर सिंचाई भवन निर्माण में हुई भ्रष्टाचार की जांच शुरू



**हाटा, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** सिंचाई विभाग हाटा के भवन निर्माण में हुई भ्रष्टाचार की शिकायत पर शुक्रवार को लखनऊ से तीन सदस्यीय टीम जांच करने पहुंच गई है। इस टीम में टेक्निकल एक्जामिनर प्रदीप कुमार, आशीष सक्सेना व योगेश कौशिक शामिल हैं। विधायक मोहन वर्मा ने विधान सभा में नियम 301 के तहत यह मुद्दा उठाया था कि सिंचाई विभाग का निरीक्षण भवन निष्प्रयोज्य था। सिंचाई विभाग शासन द्वारा भवन निर्माण के लिए 2 करोड़ 49 लाख रुपए का धन आवंटित किया गया था, लेकिन चहेते ठेकेदारों द्वारा मानक के विपरीत निर्माण कराया और धन का बंदरबांट किया गया। मकान को ध्वस्त कर उसी नींव पर पुराने ईंटों से दीवार बना दिया गया। उनका यह आरोप भी है कि सहायक अभियंता इसके जिम्मेदार हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री को भी पत्र दिया है और सहायक अभियंता की संलिप्तता पर सवाल उठाया है। जांच टीम के प्रदीप कुमार ने बताया कि जिन बिंदुओं पर शिकायत की गई है उनकी बारीकी से जांच की जा रही है। भवनों के मरम्मतिकरण के लिए धन का आवंटन किया गया है। नियमानुसार निर्माण किया गया है या नहीं तकनीकी जांच के बाद ही बताया जा सकता है। जांच के बाद पूरी रिपोर्ट शासन को उपलब्ध कराई जाएगी। ये टीमें तीन दिन तक विधिवत जांच करेगी।

## डीएम ने राजकीय आईटीआई, देवरिया में आयोजित होने वाले उपकरण चिन्हांकन शिविर का लिया जायजा



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** 22 और 23 मार्च को एडिप योजना के अंतर्गत दिव्यांगजनों के लिए राजकीय आईटीआई, देवरिया में आयोजित होने वाले उपकरण चिन्हांकन शिविर की तैयारियों का आज जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को शिविर की तैयारी, सामग्री की उपलब्धता एवं कार्यक्रम के सुचारु संचालन से संबंधित विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। जिलाधिकारी ने कहा कि कहा यह शिविर दिव्यांगजनों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिससे उन्हें उचित सुविधाएँ प्रदान करने एवं समाज में उनके समावेशन को बढ़ावा देने में मदद मिलेगी। 22 व 23 मार्च को प्रातः 10 बजे से सायं 6 बजे तक चलने वाले इस शिविर में दिव्यांगजन मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर, बैसाखी, स्मार्ट छड़ी, श्रवण यंत्र आदि सहायक उपकरणों के लिए लाभार्थी चिह्नित किए जाएंगे। चिन्हित लाभार्थियों की उपकरणवार सूची एलिम्को कानपुर भेजी जाएगी, जिसके आधार पर बाद में जनपद में उपकरण आएंगे जिसका ब्लॉक स्तर पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वितरण कराया जाएगा। चिन्हांकन शिविर में प्रतिभाग करने के लिए आवश्यक दस्तावेजों में दिव्यांग प्रमाण पत्र, यूडीआईडी कार्ड, आधार कार्ड तथा मासिक आय 22,500 से कम होना अनिवार्य है इसका प्रमाणपत्र ग्राम प्रधान, विधायक एवं सांसद दें सकते हैं। वहीं, दिव्यांग पेंशन हेतु दिव्यांग प्रमाण पत्र, तहसील द्वारा निर्गत आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, बैंक पासबुक, ग्राम सभा प्रस्ताव, एक पासपोर्ट साइज फोटो एवं मोबाइल नंबर शामिल हैं।


## पूर्ति निरीक्षक की विदाई में उमड़ा जन सैलाब

**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** पूर्ति निरीक्षक अमित यादव के गैर जनपद स्थानांतरण होने पर तहसील सभागार में कोटेदारों द्वारा एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सचिन यादव ने की मौजूद कोटेदारों व पूर्ति निरीक्षक अमित यादव की मौजूदगी में विदाई समारोह के दौरान उपजिलाधिकारी सचिन यादव ने कहा कि महराजगंज तहसील में पूर्ति निरीक्षक के पद पर रहकर अमित यादव ने लगभग सभी राशन कार्ड धारकों को शासन द्वारा दी जाने वाली सभी सुविधाओं का लाभ दिया है, तथा सरकार द्वारा केवाईसी जैसी महत्वपूर्ण कार्यों पर विशेष ध्यान देते हुए ज्यादा से ज्यादा केवाईसी करवा कर महराजगंज तहसील का नाम भी रोशन किया वहीं उपस्थित कोटेदारों ने अपने जनप्रिय पूर्ति निरीक्षक अमित यादव को फूल माला पहनाकर व स्मृति चिन्ह देकर तथा बुके भेंटकर विदाई समारोह मनाया। इस मौके पर पूर्ति निरीक्षक अविनाश चंद्र पांडे, आशू पांडे, कन्हैया त्रिपाठी, गुलाब सिंह, राजेंद्र प्रसाद त्रिपाठी, महेंद्र सिंह, सुरेंद्र मोहन बाजपेई, दिनेश त्रिवेदी, फारूक, हामिद अली, अमित सिंह, जियाउल हक मंसूरी, रामप्रताप सिंह उर्फ लालू ,कोटेदार संघ ब्लॉक अध्यक्ष सुरेश शुक्ला, मोनू तिवारी, सानू, भानू गुप्ता, अनुपम कुमार उर्फ छोटू सहित सभी कोटेदार मौजूद रहे।



## भागवत सुनने मात्र से दूर हो जाते हैं कष्टः संध्या

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** ग्राम सभा बीझें गांव में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन शुक्रवार को सिधौना अमांवा से आई कथा व्यास संध्या भारद्वाज ने विविध प्रसंगों पर अद्भुत व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए लोगों से सन्मार्ग पर चलने की बात कही। कथा व्यास ने बताया कि, भागवत कथा से मनुष्यों को ज्ञान व वैराग्य की प्राप्ति होती है। श्रीमद् भागवत कथा जीवन में उद्देश्य व दिशा को दर्शाती है इसीलिए कहते हैं की श्रीमद् भागवत कथा सुनने मात्र से मनुष्य को मोक्ष की प्राप्ति होती है उसे ईश्वर के श्री चरणों में स्थान मिलता है। कथा व्यास ने यह भी बताया कि, मनुष्य का क्या कर्तव्य है इसका बोध भागवत सुनकर ही होता है विडंबना यह है कि मृत्यु निश्चित होने के बाद भी हम उसे स्वीकार नहीं करते हैं निष्काम भाव से प्रभु का स्मरण करने वाले लोग अपना जन्म और मरण दोनों सुधार लेते हैं। प्रभु जब अवतार लेते हैं तो माया के साथ आते हैं साधारण मनुष्य माया को शाश्वत मान लेता है और अपने शरीर को प्रधान मान लेता है जबकि शरीर नश्वर है भागवत कथा यह सिखाती है कि, कर्म ऐसे करो जो निष्काम हो वही सच्ची भक्ति है।



## लेखपाल संघ महाराजगंज के अवनीश प्रताप सिंह अध्यक्ष तो राजीव मिश्रा बने मंत्री

**महराजगंज, रायबरेली।** उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ जनपद रायबरेली के निर्देश के क्रम में को उत्तर प्रदेश लेखपाल संघ उप शाखा तहसील महराजगंज की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें अवनीश प्रताप सिंह अध्यक्ष तो वहीं राजीव मिश्रा मंत्री निर्विरोध निर्वाचित किए गए। बताते चले कि रायबरेली जिले के वरिष्ठ लेखपाल व निर्वाचन अधिकारी रामअनुज दीक्षित व पर्यवेक्षक प्रमोद कुमार की मौजूदगी में तहसील सभागार में महराजगंज तहसील लेखपाल संघ का निर्वाचन निर्विरोध संपन्न हुआ। जिसमें अध्यक्ष पद पर अवनीश प्रताप सिंह मंत्री पद पर राजीव मिश्रा वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार कनिष्ठ उपाध्यक्ष विपिन कुमार मौर्या उप मंत्री सुशील कुमार शर्मा कोषाध्यक्ष अमित कुमार शुक्ला लेखा परीक्षक राजेश कुमार कुशवाहा निर्विरोध निर्वाचित किए गए, तो वहीं सुबह से ही तहसील परिसर में लेखपाल संघ के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज रही।



## घर के बाहर खड़ी सामान से लदी ट्राली चोरो ने किया पार

**लालगंज, रायबरेली।** सामान से भरी घर के बाहर खड़ी ट्रैक्टर ट्राली को अज्ञात चोरो ने देर रात पार कर दिया। पूरा घटनाक्रम सीसीटीवी कैमरे में कैद है। मामले की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। कस्बे से सटे पूरे मौहारी मजरे आलमपुर गांव निवासी उमेश श्रीवास्तव पुत्र ओमप्रकाश ने पुलिस को दिये गये शिकायती पत्र में बताया कि वह ठेकेदारी का कार्य करता है जिसके चलते उसने शाम को ही ट्राली में सरिया, रिंग व अन्य सामान लादकर खड़ा कर दिया था। सुबह उठा तो देखा कि उसकी ट्राली सामान समेंत गायब है। घर के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में जांच के दौरान उक्त घटना लगभग रात 1 बजे की बताई गई। जिसमें दो आरोप ट्रैक्टर में ट्राली को जोडने के बाद बेंहटा चौराहे की ओर चले गये। पीडित ने मामले में पुलिस से जांच कर कार्रवाई की मांग की है। पीडित की तहरीर पर पुलिस नगर व आसपास लगे सीसीटीवी की मदद से चोरो की तलाश कर रही है।

# प्रदीप सिंघल को कांग्रेस नेतृत्व ने दुबारा सौंपी संगठन की कमान

**जिला अध्यक्ष घोषित होने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने खुशी जताई**

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** लम्बे विचार मंथन के बाद कांग्रेस ने प्रदीप सिंघल को एक बार फिर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के रूप में संगठन की कमान सौंपी है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष पद के लिए तीन महीने पहले एक दर्जन से अधिक पार्टी नेताओं ने दावेदारी करते हुए प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आवेदन किए थे। पार्टी नेतृत्व ने सभी दावों को खारिज करते हुए गांधी परिवार की पसंद प्रदीप सिंघल को एक बार फिर संगठन की कमान सौंपी है।

अमेठी, रायबरेली सहित उत्तर प्रदेश के सभी जनपदों में कांग्रेस के नेता और संसद में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी और सांसद किशोरी लाल शर्मा से विचार विमर्श के बाद राष्ट्रीय नेतृत्व ने प्रदीप सिंघल के पक्ष में फैसला सुनाया है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय महासचिव के सी वेणु गोपाल की ओर से गुरुवार को नये जिलाध्यक्षों के नाम घोषित किए गए हैं।



### कार्यकर्ताओं ने दी प्रदीप सिंघल को बधाई

**अमेठी।** जिला कांग्रेस कमेटी जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल को पुनः बनाए जाने पर केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज में बधाई देने के लिए कांग्रेसियों का ताँता लगा रहा। गुरुवार की देर रात भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस जिला अध्यक्ष की सूची आते ही अमेठी कांग्रेसजनों व आम जनमानस मे खुशी की लहर आ गयी। देर रात से ही लोग जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल को बधाई व माननीय अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा जी को धन्यवाद एवं सांसद के माध्यम से ही शीर्ष नेतृत्व देश के जननायक राहुल गाँधी, सोनिया गाँधी, राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,अमेठी कांग्रेस संगठन पर सदैव ध्यान रखना माननीया प्रियंका गाँधी वाड्रा के प्रति आभार जताया। अमेठी जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल के मनोनयन पर कांग्रेस संगठन के पदाधिकारियों सहित वरिष्ठ लोगों ने जिला अध्यक्ष सहित एक दूसरे को मिठाई खिलाया और ब्लॉक अध्यक्षो ने खूब गोले पटाखे फोड़े। प्रदीप सिंघल को पहली बार 2019 में पार्टी की कमान सौंपी गई थी। इसके बाद विपरीत परिस्थितियों में उन्होंने कार्यकर्ताओं की एकजुट रखते हुए संगठन की मजबूती पर काम किया। जिसका असर 2024 के चुनाव में देखने को मिला और भारी अंतर के साथ कांग्रेस को अमेठी में जीत मिली। एक बार फिर से शीर्ष नेतृत्व ने उन पर बड़ा भरोसा जाताते हुए पार्टी की कमान सौंपी हैं। जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने कहा कि मुझ जैसे छोटे कार्यकर्ता पर शीर्ष नेतृत्व ने इतना बड़ा भरोसा जताया है इसके लिए मैं पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हमारे नेता राहुल गांधी प्रियंका गांधी प्रदेश अध्यक्ष अजय राय और अमेठी सांसद किशोरी लाल शर्मा का आभार ज्ञापित करता हूं। उन्होंने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलते हुए आगामी 2027 के चुनाव में पांचो विधानसभा सीटों पर कांग्रेस की जीत सुनिश्चित करना मेरा लक्ष्य होगा। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस प्रवक्ता अनिल सिंह ने दी। दूरसंचार सलाहकार समिति भारत सरकार के सदस्य अशोक सिंह हिटलर ने कहा कि प्रदीप सिंघल ने कोरोना काल में जनता की सेवा के साथ पार्टी संगठन को आगे बढ़ाने में महान योगदान किया है।

## दिनदहाड़े मकान का ताला टूटा, आभूषण गायब

**अमेठी /संग्रामपुर।** थाना क्षेत्र में कुटिवा पतापुर में चोर एक मकान का ताला तोड़ कर लाखों में रुपए का सामान उठा लें गए हैं । पीड़ित महिला ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। कुटिवा पतापुर की निवासी शिवकुमारी शुक्रवार की सुबह साढ़े नौ बजे घर में ताला लगाकर सरसों काटने खेत गई थीं। दो घंटे बाद वह वापस लौटीं। तो देखा कि घर का ताला टूटा हुआ था। अंदर जाकर पता किया तो दो कमरों की अलमारियां भी टूटी हुई थीं। चोर करीब तीन लाख रुपए के सोने के गहने ले गए। चोरी हुए गहनों में सोने का हार और पायल शामिल थे। इसके अलावा आठ हजार रुपए नकद और गुल्लक में रखे चार हजार रुपए भी चोर ले गए। पीड़िता ने तत्काल 112 पीआरबी को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जांच की। उन्होंने थाने को भी सूचित किया। उपनिरीक्षक राम प्रकाश यादव ने मौका मुआयना किया। थाना प्रभारी निरीक्षक संदीप राय ने बताया कि चोरी की घटना नहीं लग रही है।

# जनसंघ के सदस्य भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष रामअधार गुप्त पंचतत्व में विलीन

अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जनसंघ के नेता तथा भाजपा देवरिया-कुशीनगर के पूर्व जिलाध्यक्ष रामअधार गुप्त का कल गुरुवार को निधन हो गया था। वह लोकतंत्र रक्षक सेनानी भी थे। आज विधि विधान एवं राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार बरहज के गौरा कटेलवा घाट पर किया गया, मुखाग्नि उनके प्रथम पुत्र विवेक गुप्ता ने दी। बरहज नगरपालिका पटेलनगर निवासी रामअधार गुप्त बचपन मे आरएसएस के स्वयंसेवक रहे। 1980 के दशक में भारतीय जनता पार्टी के गठन होने पर वे सक्रिय एवं जुझारू कार्यकर्ता के रूप में सदस्यता ग्रहण कर 1992 में पार्टी के जिलाध्यक्ष बने।जिलाध्यक्ष बनकर पार्टी को मजबूती प्रदान की। मद्देशिया समाज के तीन बार राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के देवरिया जिलाध्यक्ष के पद की गरिमा को बढ़ाने का कार्य किये। शिक्षा जगत से जुड़कर बतौर अध्यापक विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान कीये। उन्होंने संत गणिनाथ सर्व समाज , मद्देशिया समाज पर एक पुस्तक की रचना की है। वे राजनीति के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व कैबिनेट मंत्री स्व पं.दुर्गा प्रसाद मिश्र, कलराज मिश्र, सहित सूर्य प्रताप शाही, रुद्रपुर के विधायक जयप्रकाश निषाद के करीबी रहे। रामअधार गुप्त लोकतंत्र रक्षक सेनानी भी थे। उन्होंने पार्टी को मजबूत करने के लिए जीवन के अंत समय तक अथक परिश्रम करते रहे। बरहज विधायक दीपक मिश्र शाका, भाजपा संगठन के तरफ से जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष मार्कण्डेय शाही, अजय कुमार दुबे, सत्येन्द्र मणि त्रिपाठी, गोविंद चौरसिया ने श्री गुप्त के शव पर भाजपा का झंडा ओढ़ाया एवं माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। लोकतंत्र राजेश सेनानी के नाते जिला प्रशासन के तरफ से गार्ड ऑफ ऑनर, तसीलदार अरुण कुमार एवं इंस्पेक्टर राहुल सिंह ने पुष्पगुच्छ चढ़ा सलामी दी। बरहज विधायक दीपक मिश्र ने कहा कि पार्टी के लिए यह एक बहुत बड़ी क्षति है, रामाधार चाचा कार्यकर्ताओं के प्रेरणास्रोत रहे, एक कुशल संगठनकर्ता के रुप में विचारधारा और सिद्धांतों पर आधारित जीवन राष्ट्र एवं दल के प्रति सदैव समर्पित था। राजेश कुमार मिश्र ने कहा कि स्व.रामआधार सबके चहेते थे, विरोधियों का भी दिल जीत लेने वाले बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। उनका सार्वजनिक जीवन बहुत ही बेदाग और साफ-सुथरा था। पूर्व जिलाध्यक्ष मार्कण्डेय शाही ने कहा कि शिक्षा जगत से जुड़कर भी उन्होंने समाज को एक सदा नई दिशा देने का कार्य किया।



# खेत तालाब योजना-प्रकृति, धरती और स्वयं को लाभान्वित कर रहे किसान

अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** भूगर्भ जल में बढ़ोतरी, सिंचाई सुविधा और मत्स्य पालन के जरिए खेती के साथ रोजगार हासिल करने के लिए सरकार की ओर से संचालित खेत तालाब योजना का लाभ जिले के 68 किसानों ने प्राप्त किया है। इस योजना में किसानों को अपने खेतों में तालाब निर्माण के लिए पचास फीसदी सब्सिडी दी जाती है। शुक्रवार को शासन की ओर से जारी विज्ञप्ति में किसानों से अपने खेतों में तालाब बनाकर प्रकृति, धरती और स्वयं को लाभान्वित करने की अपील की गई है।

योजना के अन्तर्गत तीन साइज के तालाब खोदे जाते हैं। 635 वर्ग मी. 1426 वर्ग मी और 2642 वर्ग मी. तीन साइज निर्धारित है। जिला सूचना अधिकारी शिव दर्शन यादव ने बताया कि किसान किसी भी साइज का तालाब अपनी सुविधानुसार बना सकते हैं। बारिश के मौसम में तालाब से भूमिगत जल का भंडार बढ़ता है। सूखे

**भूगर्भ जल संवर्धन के लिए सब्सिडी दे रही सरकार**

मौसम में किसान तालाब से सिंचाई भी कर सकते हैं। तालाब में मत्स्य पालन करके किसान अच्छी आमदनी अर्जित कर सकते हैं। कच्चे तालाब की खुदाई के लिए सब्सिडी की धनराशि 52500रु है। प्लास्टिक लाइनिंग के काम के लिए 75000 रु अनुदान है। नवंबर 2024 तक उत्तर प्रदेश में 31180 खेत तालाब बनवाए जा चुके हैं। संदीप कुमार, भूमि संरक्षण अधिकारी, अमेठी ने कहा जो भी किसान अपने खेतों के आसपास और बीच में तालाब बनवा रहे हैं, उन्हें सरकार की ओर सब्सिडी दी जा रही है।इस योजना में कम लागत से किसान अच्छी कमाई कर सकते हैं।जो किसान इस योजना का लाभ लेना चाहते हैं,वे योजना की आफिशियल वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। बुंदेलखंड में इस योजना के अन्तर्गत सबसे अधिक काम हुआ है।

# मुख्यमंत्री के हाथों जनपद के 540 लाभार्थियों को मिले रू. 2124 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र

■ 366 लाथार्थियों को वितरित किया गये रू. 1406 लाख के ऋण

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** वृहस्पतिवार को स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय गोंडा परिसर में मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान योजनान्तर्गत आयोजित मंडल स्तरीय वृहद ऋण वितरण कैंप का मा. मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश योगी आदित्यनाथ जी ने मा. मंत्री सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग श्री राकेश सचान व अन्य जनप्रतिनिधियों के फीता काटकर शुभारम्भ किया। मण्डल स्तरीय वृहद ऋण वितरण शिविर के दौरान मा. मुख्यमंत्री ने देवीपाटन मण्डल के लगभग 2127 लाभार्थियों को रू 8201.00 लाख के ऋण स्वीकृत पत्र एवं 1333 लाभार्थियों को रू. 5191.00 लाख के ऋण का वितरण किया गया।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त उद्योग केशव राम वर्मा ने बताया कि मण्डल स्तरीय वृहद ऋण वितरण शिविर में जनपद बहराइच की बात की जाये तो मा. मुख्यमंत्री के हाथों 540 लाभार्थियों को रू. 2124.00 लाख के ऋण स्वीकृति पत्र तथा 366 लाभार्थियों को रू. 1406.00 लाख ऋण का वितरण किया गया। श्री वर्मा ने बताया कि मण्डल स्तरीय वृहद ऋण वितरण शिविर में जनपद बहराइच द्वारा ओडीओपी, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान अन्तर्गत हल्दी प्रोसेसिंग इकाई तथा जनजातीय हस्तशिल्प पर आधारित प्रदर्शनी स्टाल लगाये गये। जिसका मा. मुख्यमंत्री जी द्वारा अवलोकन भी किया गया। श्री वर्मा ने बताया कि मण्डल स्तरीय वृहद ऋण वितरण शिविर में जनपद की ओर से जिला विकास अधिकारी राजकुमार, उपायुक्त स्वत रोजगार दीपक कुमार सिंह, उपनिदेशक कृषि शिशिर कुमार वर्मा, अग्रणी बैंक प्रबंधक जितेंद्र कुमार मसंद, विभिन्न बैंक शाखाओं के प्रबन्धकों सहित जिले के लगभग 150 लाभार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

# विकास कार्यों की समीक्षा बैठक

■ कार्य प्रगति में सुधार न आने पर रोका जाए वेतनः जिलाधिकारी



अवधनामा संवाददाता

**फिरोजाबाद।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक संगीता गौतम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित विकास कार्यों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में की गई, इस बैठक में सभी उपस्थित अधिकारियों के साथ-साथ जनपद स्तरीय अधिकारियों ने प्रतिभाग किया, अपर जिलाधिकारी ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड पर जिन-जिन विभागों की प्रगति खराब होने से जिले की रैंकिंग प्रभावित हो रही है, वह समस्त विभाग अपने कार्य में सुधार लाते हुए, रैंकिंग में सुधार लाये अथवा कठोरतम कार्यवाही की जाएगी, सभी मंडी परिषदों की खराब स्थिति को देखते हुए अपर जिलाधिकारी ने इनको स्पष्टीकरण जारी करने के आदेश दिए, साथ ही उन्होंने कहा कि फिर भी प्रगति में सुधार न पाया गया तो आप सभी का वेतन रोक दिया जाएगा, इसी तरह खाद्य विभाग की प्रगति खराब पाई जाने पर भी अपर जिलाधिकारी ने इनके विरुद्ध नोटिस जारी करने के आदेश दिए। अपर जिलाधिकारी ने डिप्टी आरएमओ को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद में कुल 70 से अधिक गेहूं क्रय केंद्र अवश्य खोले जाएं, जिससे किसानों को कोई परेशानी न हो, सभी उपस्थित तहसीलदारों को निर्देशित किया कि आपके यहां कोई भी आय एवं जाति प्रमाण पत्र लंबित नहीं होने चाहिए, उन्होंने डूडा विभाग की रैंकिंग खराब होने पर नाराजगी व्यक्त की, अंत में उन्होंने सभी विभागों को निर्देशित किया कि अपनी अपनी-अपनी कार्यो की प्रगति सुधारें जिससे जनपद की रैंकिंग प्रभावित न हो, बैठक में उपस्थित समस्त उप जिलाधिकारी एवं जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# शिक्षा के स्तर को बढ़ाने में शिक्षकों के साथ साथ प्रधानों की भूमिका भी महत्वपूर्णः अनुराग

**खंड शिक्षा कार्यालय डीहा पर प्रधान शिक्षकों और ग्राम प्रधानो की एक दिवसीय कार्यशाला हुई सम्पन्न**

अवधनामा संवाददाता





**बहराइच।** जनपद के खंड शिक्षा कार्यालय चित्तौरा अंतर्गत ब्लॉक संसाधन केंद्र डीहा पर आज एक दिवसीय प्रधानाध्यापक ग्राम प्रधान तथा स्थानीय निकाय के सदस्यों की एक कार्यशाला का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी अनुराग कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में किया गया।

इस दौरान खंड शिक्षा अधिकारी श्री मिश्र ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि ग्राम स्तर पर बच्चों को बेहतर शिक्षा और व्यवस्था देने में शिक्षकों के साथ साथ ग्राम प्रधान की महत्वपूर्ण भूमिका होती है जिस तरह कुम्हार अपने दोनों हाथों से मिट्टी को अलग अलग आकारों में ढाल सकता है उसी तरह शिक्षक और ग्राम प्रधान दो हाथों की तरह मिलकर देश के नौनिहालों इन मासूम बच्चों को इस तरह संवारे की ये शिक्षित होकर न्यूनतम से लेकर सर्वोच्च स्थान पर पहुंच कर अपने अभिभावकों अपने गांवों के साथ साथ देश का नाम रौशन करें। इस कार्यशाला में एआरपी भानु मिशा ने भी अपने जोशीले अंदाज से सभी को एक एक बिंदु पर जानकारी दी।तथा सभी ग्राम प्रधानों के प्रतिनिधि के रूप में कमालिया प्रधान माधवराम पाण्डेय ने भी संबोधन दिया। शिक्षक विद्या विलास पाठक उमेश त्रिपाठी भूपेंद्र श्रीवास्तव कुमार अभय विश्वनाथ पाठक संजय त्रिपाठी उमा निवास शुक्ला प्रहलाद कनौजिया अनीस अहमद अभिमन्यु प्रसाद कलीम अहमद ने भी संबोधन किया। इस अवसर पर मुनीजर प्रसाद राज कुमार राव अजय कुमार नदीम वारसी अंकुर श्रीवास्तव प्रखर शुक्ला अमरीन अरुण विश्वकर्मा अजय पाण्डेय तथा पवन के साथ साथ शिक्षक शिक्षिकाओं सहित ग्राम प्रधान और सदस्य मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### अवैध तमंचा व कारतूस के एक पुलिस गिरफ्त में

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को अवैध तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में थाना दक्षिण पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर एक अभियुक्त अमर पुत्र बलवीर सिंह यादव निवासी करबला गली नं0 2 थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद को विवेकानन्द स्कूल के सामने खाली पड़े ग्राउण्ड में गली के किनारे महावीर नगर थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद से 01 अदद तमंचा 315 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर के साथ गिरफ्तार किया गया है । गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर न्यायालय में भेजा गया जहां से जेल के लिए चालान कर दिया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार किए गए अभियुक्त अमर के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्रपाल सिंह, उ0नि0 मो0 नफीस, है0का0 1055 अशोक कुमार, का0 1069 पवन कुमार थाना दक्षिण जनपद फिरोजाबाद सम्मिलित रहे।

### माता सीयर देवी मेले में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**टूंडला।** माता सीयर देवी कोट कसौंदी स्थित दो दिवसीय मेले का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालुओ ने माता के दर्शन कर मेले आंनद लिया। माता सीयर देवी के दर्शन करने वाले श्रद्धालुओं का रैला आना शुरू हो गया था। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर रेलिंग लगाई गई थी।कई थानों का फेर्स लगाया गया। शाम तक देवी के मंदिर पर पैर रखने तक को जगह नहीं मिली। दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं को धक्का-मुक्की करनी पड़ी। इस मौके पर ब्रजेश कुमार निषाद, प्रताप सिंह, योगेश उपाध्याय, धर्मवीर सिंह, सियाराम, बैजनाथ, जितेंद्र कुमार, माधव सिंह, डा. तारा चंद्र, हरिओम, राजकुमार, भंवर सिंह, वीरेंद्र सिंह, गंगाराम, धनीराम, डालचंद्र एडवोकेट, रामशंकर निषाद के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### मोबाइल चोर गिरफ्तार



**टूंडला।** जीआरपी टूंडला पुलिस ने एक मोबाइल चोर को इटावा से गिरफ्तार कर थाने लाई। जहां उसकी तलाशी लेने पर दो मोबाइल बरामद हुए। जिसे पुलिस ने जेल भेजा है। जीआरपी टूंडला पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान इटावा बरालोकपुर से एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाने लाई जहां उसकी तलाशी लेने पर दो चोरी के मोबाइल बरामद हुए है। पकड़े गये अभियुक्त ने अपना शौकत अली पुत्र ईदू खां निवासी बरालोकपुर थाना चौबिया जिला इटावा बताया है। जिसे पुलिस ने मोबाइल चोरी के मामले में जेल भेजा है।

# प्राईवेट ट्रॉमा सेण्टर ने कराया सरकारी ट्रॉमा सेण्टर का गेट बन्द

■ 300 से 400 मीटर अधिक दूरी तय कर पहुंचने को मजबूर मरीज़

अवधनामा संवाददाता



**फिरोजाबाद।** इमरजेंसी सेवाएं प्रदान करने वाला जनपद का एक मात्र सरकारी ट्रॉमा सेण्टर पर प्राईवेट ट्रॉमा सेण्टर का कुप्रबन्धन पर भारी पड़ता नज़र आ रहा है। प्राईवेट ट्रॉमा सेण्टर जो कि सेवार्थ का चोला ओढ़ और किफायती इलाज के प्रचार-प्रसार से संचालित हुआ था वह बात अलग है कि उक्त हॉस्पीटल में अब इलाज के लिए लम्बा-चौड़ा भुगतान करना पड़ता है। लेकिन मरीज़ व तीमारदार से मोटा बिल लेने के बाद भी तीमारदारों को समुचित व्यवस्था उपलब्ध नहीं करायी जाती।

प्राईवेट ट्रॉमा सेण्टर में इलाज के लिए आने वाले मरीज और तीमारदार के वाहन खड़ा करना आज भी एक बड़ी चुनौती बनी हुयी है। प्राईवेट ट्रॉमा सेण्टर का प्रबन्धन आज भी सर्विस रोड पर खड़े होने वाले वाहनों को रोकने में असफल है। तीमारदारों की तो दूर की बात प्राईवेट ट्रॉमा सेण्टर में कार्य करने वाले कर्मियों व चिकित्सक सरकारी ट्रॉमा सेण्टर का प्रांगण का दुरूपयोग करने से नहीं चूक रहे। प्राईवेट ट्रॉमा सेण्टर के वाहनों का तांता सरकारी ट्रॉमा सेण्टर के प्रांगण में लग जाने से मरीजों के आने-जाने में ही बाधा उत्पन्न नहीं होती बल्कि गंभीर मरीजों को सरकारी ट्रॉमा सेण्टर का रास्ता न मिलने के कारण मजबूरन प्राईवेट ट्रॉमा सेण्टर में घुस जाते हैं जहां उनकी जेब पर डाका डाला जाता है। अवैध रूप से वाहनों का खड़ा होना सरकारी ट्रॉमा सेण्टर के लिए एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। जिसके चलते शुक्रवार को सरकारी ट्रॉमा सेण्टर के कर्मियों ने सरकारी ट्रॉमा सेण्टर के मैन गेट पर ही ताला जड़ दिया। जिसके चलते वाहनों से होने वाली परेशानी अब सरकारी ट्रॉमा सेण्टर में आने वाले मरीजों के लिए परेशानी का सबब बन चुकी है। मरीज जो कि इमरजेंसी में इलाज के लिए पहुंचता है वह अब 300 से 400 मीटर अधिक दूरी को तय कर मेडिकल कॉलेज के दूसरे गेट से होकर सरकारी ट्रॉमा सेण्टर में पहुंचने को मजबूर हो रहे हैं। आपको बता दें कि प्राईवेट ट्रॉमा सेण्टर का कुप्रन्धन के कारण आए दिन दिन में कई बार लम्बा-चौड़ा जाम भी लग जाता है जिसमें न सिर्फ प्राईवेट हॉस्पीटलों के मरीज़ फंसे दिखायी देते हैं बल्कि इमरजेंसी में इलाज के लिए पहुंचने वाले मरीज़ भी अपना कीमती समय जाम में फंसकर गंवा देते हैं। प्राईवेट एम्बूलेंस हो या सरकारी एम्बूलेंस, प्राईवेट ट्रॉमा सेण्टर के कुप्रबन्धन के आगे थमी हुयी दिखायी पड़ती हैं। लेकिन यातायात विभाग हो या फिर क्षेत्रीय पुलिस, किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों का इस ओर कोई ध्यान नहीं है।

### 02 दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण पर रवाना हुआ कृषकों का दल

**बहराइच।** के.वी.के. उन्नत ग्राम योजना 2024-25 के अन्तर्गत कृषि विज्ञान केन्द्र बहराइच एवं नानपारा द्वारा चयनित 05-05 ग्रामों के 50-50 किसानों के दल को वृहस्पतिवार को नरेंद्रदेव कृषि एवं प्रोद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज अयोध्या के लिए रवाना किया गया। शैक्षणिक भ्रमण पर जाने वाले 100 सदस्यीय दल को कृषि विज्ञान केंद्र बहराइच के कृषि वैज्ञानिक डॉ अरूण कुमार राजभर, डॉ. शैलजा प्रियंका सिंह, कृषि विज्ञान केंद्र नानपारा के कृषि वैज्ञानिक डॉ. उमेश कुमार, एसडीओ नानपारा सुधीर कुमार मिश्रा व सदर बहराइच उदय शंकर सिंह द्वारा संयुक्त रूप से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

### अब्बासपुर में नलकूप रीबोर विवाद, दबंगई से कराया गया कार्य, ग्रामीणों ने उठाई जांच की मांग

**शिकोहाबाद।** शिकोहाबाद तहसील के ग्राम अब्बासपुर में दो वर्षों से खराब पड़े नलकूप का रीबोर दबंगई से कराए जाने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों का आरोप है कि उनकी सहमति के बिना नलकूप को पुराने स्थान से अधिक दूरी पर स्थापित कर दिया गया, जिससे उन्हें पानी की समस्या हो सकती है। इसकी जानकारी मिलते ही भारतीय श्रमिक कामगार कर्मचारी महासंघ, भारतीय जनता पार्टी प्रणित के जिला अध्यक्ष फिरोजाबाद, अजोरादित्य सिंह यादव मौके पर पहुंचे और अधिकारियों से संपर्क करने की कोशिश की।


## उत्तर रेलवे

### खुली निविदा सूचना (ई–निविदा)

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **09.04.2025** को **15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुवल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा।

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 02702025 दिनांक 19.03.2025 |
| 2. | निविदा संख्या | 01-DEN-V-LKO/2025-26 |
| 3. | कार्य का नाम | सहा० मण्डल इन्जीनियर, उत्तर रेलवे (द्वितीय), लखनऊ के अधीन वरि० खण्ड अभियंता/कार्य/लाइन/लखनऊ के तहत ब्रिज सं० 11 DN, 56 UP, 78A, 64 UP & DN, 65 UP & DN, 50 DN, 30 DN, 20 DN इत्यादि के विस्तार/पुनर्निमाण एवं दूसरे सम्बन्धित कार्य मिशन रफ्तार के तहत। |
| 4. | अनुमानित लागत | Rs. 8,00,14,520.16 |
| 5. | धरोहर राशि | Rs. 5,50,100.00 |
| 6. | कार्य की समापन अवधि | स्वीकृत पत्र जारी करने की तिथि से 6 माह। |
| 7. | निविदा डालने का प्रारंभ | 26.03.2025 |
| 8. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 09.04.2025 at 15:00 hrs. |
| 9. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट–: निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 884/25

## उत्तर रेलवे

### ई-ऑक्शन सूचना

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई–ऑक्शन से संबंधित सूचना।


| | |
|---|---|
| एडमिन यूनिट/जोन | लखनऊ–उ.रे.–मण्डल–वाणिज्य/उ.रे. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 22178-22177-VP-1-BSB-CSMT-25-4 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2025 at 12:30 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12231-SLR-F2-LKO-CDG-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2025 at 12:40 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14260-SLR-F2-LKO-GAYA-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2025 at 12:50 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12184-SLR-R1-MBDP-BPL-25-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2025 at 13:00 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 14235-SLR-R1-BSB-BE-24-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2025 at 13:10 hrs. |
| नीलामी सूची सं./लॉट सं. | 12237-SLR-F1-BSB-JAT-23-1 (Parcel-SLR) |
| नीलामी सूची प्रकाशन तिथि | 19.03.2025 |
| नीलामी प्रारम्भ तिथि (समस्त लॉट) | 04.04.2025 at 12:00 hrs. |
| नीलामी बन्द करने की तिथि व समय | 04.04.2025 at 13:20 hrs. |
| Website particulars where complete details of auction can be seen by registered bidders | E-Auction Module of www.ireps.gov.in |

873/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस में पुस्तक का विमोचन

अवधनामा संवाददाता



**शिकोहाबाद।** पालीवाल महाविद्यालय शिकोहाबाद के जंतु विज्ञान विभाग, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं नगर पालिका परिषद शिकोहाबाद के संयुक्त तत्वावधान में 'रोल ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस इन फ्रेमिंग विकसित भारत स्मार्ट एग्रीकल्चरल प्रैक्टिस, डिजिटल एजुकेशन एंड एंप्लॉयमेंट जेनरेशन नामक विषय पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का आयोजन किया हुआ। कांफ्रेंस के आयोजन सचिव के अनुसार अध्यक्षता प्राचार्य प्रोफेसर प्रवीण कुमार ने की। इस दौरान मां सरस्वती पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया गया स कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय आगरा के प्रो वाइस चांसलर प्रोफेसर अजय तनेजा, प्राचार्य तथा अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय अलीगढ़ से प्रोफेसर साजिद जमाल, संयोजक डॉ अजय करण चौधरी तथा प्रबंध समिति के डॉ अनुराग पालीवाल की गर्मामयी में उपस्थिति में संपादित पुस्तक का विमोचन किया गया। अपने अध्यक्ष भाषण में प्राचार्य ने वर्तमान समय में आई कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग से होने वाले लाभ और हानि के बारे में बताया मुख्य अतिथि प्रोफेसर तनेजा ने बताया कि एग्रीकल्चर सेक्टर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से खेती को लाभ पहुंचाने के तरीके अपनाए जा रहे हैं वहीं उन्होंने शिक्षा के डिजिटाइजेशन पर भी अपना वक्तव्य दिया अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय की प्रोफेसर जमाल ने बताया कि कृति बुद्धिमता का विकास मनुष्य के द्वारा हुआ है अतः ऐसी कोई चीज नहीं है जो मानव से ऊपर हो बल्कि सभी चीज मानव द्वारा संचालित होती हैं ऐसे में यह देखना होगा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता का उपयोग सकारात्मक कार्य में करें अथवा नकारात्मक कार्य में करें डॉ अनुराग पालीवाल ने शिक्षा के अध्ययन और अध्यापन के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को ज्यादा महत्व नहीं दिया आगरा विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के पूर्व महामंत्री एवं भौतिक विभाग की प्रोफेसर डॉ अजय छिकारा ने बताया कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता जब से आई है तब से खेती को करने में लाभ भी हो रहे हैं और नुकसान भी हो रहा है वहीं उन्होंने रोजगार उन्नयन के बारे में भी विचार व्यक्त किया डॉ पीके दीक्षित ने बताया कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के आने से रोजगारों पर प्रभाव पड़ा है आयोजन सचिव डॉ एमपी सिंह ने बताया की अंतरराष्ट्रीय कांफ्रेंस का जो विषय है उसके तीन गोल हैं जिन पर फोकस करना है संयोजक डॉक्टर अजय करण चौधरी ने विभिन्न क्षेत्रों में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता और उन उपयोगिता के बारे में बताया संचालन डॉक्टर अजय करण ने किया इस दौरान बीडीएम कॉलेज की डॉक्टर नीलम डॉक्टर प्रीति आदर्श कृष्ण महाविद्यालय के डॉक्टर सुगंध डॉक्टर विशाल पाठक डॉक्टर प्रेम प्रभाकर सुनील कुमार पुष्कर सिंह डॉ अजय कुमार शालू अग्रवाल प्रियंका कुमारी आदि अनेक व्यक्ति उपस्थित रहे।


## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर, सीतापुर

**-: ई-नीलामी सूचना संख्याः-05/अधि0अभि0/2024-25 :-**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है शासनादेश संख्याः-113/2019/718/19-27-सिं0-4-28(डब्ल्यू)/2019 दिनांकः-2.4.2019 एवं कार्यालय प्रमुख अभियन्ता (अनुश्रवण एवं मूल्यांकन) सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग उ0प्र0 लखनऊ के अ0शा0 पत्रांकः-750/अनु0एवंमू0/सि0सं0/दिनांकः-4.12.2020 द्वारा दिये गये निर्देशो के क्रम में जिलाधिकारी महोदय, सीतापुर द्वारा अनुमोदन के उपरान्त सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर, सीतापुर के कार्यक्षेत्र में आने वाले निम्नलिखित नहरों से निकलने वाली अतिरिक्त सिल्ट/साधारण बालू की ऑनलाइन नीलामी http://etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांकः-05.04.2025 को समय अपरान्ह 2.00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। निविदा दिनांकः-26.03.2025 पूर्वान्ह 09:00 बजे से दिनांकः-05.04.2025 अपरान्ह 12:00 बजे तक डाउनलोड/अपलोड की जा सकती है। कार्यालय बन्द/अवकाश की दशा में यह निविदा अगले कार्य दिवस में उसी समय खोली जायेगी। कार्य का विवरण निम्न प्रकार हैः-

| क्र. सं. | जनपद का नाम | नहर का नाम कि0मी0 | नहर का किनारा | सुरक्षित रूप से निकाली जाने वाली सिल्ट की मात्रा (घन मी. में) | अनुसूची के अनुसार निर्धारित दर (रॉयल्टी प्रति घनमीटर में) | अनुसूची के अनुसार निर्धारित दर से सम्भावित मात्रा के आधार पर आंकलित कुल रॉयल्टी (रू. में) | ई.एम.डी. के रूप में जमा की जाने वाली धनराशि (रॉयल्टी का 25 प्रतिशत रू. में) | सिल्ट बालू उठाने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | | सरेली राजबहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.800 तक | दाया/बाया | 5050.00 | 55.00 | 277750.00 | 69438.00 | 03 माह |
| 2 | | अर्थाना राजबहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 3.800 तक | दाया/बाया | 4250.00 | 55.00 | 233750.00 | 58438.00 | 03 माह |
| 3 | | बम्हौरा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 0.600 तक | दाया/बाया | 540.00 | 55.00 | 29700.00 | 7425.00 | 03 माह |
| 4 | | कुसैला माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 0.600 तक | दाया/बाया | 350.00 | 55.00 | 19250.00 | 4813.00 | 03 माह |
| 5 | | हरनी माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 0.400 तक | दाया/बाया | 300.00 | 55.00 | 16500.00 | 4125.00 | 03 माह |
| 6 | | महोली राजबहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.500 तक | दाया/बाया | 2500.00 | 55.00 | 137500.00 | 34375.00 | 03 माह |
| 7 | | बसारा राजबहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 2.000 तक | दाया/बाया | 3500.00 | 55.00 | 192500.00 | 48125.00 | 03 माह |
| 8 | | जमुनिया माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 0.600 तक | दाया/बाया | 500.00 | 55.00 | 27500.00 | 6875.00 | 03 माह |
| 9 | | सीतापुर शाखा के कि0मी0 35.000 से कि0मी0 37.000 तक | दाया/बाया | 500.00 | 55.00 | 27500.00 | 6875.00 | 03 माह |
| 10 | | रामकोट राजबहा के कि0मी0 10.000 से कि0मी0 12.830 तक | दाया/बाया | 3600.00 | 55.00 | 198000.00 | 49500.00 | 03 माह |
| 11 | | रामकोट राजबहा के कि0मी0 12.830 से कि0मी0 14.740 तक | दाया/बाया | 3800.00 | 55.00 | 209000.00 | 52250.00 | 03 माह |
| 12 | | रामकोट राजबहा के कि0मी0 14.740 से कि0मी0 15.560 तक | दाया/बाया | 2500.00 | 55.00 | 137500.00 | 34375.00 | 03 माह |
| 13 | | रामकोट राजबहा के कि0मी0 15.560 से कि0मी0 17.518 तक | दाया/बाया | 4200.00 | 55.00 | 231000.00 | 57750.00 | 03 माह |
| 14 | | रामकोट राजबहा के कि0मी0 17.518 से कि0मी0 19.000 तक | दाया/बाया | 2400.00 | 55.00 | 132000.00 | 33000.00 | 03 माह |
| 15 | | कैम्हारा राजबहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.200 तक | दाया/बाया | 5200.00 | 55.00 | 28600.00 | 71500.00 | 03 माह |
| 16 | | मछरेहटा राजबहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.000 तक | दाया/बाया | 1800.00 | 55.00 | 99000.00 | 24750.00 | 03 माह |
| 17 | | मिश्रिख राजबहा के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 14.400 तक | दाया/बाया | 11454.00 | 55.00 | 629970.00 | 157493.00 | 03 माह |
| 18 | | सीतापुर शाखा के कि0मी0 65.000 से कि0मी0 73.000 तक | दाया/बाया | 6000.00 | 55.00 | 330000.00 | 82500.00 | 03 माह |
| 19 | | बिनौरा राजबहा के किमी0 0.000 से किमी0 0.300 तक | दाया/बाया | 225.00 | 55.00 | 12375.00 | 3094.00 | 03 माह |
| 20 | | इस्लामनगर राजबहा के कि0मी0 0.000 से किमी0 3.400 तक | दाया/बाया | 2100.00 | 55.00 | 115500.00 | 28875.00 | 03 माह |
| 21 | | कुतुबनगर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 1.200 तक | दाया/बाया | 870.00 | 55.00 | 47850.00 | 11963.00 | 03 माह |
| 22 | | अकबरपुर माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 0.800 तक | दाया/बाया | 480.00 | 55.00 | 26400.00 | 6600.00 | 03 माह |
| 23 | | मुंडियारा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 0.500 तक | दाया/बाया | 300.00 | 55.00 | 16500.00 | 4125.00 | 03 माह |
| 24 | | अटवा माइनर के कि0मी0 0.000 से कि0मी0 0.900 तक | दाया/बाया | 490.00 | 55.00 | 26950.00 | 6738.00 | 03 माह |
| 25 | | सीतापुर शाखा के किमी0 73.800 से किमी0 88.600 तक | दाया/बाया | 5800.00 | 55.00 | 319000.00 | 79750.00 | 03 माह |
| 26 | | मिश्रिख स्केप के किमी0 0.000 से किमी0 1.200 तक | दाया/बाया | 900.00 | 55.00 | 49500.00 | 12375.00 | 03 माह |
| 27 | | लहरपुर राजबहा के किमी0 0.000 से किमी0 1.800 तक | दाया/बाया | 3020.00 | 55.00 | 166100.00 | 41525.00 | 03 माह |
| 28 | | लहरपुर राजबहा के किमी0 2.000 से किमी0 4.000 तक | दाया/बाया | 2750.00 | 55.00 | 151250.00 | 37813.00 | 03 माह |
| 29 | | लहरपुर राजबहा के किमी0 4.200 से किमी0 6.200 तक | दाया/बाया | 2500.00 | 55.00 | 137500.00 | 34375.00 | 03 माह |
| 30 | | लहरपुर राजबहा के किमी0 6.500 से किमी0 8.500 तक | दाया/बाया | 2695.00 | 55.00 | 148225.00 | 37057.00 | 03 माह |
| 31 | | लहरपुर राजबहा के किमी0 9.000 से किमी0 11.000 तक | दाया/बाया | 2100.00 | 55.00 | 115500.00 | 28875.00 | 03 माह |
| 32 | | लहरपुर राजबहा के किमी0 11.200 से किमी0 13.500 तक | दाया/बाया | 2484.00 | 55.00 | 136620.00 | 34155.00 | 03 माह |
| 33 | | वजीरपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 0.800 तक | दाया/बाया | 1400.00 | 55.00 | 77000.00 | 19250.00 | 03 माह |
| 34 | | दारानगर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.000 तक | दाया/बाया | 1500.00 | 55.00 | 82500.00 | 20625.00 | 03 माह |
| 35 | | दारानगर माइनर के किमी0 1.300 से किमी0 2.500 तक | दाया/बाया | 1848.00 | 55.00 | 101640.00 | 25410.00 | 03 माह |
| 36 | | रौना राजबहा के किमी0 0.000 से किमी0 2.500 तक | दाया/बाया | 2500.00 | 55.00 | 137500.00 | 34375.00 | 03 माह |
| 37 | | रौना राजबहा के किमी0 2.800 से किमी0 3.500 तक | दाया/बाया | 980.00 | 55.00 | 53900.00 | 13475.00 | 03 माह |
| 38 | सीतापुर | गौरा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.000 तक | दाया/बाया | 700.00 | 55.00 | 38500.00 | 9625.00 | 03 माह |
| 39 | | तेन्दुआ राजबहा के किमी0 0.000 से किमी0 0.600 तक | दाया/बाया | 720.00 | 55.00 | 39600.00 | 9900.00 | 03 माह |
| 40 | | तेन्दुआ राजबहा के किमी0 11.500 से किमी0 13.500 तक | दाया/बाया | 1830.00 | 55.00 | 100650.00 | 25163.00 | 03 माह |
| 41 | | तेन्दुआ राजबहा के किमी0 14.000 से किमी0 16.000 तक | दाया/बाया | 1500.00 | 55.00 | 82500.00 | 20625.00 | 03 माह |
| 42 | | तेन्दुआ राजबहा के किमी0 17.500 से किमी0 19.500 तक | दाया/बाया | 1680.00 | 55.00 | 92400.00 | 23100.00 | 03 माह |
| 43 | | तेन्दुआ राजबहा के किमी0 20.000 से किमी0 22.000 तक | दाया/बाया | 1960.00 | 55.00 | 107800.00 | 26950.00 | 03 माह |
| 44 | | महाराजनगर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.500 तक | दाया/बाया | 900.00 | 55.00 | 49500.00 | 12375.00 | 03 माह |
| 45 | | संरावा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 0.500 तक | दाया/बाया | 300.00 | 55.00 | 16500.00 | 4125.00 | 03 माह |
| 46 | | धीरपुर राजबहा के किमी0 0.000 से किमी0 3.500 तक | दाया/बाया | 3500.00 | 55.00 | 192500.00 | 48125.00 | 03 माह |
| 47 | | खीरी शाखा के किमी0 158.500 से किमी0 159.000 तक | दाया/बाया | 518.00 | 55.00 | 28490.00 | 7123.00 | 03 माह |
| 48 | | परसेहरा राजबहा के किमी0 0.000 से किमी0 1.500 तक | दाया/बाया | 990.00 | 55.00 | 54450.00 | 13613.00 | 03 माह |
| 49 | | रिखौना राजबहा के किमी0 0.000 से किमी0 0.800 तक | दाया/बाया | 528.00 | 55.00 | 29040.00 | 7260.00 | 03 माह |
| 50 | | बड़ागॉव राजबहा के किमी 12.500 से किमी 12.800 तक | दाया/बाया | 150.00 | 55.00 | 8250.00 | 2063.00 | 03 माह |
| 51 | | बड़ागॉव राजबहा के किमी0 5.000 से किमी0 8.000 तक | दाया/बाया | 1470.00 | 55.00 | 80850.00 | 20213.00 | 03 माह |
| 52 | | खैराबाद राजबहा के किमी 38.000 से किमी 41.000 तक | दाया/बाया | 1200.00 | 55.00 | 66000.00 | 16500.00 | 03 माह |
| 53 | | खैराबाद राजबहा के किमी 32.000 से किमी 34.000 तक | दाया/बाया | 800.00 | 55.00 | 44000.00 | 11000.00 | 03 माह |
| 54 | | खैराबाद राजबहा के कि0मी0 34.500 से किमी0 37.500 तक | दाया/बाया | 1200.00 | 55.00 | 66000.00 | 16500.00 | 03 माह |
| 55 | | खैराबाद राजबहा के कि0मी0 21.500 से किमी0 31.500 तक | दाया/बाया | 4000.00 | 55.00 | 220000.00 | 55000.00 | 03 माह |
| 56 | | बिसवॉ राजबहा के किमी0 0.000 से किमी0 8.400 तक | दाया/बाया | 5880.00 | 55.00 | 323400.00 | 80850.00 | 03 माह |
| 57 | | मलेथु राजबहा के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 तक | दाया/बाया | 2063.00 | 55.00 | 113465.00 | 28366.00 | 03 माह |
| 58 | | भडिया राजबहा के किमी0 0.000 से किमी0 3.200 तक | दाया/बाया | 5000.00 | 55.00 | 275000.00 | 68750.00 | 03 माह |
| 59 | | भिठौली माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 0.800 तक | दाया/बाया | 320.00 | 55.00 | 17600.00 | 4400.00 | 03 माह |
| 60 | | कुॅवरगड्डी राजबहा के किमी0 0.000 से किमी0 6.200 तक | दाया/बाया | 9000.00 | 55.00 | 495000.00 | 123750.00 | 03 माह |
| 61 | | कमलापुर राजबहा के किमी0 0.400 से किमी0 1.000 तक | दाया/बाया | 1500.00 | 55.00 | 82500.00 | 20625.00 | 03 माह |
| 62 | | गाजीपुर राजबहा के किमी0 0.000 से किमी0 2.500 तक | दाया/बाया | 1800.00 | 55.00 | 99000.00 | 24750.00 | 03 माह |
| 63 | | मुजफ्फरपुर राजबहा के किमी0 0.000 से किमी0 3.000 तक | दाया/बाया | 1500.00 | 55.00 | 82500.00 | 20625.00 | 03 माह |
| 64 | | कसमण्डा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.000 तक | दाया/बाया | 300.00 | 55.00 | 16500.00 | 4125.00 | 03 माह |
| 65 | | ऊंचाखेडा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.200 तक | दाया/बाया | 300.00 | 55.00 | 16500.00 | 4125.00 | 03 माह |
| 66 | | बसन्तपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.000 तक | दाया/बाया | 310.00 | 55.00 | 17050.00 | 4263.00 | 03 माह |
| 67 | | बहादुरपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.000 तक | दाया/बाया | 200.00 | 55.00 | 11000.00 | 2750.00 | 03 माह |
| 68 | | कठवा माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.600 तक | दाया/बाया | 650.00 | 55.00 | 35750.00 | 8938.00 | 03 माह |
| 69 | | टिकौली माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.200 तक | दाया/बाया | 320.00 | 55.00 | 17600.00 | 4400.00 | 03 माह |
| 70 | | अटरिया माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 1.500 तक | दाया/बाया | 350.00 | 55.00 | 19250.00 | 4813.00 | 03 माह |
| 71 | | सरौरा राजबहा के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक | दाया/बाया | 4000.00 | 55.00 | 220000.00 | 55000.00 | 03 माह |
| 72 | | अटरिया स्केप के किमी0 0.000 से किमी0 0.100 तक | दाया/बाया | 480.00 | 55.00 | 26400.00 | 6600.00 | 03 माह |
| 73 | | इटौंजा राजबहा के किमी0 0.000 से किमी0 1.100 तक | दाया/बाया | 4500.00 | 55.00 | 247500.00 | 61875.00 | 03 माह |
| 74 | | इटौंजा राजबहा के किमी0 1.100 से किमी0 2.200 तक | दाया/बाया | 2500.00 | 55.00 | 137500.00 | 34375.00 | 03 माह |
| 75 | | इटौंजा राजबहा के किमी0 2.200 से किमी0 3.200 तक | दाया/बाया | 3000.00 | 55.00 | 165000.00 | 41250.00 | 03 माह |
| 76 | | इटौंजा राजबहा के किमी0 3.200 से किमी0 5.000 तक | दाया/बाया | 7500.00 | 55.00 | 412500.00 | 103125.00 | 03 माह |
| 77 | | जयपालपुर माइनर के किमी0 0.000 से किमी0 2.000 तक | दाया/बाया | 4900.00 | 55.00 | 269500.00 | 67375.00 | 03 माह |

यह निविदा सूचना उ0प्र0 सरकार की वेबसाइट http://upgov.nic.in सूचना विभाग की वेबसाइट http://information.up.in/ तथा सिंचाई विभाग की वेबसाइट http://irrigation.up.nic.in पर भी उपलब्ध हैं। निविदा की विस्तृत षर्ते वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध हैं।

UPID-231448 Dated-19-03-2025
विज्ञापन आदेश के अनुसार www.upgov.in पर उपलब्ध

अधिशासी अभियन्ता
सीतापुर प्रखण्ड शारदा नहर,
सीतापुर

# डीपीएस इटावा में यूपी की पहली एयरोस्पेस लैब शुरू

**एडीएम अभिनव रंजन ने किया एयरोस्पेस लैब का उद्घाटन**

वहाज अली निहाल



**इटावा।** शिक्षा के साथ साथ यदि विशेष तकनीकी शिक्षा भी जुड़ जाए तो बच्चों के शैक्षिक विकास की गति अपने आप ही रॉकेट की तरह ही तेज हो जाती है।

इसी क्रम में शैक्षिक जगत में शिक्षा और खेल गतिविधि में अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए दिल्ली पब्लिक स्कूल इटावा ने विद्यालय में उत्तर प्रदेश की पहली एयरोस्पेस लैब स्थापित करने का भी खिताब अपने नाम कर लिया। शुक्रवार को दिल्ली पब्लिक स्कूल में यूपी की प्रथम एयरोस्पेस लैब का भव्य शुभारंभ अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर डीपीएस के चेयरमैन डॉ.विवेक यादव एवं वाइस चेयरमैन डॉ.प्रीति यादव द्वारा बुके देकर उनका स्वागत किया। डीपीएस स्कूल के बच्चों के शानदार बैण्डपाइप बैंड ने अगवानी करते हुए उन्हे स्पेशल गार्ड ऑफ ऑनर दिया। मुख्य अतिथि द्वारा सर्वप्रथम श्री गणेश जी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। उद्घाटन के उपरांत मुख्य अतिथि ने नवनिर्मित एयरोस्पेस लैब का निरीक्षण किया जिसमे उन्होंने सी एन सी मशीन, थ्री डी प्रिंटर, विंड टनल, वी एक वी दो एयर क्राफ्ट, सेटेलाइट मॉडल्स, ड्रोन, आर सी प्लेन थ्री डी मॉडलिंग, सी एन सी डिजाइन मशीन, आर्किटेक्ट डिजाइन मशीन, वेदर मैन आदि मशीन को देखा, लैब की भव्यता देखकर वे बेहद ही प्रभावित हुए और शिक्षा के क्षेत्र मे डीपीएस के इस प्रयास की विशेष रूप से सराहना की। इसी क्रम में स्कूल के विशाल ग्राउंड में एक विशेष एयर शो भी आयोजित किया गया था जिसमे जीएसएलवी सेटेलाइट प्रक्षेपण यान के मॉडल को भी उड़ाकर दिखाया गया साथ ही मल्टी फैन वर्किंग ड्रोन, रिमोट कंट्रोल प्लेन आदि कई छोटे बड़े प्लेन को भी उड़ाकर दिखाया गया जिसे देखकर मुख्य अतिथि सहित सारे बच्चे बेहद ही खुश नजर आए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पधारे एडीएम अभिनव रंजन श्रीवास्तव ने अपने संबोधन में डीपीएस को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि, जनपद में डीपीएस का यह प्रयास बेहद ही सराहनीय है इससे बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ एयरोमॉडलिंग, एयरोस्पेस इंजीनियरिंग, एयरोनॉटिकल इंजीनियरिंग, एस्ट्रो फिजिक्स जैसे विषयों को आसानी से बचपन से ही समझ सकेंगे जो एक बड़ी बात होगी। संबोधन उपरान्त मुख्य अतिथि को चेयरमैन डॉ. विवेक यादव द्वारा शॉल ओढ़ाकर और प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।

दिल्ली पब्लिक स्कूल के चेयरमैन डॉ. विवेक यादव ने कहा कि, हमारे स्कूल की यह विशेष लैब बच्चों को भविष्य में स्पेस इंजीनियर बनने में सहायक होगी। इस लैब के माध्यम से बच्चे स्पेस टेक्नोलॉजी के प्रयोग देखेंगे और सीखेंगे साथ व लैब में डिजाइन किए गए अपने मॉडल्स को बनाएंगे। इटावा जैसे छोटे शहर के बच्चे भी अब रकेट साइंस, सेटेलाइट साइंस की भी जानकारी हमारी इस आधुनिक लैब के माध्यम से ले सकेंगे जो अब तक बड़े शहरों में ही उपलब्ध थी। डीपीएस की प्रिंसिपल भावना सिंह ने कहा कि, हमारे लिए यह एक बेहद ही गौरवशाली पल है कि, आज हम इस लैब के माध्यम से दिल्ली पब्लिक स्कूल के छात्रों को विशिष्ट शिक्षा की ओर ले जा रहे है जो कि आने वाले भविष्य में इटावा की शिक्षा प्रणाली में एक बड़ा बदलाव भी लेकर आएगी क्योंकि, यह विज्ञान के सभी विषयों का एक अनूठा संगम है जिसमे बच्चे सभी विषयों की जानकारी एक जगह पर प्रयोग कर सकेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में ऑस्ट्रेलिया सरकार के साथ काम कर रहे विशाल पांडेय, लैब इंचार्ज सुबुर अनवर, लैब सहायक रघुनंदन कुमार सभी शिक्षक शिक्षिकाए और अभिभावक गण उपस्थित रहे। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन सृष्टि एवं रुचि ने किया।

# सैफई में विद्यालय स्तरीय प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

अवधनामा ब्यूरो



**सैफई, इटावा।** परिषदीय विद्यालयों में विद्यालय प्रबंध समिति (एसएमसी) के सदस्यों के सशक्तिकरण और सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा देने हेतु विद्यालय स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स का एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन ब्लॉक सभागार सैफई पर हुआ। प्रशिक्षण का शुभारंभ सैफई विकास खंड के खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पण कर किया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर के रूप में हरिओम कश्यप और नसीब खान ने विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं अध्यक्षों की भूमिका एवं दायित्वों पर चर्चा की। हरिओम कश्यप द्वारा निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009, बाल अधिकार एवं बाल अधिकारों का संरक्षण, विद्यालय प्रबंध समिति की संरचना, गठन, कार्यकाल एवं समिति के कार्य, विद्यालय प्रबंध समिति के दायित्व, ऑपरेशन कायाकल्प में एस एम सी के कार्य एवं दायित्वों पर विस्तार से बताया। मास्टर ट्रेनर के रूप में नसीब खान द्वारा विद्यालय प्रबंध समिति के वित्तीय दायित्व विद्यालय विकास योजना स्थानीय प्राधिकारी के कार्य एवं दायित्व, समग्र शिक्षा का सोशल ऑडिट, बालिका शिक्षा एवं विद्यालय शिक्षा में प्री स्कूल, निपुण भारत मिशन एवं गुणवत्ता शिक्षा, मध्याह्न भोजन योजना, विद्यालय स्वास्थ्य कार्यक्रम, बाल श्रम रोकथाम, विद्यालय में बच्चों की सुरक्षा एवं जलवायु परिवर्तन हेतु जानकारी एवं अन्य आवश्यक बिंदुओं पर विशेष एवं विस्तार से जानकारी दी। खंड शिक्षा अधिकारी नवाब वर्मा अपने उद्बोधन में बताया कि समिति के सदस्यों को स्कूलों के प्रबंधन और बच्चों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य विद्यालय प्रबंध समितियों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों और भूमिकाओं के प्रति जागरूक करना है। साथ ही, मास्टर ट्रेनर्स के माध्यम से समिति के सदस्यों को सशक्त बनाना है ताकि वे विद्यालय प्रबंधन में सक्रिय भूमिका निभा सकें। समग्र शिक्षा अभियान का उद्देश्य केवल शैक्षिक सुधारों तक सीमित नहीं है, बल्कि समग्र रूप से स्कूलों और समुदायों के बीच जुड़ाव को प्रोत्साहित करना है। इस प्रशिक्षण से न केवल विद्यालय प्रबंध समितियों की दक्षता बढ़ेगी, बल्कि समुदाय के अन्य हितधारकों को भी शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में योगदान देने का अवसर मिलेगा। स्वास्थ्य विभाग से आए डॉक्टर राजीव कुमार ने संक्रामक बीमारियों के रोकथाम के बारे में एवं लैंगिक समानता के बारे में जानकारी दी गई। ममता वर्मा, के0सी0, प्रद्युम्न कुमार, अरुण यादव, श्याम बिहारी एवं विकासखंड के सभी प्रधानाध्यापक आदि उपस्थित रहे।

# व्यापारी सबसे अधिक सम्मान के पात्र: अरुण

अवधनामा ब्यूरो



**उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के होली मिलन समारोह में बोले भाजपा जिलाध्यक्ष**

**इटावा।** कोरोना काल में व्यापारियों ने अपनी जान जोखिम में डालकर आम जनमानस की सेवा की इसलिए व्यापारी बहुत ही सम्मान के पात्र हैं। उक्त उद्गार भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अरुण कुमार गुप्ता अन्नू ने व्यापारियों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने आगे कहा कि पूर्व की सरकारों में व्यापारियों की कोई सुनवाई नहीं होती थी आज प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी ने व्यापारियों की समस्या के लिए अलग से व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ का गठन किया है जिसमें जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सहित जिले के तमाम विभागीय अधिकारी महीने में एक बार उपस्थित होकर व्यापारियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारित करते है। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चौहान ने कहा कि जब से उत्तर प्रदेश में डबल इंजन की सरकार बनी है व्यापारियों का उत्पीड़न करने वाले अधिकारी बख्शे नहीं जाते हैं व्यापारियों की शिकायत पर तुरंत कार्रवाई होती है जिससे व्यापारियों में सरकार की प्रति पहले की अपेक्षा ज्यादा विश्श्वास जगा है। शहर अध्यक्ष ओम रतन कश्यप ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने आज जनपद की कमान एक व्यापारी के हाथ में सौंप कर अपना व्यापारी प्रेम उजागर किया है जिले का व्यापारी समय आने पर इसका कर्ज अवश्य उतरेगा। होली मिलन समारोह को होली मिलन के संयोजक युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ एके शर्मा प्रदेश उपाध्यक्ष एमपी सिंह तोमर प्रदेश वरिष्ठ मंत्री बीके वर्मा जिला वरिष्ठ महामंत्री हरि गोपाल शुक्ला जिला महामंत्री सुनीत सिंह चौहान महिला जिला अध्यक्ष सुनीता कुशवाहा जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवकुमार सिंह चौहान रवि पोरवाल देवेंद्र सिंह चौहान मुन्ना जिला उपाध्यक्ष राजीव पाल बृजेश पोरवाल श्रीमती मधु तोमर भरथना नगर अध्यक्ष राजन पोरवाल एकदिल नगर अध्यक्ष रंजीत राठौर रेडीमेड संगठन के अध्यक्ष विनोद जैन आदि ने संबोधित किया। इस अवसर पर जिला महामंत्री रमेश यादव प्रांतीय सदस्य राहुल चौहान जिला उपाध्यक्ष उमेश वर्मा अभिषेक दीक्षित प्रदीप कनौजिया श्री कृष्णा मिश्रा संगठन मंत्री अवधेश दुबे रमेश जैन नगर अनुराग वर्मा उपाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह राजावत एसके सिंह युवा नगर अध्यक्ष मुकेश दुबे महामंत्री अनिल यादव कोषाध्यक्ष गोविंद कृष्णा भदोरिया आशीष तिवारी बसरेहर के अध्यक्ष रजत पोरवाल भरथना के अध्यक्ष आलोक गुप्ता नगर मंत्री भीम यादव अंजू वर्मा रूबी सविता कांति दिवाकर प्रिया दिवाकर आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी की फटकार के बाद पंचायत ने शुरू कराया निर्माण

**सुमेरपुर हमीरपुर।** महीनों से खुदे पड़े नाले का निर्माण कार्य ठप होने की शिकायत के बाद निर्माण न शुरू कराने का मुद्दा गुरुवार को व्यापार बंधु की बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष ने जिलाधिकारी के समक्ष उठाया था। जिलाधिकारी की फटकार के बाद नगर पंचायत ने शुक्रवार को नाले का निर्माण शुरू कराया है। निर्माण कार्य शुरू होते ही व्यापारियों ने राहत की सांस ली है। कस्बे के देवगांव चौराहा के समीप नगर पंचायत की ओर से नाले का निर्माण कराया जा रहा है। यहां पर नगर पंचायत ने खुदाई करके कार्य बंद कर दिया था। इससे दुकानदार परेशान थे। दुकानदारों ने अपनी समस्या व्यापार मंडल अध्यक्ष महेश गुप्ता दीपू को बताकर निराकरण की मांग की थी। व्यापार मंडल अध्यक्ष ने नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी दिनेश आर्य से निर्माण शुरू कराने की मांग रखी लेकिन उन्होंने अनसुना कर दिया। गुरुवार को जिलाधिकारी की अध्यक्षता में संपन्न हुई व्यापार बंधु की बैठक में व्यापार मंडल अध्यक्ष ने इस प्रकरण को प्रमुखता के साथ रखकर व्यापारियों की परेशानियों से अवगत कराया था।

# 7 दिनों के अन्दर शिकायतों का करे निस्तारण : जिलाधिकारी

अवधनामा संवाददाता



**असंतुष्ट फीडबैक पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी से मांगा स्पष्टीकरण**

**हमीरपुर।** आईजीआरएस पोर्टल, जनसुनवाई एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त होने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार में किया गया। शिकायतों के निस्तारण में असंतुष्ट फीडबैक पाए जाने तथा प्रकरण की जानकारी न होने पर जिलाधिकारी ने खंड विकास अधिकारी मौदहा को प्रतिकूल प्रविष्टि देने के निर्देश दिए तथा बैठक में अनुपस्थित एडीओ पंचायत मुस्करा का वेतन बन्द करने एवं असंतुष्ट फीडबैक पाए जाने पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी से जिलाधिकारी ने स्पष्टीकरण प्राप्त करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि टीम बनाकर सभी असंतुष्ट फीडबैक की निस्तारण आख्या का परीक्षण किया जाए तथा जिस भी अधिकारी / कर्मचारी की शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण मे लापरवाही पाई जाए उसके विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि शिकायतों का निष्पक्षता पूर्वक एवं समयबद्ध ढंग से गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाए।शिकायतों के निस्तारण में मौके पर जाकर शिकायतकर्ता से संपर्क अवश्य किया जाए तथा मौके पर जाकर उसकी लोकेशन सहित फोटोग्राफ भी ली जाय। शिकायतों के निस्तारण किसी तरह के लापरवाही न बरती जाए शिकायतों के निस्तारण में किसी स्तर पर लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कहा कि शिकायतों का निस्तारण 07 दिनों में अनिवार्य रूप से कर दिया जाए। शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता का विशेष ध्यान दिया जाए ताकि शिकायतकर्ता को बार-बार परेशान ना होना पड़े। कहा कि शिकायतों का ग्राउंड लेवल पर निस्तारण कर शिकायतकर्ता को संतुष्ट किया जाय , असंतुष्ट फीडबैक नही मिलना चाहिए। उन्होंने कहा कि जिस स्तर की शिकायत है उसका उसी स्तर पर निस्तारण अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।किसी भी दशा में गलत निस्तारण नही होना चाहिए। कोई भी प्रकरण डिफॉल्टर की श्रेणी में न जाने पाय।

## संविदा कर्मचारियों हेतु स्पोर्ट्स का आयोजन


**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा अपनी प्रगतिशील मानव संसाधन पहल के तहत विंध्याचल में स्थित अंबेडकर स्टेडियम में संविदा कर्मचारियों के लिए एक भव्य खेल आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य फिटनेस, टीम भावना और समावेशिता को बढ़ावा देना था। इसमें पुरुष और महिला संविदा कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया और विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जिनमें 400 मीटर दौड़ और रस्सा खींच जैसी प्रतियोगिताएं शामिल थीं। कार्यक्रम का उद्घाटन ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने किया। इस दौरान डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा), संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (आरएलआई), सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (ग्रीन केमिकल्स × बीई), राजेशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेन्स × एडीएम) और राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) भी मौजूद रहे। इस खेल आयोजन में महिला एवं पुरुष संविदा कर्मचारियों हेतु 400 मीटर दौड़ एवं रस्सा खींच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

## पेट्रोलियम मंत्री के आगमन को लेकर भाजपा कार्यालय पर हुई बैठक



**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी सोनभद्र जिला कार्यालय पर शनिवार को भारत सरकार के पेट्रोलियम मंत्री हरदीप सिंह पुरी के आगमन को लेकर भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल के नेतृत्व में एक बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक में मंत्री के स्वागत की योजना रचना पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष नन्द लाल ने कहा कि कल सुबह 12 बजे मंत्री हरदीप सिंह पुरी सर्किट हाउस राबर्ट्सगंज पर पहुंचेंगे वहां पर भाजपा सोनभद्र कोर कमेटी के साथ बैठक करेंगे तत्पश्चात् मंत्री जी कलेक्ट्रेट में जिले के प्रमुख अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक करते हुए एक लाइफ सपोर्ट मेडिकल वैन राजकीय मेडिकल कालेज के प्रिंसिपल को सौंपते हुए विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास/लोकार्पण करने के बाद दोपहर 2 बजे तियरा स्टेडियम के कार्यक्रम भाग लेंगे। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष उदयनाथ मौर्या, ओमप्रकाश दूबे, जिला महामंत्री कृष्णमुरारी गुप्ता, जिला मंत्री संतोष शुक्ला, शंम्भू नारायण सिंह, नार सिंह पटेल, कमलेश चौबे, बृजेश श्रीवास्तव, मण्डल अध्यक्ष विनय श्रीवास्तव, रामबली सिंह, संजय केशरी, अंकुर सिंह, अनिल सिंह सहित सभी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## एनसीएल एनएससी ने सीएसआर के तहत लगाया नि:शुल्क हृदय, हड्डी एवं कैंसर चिकित्सा शिविर



**सोनभद्र/सिंगरौली।** शुक्रवार को एनसीएल के जयंत स्थित नेहरू शताब्दी चिकित्सालय द्वारा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) के तहत निन्शुल्क हृदय, हड्डी एवं कैंसर चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में सर्वोदय अस्पताल, फरीदाबाद से डॉ. विष्णु हरी (कैंसर रोग विशेषज्ञ), डॉ. आशीष तोमर (अस्थि रोग विशेषज्ञ) एवं डॉ. नूर आलम (हृदय रोग विशेषज्ञ) ने उपस्थित लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर के दौरान हड्डी रोग, हृदय रोग, कैंसर एवं अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की जाँच की गयी। इस शिविर में से 150 से अधिक लोगों ने स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस अवसर पर सीएमएस, एनसीएल, डॉ. खरे, सीएमएस (इंचार्ज), एनएससी, डॉ. विनोद शर्मा एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनसीएल सीएसआर के तहत समय समय पर ऐसे अनेक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन करता रहा है। एनएससी द्वारा समय समय पर ऐसे स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन सामुदायिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एनसीएल की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

## कम्हरिया दवा लेने आए युवक की सड़क हादसे में मौत

**मौदहा हमीरपुर।** दवा लेकर बाईक से घर जा रहे युवक को फोर व्हीलर ने टक्कर मार दी जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। महोबा जनपद के पनवाड़ी निवासी करीम बक्स ने बिंवार थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया कि उसका पुत्र अकबर अली बाईक से कम्हरिया दवा लेने आया था और दवा लेकर वापस लौट रहा था तभी जल्ला के निकल एक फोरव्हीलर ने टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए सीएचसी छानी ले जाया गया जहां पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# यूपी भारत का ग्रोथ इंजन थीम पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों के सम्बन्ध में बैठक

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में प्रदेश के सेवा, सुरक्षा व सुशासन की नीति के आठ वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर यूपी : भारत का ग्रोथ इंजन थीम पर जनपद मुख्यालय पर प्रस्तावित कार्यक्रमों की तैयारियों के सम्बन्ध में समीक्षा बैठक का आयोजन सभागार कक्ष कलेक्ट्रेट में किया गया। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि प्रदेश सरकार के सेवा, सुरक्षा व सुशासन के आठ वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनपद में 25, 26 और 27 मार्च को मुख्यालय स्थित चौरा देवी ग्राउंड में पूरी भव्यता के साथ विविध कार्यक्रम आयोजित किये जाय ,इसके लिए सभी विभाग जरूरी तैयारियां पूरी कर लें। इसके अन्तर्गत विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी, स्टॉल, फूड कोर्ट, रोजगार मेला, आरोग्य मेला, ऋण वितरण, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि का आयोजन किया जाय। कार्यक्रम अन्तर्गत सरकार द्वारा किये गये कार्यो व चलायीं जा रहीं जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर रहेगा। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया कि प्रदर्शनी में जनपद की विगत 8 वर्षो की उपलब्धियों, जनकल्याण की योजनाओं, स्थापित व निर्माणाधीन परियोजनाओं, नई औद्योगिक इकाईयों आदि के अच्छे फोटोग्राफ्स, मॉडल आदि को प्रदर्शित किया जाये। उन्होंने कहा कि प्रदर्शनी स्टाल पर सम्बन्धित विभाग अपनी योजनाओं की जानकारी की पुस्तिका, पम्पलेट आदि रखा जाये। पात्र लाभार्थियों के वहीं पर फार्म भराने की व्यवस्था भी करायी जाये। उन्होंने कहा कि तीन दिवसीय कार्यक्रम को अन्नदाता किसान की समृद्धि, महिला सशक्तिकरण, अवसंरचना विकास, युवा एवं रोजगार, हस्तशिल्प एवं ओडीओपी, सुरक्षित उद्यमी-समृद्ध व्यापार तथा अन्त्योदय से सर्वोदय आदि थीम पर आयोजित किया जाये। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम अन्तर्गत लाभार्थियों को टैबलेट,टूल किट, ऋण वितरण, आवास की चाभी वितरण, पेंशन स्वीकृति पत्र,चेक आदि का वितरण भी जनप्रतिनिधियों द्वारा कराया जाये। उन्होंने कहा कि सभी सम्बन्धित विभाग आवश्यक तैयारी शीघ्र पूरी कर ले और शासन के निर्देशानुसार तीन दिवसीय कार्यक्रम का सफल आयोजन सम्पन्न करायें। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी , प्रभागीय वनाधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व, मुख्य चिकित्साधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, व अन्य जिलास्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय समिति की जिलाधिकारी ने की बैठक

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बी0एन0 सिंह की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना एवं महिला मत्स्य पालक सशक्तिकरण माता सुकेता योजना अन्तर्गत जिला स्तरीय समिति की बैठक की गयी। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि समिति के सदस्य सचिव आर0के0 श्रीवास्तव सहायक निदेशक मत्स्य द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि अपनद के महिला मत्स्य पालको एवं मछुआ समुदाय की महिलाओं की आर्थिक रूप से स्वावलम्बी बनाने तथा रोजगारित करने हेतु माता सुकेता महिला मत्स्य पालक सशक्तिकरण योजना लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अन्तर्गत कुल 130 आवेदन आन लाइन प्राप्त हुये, जिसमे 127 का पात्र घोषित किया गया। प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजनान्तर्गत कुल 2281 आवेदन कुल 21 परियाजनाओं में प्राप्त हुये। जिसमें से कुल 2112 को पात्र तथा 169 को अपात्र घोषित किया गया, जनपद के 2112 आवेदकों का मत्स्य पालन की योजनाओं से आच्छादन से जनपद में रोजगार के अवसर के साथ साथ मत्स्य पालको की आर्थिक सामाजिक स्थिति में सुधार होगा।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने ग्रामीण खेलों के विकास के लिए ग्रामीण एथलेटिक्स मीट का आयोजन किया

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी विंध्याचल ने अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (ष्टस्क्र) पहल के तहत एक ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसका उद्देश्य युवा छात्रों में खेल भावना और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना था। इस आयोजन में 11 सरकारी स्कूलों के 368 छात्रों ने भाग लिया, जिनमें गहिलगढ़, हर्रई, शाहपुर, तेलगवां, जैतपुर और बनौली जैसे प्रमुख क्षेत्र शामिल थे। इस मीट में जूनियर (कक्षा 3-5) और सीनियर (कक्षा 6-8) श्रेणियों में विभिन्न एथलेटिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिससे क्षेत्र के युवा खेल प्रतिभाओं को निखारने का एक बेहतरीन अवसर मिला।

इस प्रतियोगिताओं में 100 मीटर, 200 मीटर और 400 मीटर दौड़ के साथ-साथ सीनियर छात्रों और छात्राओं के लिए लंबी कूद भी शामिल थी।

इस खेल आयोजन का शुभारंभ ई. सत्य फणि कुमार, कार्यकारी निदेशक (विंध्याचल) ने किया। इस अवसर पर डॉ. बी.सी. चतुर्वेदी, मुख्य महाप्रबंधक (चिकित्सा), संजीब कुमार साहा, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण), त्रिलोक सिंह, महाप्रबंधक (आरएलआई), सुजय कर्माकर, महाप्रबंधक (ग्रीन केमिकल्स × बीई), राजेशेखर पाला, महाप्रबंधक (प्रचालन), ए.जे. राजकुमार, महाप्रबंधक (मेंटेनेन्स × एडीएम) और श्री राकेश अरोड़ा, मानव संसाधन प्रमुख (विंध्याचल) भी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण और प्रिंट तथा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे, जो इस पहल के महत्व को बढ़ाते हैं।

प्रतियोगिता के दौरान शानदार खेल प्रतिभा और प्रतिस्पर्धात्मक उत्साह का प्रदर्शन किया गया। सरकारी मिडिल स्कूल शाहपुर ने कुल अंक के आधार पर विजेता का खिताब अपने नाम किया। श्री पी.एस. परस्ते, सीएसपी और जिला खेल अधिकारी (सिंगरौली) ने पुरस्कार वितरण समारोह में भाग लिया और विद्यार्थियों की मेहनत और उत्साह की सराहना की।

# संक्षिप्त समाचार

## कांग्रेस ने की संविधान बचाओ गोष्ठी



**मौदहा हमीरपुर।** कांग्रेस ने जय बापू जय संविधान के तहत एक सेमिनार आयोजित किया जिसपर भाजपा की मौजूदा सरकार की कथनी और करनी पर जमकर हमला किया। कस्बे के मोहल्ला मंगीपुरवा में कांग्रेस युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विवेक चंद्र की अगुवाई में जय बापू जय संविधान के तहत एक सेमिनार का आयोजन किया गया जिसमें कांग्रेस के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे।इस दौरान जिलाध्यक्ष ने बीजेपी की साजिश पर जमकर हमला बोला और बताया कि बाबा साहब और उनके संविधान की रक्षा का कर्तव्य हर नागरिक का है। इस दौरान गुलाम मुर्तजा, जीतू, अमन, रोहित, सीबू,रामजी, ओमप्रकाश, नीरज सहित लगभग दो दर्जन पदाधिकारी मौजूद रहे।

## दो दिवसीय बोन डेंसिटोमेट्री कैंप का शुभारंभ



**सोनभद्र/बीजपुर।** एनटीपीसी रिहंद में आवाहन स्कीम के अंतर्गत दो दिवसीय बोन डेंसिटोमेट्री कैंप का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ कार्यकारी निदेशक (रिहंद) अनिल श्रीवास्तव द्वारा अध्यक्षा, वर्तिका महिला मण्डल समिति शिखा श्रीवास्तव की उपस्थिती में एनटीपीसी रिहंद के धन्वन्तरी चिकित्सालय में किया गया। यह कैंप 21 मार्च 2025 से 22 मार्च 2025 तक चलेगा। यह विशेष कैंप एनटीपीसी कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के लिए आयोजित किया गया है, जिसका उद्देश्य स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना और ऑस्टियोपोरोसिस जैसी हड्डी संबंधी बीमारियों का समय पर पता लगाना है। यह पहल एनटीपीसी द्वारा कर्मचारियों के स्वास्थ्य एवं कल्याण की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। इस कैंप में विशेषज्ञों द्वारा हड्डी स्वास्थ्य को बेहतर बनाए रखने के लिए आवश्यक परामर्श दिया जा रहा है। एनटीपीसी रिहंद हमेशा से स्वास्थ्य और कल्याण कार्यक्रमों को प्राथमिकता दिया है, जिससे उसके कर्मचारियों और उनके परिवारों का संपूर्ण स्वास्थ्य सुनिश्चित हो सके।

## महेश कश्यप के जन्मदिन पर स्टेशनरी बांटी

**मौदहा हमीरपुर।** संविधान निर्माता डा. भीमराव अंबेडकर के शिक्षा को सर्वोपरि बनाने के दृष्टिगत बुंदेलखंड पीडीए प्रभारी महेश कश्यप के जन्मदिन पर सपा जिलाध्यक्ष इदरीश खान व प्रदेश सचिव ओमप्रकाश सोनकर वारसी के नेतृत्व में मौदहा में संचालित मदरसा कबीर ए फौकानिया जूनियर हाईस्कूल एवं महर्षि संत कबीर जूनियर हाईस्कूल में बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करने के साथ शिक्षकों को कलम भेंट कर सम्मानित किया गया। जिलाध्यक्ष इदरीश खान ने कहा कि डा. अंबेडकर के संविधान और पीडीए की सुरक्षा के लिए सपा मुखिया अखिलेश यादव ने बुंदेलखंड में महेश कश्यप को पीडीए प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। जिसके तहत बुंदेलखंड के प्रत्येक ग्राम, सेक्टर, बूथ तक पहुंचकर बाबा साहब के द्वारा रचित संविधान के बारे में जागरूक करने व शिक्षा के प्रति बढावा देने के लिये जन्मदिन पर किताबें व पेन आदि सामग्री का वितरण किया गया है।

# सुरेश कुमार खन्ना ने सफाई व्यवस्था को लेकर किया निरीक्षण

- निरीक्षण के दौरान क्षेत्रो में सफाई,सीवर,प्रकाश व्यवस्था एवं सड़क के संबंध में नगर आयुक्त को दिए आवश्यक निर्देश
- नरही क्षेत्र में नालियों के चोक पाए जाने पर नाराजगी जाहिर की तथा नालियों की सफाई के दिए निर्देश
- जोन एक के जोनल अधिकारी पर कार्रवाई किए जाने के दिए निर्देश
- सफाई से संबंधित अधिकारी नियमित अपने क्षेत्र का भ्रमण करें और क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरूस्त करें
- नालियों के अतिक्रमण को स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं आमजन का सहयोग लेते हुए हटवाया जाए
- इस्माइल गंज वार्ड द्वितीय में मुख्य मार्ग की सड़क के निर्माण एवं प्रकाश व्यवस्था को दुरूस्त करने के दिए निर्देश



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री तथा जनपद लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने आज प्रातः 7:00 बजे नगर निगम लखनऊ के चार वार्डो का सफाई व्यवस्था को लेकर औचक निरीक्षण किया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान क्षेत्रो में सफाई, सीवर, प्रकाश व्यवस्था एवं सड़क के संबंध में नगर आयुक्त को आवश्यक निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि सफाई से संबंधित अधिकारी अपने क्षेत्र का नियमित भ्रमण करें और क्षेत्र में सफाई व्यवस्था को और अधिक दुरुस्त करें। प्रभारी मंत्री आज हजरतगंज वार्ड के नरही क्षेत्र, विक्रमादित्य वार्ड के जियामऊ क्षेत्र, गोमती नगर वार्ड के संजय गांधीपुरम तथा स्माइल गंज वार्ड द्वितीय के राधापुरम क्षेत्रों का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने इन क्षेत्रों में सफाई, पानी, सड़क एवं सीवर के संबंध में निरीक्षण के साथ-साथ स्थानीय लोगों से भी जानकारी प्राप्त की। नरही क्षेत्र में नालियों के चोक पाए जाने एवं नियमित सफाई न होने की शिकायत को लेकर नाराजगी जाहिर की तथा जोन एक के जोनल अधिकारी पर कारवाई किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि आज शाम तक हर हाल में नालियों की सफाई कराई जाए। पेयजल की समस्या को लेकर उन्होंने निर्देश दिया कि पेयजल संबंधी कार्य में तेजी लाते हुए लोगों को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि नालियों के अतिक्रमण को स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं आमजन का सहयोग लेते हुए हटवाया जाए, जिससे कि नालियों में निर्वाध प्रवाह बना रहे।

सुरेश कुमार खन्ना इसी क्रम में जियामऊ एवं गोमती नगर वार्ड पहुंचे। उन्होंने जियामऊ में सीवर लाइन के निर्माण के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त गोमती नगर वार्ड में रेलवे की जमीन के पास घरों में पानी भरने की समस्या को लेकर उन्होंने नाले की खुदाई हेतु सर्वे के लिए संबंधित को निर्देशित किया।

प्रभारी मंत्री ने इस्माइल गंज वार्ड द्वितीय में मुख्य मार्ग की सड़क के निर्माण कराए जाने के साथ-साथ प्रकाश व्यवस्था को दुरुस्त करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त इस क्षेत्र में सीवर लाइन बनाए जाने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए। यहां पर सफाई व्यवस्था को लेकर निर्देश दिया कि इस क्षेत्र में सफाई कर्मियों की संख्या को बढ़ाया जाए तथा नियमित सफाई को सुनिश्चित किया जाए।

निरीक्षण के दौरान मेयर श्रीमती सुषमा खर्कवाल, नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह एवं क्षेत्रीय पार्षदगण तथा स्वच्छता प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष सुनील कुमार मिश्रा सहित नगर निगम के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

# ज़िलों में नहीं पहुंचा नवीन तैनाती /स्थानांतरण का शासनादेश

- आयुक्त ग्राम्य विकास कार्यालय का कारनामा

**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** डिजिटल युग में इंटरनेट के माध्यम से सेकेंडों में दुनिया के एक कोने से दूसरे कोने में फाइल भेजने की व्यवस्था के उपरांत भी उत्तर प्रदेश शासन के ग्राम्य विकास अनुभाग-3 द्वारा 21 फरवरी 2025 को नवीन तैनाती / स्थानांतरण के जारी आदेश की प्रतिलिपियां एक माह बाद भी जनपद के जिलाधिकारियों तथा ज़िला विकास अधिकारियों के कार्यालयों में नहीं पहुंच सकी है। सूत्रों के अनुसार आयुक्त ग्राम्य विकास के प्रस्ताव पर अक्टूबर 2024 में विभाग में कार्यरत नवपदोन्नत सहायक विकास अधिकारियों के 700-800 किमी दूर किये गये स्थानान्तरणों के प्रकरण शासन के संज्ञान में लाने पर शासन द्वारा सहानुभूतिपूर्वक विचार कर सम्बन्धित सहायक विकास अधिकारियों को उनके द्वारा पूर्व में दिए गए विकल्पों के अनुसार निकटवर्ती जनपदों में स्थानांतरित करने के आदेश 21 फरवरी 2025 को जारी किये, जिनकी प्रतिलिपि आयुक्त ग्राम्य विकास के माध्यम से सम्बन्धित जिलाधिकारी तथा ज़िला विकास अधिकारी को की गई थी, परन्तु एक माह उपरांत भी उक्त आदेश की प्रतिलिपियां किसी जनपद में प्राप्त नहीं हुई हैं।

जानकारी जुटाने पर ज्ञात हुआ कि उक्त आदेश पर आयुक्त ग्राम्य विकास अत्यधिक खिन्न है तथा शासन के आदेश को अपने अनुसार प्रेषित करने की मंशा रखते हैं, जिससे सम्बन्धित सहायक विकास अधिकारियों का मानसिक शोषण करते हैं ।

# 'मास्को अंतरराष्ट्रीय यात्रा एवं पर्यटन प्रदर्शनी 2025' के प्रदर्शनी स्टाल पर भारी भीड़

**अवधनामा ब्यूरो**



- उत्तर प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों एवं सांस्कृतिक विरासत को विश्व के मानचित्र पर पेश करना हमारा उद्देश्यः जयवीर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग ने रूस की राजधानी मास्को में 18-20 मार्च तक आयोजित 'मास्को अंतरराष्ट्रीय यात्रा एवं पर्यटन प्रदर्शनी 2025' (एमआइटीटी) में जोरदार उपस्थिति दर्ज कराई है। यूपी पर्यटन विभाग के मंडप में विभिन्न देशों के व्यवसायियों ने प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों, टूर पैकेज और सुविधाओं की जानकारी ली। ताजमहल सहित अन्य आकर्षणों के बारे में भी आगन्तुको में उत्सुकता देखने को मिली। यह जानकारी पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि 'प्रदर्शनी मंडप में स्टॅाल लगाए गए थे, जिसमें अंग्रेजी और रूसी भाषा में उत्तर प्रदेश की थीम पर आधारित सजावट थी। इसमें धार्मिक-आध्यात्मिक सर्किट, ईको सर्किट, महाभारत सर्किट, जैन सर्किट, हस्तशिल्प और ऐतिहासिक धरोहर सहित अन्य पर्यटन आकर्षण को प्रदर्शित किया गया। मंडप में वीवीआईपी लॉन्ज, डिजिटल स्क्रीन, एआर इंटरैक्टिव टच पैनल और सेल्फी जोन जैसी सुविधाएं थीं, जहां उत्तर प्रदेश की सुंदर पृष्ठभूमि प्रदर्शित की गई। अंतरराष्ट्रीय टूर ऑपरेटरों, निवेशकों और अन्य हितधारकों के साथ बी-टू-बी बैठक आयोजित की गई। पीआर किट का वितरण किया गया, जिसमें अंग्रेजी और रूसी भाषा में ब्रॉशर, लघु फ़िल्में और डिजिटल सामग्री शामिल थीं। जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश पर्यटन के प्रचार-प्रसार के तहत पर्यटन यात्रा कार्यक्रमों, वेबसाइटों और मोबाइल एप्लिकेशन का प्रदर्शन किया गया। राज्य को 'भगवान बुद्ध की धरती' और 'सांस्कृतिक त्योहारों की भूमि' जैसे प्रमुख स्लोगनों के साथ प्रस्तुत किया गया। मंडप में आने वाले अधिकतर पर्यटकों ने अयोध्या, काशी, मथुरा, प्रयागराज, आगरा, दुधवा नेशनल पार्क, बुंदेलखंड, कुशीनगर, सारनाथ सहित अन्य स्थलों के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। मंडप में आने वाले पर्यटकों को बताया गया कि उ0प्र0 में रेल, वायु तथा जलमार्ग की बेहतर कनेक्टिविटी है। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य को एक प्रमुख वैश्विक पर्यटन गंतव्य के रूप में प्रचारित करना था। इसका लक्ष्य उत्तर प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, आध्यात्मिक पर्यटन और विविध यात्रा अनुभवों को प्रदर्शित कर अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों और निवेशकों को आकर्षित करना है। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ जैसे आयोजन करके वैश्विक मंच पर भारत की धार्मिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक चेतना को प्रदर्शित किया। इस महाकुंभ में विभिन्न देशों के राजदूत से लेकर सनातनी आस्था में विश्वास रखने वालों की भारी भीड़ रही। इस महाकुंभ का प्रबंधन एवं सफल आयोजन पूरी दुनिया के लिए कौतुहल का विषय बना हुआ है। मास्को में पर्यटन विभाग के मंडप में महाकुंभ के बारे में जानकारी प्राप्त करने तथा अपना अनुभव सांझा करने के लिए आगन्तुकों की भारी भीड़ देखने को मिली।

## जज को स्थानांतरित किये जाने के विरोध का किया समर्थन

**लखनऊ।** कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव शाहनवाज आलम ने इलाहाबाद बार एसोसिएशन के भ्रष्टाचार में लिप्त पाए दिल्ली उच्च न्यायालय के जज यशवंत वर्मा को इलाहाबाद उच्च न्यायालय स्थानांतरित किये जाने के विरोध का समर्थन किया है। श्री आलम ने कहा कि उच्चतम न्यायालय का भ्रष्ट जजों को जेल भेजने के बजाए ट्रांसफर करना खुद उच्चतम न्यायालय की छवि खराब करेगा। दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा के बंगले में लगी बुझाने गये दमकल और पुलिसकर्मियों को एक कमरे से 15 करोड़ रुपये बरामद होने पर उसकी जांच करा उन्हें जेल भेजने के बजाए जज का इलाहाबाद उच्च न्यायालय ट्रांसफर कर दिया। श्री आलम ने कहा कि उच्चतम न्यायालय को यह बताना चाहिए कि उसे ऐसा क्यों लगा कि भ्रष्ट जज को इलाहाबाद उच्च न्यायालय भेज देना चाहिए। क्या उसे ऐसा लगता है कि जब पहले से ही शेखर यादव, रोहित रंजन अग्रवाल, राम मनोहर नारायण मिश्रा जैसे साम्प्रदायिक और महिला विरोधी जज वहां है तो फिर भ्रष्ट जजों के लिए भी डबल इंजन वाला यही राज्य सबसे सुरक्षित है। श्री आलम ने कहा कि मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना मई में रिटायर हो रहे हैं। अगर यशवंत वर्मा जैसे जजों की जांच नहीं कराते हैं तो जनता उन्हें भी पूर्व मुख्य न्यायाधीश डी.वाई. चंद्रचूड़ की तरह गलत वजहों से याद रखेगी।

# हजरत अली (अ.स.) के ताबूत की ज़ियारत के लिये लगा रहा तांता



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** रौजा-ए-शबीह नजफ रूस्तमनगर में सजे हजरत अली (अ.स.) के ताबूत की जियारत करने वालों का शुक्रवार को तांता लगा रहा। इस गम के मौके पर जहां मजलिस व मातम का दौर जारी रहा, वहीं इमाम के ताबूत की जियारत भी करायी गयी। पुराने शहर में मोहर्रम जैसा माहौल बना हुआ है। हर तरफ से मातम की सदाएं आ रही है। अजादार काले लिबास पहने एक मजलिस से दूसरी मजलिस में शिरकत करके इमाम का गम मना रहे हैं। जगह-जगह काले झंडे लगे हैं। इमाम (अ.स.) की शहादत की याद में कल रौजाए शबीह नजफ में ताबूत सजाया गया था। जिसमें कल रात भर पुरूषों ने वहां पहुंच कर अपने मौला के ताबूत की जियारत की। आज ताबूत की जियारत करने के लिए महिलाओं का दिन था दूर-दूर से हजारों महिलाओं ने आकर ताबूत की जियारत की व नौहे पढ़कर नजराने अकीदत पेश की। ज्ञात हो कि 19वीं रमजान से शिया हजरत अली (अ.स.) की शहादत के गम में डूबे हुए है, जिसे शबें कहते है। रोजेदारों ने इमाम (अ.स.) की शहादत के गम में रोजा खोलने वाले तमाम लजीज खानों को त्याग दिया है, वहीं काले लिबास पहने अजादार जिसमें पुरूषों के साथ-साथ महिलाएं व बच्चे भी शामिल है, सभी नजफ में ताबूत की जियारत करने दूर-दूर से आ रहे है। रौजे पर हजारों की तादाद में फूलों व कपड़ों की चादरें चढ़ रही है रौजे पर बैठे व्यक्ति अजादारों को नाड़ा (कलावा) ताबूत से मस (स्पर्श) करके दे रहे है जो लोग अकीदत के साथ अपने गले व हाथ में पहन रहे है।

## आज सुबह 3 बजे निकलेगा 21वीं रमजान का जुलूस

**लखनऊ।** अमीर उल मोमेनीन हजरत अली (अ.स) की शहादत की याद में शनिवार को सुबह 3 बजे 21वीं रमजान का जुलूस रूस्तम नगर स्थित रौजाए %शबीह नजफ÷ से निकाला जायेगा। यहां अलविदायी मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास खिताब करेंगे। मजलिस के बाद महिलाएं ताबूत को रौजा-ए-नजफ से उठाकर पुरूषों को सौंप देंगी। जुलूस यहां से निकल कर छोटे साहब आलम रोड, कर्बला दयानुतदौला, काजमैन, मंसूर नगर तिराहा, गिरधारी सिंह इंटर कालेज, संजीवनी अस्पताल से दाहिने मुड़कर हैदरगंज, बुलाकी अड्डा होते हुए कर्बला तालकटोरा पहुंचेगा जहां ताबूत को दफ्न किया जायेगा। लोग दिन भर कर्बला पहुंच कर हजरत अली की तुरबत पर फातेहा पढ़ेंगे।

## हजरत अली इंसाफ व मोहब्बत के पैकर थे : मौलाना कल्बे जवाद



**लखनऊ।** हजरत अली की शहादत के सिलसिले में रौजाए नजफ व रेजीडेंसी में मौलाना कल्बे जव्वाद ने मजलिस को खिताब किया। उन्होंने कहा कि हजरत अली इंसाफ व मोहब्बत के पैकर थे। नजफ में मुत्तकी जैदी ने सुबह वसीयत शीर्षक से मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा अबुतालिब हसनपुरिया में मजलिस को मौलाना अब्बास इरशाद ने खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत उठाया,जो रौजाए फातमैन ले गये। इमामबाड़ा लाडो खानम नक्खास में मौलाना अबुतालिब मेहदी ने मजलिस को खिताब किया। इमामबाड़ा अखतर हुसैन हसन पुरिया में मजलिस को मौलाना बाकर जैदी ने खिताब किया। इसके बाद ताबूत की जियारत करायी गयी। अली प्लाजा नखास में मौलाना फैज अब्बास मशहदी ने मजलिस को खिताब किया। छोटे इमामबाड़े में मौलाना अब्बास अली खान ने मजलिस को खिताब किया। मस्जिद मिर्जा जैना महमूद नगर में मौलाना हसन रजा ने मजलिस को खिताब किया। कर्बला अजमतुतदौला मेहदीगंज में मौलाना रहमत हुसैन ने मजलिस को खिताब किया। अजाखाना सिबतुर रजा गोलागंज में मौलाना अकील अब्बास मारुफी ने मजलिस को खिताब किया। रौजा ए बैतुल हुजन में मौलाना जाफर अब्बास ने मजलिस को खिताब किया। सज्जादबाग कालोनी में मजलिस को मौलाना हसनैन बाकरी ने खिताब किया। मजलिस के बाद ताबूत की जियारत करायी। मजलिस के आयोजक मोहम्मद एबाद ने सभी का शुक्रिया अदा किया। दस्ता-ए-ख़तीबुल ईमान की ओर से बैतुल हुज़्न, नजफ़ रोड में मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास ने खिताब किया।

## शेरे खुदा हज़रत अली (रज़ि) के इन्साफ़ से कोई मायूस नहीं थाः क़ारी मो. सिद्दीक



मिनारा मस्जिद अकबरी गेट में मरकज़ी जमीअतुल हुफ़्फ़ाज़ की जानिब से सालाना जलसा यौमे अली (रज़ि) हाफ़िज़ अब्दुल रशीद इमाम मसिजद एक मिनारा की सदारत में मुनअक़िद हुआ जिस का आग़ाज़ मदर्सा आलिया फ़ुरक़ानिया के क़ारी मोहम्मद नोमान की तिलावते क़ुरआन पाक से हुआ जलसे को ख़िताब करते हुऐ मदर्सा दारुलमुबल्लिगीन के सीनियर उस्ताद मौलाना क़ारी मोहम्मद सिददीक़ इमाम व ख़तीब मसिजद सुब्हानिया पाटा नाला ने कहा की शेरे ख़ुदा फ़ातहे ख़ैबर साहिबे ज़ुलफ़िक़ार अमीरुलमुमिनीन हज़रत अली मुर्तजा (रज़ि) जलीलुलक़दर और साहिबे फ़ज़ाएल सहाबी रसूल हैं हज़रत अली हमेशा अहले दीं की ताज़ीम करते थे और हज़रात सहाबए किराम के फ़रक़े मरातिब का बड़ा ख़याल रखते थे क़ारी सिददीक़ ने कहा की हज़रत अली ग़रीबों मिसकीनों और यतीमों का भी बहुत ख़याल करते थे हज़रत अली फ़ैसले बहुत ही उमदा करते थे कोई कमज़ोर आप के फ़ैसले से मायूस नहीं होता था हज़रत अली फ़रमाते थे की ईमान की अलामत यह है की जहां सच बोलने से नुक़सान हो वहां भी सच बोलो और कभी किसी का ऐब मत बयान करो अपने को सब से कमतर समझो यही इस्लामी तालीम है शोआराए किराम ने नात व मनक़बत के अशआर पेश किऐ जलसे का इख़तिताम क़ारी मोहम्मद सिद्दीक की दुआ पर हुआ।

## हजरत अली के आदेश और शिक्षाएं हमारे लिए मार्गदर्शन

**लखनऊ।** हजरत अली के आदेश और शिक्षाएं हमारे लिए मार्गदर्शक हैं और उनकी शिक्षाएं और आदेश आज के दौर में अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं। हजरत अली ने जगह-जगह इल्म हासिल करने पर जोर दिया। हजरत अली का प्रसिद्ध कथन है कि अनाथ वह नहीं जिसके पिता की मृत्यु हो जाए बल्कि अनाथ वह है जिसके पास इल्म न हो। यह बात मौलाना काजिम वाहिदी ने दुबग्गा के आईआईएम रोड स्थित मस्जिद अबू तालिब में जुमे की नमाज में रोजेदार नमाजियों को खिताब करते हुए कही। मौलाना ने शबे-कद्र की अजमत बयान करते हुए कहा कि रमजान की 19 वीं रात में भाग्य लिखा जाता है, 21वीं रात में वह भाग्य निश्चित हो जाता है और 23 वीं रात को उस भाग्य की पुष्टि पर हस्ताक्षर किये जाते हैं। रमजान के महीने की बहुत विशेषताएं हैं।

## कांग्रेस की लिस्ट में सभी वर्गों का प्रतिनिधित्व

**लखनऊ।** प्रदेश कांग्रेस मीडिया विभाग के चेयरमैन डॉ. सी.पी. राय ने कहा कि कांग्रेस नेतृत्व ने पारदर्शी तरीके से प्रदेश के जिला-शहर अध्यक्षों का चयन कर सूची जारी की है। नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की मुहिम के अनुसार अध्यक्ष पद पर सामाजिक न्याय की अवधारणा का पूरा ध्यान रखा गया है और पिछड़ों के साथ अतिपिछड़ों और दलितों के साथ अतिदलितों और सामान्य वर्ग को समुचित स्थान दिया गया है। इसी के साथ अल्पसंख्यक समुदाय और महिलाओं को भी प्रतिनिधित्व दिया गया है। डॉ. राय ने बताया कि अध्यक्ष के चयन के लिए प्रदेश मुख्यालय पर 6 दिन तक आवेदकों का इंटरव्यू लिया गया और इसके लिए सभी पूर्व प्रदेश अध्यक्षों व वरिष्ठ नेताओं को भी बुलाया गया। श्री राय ने कहा कि पहली बार पूरे प्रदेश के सभी जिला-शहर अध्यक्षों की सूची एक साथ जारी हुई है।

# रमज़ानः सवालों के जवाब



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।**माहे मुबारक रमजान में रोजा, नमाज, जकात, हज आदि से संबंधित सवालों के जवाब देने के लिए इस्लामिक सेंटर ऑफ इंडिया की ओर से दारुल उलूम निजामिया फरंगी महल में हेल्पलाहन पर इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद फरंगी महली के नेतृत्व में उलमा का पैनल सवालों के जवाब देता है। हेल्पलाइन पर दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415023970, 9335929670, 9415102947, 7007705774, 9140427677, वेबसाइट www. farangimahal.in तथा ई-मेल ramzanhelpline 2005@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवालः-** शबे-कद्र में कौन सी इबादत करना चाहिए?
**जवाबः-** शबे-कद्र में नफल पढ़ें, तिलावत करें और बेहतर है कजा-ए-उमरी अदा करें और दुआएं मांगें।
**सवालः-** किसी गरीब को नीयत के बिना कुछ रकम दी बाद में जकात की नीयत कर ली तो क्या सही है?
**जवाबः-** सही नहीं है, जकात देते वक्त नीयत जरूरी है।
**सवालः-** किसी के माल पर साल गुजर गया और जकात नहीं निकाली कि माल चोरी हो गया तो क्या जकात अदा करे?
**जवाबः-** जकात इसके जिम्मे से खत्म हो गयी।
**सवालः-** क्या औरतों पर भी तरावीह की नमाज है?
**जवाबः-** मर्दो की तरह ही औरतों पर तरावीह की नमाज सुन्नते मोअक्किदा है।

### इदारए शरैया फिरंगी महल

इदारए शरैया फिरंगी महल की ओर से मौलाना अबुल इरफान फिरंगी महली के नेतृत्व में उलमा के पैनल ने हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब दिये। हेल्पलाइन पर सवाल दोपहर 2 बजे से शाम 4 बजे तक मोबाइल नम्बर 9807401508 और 99181 17798 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवालः-** मुझे दुकान और घर का किराया मिलता है क्या उस पर जकात देना होगी?
**जवाबः-** दुकान और मकान पर जकात नहीं है, हां अगर किराया इतना है कि निसाब तक पहुंचे तो जकात देना होगी।

### शिया हज़रात के सवालों के जवाब

माहे मुबारक रमजान में शिया समुदाय के रोजा, नमाज, हज, खुम्स, जकात आदि से संबंधित सवालों के जवाब के लिए कार्यालय आयतुल्लाह सादिक हुसैनी शीराजी की ओर से संचालित हेल्पलाइन पर सवालों के जवाब मौलाना सैफ अब्बास नकवी के नेतृत्व में उलमा का पैनल देता है। हेल्पलाइन पर सवाल सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक मोबाइल नम्बर 9415580936 और 9839097407 पर और महिलाओं के लिए मोबाइल नम्बर 6386897124 पर सम्पर्क किया जा सकता है। इसके अलावा ई-मेल masael786@gmail.com पर भी सम्पर्क किया जा सकता है।

**सवालः-** कोई रोजेदार अश्लील फोटो देखे या अश्लील चैट करे तो क्या रोजा टूट जाएगा? जवाबः- अश्लील चीजों पर निगाह डालना हराम है लेकिन रोजा नहीं टूटता।
**सवालः-** क्या ऐतिकाफ के दौरान खुशबू लगाई जा सकती है?
**जवाबः-** ऐतिकाफ के दौरान खुशबू लगाना और फूल सूंघना हराम है।
**सवालः-** क्या खुम्स में से सहमे इमाम की रकम अपनी मर्जी से किसी मस्जिद या मदरसे में दे सकते हैं?
**जवाबः-** सहमे इमाम की रकम मराजे के दफ्तर तक पहुंचाना चाहिए या ऐसे लोगों को दे जिनके पास सहमे इमाम खर्च करने की अनुमति हो।
**सवालः-** शबे-कद्र का हज से क्या ताल्लुक है?
**जवाबः-** शबे-कद्र में अल्लाह बंदों के हज का फैसला करता है।
**सवालः-** क्या मस्जिद में बने तहखाने में नमाज का वही सवाब है जो मस्जिद में है?
**जवाबः-** मस्जिद की छत, तहखाना सब मस्जिद में गिने जाएंग, इसलिए नमाज का सवाब वही होगा जो मस्जिद में है।

**सवालः-** क्या जकात के रुपये से कोई कफन खरीद सकता है?
**जवाबः-** जकात के रुपये से आप किसी की तजहिज व तदफीन नहीं कर सकते।
**सवालः-** क्या हीरे के आभूषण पर जकात दी जाएगी?
**जवाबः-** जकात हीरे-जवाहरात पर नहीं दी जाती, यह सोने-चांदी पर दी जाती है।
**सवालः-** शबे-कद्र की रात इबादत करने का कितना सवाब है?
**जवाबः-** शबे-कद्र की इबादत का सवाब हजार महीने की इबादत के सवाब के बराबर है।

## शहर के अलग-अलग इलाकों में रोजा-इफ्तार का आयोजन

**लखनऊ।** माहे मुबारक रमजान में शहर के अलग-अलग इलाकों में रोजा-इफ्तार का आयोजन किया जा रहा है। रोजा-इफ्तार में रोजेदारों के साथ ही गैर मुस्लिम भी शामिल होकर सामाजिक सदभाव और आपसी सौहार्द का पैगाम दे रहे हैं। शुक्रवार को शाहमीना फाउण्डेशन की ओर से शाहमीना शाह की मजार पर रोजा-इफ्तार का आयोजन किया गया। रोजा-इफ्तार में बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। रोजा-इफ्तार में रोजेदारों को सम्बोधित करते हुए विधायक योगेश शुक्ला ने कहा कि शाहमीना शाह की मजार पर हिंदू-मुस्लिम व अन्य धर्मो के लोग हमेशा से आते रहे हैं और यहां आने वालों को फैज भी हासिल होता है। इस तरह के कार्यक्रमों से आपसी भाईचारा और सद् भावना मजबूत होती है। रोजा-इफ्तार के आयोजक रूफी बाबा ने कहा कि मजार की खासियत है कि यहां सभी धर्मो के लोग बिना भेदभाव आते हैं और यहां होने वाले कार्यक्रमों में शामिल होते हैं।

# आरडीएसओ को राजभाषा में उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय कार्य करने पर मिला पुरस्कार

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** रेलवे बोर्ड राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 20 मार्च को आयोजित 154वीं त्रैमासिक राजभाषा समीक्षा बैठक के अवसर पर अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, रेलवे बोर्ड द्वारा अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन, लखनऊ को राजभाषा में उत्कृष्ट एवं प्रशंसनीय कार्य करने के लिए रेल मंत्री राजभाषा शील्ड/ट्रॉफी एवं चल वैजयंती पुरस्कार योजना- आधार वर्ष 2023 के अंतर्गत द्वितीय पुरस्कार के रूप में शिव सागर मिश्र चल वैजयंती प्रदान किया गया, जिसे आयोजन में संगठन का प्रतिनिधित्व कर रही मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा द्वारा प्राप्त किया गया। इसी अवसर पर अध्यक्ष एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी, रेलवे बोर्ड द्वारा रेलमंत्री राजभाषा रजत पदक आधार वर्ष - 2022 के अंतर्गत संगठन के पूर्व अपर महानिदेशक शरद कुमार जैन को राजभाषा नीति के प्रचार-प्रसार में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने एवं अपना अधिकांश कार्य राजभाषा में करने तथा अपने अधीनस्थ कार्मिकों को अधिकाधिक कार्य राजभाषा में करने हेतु प्रोत्साहित करने के लिए रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। संगठन के महानिदेशक उदय बोरवणकर के कुशल नेतृत्व, मुख्य राजभाषा अधिकारी डॉ. वीणा कुमारी वर्मा के बेहतर मार्गदर्शन एवं राजभाषा अधिकारी अखिलेश कुमार श्रीवास्तव एवं राजभाषा विभाग के समस्त कार्मिकों के सराहनीय प्रयासों के परिणामस्वरूप संगठन को ये उपलब्धियां प्राप्त हुईं जो कि राजभाषा हिंदी की उत्तरोतर प्रगति में प्रयासरत संगठन के लिए यह अत्यंत गौरव एवं हर्ष का विषय है।